चैत्र मास, शुक्ल पक्ष 4, वर्ष 12, अंक 45, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

वाराणसी, शनिवार, 25 मार्च, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अन्दर : दुगनी हुई आय फिर भी जिया घबड़ाये !



अन्दर : राज्यपाल की भूमिका पर सुप्रीम टिप्पणी

# राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म

## राहुल से पहले उनकी दादी इंदिरा व मां सोनिया की भी जा चुकी है सदस्यता

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता शुक्रवार दोपहर करीब 2.30 बजे रद्द कर दी गई। वह केरल के वायनाड से लोकसभा सदस्य थे। लोकसभा सचिवालय ने पत्र जारी कर इस बात की जानकारी दी है। मोदी सरनेम मामले में 2 साल की सजा के बाद संसद सदस्यता गंवा चुके राहुल गांधी अपने परिवार में ऐसे तीसरे सदस्य बन गए हैं जिसकी सांसदी चली गई है। राहुल से पहले उनकी दादी इंदिरा गांधी और मां सोनिया गांधी की भी सदस्यता जा चुकी है। 1971 के आम चुनाव में कांग्रेस बड़े बहुमत के साथ जीती थी। इंदिरा ने रायबरेली से चुनाव लड़ा था और पीएम बनी थीं। हालांकि, इसके 4 साल बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट ने चुनाव में धांधली के केस में इंदिरा गांधी की संसद सदस्य रद्द करने का फैसला देता है। इसके ठीक बाद इंदिरा ने देश में आपाताकाल लगा दिया था।2006 में यूपीए शासनकाल के सोनिया गांधी के खिलाफ लाभ के पद का मामला बना था। सोनिया भी रायबरेली से सांसद थीं। इसके अलावा वह यूपीए सरकार की गठित राष्ट्रीय सलाहकार परिषद की चैयरमैन थीं। इसे लाभ का पद बताया गया था। इसके कारण सोनिया गांधी को लोकसभा सदस्यता से इस्तीफा देना पड़ा था। बाद में सोनिया फिर से रायबरेली से चुनाव लड़कर सांसद बनी थी।

**झटका**

**फैसले के 3 घंटे बाद राहुल ने कहा- भारत की आवाज के लिए लड़ रहा हूं, हर कीमत चुकाने को तैयार**



मानहानि केस में सूरत की कोर्ट ने गुरुवार दोपहर 12.30 बजे उन्हें 2 साल की सजा सुनाई थी। हालांकि, 27 मिनट बाद उन्हें जमानत मिल गई थी। राहुल गांधी ने 2019 में कर्नाटक की सभा में मोदी सरनेम को लेकर बयान दिया था। उन्होंने कहा था- सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है। सुप्रीम कोर्ट ने 11 जुलाई 2013 को अपने फैसले में कहा था कि कोई भी सांसद या विधायक निचली अदालत में दोषी करार दिए जाने की तारीख से ही संसद या विधानसभा की सदस्यता के लिए अयोग्य घोषित हो जाएगा।कोर्ट ने लिली थॉमस बनाम भारत सरकार के केस में यह आदेश दिया था। इससे पहले कोर्ट का आखिरी फैसला आने तक विधायक या सांसद की सदस्यता खत्म नहीं करने का प्रावधान था। इधर, राहुल ने फैसले के करीब 3 घंटे बाद ट्वीट कर लिखा, 'मैं भारत की आवाज के लिए लड़ रहा हूं, मैं हर कीमत चुकाने को तैयार हूं। लीगल एक्सपर्ट के मुताबिक लोकसभा सचिवालय ने राहुल गांधी की संसदीय सीट वायनाड को खाली घोषित कर दिया है। इलेक्शन कमीशन अब इस सीट पर इलेक्शन का ऐलान कर सकता है। दिल्ली में राहुल गांधी को सरकारी बंगला खाली करने को भी कहा जा सकता है।


अगर राहुल गांधी की सजा का फैसला ऊपरी अदालतें भी बरकरार रखती हैं तो वे अगले 8 साल तक चुनाव भी नहीं लड़ पाएंगे। 2 साल की सजा पूरी करने के बाद वह छह साल के लिए अयोग्य रहेंगे। राहुल गांधी अब सूरत कोर्ट के फैसले को ऊपरी अदालत में चुनौती दे सकते हैं। कांग्रेस ने एक्शन की वैधानिकता पर भी सवाल उठाया है कि राष्ट्रपति ही चुनाव आयोग के साथ विमर्श कर किसी सांसद को अयोग्य घोषित कर सकते हैं। राहुल गांधी की टीम अब सूरत कोर्ट के फैसले को हाईकोर्ट में चैलेंज करने जा रही है। अगर सूरत कोर्ट के फैसले के खिलाफ अपील को वहां स्वीकार नहीं किया जाता है तो सीधे सुप्रीम कोर्ट में अपील की जाएगी। सूरत कोर्ट के फैसले के खिलाफ राहुल को अपील दायर करने के लिए 30 दिनों का समय दिया गया था। 2019 लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक के कोलार में एक रैली के दौरान राहुल गांधी ने कहा था, ह्यचोरों का सरनेम मोदी है। सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है, चाहे वह ललित मोदी हो या नीरव मोदी हो चाहे नरेंद्र मोदी। इसके बाद सूरत पश्चिम के बीजेपी विधायक पूर्णेश मोदी ने राहुल के खिलाफ मानहानि का केस किया था। उनका कहना था कि राहुल गांधी ने हमारे पूरे समाज को चोर कहा है और यह हमारे समाज की मानहानि है।

### राहुल ने कहा, बयान देते वक्त मेरी मंशा गलत नहीं थी

वकील के मुताबिक, 'राहुल ने कहा कि बयान देते वक्त मेरी मंशा गलत नहीं थी। मैंने तो भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई थी।'इसी मामले में राहुल गांधी को सूरत कोर्ट ने गुरुवार को दोषी करार दिया। कोर्ट ने उन्हें 2 साल की सजा और 15 हजार का जुमार्ना भी लगाया। इसके कुछ देर बाद उसी कोर्ट ने उन्हें 30 दिन के लिए जमानत भी दे दी। मानहानि के मामले में 2 साल की जेल अधिकतम सजा है। यानी इससे ज्यादा इस मामले में सजा नहीं दी जा सकती है।राहुल गांधी के वकील बाबू मांगूकिया ने बताया कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एचएच वर्मा की कोर्ट ने राहुल गांधी को आईपीसी की धारा 499 और 500 के तहत दोषी ठहराया था। साथ ही उन्हें जमानत दे दी और 30 दिनों के लिए सजा को निलंबित कर दिया, ताकि उन्हें हाईकोर्ट में अपील करने का मौका मिल सके।




### किसने क्या कहा...




**केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर** ने कहा कि राहुल गांधी नेशनल हेराल्ड के एक भ्रष्टाचार के मामले में जमानत पर हैं, उन्हें संसद में सच्चाई से दूर जाने की आदत है। मुझे लगता है कि राहुल खुद को संसद, कानून और देश से ऊपर मानते हैं। उन्हें लगता है कि गांधी परिवार कुछ भी कर सकता है।




**प्रियंका गांधी ने कहा-** डरी हुई सत्ता की पूरी मशीनरी साम, दाम, दंड, भेद लगाकर राहुल गांधी की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। मेरे भाई न कभी डरे हैं, न कभी डरेंगे। सच बोलते हुए जिये हैं, सच बोलते रहेंगे। देश के लोगों की आवाज उठाते रहेंगे। सच्चाई की ताकत और करोड़ों देशवासियों का प्यार उनके साथ है।



**कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश** ने कहा कि हम इस लड़ाई को कानूनी और राजनीतिक दोनों तरह से लड़ेंगे। हम भयभीत या चुप नहीं होंगे। पीएम से जुड़े अडानी महामेगा स्कैम में जेपीसी के बजाय, राहुल गांधी अयोग्य हैं। भारतीय लोकतंत्र ओम शांति।



**कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे:** भाजपा ने राहुल को अयोग्य घोषित करने के लिए सभी तरीके आजमाए। जो सच बोल रहे हैं उन्हें वो पसंद नहीं करते, लेकिन हम सच बोलते रहेंगे। राहुल का बयान किसी समाज के संबंध में नहीं है, जो लोग पैसे लेकर भागे, जैसे ललित मोदी, नीरव मोदी और विजय माल्या वे क्या पिछड़े समाज से थे?



**राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत:** देश में जिस तरह का भय, हिंसा का माहौल बना है, उसमें एऊ न्यायपालिका, चुनाव आयोग पर दबाव है। ये तानाशाही है। संसद चल नहीं पा रही, एक सांसद बोल नहीं पा रहा। भारत जोड़ो यात्रा से सरकार घबराई हुई है, इसलिए विपक्ष की कोई मांग पूरी नहीं होने दे रही।



**अभिषेक मनु सिंघवी:** सेक्शन 103 के तहत सदस्यता रद्द करने का फैसला राष्ट्रपति के द्वारा होना चाहिए था। वहां भी राष्ट्रपति पहले चुनाव आयोग से सुझाव लेते हैं, फिर कोई फैसला होता है, लेकिन इस प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
वाराणसी
SUNDAY OPEN

C.U.E.T BHU / DU / AU
CHS ENTRANCE EXAM - 2023
9th & 11th
B.Sc. B.Com. B.A. LL.B
Selection 1218 in CUET 155 in CHS
संकल्प ट्यूटोरियल्स
पॉलिटेक्निक
9335418689, 9335720660

# सालाना आय 7 लाख से थोड़ी ज्यादा हो, तो भी मिलेगी टैक्स छूट

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सात लाख रुपये सालाना से थोड़ी ज्यादा कमाई करने वालों को राहत देते हुए शुक्रवार को लोकसभा से पास वित्त विधेयक, 2023 में संशोधन कर दिया है। इस संशोधन के बाद अब सात लाख रुपये सालाना से थोड़ा ज्यादा कमाने वालों को भी टैक्स छूट मिल सकेगी। नई कर प्रणाली में सात लाख रुपये तक की सालाना कमाई करने वालों को कोई टैक्स नहीं देना पड़ेगा।

सात लाख रुपये से ज्यादा कमाई करने वालों को अब पूरी आय पर टैक्स देने के बजाय उतनी ही राशि पर टैक्स देना होगा, जो सात लाख रुपये से ज्यादा होगी।

**सरकार का ऐलान**

**लोस में वित्त विधेयक पास वित्तमंत्री ने की घोषणा**

वित्त मंत्रालय ने ताजा राहत के बारे में समझाते हुए कहा कि मान लीजिए वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान किसी की आय यदि सात लाख रुपये होगी, तो कोई टैक्स नहीं देना पड़ता। लेकिन किसी की आय यदि 7,00,100 रुपये होगी, तो पूर्व प्रस्ताव के अनुसार करदाता को 25,010 रुपये का टैक्स देना पड़ता। इसका मतलब यह हुआ कि 100 रुपये ज्यादा कमाने के चलते करदाता को 25,100 रुपये का टैक्स चुकाना होता। ऐसे में मंत्रालय ने एलान किया है कि सात लाख से अधिक कमाई करने वालों को आमदनी से ज्यादा कर नहीं चुकाना होगा।

## संसद में गूंजा अडाणी का नाम

**सरकारी कर्मचारियों की पेंशन से संबंधित मुद्दों में हो सकता है बदलाव, वित्तमंत्री ने प्रस्ताव रखा, विपक्ष का हंगामा**

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को सरकारी कर्मचारियों के लिए पेंशन से संबंधित मुद्दों पर गौर करने और राजकोषीय सावधानी बनाए रखते हुए कर्मचारियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए एक समिति गठित करने का प्रस्ताव दिया है। सरकारी कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में सुधार की आवश्यकता वित्त विधेयक 2023 को विचार और पारित करने के लिए लोकसभा में पेश करते हुए, वित्त मंत्री ने कहा कि आरबीआई उदारीकृत प्रेषण योजना के तहत विदेशी दौरों के लिए क्रेडिट कार्ड भुगतान से संबंधित मुद्दों पर गौर करेगा। वित्त मंत्री ने कहा, मैं पेंशन के इस मुद्दे को देखने के लिए वित्त सचिव के तहत एक समिति गठित करने का प्रस्ताव पेश करती हूं और एक दृष्टिकोण विकसित करती हूं, जो आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए राजकोषीय सावधानी बनाए रखते हुए कर्मचारियों की आवश्यकता को संबोधित करेगा। इस दौरान अदाणी समूह की कंपनियों के खिलाफ आरोपों की संयुक्त संसदीय समिति गठित करने की मांग को लेकर कई विपक्षी सदस्य सदन के बीचोबीच नारेबाजी कर रहे थे।

## प्रधानमंत्री ने वाराणसी को दी 1780 करोड़ की नवरात्रि सौगात

# वैश्विक पटल पर छाया काशी का विकास

## जो भी काशी आ रहा है, वो नई ऊर्जा लेकर जा रहा : मोदी

जितेंद्र श्रीवास्तव/सुरोजीत चैटर्जी

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ने कहा कि काशी अब वह काशी नहीं रहीं। काशी में विकास के नये आयाम स्थापित किये गये हैं। पुरानी परम्पराओं, धराहरों और संस्कृतियों को संजोते हुए नव काशी की परिभाषा गढ़ी गयी है। वैश्विक यहीं वजह है कि काशी के विकास की चर्चा आज देश और दुनिया में हो रही है। जो भी काशी आ रहा है, वह यहां से एक नई ऊर्जा लेकर जा रहा है। यह सब काशीवासियों की बदौलत हुआ है। काशीवासियों की मेहनत का फल है। विगत आठ-नौ वर्षों के विकास कार्यों के बाद, जिस तेजी से बनारस का विकास हो रहा है, अब उसे नई गति देने का समय आ गया है। वह सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित जनसभा में उमड़ी भीड़ को शुक्रवार को संबोधित कर रहे थे।

वाराणसी को 1780 करोड़ की 28 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास/लोकार्पण के जरिए नवरात्रि सौगात देने के पश्चात जनता को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एक साल में सात करोड़ से अधिक पर्यटक काशी आए। औसतन हर महीने 50 लाख से अधिक लोग बनारस आ रहे हैं। ये पर्यटक यहां ही रुक रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि बनारस आने वाले लोग अपने साथ बनारस के हर परिवार के लिए आय के साधन ला रहे हैं। यहां आने वाले पर्यटक रोजगार और स्वरोजगार के साधन बना रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा आज काशी में पुरातन और नूतन दोनों स्वरूपों के दर्शन एक साथ हो रहे हैं। मुझे देश-विदेश में मिलने वाले लोग बताते हैं कि वो किस तरह विश्वनाथ धाम के पुर्ननिर्माण से मंत्रमुग्ध हैं।

**जनसभा**

**कहा, देश-विदेश में मिलने वाले बाबा विश्वनाथ धाम के पुर्ननिर्माण से मंत्रमुग्ध**

**आज काशी में पुरातन और नूतन दोनों स्वरूपों के दर्शन एक साथ हो रहे : पीएम**

**स्मार्ट सिटी मिशन के तहत हो रहे काम से बढ़ेगी सुविधाएं, आवागमन होगा सुगम**

पीएम मोदी ने कहा कि काशी में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत जो काम हो रहे हैं, उनसे भी सुविधाएं बढ़ेंगी और आने-आने के साधन बेहतर हो जाएंगे। काशी में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की छोटी-छोटी आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर ही फ्लोटिंग जेट्टी का निर्माण किया जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि 25 मार्च को योगीजी की दूसरी पारी का एक साल पूरा हो रहा है। दो-तीन दिन पहले योगीजी ने सबसे अधिक कार्यकाल का रिकार्ड बनाया है। सुरक्षा व सुविधा जहां बढ़ती है, समृद्धि बढ़ती है। नए प्रोजेक्ट समृद्धि के रास्ते सशक्त करते हैं। इसके पूर्व पीएम मोदी ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों एवं खेलो बनारस के युवाओं से वार्तालाप भी किया। मंच पर कई लाभार्थियों के चश्मा और ऋण का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया। इसके पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंगवस्त्रम व स्मृति चिह्न भेंटकर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। मंच पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय, प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, नगर विकास व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा, कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु', विधायक सौरभ श्रीवास्तव, टी राम, डॉ. अवधेश सिंह, डॉ. नीलकंठ तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य आदि थीं।



वाराणसी स्थित सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय की जनसभा में लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# बोले पीएम-यस वी कैन फिनिश टीबी

## टीबी की 80 फीसदी दवाएं अब भारत में बन रही हैं, यह गर्व की बात

अश्विनी कुमार श्रीवास्तव

**वाराणसी।** विश्व टीबी दिवस पर रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में आयोजित वर्ल्ड टीबी डे समिट का शुक्रवार को उद्घाटन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि बीते नौ वर्षों में भारत ने टीबी की बीमारी के खिलाफ जंग में अनेक मोर्चों पर एक साथ काम किया है, इसमें पोषण के लिए विशेष अभियान, इलाज के लिए नई रणनीति, तकनीकी का भरपूर इस्तेमाल और अच्छी हेल्थ को बढ़ावा देने वाले फिट इंडिया, खेलो इंडिया और योग जैसे अभियान शामिल हैं। शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में वर्ल्ड टीबी डे समिट को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, मुझे विश्वास है कि टीबी जैसी बीमारी के खिलाफ हमारे वैश्विक संकल्प को काशी एक नई ऊर्जा देगी, उन्होंने कहा कि भारत अब वर्ष 2025 तक टीबी खत्म करने के लक्ष्य पर काम कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा, मेरे लिए ये बहुत खुशी के बात है कि वन वर्ल्ड टीबी समिट काशी में हो रही है। सौभाग्य से मैं काशी का सांसद भी हूं., काशी नगरी शाश्वत धरा है जो हजारों वर्षों से मानवता के प्रयासों और परिश्रम की साक्षी रही है। काशी इस बात की गवाही देती है कि चुनौती चाहे कितनी ही बड़ी क्यों ना हो, जब सबका प्रयास होता है, तो नया रास्ता भी निकलता है। आज देश में 10-12 साल के बच्चे भी टीवी के खिलाफ जंग को आगे बढ़ा रहे हैं, ऐसे कई बच्चे हैं जिन्होंने अपना पिगी बैंक छोड़कर टीबी मरीजों को गोद लिया। प्रधानमंत्री ने आगे कहा 2014 के बाद से भारत ने जिस नई सोच के साथ टीबी के खिलाफ काम करना शुरू किया, वो वाकई अभूतपूर्व है। भारत का ये प्रयास पूरे विश्व को इसलिए भी जानने चाहिए क्योंकि ये टीबी के खिलाफ वैश्विक लड़ाई का एक नया मॉडल है।

**विश्व टीबी दिवस**

**दुनिया जहां 2030 में टीबी को खत्म करने का लक्ष्य रखा है वहीं भारत ने 2025 में टीबी मुक्त भारत का सपना देखा है**

**गांधी के सपने को पूरा करने का जिक्र करते कहा, हॉस्पिटल में गुजरात के सीएम बनने पर लगाया ताला**



रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर वाराणसी में आयोजित वर्ल्ड टीबी डे समिट पर उपस्थित पीएम मोदी

### समिट में ये रहे शामिल

टीबी वर्ल्ड समिट में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने मोदी का स्वागत किया। आयोजन में दुनिया के कई देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए, स्टॉप टीबी पार्टनरशिप की अधिशासी निदेशक डॉ. लुसिका दितिउ आदि थीं।

### कोई टीबी मरीज इलाज से न छूटे पर फोकस

पीएम मोदी ने बताया, कोई भी टीबी मरीज इलाज से छूटे नहीं, इसके लिए नई रणनीति पर काम किया जा रहा है। टीबी के मरीजों की स्क्रीनिंग के लिए, उनके ट्रीटमेंट के लिए, उन्हें आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा है। टीबी की मुफ्त जांच के लिए देशभर में लैब्स की संख्या बढ़ाई है। टीबी के खिलाफ लड़ाई में भारत ने जो बहुत बड़ा काम किया है। टीबी मुक्त भारत के अभियान से जुड़ने के लिए देश के लोगों से नि-क्षय मित्र बनने का आह्वान किया।

### इन राज्यों को मिला रजत व कांस्य

समिट में कर्नाटक राज्य को टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में काम करने को रजत पदक तथा जम्मू कश्मीर को कांस्य पदक दिया गया। इस बार 300 जिलों में टीबी उन्मूलन के लिए लक्ष्य लिया गया था। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने तीन दिवसीय वन वर्ल्ड टीबी समिट कार्यक्रम में टीबी के क्षेत्र में एक प्रमुख पहल लॉन्च की। जिसमें इंडिया टीबी रिपोर्ट-2023, फॅमिली हेल्पलाइन नंबर, टीबी मुक्त पंचायत अभियान, क्रमबद्ध निवारक उपचार जिसमें की केवल 12 खुराक दी जाती शामिल हैं।

### ताला लगाकर गांधी के सपने को साकार किया

प्रधानमंत्री ने कहा कि गांधी जी को कुष्ठ रोग अस्पताल के उद्घाटन के लिए बुलाया गया, लेकिन उन्होंने जाने से इन्कार कर दिया। गांधी ने कहा कि जब अस्पताल में ताला लगाने के लिए बुलाया जाएगा तो जरूर आऊंगा। दरअसल, गांधी जी ने कुष्ठ रोग से निजात के लिए अभियान छेड़ रखा था। उन्हें लगता था कि देश कुष्ठ रोग से मुक्त होना चाहिए। बताया कि जब गुजरात का मुख्यमंत्री बना हो जो गांधी का सपना उस अस्पताल में ताला लगाकर किया।

## गैरकानूनी संगठन का सदस्य होना भी अपराध

**सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसला दिया है। इस फैसले के अनुसार, गैरकानूनी संगठन का सदस्य होना भी अपराध माना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गैरकानूनी संगठन का सदस्य होना ही यूएपीउ के तहत कार्रवाई का आधार बन सकता है। खास बात ये है कि सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिए फैसले में साल 2011 का दिया अपना ही फैसला पलट दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने अरूप भुयन बनाम असम सरकार, इंदिरा दास बनाम असम सरकार और केरल सरकार बनाम रनीफ मामलों में दिए अपने फैसले में कहा था कि गैरकानूनी संगठन का सदस्य होना ही गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल होने का आधार नहीं हो सकता, जब तक कि वह किसी हिंसा की घटना में शामिल ना हो। जस्टिस एमआर शाह, जस्टिस सीटी रविकुमार और जस्टिस संजय करोल की पीठ ने अपने फैसले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की धारा 10(ए)(1) को भी सही ठहराया है, जो गैरकानूनी संगठन की सदस्यता को भी अपराध घोषित करती है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि 2011 का फैसला जमानत याचिका पर दिया गया था, जिसमें कानून के प्रावधानों की संवैधानिकता पर सवाल नहीं उठाया गया था।

# जैसलमेर में गिरीं तीन मिसाइलें

**जैसलमेर।** जैसलमेर की पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज से शुक्रवार को तीन मिसाइल मिसफायर हो गईं। सेना के अभ्यास के दौरान जमीन से हवा में फायर करने वाली 3 मिसाइल जैसलमेर में ही अलग-अलग जगहों पर गिर गईं। दो मिसाइल का मलबा मिला गया है, तीसरे की तलाश जारी है।

पहली मिसाइल अजासर गांव के पास काछब सिंह के खेत में मिली। दूसरी मिसाइल का मलबा सत्याया गांव से दूर सुनसान इलाके में मिला। हालांकि दोनों ही मिसाइल गिरने से कोई जनहानि नहीं हुई। दूसरी मिसाइल का मलबा सत्याया गांव से दूर सुनसान इलाके में मिला। हालांकि दोनों ही मिसाइल गिरने से कोई जनहानि नहीं हुई।

सूत्रों के अनुसार सेना के अभ्यास के दौरान शुक्रवार को तीन मिसाइल दागी गईं थीं, लेकिन मिस फायर की वजह से तीनों ही मिसाइल आसमान में फटकर फील्ड फायरिंग रेंज के बाहर जा गिरीं। एक मिसाइल का मलबा फील्ड फायरिंग रेंज से बाहर अजासर गांव के पास काछब सिंह के खेत में मिला। वहीं दूसरी मिसाइल का मलबा सत्याया गांव से दूर सुनसान इलाके में मिला। हालांकि दोनों ही मिसाइल गिरने से कोई जनहानि नहीं हुई, मगर खेत में गड्ढे बन गए। सेना के प्रवक्ता के मुताबिक पीएफएफआर में एक यूनिट के अभ्यास के दौरान यह मिसफायर हुआ। उड़ान के दौरान मिसाइल में विस्फोट हो गया, इसके कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

**हड़कंप**

**दो खेत में पाई गई, एक की तलाश जारी; पोकरण फायरिंग रेंज से हुए मिसफायर**



# आशाओं-आकांक्षाओं पर खरी उतर रही काशी



## बढ़ाया उत्साह

### काशी में चौतरफा बह रही विकास की गंगा : मोदी

**वाराणसी।** जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि काशी में चौतरफा विकास की गंगा बह रही है। तमाम विकास की परियोजनाएं पूरी हुई है तो दर्जनों पर काम भी चल रहा है। पीने का पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, गंगा की साफ-सफाई, पुलिस बल के लिए सुविधा, खेल सुविधा, यातायात सुविधा समेत सुविधाओं का लाभ काशी की जनता को मिल रहा है। मुझे खुशी है कि काशी आशाओं-अपेक्षाओं पर खरा उतर रही है।

पीएम मोदी ने कहा कि आठ-नौ साल पहले काशी के लोगों ने शहर के कायाकल्प का संकल्प लिया था। बहुत लोगों को आशंका थी कि काशी का बदलाव नहीं हो पाएगा। काशी के लोग सफल नहीं हो पायेंगे। लेकिन आप काशीवासियों ने अपनी मेहनत की बदौलत उनकी आशंकाओं को समाप्त कर दिया। काशी में विरासत भी है, विकास भी है। आज काशी में पुरातन के साथ नूतन, दोनों स्वरूपों के दर्शन एक साथ हो रहे हैं। पीएम ने काशी से शुरू हुए दुनिया के सबसे लंबे रिवर क्रूज की भी चर्चा की।

महादेव के आशीर्वाद से बड़ा काम हुआ। पीएम ने कहा कि पेयजल संकट से लोगों के उबारने के लिए बड़ा काम हुआ है। तीन साल में देश के आठ करोड़ घरों में नल से जल पहुंचाने का काम हुआ। यूपी और काशी के लोगों को भी इसका लाभ मिल रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि आज यूपी विकास के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित करने जा रहा है। उत्तर प्रदेश में आशा और आकांक्षा के साथ सुरक्षा एवं सुविधा बढ़ी है, जिसमें उत्तर प्रदेश में समृद्धि आना तय है।

## देश का पहला अर्बन ट्रांसपोर्ट होगा रोप-वे

**बोले प्रधानमंत्री**

**कैंट से बाबा धाम की दूरी बस कुछ मिनट की रह जाएगी : पीएम**

**बोले, अभी जाम के झंझट के चलते लोग घूमने से करते हैं परहेज**

**वाराणसी।** सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में शुक्रवार को जनसभा में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि नवरात्रि का पुण्य समय है, आज मां चंद्रघंटा की पूजा का दिन है। ये मेरा सौभाग्य है। इस पावन अवसर पर आज मैं काशी की धरती पर आप सबके बीच हूं। मां चंद्रघंटा के आशीर्वाद से आज बनारस की सुख-समृद्धि में एक और अध्याय जुड़ रहा है। आज यहां देश के पहले पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोप-वे का शिलान्यास किया गया है।

पीएम मोदी ने कहा, 'बनारस के जाम से डरने वालों के लिए रोप-वे अच्छी चीज है। रोप-वे बनने के बाद बनारस कैंट रेलवे स्टेशन और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के बीच की दूरी बस कुछ मिनट की रह जाएगी। कैंट से गोदौलिया के बीच जाम की भी समस्या काफी कम हो जाएगी। लोग बनारस घूमना चाहते हैं, मगर सोचते हैं कि इतना जाम में हम क्या घूमें। रोप-वे बन जाने से उनका बनारस घूमना सहज हो जाएगा।' पीएम मोदी ने कहा कि रोप-वे का एक स्टेशन कैंट पर बनाया जाएगा। ताकि यहां आने वालों को किसी प्रकार के ट्रैफिक की समस्या का सामना न करना पड़े। इस स्टेशन पर बाजार भी होगा, जहां तरह-तरह के उत्पाद व खाद्य पदार्थ आसानी से मिल सकेंगे। यहां से पर्यटकों को आसानी से ट्रांसपोर्ट सुविधा भी मिल जाएगी। पीएम मोदी ने कहा कि रोड हो, पुल हो, रेल हो, एयरपोर्ट हो। कनेक्टिविटी के तमाम नए साधनों ने काशी आना-जाना बहुत आसान कर दिया है, लेकिन अब हमें एक कदम और आगे बढ़ना है। अब जो ये रोप-वे यहां बन रहा है, इससे काशी की सुविधा और आकर्षण दोनों बढ़ेगा। पीएम मोदी ने जनसभा स्थल पर पहुंचने के पूर्व देश के पहले अर्बन ट्रांसपोर्ट रोप-वे की डिजाइन भी देखी और इसका शिलान्यास किया।

### बाबतपुर में और बढ़ेगी एयर कनेक्टिविटी

जनता को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा आज बनारस की एयर कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में भी बड़ा काम हुआ है। बाबतपुर हवाई अड्डे पर आज नए एटीसी टावर का लोकार्पण हुआ है। अभी 50 से अधिक विमान हैंडिल किये जाते हैं। नये एटीसी टावर से विमान हैंडिल की क्षमतावृद्धि होगी। बाबतपुर एयरपोर्ट का विस्तार भी होगा।

### बनारस बनेगा कृषि व कृषि निर्यात का बड़ा हब

पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले दिनों में बनारस कृषि एवं कृषि निर्यात का बड़ा सेंटर बनने जा रहा है। फल और सब्जियों की प्रोसेसिंग, भंडारण व ट्रांसपोर्टेशन आदि की सुगमता और सुलभता को बढ़ावा जा रहा है। बनारसी लगड़ा आम हो या फिर गाजीपुर की भिंडी व मिर्च। जौनपुर की मूली हो या खरबजा। सभी के लिए विदेशी बाजार आसानी से सर्वसुलभ होगा। लंदन और दुबई के बाजार में इन चीजों की काफी डिमांड है। जितना ज्यादा एक्सपोर्ट होगा, उतना अधिक पैसा किसानों तक पहुंचेगा। करखियांव में पैकेजिंग सेंटर बनारस, गाजीपुर, जौनपुर समेत छोटे शहरों के उत्पाद लंदन व दुबई जैसे देशों तक ले जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि अब गंगा के दोनों तरफ पर्यावरण से जुड़ा बड़ा अभियान शुरू होने वाला है। सरकार का प्रयास है कि गंगा के दोनों तरफ पांच किलोमीटर के हिस्से में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाए। इसके लिए इस वर्ष के बजट में भी प्राविधान किया गया है।

### युवाओं को मिलेगी अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधा

जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि खेलो बनारस के प्रतिभागियों से भी मिलने का मौका मिला। उनमें गजब का उत्साह है। खेलो बनारस में एक लाख से अधिक युवाओं ने प्रतिभाग किया। सिगरा स्टेडियम के पुनरुत्थान के तहत फेस वन का काम चल रहा है। फेस टू व फेस थ्री के तहत होने वाले विकास कार्य का भी आज शिलान्यास किया गया है। इसके अलावा वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम भी बनने जा रहा है। इन सुविधाओं के उपलब्ध होते ही युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधा मिलने लगेगी।

### गरीबों की चिंता करने वाली है केंद्र-यूपी की सरकार

जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज केंद्र में जो सरकार है और यूपी में जो सरकार है वो गरीब की चिंता करने वाली सरकार है, वो गरीब की चिंता करने वाली सरकार है। गरीब की सेवा करने वाली सरकार है। आप लोग भले ही प्रधानमंत्री बोले, सरकार बोले, लेकिन मोदी तो खुद को आपका सेवक ही मानता है। विकास का जो रास्ता हमने चुना है, उसमें सुविधा भी है और संवेदना भी है। इस क्षेत्र में एक चुनौती पीने के पानी की भी रही है। आज यहां पीने के पानी से जुड़ी अनेक परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ है और नई परियोजनाओं पर काम भी शुरू हुआ है। संतोष है आज बनारस के हजारों लोगों को सुविधा का लाभ मिल रहा है।

### 2014 से पहले बैंक खाता खोलने में छूट जाते थे पसीने

जनता को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि याद कीजिए वह दिन, जब 2014 के पहले बैंकों में खाता खोलने में भी लोगों के पसीने छूट जाते थे। बैंकों से ऋण लेना तो गरीब परिवार सोच भी नहीं सकता था। आज गरीब से गरीब परिवार के पास भी जनधन बैंक खाता है। उसके हक का पैसा, सरकारी मदद आज सीधे उसके बैंक खाते में आती है। छोटा किसान, छोटा व्यवसायी हो, बहनों के स्वयं सहायता समूह हों मुद्रा योजना से ऋण मिलते हैं। पशुपालकों तक को किसान क्रेडिट कार्ड से जोड़ा गया है। रेहड़ी और फुटपाथ वालों तक को ऋण मिलना शुरू हुआ है। विश्वकर्मा समाज के लिए काम चल रहा है। अबकी बजट में पीएम विश्वकर्मा योजना भी लाए हैं। प्रयास है अमृत काल में कोई भी पीछे न छूटे। विकसित भारत के निर्माण में हर भारतीयों का योगदान है।

### बनारसी लौंगलता से लेकर पूरी-कचौड़ी तक की चर्चा

पीएम ने कहा कि काशी में आने वाले पर्यटक और श्रद्धालु यहां ठहरते हैं। पूरी-कचौड़ी खाते हैं। कभी जलेबी का स्वाद लेते है तो कभी बनारसी लौंगलता का। लस्सी का लुत्फ उठाते है तो ठंडई का भी मजा लिया जा रहा है। बनारसी पान का भी आनंद लेते हैं। लकड़ी के खिलौने, साड़ी, कालीन की डिमांड भी खूब होती है। पर्यटकों और श्रद्धालुओं के बड़ी संख्या में आने से यहां के रोजगार और स्वरोजगार भी बढ़े हैं।

### आप भले ही सरकार बोलिए, मैं तो सेवक हूं

पीएम मोदी ने कहा कि आप लोग भले ही प्रधानमंत्री बोले, सरकार बोले। लेकिन मैं तो आपको सेवक ही मानता हूं। मोदी खुद को आपका सेवक मानता है और इसी सेवा भाव से काशी और यूपी ही नहीं देश की सेवा कर पा रहा हूं। स्वस्थ दृष्टि-समृद्ध काशी अभियान के तहत मोतियाबिंद से लोगों को निजात दिलाने का काम चल रहा है। करीब एक हजार लोगों के मोतियाबिंद का सफल और मुफ्त में इलाज हुआ है। एक लाभार्थी ने मुझसे कहा, 'स्वस्थ दृष्टि-दूर दृष्टि।' यह सब आपके संकल्प की बदौलत हो रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि बनारस के हजारों लोगों को भी सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

### पीएम ने लाभार्थियों को दिया चश्मा व प्रतीकात्मक चेक

जनसभा को संबोधित करने के पूर्व पीएम मोदी ने स्वस्थ दृष्टि-समृद्ध काशी के तहत मोतियाबिंद का आपरेशन हुए पांच मरीजों बृजमोहन, सोफिया, विजय मिश्रा, शीतल एवं हबीबुल्ला को चश्मा प्रदान किया। जबकि विभिन्न बैंकों के 2003 लाभार्थियों को 1060 करोड़ का ऋण प्रदान किया। इस योजना के पांच लाभार्थियों सोनू अंसारी, रामचंद्र प्रजापति, मंजू देवी, नीतू गुप्ता व वीरेंद्र प्रताप गुप्ता को पीएम ने प्रतिकात्मक चेक प्रदान किया।

### जनसभा में रही इनकी भी उपस्थिति



जनसभा में भाजपा प्रदेश सह प्रभारी सुनील ओझा, क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, अशोक चौरसिया, सुशील त्रिपाठी, संतोष पटेल, दिलीप सिंह पटेल, नागेंद्र रघुवंशी, रवि प्रकाश जायसवाल, गोकुल शर्मा, राकेश शर्मा, सुदामा पटेल, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, संतोष सोलापुरकर, नवीन कपूर, अशोक पटेल, जगदीश त्रिपाठी, जयनाथ मिश्रा, राम प्रकाश दुबे, संजय सोनकर, प्रवीण सिंह गौतम, सुरेश सिंह, प्रभात सिंह, जेपी सिंह, शैलेंद्र मिश्रा, नम्रता चौरसिया, कुसुम पटेल, विनिता सिंह आदि उपस्थिति रहीं।


जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**

मेरा आचार्य का मूल माइग्रेशन जो सन् 2015 में निर्गत था, खो गया है। शशिभूषण पाण्डेय पुत्र नर्वदेश्वर पाण्डेय, ग्राम व पो0-मिड्ढा, जिला बलिया, उत्तर प्रदेश।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कु0 इन्द्रावती को अब इन्द्रावती चौहान पत्नी कमलेश कुमार सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाय। पता-खरग रामपुर, पो0-मिर्जामुराद, जिला वाराणसी।

मेरे पति रामजीत सिंह पुत्र स्व घुम्मन सिंह चौहान के नाम से एलआईसी पॉलिसी नंबर 282651 248 है, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। बीमा में नामिनी के रूप में मेरा नाम सुशीला देवी दर्ज है। जबकि आधार कार्ड व अन्य डॉक्यूमेंट में मेरा नाम कौशल्या देवी है। सुशीला देवी व कौशल्या देवी दोनों नाम मेरा ही है।
कौशल्या देवी पत्नी स्व रामजीत सिंह ग्राम उचौरी, पोस्ट शेखनपुर, जिला गाजीपुर।


# आधे घंटे ट्रैफिक पर भारी पड़ा एक घंटे का इंतजार

**लोग जमे रहे**

### अपने सांसद की एक झलक पाने के लिए लोग खड़े रहे धूप में

**वाराणसी।** पीएम मोदी के आगमन से आधा घंटा पहले ट्रैफिक को रोक दिया गया। लेकिन इस आधे घंटे की ट्रैफिक पर पीएम के लिए जनता का इंतजार भारी पड़ा। बैरिकेडिंग के पास पहुंचकर उनकी एक झलक पाने के लिए भीड़ उमड़ी रही। बाइक दूर खड़ी कर उनके इंतजार में लोग मौजूद रहें। सिगरा साजन तिराहे के पास बैरिकेडिंग तोड़ अंदर जाने के लिए महिलाएं उत्सुक दिखी दिखी लेकिन सख्ती के वजह से उन्हें बाहर ही रहना पड़ा। बाइक सवार भी जहां तहा बाइक खड़ी कर पीएम की एक नजर पाने को बेकरार दिखे। जैसे ही फ्लीट साजन तिराहे पर पहुंची जयकारों के साथ पीएम को आवाज लगाने की होड़ मच गयी। यहां फ्लीट की गति धीमी कर पीएम ने सभी का हाथ जोड़ कर अभिवादन किया। इसके पहले पुलिस लाइन, चौकाघाट और तेलियाबाग में भी भारी भीड़ सड़क पर उमड़ी।

**गुरु बहुत पैसा मिला बनारस को**

गुरु इतना पैसा काशी को दे दिया कि सौ साल तक बनारस में कुछ न भी हो तो काम चलेगा। जब पीएम यहां आते हैं कुछ न कुछ लेकर ही आते हैं। का ना मिलल यार, काशी विश्वनाथ मंदिर भव्य बनल, ट्रेड फैसिलिटी सेंटर, कैंसर अस्पताल, इनडोर स्टेडियम, करसड़ा



कुड़ा प्लांट, इंटीग्रेटेड पैक हाउस, रिंग रोड, फुलवरिया फोन लेन, सिटी कमांड कंट्रोल सिस्टम, रेलवे स्टेशन का कायाकल्प भइल, अरे यार अउर केतना बताई। वहीं मौजूद एक सज्जन का अलग ही सोच थी, कहने लगे भइया ई रोपवा (रोपवे) कितना ऊपर से जाई। दूसरे ने कहा देखत ना हउआ हउ गुब्बरावा (भारत माता मंदिर में) जेतना उपर हैं न उतना ही उंचाई रही। वहीं पास में खड़े एक व्यक्ति का कहना था कि कुल ठीक हउ यार बस नौकरिया इस सरकार दे देत त फिर कोई ना टकरायी।

**काफिला मार्ग की दुकानें रहीं बंद**

वहीं दूसरी तरफ सुरक्षा कारणों से जिस रूट से पीएम का काफिला गुजारा वहां की दुकाने बंद रहीं। इसका प्रभाव ये पड़ा कि फुटकर दुकानदारों का रोजगार प्रभावित हुआ। हां ये रहा कि दोपहर तीन बजे के बाद दुकाने खुल गयीं। दुकान बंद होने से थोड़ी नाराजगी जरूरी दिखी, लोग कहने लगे कि इतना सुरक्षा के बाद भी ये लोग दुकाने क्यों बंद करा देते हैं।

**पार्किंग को लेकर हुई नोकझोंक**

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत यूनिवर्सिटी पहुंचने से पहले यहां पार्किंग को लेकर पुलिस से नोकझोंक हुई। कारण ये रहा कि नेताओं और कार्यकर्ताओं ने वाहनों को सड़कों पर बेतरतीब खड़ा कर दिया था। ये तब हुआ जब वहां पीएम नहीं पहुंचे थे। जबकि पुलिस का निर्देश था कि सभा स्थल पर लोगों को केवल पैदल जाना है। लेकिन कई नेता और उनके समर्थक अपने वाहन पर सवार होकर अंदर जाने की बात को लेकर गेट पर तैनात पुलिसकर्मियों से नोंकझोंक करने लगे। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने उन्हें समझा कर शांत कराया।


**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**
श्रीराम महिला महाविद्यालय कटया लहंग कासिमाबाद, गाजीपुर सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर हिन्दी, संस्कृत, राजनीतिशास्त्र, प्राचीन इतिहास, गृह विज्ञान, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र विषयों में एक-एक पद प्रवक्ता एवं प्राचार्य पद हेतु। योग्यताएं यू0जी0सी0/ विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार/इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज के नवीनतम फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर प्रबन्धक के पदनाम संस्थान/महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबन्धक-मो0-9415860327

**आवश्यकता है**
बाबा रामचीज महिला महाविद्यालय ताजपुर डेहमा गाजीपुर संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय हेतु हिंदी, संस्कृत, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान, भूगोल, प्राचीन इतिहास व उर्दू विषयों में एक-एक पद प्रवक्ता एवं प्राचार्य पद हेतु, योग्यताएं यूजीसी /विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज के नवीनतम फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अंदर प्रबंधक के पद नाम संस्थान/ महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष द्वारा दी जाएगी।
प्रबंधक-मो0 +91 96708 70176

**आवश्यकता है**
माँ स्वरूपा देवी महिला महाविद्यालय शाहबाजकुली गाजीपुर संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय हेतु हिंदी, संस्कृत, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान, भूगोल, मध्यकालीन इतिहास व शिक्षा शास्त्र विषयों में एक-एक पद प्रवक्ता एवं प्राचार्य पद हेतु, योग्यताएं यूजीसी /विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज के नवीनतम फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अंदर प्रबंधक के पद नाम संस्थान/महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष द्वारा दी जाएगी।
प्रबंधक-मो0-9450888502

**आवश्यकता है**
जे0 पी0 आर0 गर्ल्स डिग्री कालेज सेठवल, रानी की सराय, आजमगढ़ सम्बद्ध महाराजा सुहेलदेव राज्य विद्यालय आजमगढ़ स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत पद प्राचार्य स्नातकोत्तर स्तर पर कला वर्ग भूगोल, शिक्षा शास्त्र, हिन्दी, समाजशास्त्र व गृह विज्ञान एवं विज्ञान वर्ग जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान विषयों में प्रवक्ता की। योग्यता यू0 जी0 सी0 विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 21 दिन में आवेदन करें।
प्रबन्धक - शैलेश कुमार राय
मो0-9935738430

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**आवश्यकता**

आवश्यकता है:-राम समुझ महाविद्यालय फतूपुर, भगवानपुर, जौनपुर सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पू. वि. वि. जानपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातकोतर स्तर कला संकाय गृहविज्ञान व भूगोल विषयों में तीन-तीन प्रवक्ताओ की। शैक्षिक योग्यता यू.जी.सी. मानकानुसार विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर आवेदन करें।साक्षात्कार की सूचना डाक/फोन से दी जायगी।
प्रबंधक-मो0-9454046499

**आवश्यकता है**
रामदेव बालिका महाविद्यालय गोपालपुर अमारी, सुइथाकलाँ, जौनपुर सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर उपरोक्त महाविद्यालय में मान्यता प्राप्त विषयों कला संकाय हेतु हिन्दी, संस्कृत, प्राचीन इतिहास, समाजशास्त्र, भूगोल, शिक्षाशास्त्र, गृहविज्ञान विषयों में एक-एक पद प्रवक्ता एवं प्राचार्य पद हेतु। योग्यताएं यू0जी0सी0/ विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार/इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज के नवीनतम फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर प्रबन्धक के पदनाम संस्थान/महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबन्धक-मो0-9415168963

**आवश्यकता है**
बाबा कामदेव सिंह महाविद्यालय मढ़ी, जौनपुर सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर हिन्दी, संस्कृत, भूगोल, प्राचीन इतिहास, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, विषयों में एक-एक पद प्रवक्ता एवं प्राचार्य पद हेतु। योग्यताएं यू0जी0सी0/ विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार /इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज के नवीनतम फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर प्रबन्धक के पदनाम संस्थान/ महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबन्धक-मो0-9415653162

**आवश्यकता है**
डा0 शिव प्रसाद राजपति महाविद्यालय दरीबा, जफराबाद, जौनपुर सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय हेतु हिन्दी, संस्कृत, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, प्राचीन इतिहास, गृह विज्ञान व भूगोल विषयों में एक-एक पद प्रवक्ता एवं प्राचार्य पद हेतु। योग्यताएं यू0 जी0 सी0/ विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार/इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज के नवीनतम फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर प्रबन्धक के पदनाम संस्थान/महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबन्धक-मो0-9451961105, 9450086042


## विपक्षी दलों के कार्यकर्ता किये गये नजरबंद

**वाराणसी।** शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एकदिनी दौरे को देखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस के विपक्षी दलों के कई कार्यकर्ताओं को नजरबंद कर दिया। जिसके तहत आम आदमी पार्टी में छात्र इकाई के प्रदेश सचिव छात्र नेता महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के छात्र रघुकुल यथार्थ और कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष राजीव कुमार 'राजू' शामिल रहे। यह कार्रवाई किये जाने पर संबंधित दलों के नेताओं ने नाराजगी जाहिर की। पीएम के दिल्ली रवाना होने के बाद उन सभी को मुक्त किया गया।

## दर्शनार्थी समेत दो की मौत, डेडबॉडी को मोर्चरी में रखवाया

**वाराणसी।** गौदौलिया व चेतगंज के पास शुक्रवार को एक दर्शनार्थी समेत दो की मौत हो गयी। पुलिस ने दोनों के शव को मण्डलीय अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया। जानकारी के अनुसार दशाश्वमेघ थाना क्षेत्र के गौदौलिया के पास शुक्रवार को सुबह पांडूचेरी के रियांकुप्पम निवासी पी रुथरपथ्य 76 वर्ष की अचानक तबियत बिगड़ गयी। साथ के लोग पुलिस की मदद से उसे लेकर मण्डलीय अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। उधर, चेतगंज चौराहे के पास आज अज्ञात 55 वर्षीय सड़क पर अचेत पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे लेकर मण्डलीय अस्पताल पहुंची जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

## राम बिहारी हत्याकांड में आरोपी अजय मरदह की जमानत खारिज

**वाराणसी।** चौबेपुर थाना क्षेत्र में पांच साल पूर्व राम बिहारी चौबे की हुई हत्याकांड के मामले में जिला जज डा.अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने आरोपित अजय सिंह उर्फ अजय मरदह की जमानत अर्जी निरस्त कर दी। गाजीपुर जिले के मरदह थाना क्षेत्र निवासी अजय मरदह की जमानत का विरोध डीजीसी आलोक चंद्र शुक्ल व वादी पक्ष के अधिवक्ता श्रीनाथ त्रिपाठी आदित्य वर्मा, शिवम सिंह और राकेश मिश्रा ने किया। आरोप था कि चार दिसंबर 2015 को सबह सवा सात बजे राम बिहारी चौबे घर पर अखबार पढ़ रहे थे तभी बाइक से पहुंचे हमलावरों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। घटना की विवेचना के दौरान अजय मरदह का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने विवेचना पूरी कर अदालत में आरोप पत्र प्रेषित कर चुकी है।

## महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**सारनाथ।** लेढुपुर क्षेत्र में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। लेढ़ुपुर निवासी अजय राजभर की पत्नी अर्चना राजभर (25) गुरुवार की रात अपने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद करके दुपट्टे के सहारे पंखा के हुक में लटक कर आत्महत्या कर ली। दरवाजा खटखटाने के बाद जब अंदर से कोई आवाज नहीं आया तो अजय राजभर दरवाजा तोड़कर के पत्नी को नीचे उतारा और उसे पंडित दीनदयाल अस्पताल लेकर पहुंचा। यहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। आत्महत्या की सूचना पर आशापुर चौकी इंचार्ज, उप निरीक्षक अखिलेश वर्मा पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतिका दो बच्चे हैं, पति अजय राजभर मजदूरी करता है। पुलिस जांच में अभी फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। ना ही कोई तहरीर पड़ी है।

## दहेज हत्यारोपी पति और सास दोषमुक्त

**वाराणसी।** अपर जिला जज संजीव कुमार सिन्हा की अदालत ने दहेज के लिए विवाहिता को जलाकर मार डालने के मामले में आरोपित पति और सास को दोषमुक्त कर दिया। बाकराबाद, थाना जैतपुरा निवासी पति उसमान गनी व सास बाजबून निशा उर्फ मुन्नी को आरोप सिद्ध न होने पर संदेह का लाभ देते हुए दोष मुक्त कर दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर सिंह ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार आगागंज, जैतपुरा निवासी वादी रियाज अहमद ने राज्य महिला आयोग में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

आरोप था उसकी पुत्री नाजरीज की शादी 22 मार्च 2020 को उसमान गनी के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वालें कम दहेज का ताना देते और प्रताड़ित करते थे। पति और सास पावरलूम लगाने के लिए एक लाख की मांग करते थे। इनकार करने पर उसे मारपीटा जाता था। 22 दिसंबर 2011 को वादी को सूचना मिली कि उसकी पुत्री की मौत हो गई है।

# 300 कैदियों के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण शुरू

वाराणसी। कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से जिला कारागार के 300 कैदियो के कौशल विकास के लिए कारागार परिसर में उद्यामिता कौशल विकास कार्यक्रम का प्रारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्धघाटन कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के सचिव अतुल कुमार तिवारी ने किया।

अतुल कुमार तिवारी, ने कहा कि इस कार्यक्रम के द्वारा कारागार में बंदी कैदियो द्वारा बनाये जा रहे उत्पादों को और भी अधिक गुणवत्ता प्रदान की जा सकेगी और उनमें उद्यमिता की प्रेरणा को बढ़ाया जा सकेगा। कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से कैदियो में व्याप्त आपराधिक मानसिकता के स्थान पर एक उन्नत उद्यमी के साथ ही नैतिक रूप से आजीविका संबर्धन अर्जित करने की भावना को भी विकसित किया जा सकेगा। डीजी फायर सर्विसेज, उत्तर प्रदेश एवं डीजी-जेल और सुधार (अतिरिक्त प्रभार) आनंद कुमार आईपीएस भी इस आयोजन में उपस्थित रहे। उन्होंने इस आयोजन में बहुत अधिक सहयोग प्रदान किया है। उन्होंने आशा व्यक्ति की, यह कौशल कार्यक्रम कैदियों के भीतर एक सकारात्मक ऊर्जा भरकर उनमें आपराधिक मानसिकता के एक स्थान पर एक उन्नत उद्यमी के व्यक्तित्व का विस्तार करेगा।

## विधिक सेवा प्राधिकरण ने हेल्प डेस्क का किया शुभारंभ

**वाराणसी।** दीवानी न्यायालय परिसर के गेट नंबर एक पर वादकारियों की सहायता के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण ने हेल्प डेस्क का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/ जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश ने किया। जिला जज डॉ. विश्वेश ने कहा इस हेल्प डेस्क से वादकारियों समेत महिला वादकारियों को विधिक सहायता मिलेगी साथ ही न्यायालयों की जानकारी के लिए भटकना नही पडेगा। हेल्प डेस्क के माध्यम से वादकारियो की सहायता के साथ साथ महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए विधिक सेवा प्रदान किया जायेगा। इस क्रम में प्राधिकरण के सचिव/अपर सत्र न्यायाधीश प्रमोद कुमार गिरि ने कहा कि शीघ्र ही काशी विश्वनाथ मन्दिर परिसर मे इसी प्रकार का विधिक सहायता केन्द्र कि शुरूआत कि जाएगी जिसमे देश विदेश से आ रहे श्रद्धांलुओं को कानूनी मदद मिलेगी। इसके लिए जिला प्रशासन और मन्दिर प्रशासन से बातचीत अंतिम दौर में है। इस दौरान सीजेएम अश्वनी कुमार,एडीजे विजय कुमार विश्वकर्मा व अश्वनी कुमार उपाध्याय आदि न्यायिक अधिकारी के अतिरिक्त बनारस बार एसोसिएशन एव सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह व प्रभुनारायण पाण्डेय महामंत्री प्रदीप कुमार राय, शशिकान्त दूबे, प्रदीप कुमार उपाध्याय,किरन टण्डन, सीमा दूबे,गौतिमा,मंजू पाण्डेय,अभय कुमार राय,भरत भुआल, मनोज कुमार,संजय कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## मेडिकल पास कराने के नाम पर 1.77 लाख की ठगी

**वाराणसी।** सेना में भर्ती 2021-2023 में भर्ती कराने के नाम पर एक युवक ने 1.77 लाखा की ठगी हुई। भुक्तभोगी ने कैंट थाने में तहरीर दी। पुलिस ने मामले जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अंशु कुमार यादव निवासी रेपुरा जिला बलिया सेना में भर्ती के लिये यहां आया था और दौड़ भी निकाल लिया लेकिन मेडिकल में पास नहीं हो सका। इस दौरान वह पुनः भर्ती के लिए जनसेवा केन्द्र पर अप्लाई करने के लिए गया। वहा पता चला कि ईमेल आईडी को अब सेना भर्ती कार्यालय की तरफ से बंद कर दिया गया है।

## घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**मंडुवाडीह।** मंडुवाडीह थाना क्षेत्र के जलाली पट्टी में घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गयी। बनारसी पटेल अपने घर के नीचे बाइक खड़ी करके घर मे सोने चले गए सुबह जब उठे तो बाइक गायब थी। बनारसी पटेल ने इसकी सूचना मंडुआडीह थाने पर दी साथ ही तहरीर भी।

## गत्ते की दुकान में लगी आग, दमकल ने पाया काबू

**सारनाथ।** सारनाथ थाना क्षेत्र के पुरानापुल चौकी अंतर्गत वैष्णो नगर कॉलोनी में कार्टून की दुकान में आग लगने से अफरातफरी मच गयी। पहुंची स्थानीय पुलिस ने फायर ब्रिगेड के मदद से आग पर काबू पाया। भुक्तभोगी की माने तो उसे 15 से 20 लाख का नुकसान हुआ है कि क्योंकि उसका पूरा कच्चा माल आग की चपेट में आने से जलकर राख हो गया।

जानकारी अनुसार वैष्णो नगर कॉलोनी निवासी ललित रस्तोगी घर पर ही दत्ता हुआ कारखाना लगाए हुए थे लेकिन कुछ दिन पूर्व आंधी पानी आने के कारण अपना यह कारखाना इन्होंने लालपुर शिफ्ट कर दिया था। जहां पर इनकी पत्नी कीर्ति रस्तोगी कारखाने का काम देखती थी। वही ललित रस्तोगी वैष्णो नगर कॉलोनी में अपने मकान के आगे जनरल स्टोर की दुकान पर बैठे हुए थे कि पीछे गोदाम से धुआं उठता देख सन्न रह गए। इसकी सूचना उन्होंने अपनी पत्नी संग स्थानीय चौकी पर दी। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी पुराना पुल उपनिरीक्षक आदित्य सिंह ने फायर ब्रिगेड को बुलाकर लगभग 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घर पर बने बने कार्टून, जूते, मिठाई और केक के डब्बा जलकर राख हो गया।

## दहेज हत्यारोपी पति और सास को उम्रकैद

**वाराणसी।** अपर जिला जज नवम आराधना कुशवाहा की अदालत ने विवाहिता की हत्या के मामले में आरोपी पति, सास को दोषी पाया और उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने आरोपितों पर 18-18 हजार रुपया अर्थदंड भी लगाया। कोर्ट में अभियोजन की तरफ से जिला शासकीय अधिवक्ता अपर्णा पाठक ने पक्ष रखा।

अभियोजन के अनुसार प्रतापगढ़ निवासी साक्षी श्रीवास्तव की शादी 6 अगस्त 2017 को शिवपुर निवासी अमित श्रीवास्तव से हुई थी। शादी के बाद से ससुराल के लोग नाराज थे, बाद में प्रताड़ित भी करने लगे। एक साल बाद ही साक्षी की संदिग्ध परिस्थितियां में मौत हो गई। उसके शरीर पर चोट के निशान थे। मायके वाले ने शिवपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।


**न्यायालय सिविल जज सीडी जनपद गाजीपुर**
**प्रकीर्ण वाद सं0-21/70 सन 2023**
**1. प्रभावती देवी (आवेदिका)**
**बनाम**
**गिरीश कुमार दूबे आदि विपक्षीगण**
1. गिरीश कुमार दूबे
2. दिनेश कुमार दूबे } पुत्रगण स्व0 राजनरायन दूबे
3. मनोज कुमार दूबे
समस्त निवासीगण ग्राम + पोस्ट- मैनपुर, परगना - करण्डा, जिला-गाजीपुर।
4. मंजू पाण्डेय पुत्री स्व0 राजनरायन पाण्डेय पत्नी शैलेन्द्रनाथ पाण्डेय नि0-56 मुरली कटरा परसपुरा परगना व जिला-गाजीपुर। **(विपक्षी गण)**
**5. आम जनता**
अपने मृत पति स्व0 राजनरायन दूबे की देय ऋण और प्रतिभूतियों को वसूल करने के लिए उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र की अभिप्राप्ति के लिए सन् 1889 ई0 की अधिनियम 7 के अधीन उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र के लिए मूल्य 594910.35 रुपया मात्र। चूंकि उक्त ने प्रमाण पत्र की अभिप्राप्ति के लिए आवेदन किया है और तारीख 15-04-2023 को आवेदक की सुनवाई के लिए नियत हुआ है। अतः यह उदघोषणा की जाती है कि जिस किसी को आवेदन के सम्बन्ध में आपत्ति हो वह स्वयं या किसी वकील द्वारा उक्त न्यायालय में नियत तारीख पर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करें अन्यथा दरखास्त के खिलाफ सम्बन्ध में उचित कार्यवाही की जायेगी।
तारीख 23 माह 03 सन् 2023 ई0
**न्यायालय सिविल जज सी0डी0 जिला गाजीपुर**

**श्री काशी विश्वनाथ विशिष्ट क्षेत्र विकास परिषद, वाराणसी**
**(श्री काशी विश्वनाथ मंदिर)**

Lt.No.-1102/SKVSADB/2-1/CEO-2023 Date 24.03.2023

**E-Tender Notice**

Shri Kashi Vishwanath Special Area Development Board Request for Proposal for Operation, Maintenance and Management of Multipurpose Hall at Shri Kashi Vishwanath Temple Corridor, Varanasi, Uttar Pradesh. Request of Proposal (RFP) document can be downloaded from UP e-tender https://etender.up.nic.in

**Tender id : 2023_SKVSB_789178_1**

**Name of work :** Request for Proposal for Operation, Maintenance and Management of Multipurpose Hall at Shri Kashi Vishwanath Temple Corridor, Varanasi, Uttar Pradesh.

**End of uploading tender : 23.03.2023, 15:00 hrs**

**Date of Opening of Technical bid : 14.04.2023, 17:00 hrs**

Technical and Financial bids can be submitted on e-tender website in stipulated time mentioned in the RFP document. For further queries please contact below ;

Email-ceoskvparishad@gmail.com

Chief Executive Officer

पत्रांक 1104/श्रीक0वि0वि0क्षे0वि0प0/1-2/मु0का0अधि0-2023 दिनांक 24.03.2023



# वाराणसी



# राहुल को मांगनी पड़ेगी माफी

**योगी ने साधा निशाना**

**संस्कृत विवि की जनसभा में सीएम ने कांग्रेस और राहुल गांधी को लिया आड़े हाथ**

**संपूर्ण विश्व देख रहा भारत की तरक्की जबकि कुछ लोग विदेशों में देश की कर रहे निंदा**

**भारत को जातियों में बांटने वाली कांग्रेस के लोगों को अच्छी नहीं लग रही देश की तरक्की**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय मैदान में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने पुराने तेवर में दिखे। उन्होंने कांग्रेस और राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि एकओर जहां पीएम मोदी के नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर भारत की धाक जमी है और पूरी दुनिया भारत की ओर आकर्षित होकर उत्सुक दृष्टि से देख रही है वहीं कुछ लोग विदेशों में जाकर भारत की निंदा करते हैं। भारत का विकास उनको अच्छा नहीं लगता है। वह विकास में बैरियर खड़ी करते हैं।

सीएम योगी ने कहा कि 2004 और 2009 में ईवीएम से चुनाव जीतकर और जनता का विश्वास खोकर अब ईवीएम को दोषी ठहरा रहे हैं। जब जनता ने उनको मौका दिया तब उन्होंने देश को भाषा, क्षेत्र और जातियों में बांटा। वही लोग अब देश के विकास में बाधक बन रहे हैं। देश देख रहा है कि कांग्रेस द्वारा कोर्ट की अवमानना की जा रही है। वह ऐसा कर अपना उल्लू सीधा करना चाह रहे हैं। ऐसे लोगों को जब अवसर मिला तो उन्होंने नक्सलवाद और आतंकवाद को बढ़ावा दिया।


जनसभा को संबोधित करते सीएम योगी

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि आज जब भारत नई दिशा में विकास कर रहा है तो ऐसे लोग भारत की निंदा कर देश के विकास में रोड़ा बन रहे हैं। देश ने देखा कि कल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से जब न्यायालय ने अपने कृत्यों पर मांफी मांगने को कहा तब उन्होंने कहा कि मैं माफी नहीं मांगूंगा। यह शिष्टाचार के विरुद्ध है। राहुल गांधी को माफी मांगनी पड़ेगी। कांग्रेस ने जाति के नाम पर वैमनस्यता फैलाई और जाति के नाम पर लोगों को बांटने का काम किया। कांग्रेस और राहुल गांधी का बयान दर्शाता है कि गरीब घर के बेटे का देश के सर्वोच्च पद पर जाना अच्छा नहीं लगा। योगी ने कहा कि जनता उनलोगों से बदला लेगी जो जाने-अनजाने में देश का नुकसान कर रहे हैं। योगी ने कहा कि भाजपा ने बगैर किसी भेदभाव के सभी को आवास और रसोई गैस का कनेक्शन दिया। कांग्रेस के लोगों को विकास फूटी आंखों से भी अच्छा नहीं लगता है।

# महामारी पर पहली बार बनी स्वदेशी वैक्सीन : योगी

## रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में सीएम योगी ने टीबी चैम्पियन को किया संबोधित

जनसंदेश न्यूज

**वर्ल्ड टीबी समिट**

**केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा, 15 दिन में 10 लाख टीबी मरीजों को गोद लेना ही जनसहभागिता**

**स्टॉप टीबी पार्टनरशिप की अधिशासी निदेशक डॉ. लुसिका दिटियू ने टीबी उन्मूलन पर भारत के बढ़ते कदम की सराहना की**

वाराणसी। विश्व क्षय दिवस पर रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में आयोजित वर्ल्ड टीबी समिट को संबोधित करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति देश लगातार आगे बढ़ रहा है, इसी का नतीजा है कि विश्व के लक्ष्य से पांच साल पहले ही भारत ने टीबी उन्मूलन का लक्ष्य रखा और पूरा विश्वास है कि जनसहभागिता के चलते इस लक्ष्य को हासिल कर लिया जायेगा।

कहा कि पहली बार देश में ऐसा हुआ है कि जब किसी महामारी के आने पर स्वदेशी वैक्सीन बनाया गया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की 40 करोड़ जनता को मुफ्त में वैक्सीन लगाया गया है। उत्तर प्रदेश टीबी बीमारी की रोकथाम के लिए विभिन्न केंद्रों पर डॉक्स का वितरण किया जा रहा है।

इंफ्लाटिस और एक्यूट इंफ्लाटिस के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश में संचारी रोग के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जो माडल बनेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2025 तक टीवी का पूरी तरह उन्मूलन भारत से होगा। टीबी हारेगा और भारत जीतेगा।

**92 हजार लोगों की जान बचाने का संकल्प**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुखभाई मंडाविया ने सम्मेलन में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि भारत में हर साल 24 लाख टीबी मरीज पाये जाते जिनमें लगभग 92000 लोगों की मृत्यु हो जाती। इन्हीं जिंदगियों को बचाने के लिए हमने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा सप्ताह मनाया, जिसमें विभिन्न क्षेत्र के लोगों द्वारा 15 दिन के अंदर 10 लाख टीबी मरीजों को गोद लिया गया। वर्तमान में 71 हजार निक्षय मित्र बन चुके हैं। हम संयुक्त राष्ट्र के 2030 तक टीबी उन्मूलन से 5 साल पहले 2025 तक टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को लेकर चल रहे। जो हर्ष ही नहीं बल्कि गौरव का भी विषय है।

**डॉ.लुसिका डिटियू ने भारत की तारीफ की**

स्टॉप टीबी पार्टनरशिप की कार्यकारी निदेशक डॉ. लुसिका डिटियू ने आयोजित कार्यक्रम में भारत की तारीफ करते हुए प्रसन्नता जाहिर की तथा टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में और अधिक काम करने की जरूरत बताया, कहा कि टीबी से होने वाली मौतों में 700 बच्चे भी हैं, इस पर खास तौर पर ध्यान देना होगा। उन्होंने इंडिया के 2025 तक टीबी उन्मूलन के लक्ष्य की तारीफ की तथा कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत में अच्छे काम हुए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से विश्व से टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में वैश्विक जिम्मेदारी निभाने का निवेदन भी किया तथा बनारस से पांच मरीजों को गोद लेने की बात कही।


चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
नवरात्रि चौथा दिन
मां कूष्माण्डा

समस्त काशीवासियों को हिन्दू नव वर्ष व चैत्र नवरात्र की शुभकामनाएं
शिवशक्ति सामाजिक कल्याण समिति
अभिमन्यु सिंह
प्रदेश अध्यक्ष
शिवशक्ति सामाजिक कल्याण समिति
उत्तर प्रदेश वाराणसी

ज्योतिष साधना केन्द्र
डा. शालिनी कृष्णा खरे (दैवज्ञश्री)
Mob.: 9838982686, 9415204487, 7398017418


# नौ साल में काशी को मिलीं 35 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाएं : सीएम

**योगी बोले**

**विश्व में नई पहचान बना रही नव्य-भव्य काशी, भारत की ताकत दर्शा रहा जी-20 का आयोजन**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** संस्कृत विवि मैदान में शुक्रवार को हुई जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पीएम मोदी का जब भी काशी आगमन होता है तब वह यहां के लिए कुछ-कुछ लेकर आते हैं। इस बार भी वह करोड़ों की विकास परियोजनाएं दे रहे हैं। काशी प्राचीन काल से ही आध्यात्मिक और संस्कृतिक नगरी रही है। लेकिन पिछले नौ वर्षों में इस शहर ने नये प्रतिमान स्थापित किये हैं।


संस्कृत विवि की जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएण नरेंद्र मोदी को स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया

सीएम ने कहा कि इन नौ वर्षों में हुई विकास की यात्रा को पूरी दुनिया देख रही है। इस अवधि में काशी में 35 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है। एकओर नव्य और भव्य काशी विश्व में नई पहचान बना रहा है वहीं, आजादी का अमृत महोत्सव के तहत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हो रहे जी-20 सम्मेलन का आयोजन दुनिया में भारत की ताकत को दर्शा रहा है। मोदी के रग-रग में काशी बसी हुई है। वह अपनी जनता के लिए बेहद संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार गरीबों के कल्याण की भावना के साथ काम कर रही है। 'सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास' नारे के साथ देश में काम हो रहा है। आज भारत दुनिया के सामने एक मिसाल बना है। भारत के लोकतंत्र को अपनाने के लिए दुनिया लालायित हो रही है।

# वायुसेना के विमान से पहुंचे प्रधानमंत्री



**बाबतपुर।** वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वायुसेना के विशेष विमान से सुबह 9:35 बजे पहुंचे। प्रधानमंत्री ने अपने संसदीय क्षेत्र के साथ ही हवाई अड्डे को भी अंतराष्ट्रीय स्तर का एटीसी टॉवर के रूप में सौगात दी है जिससे हवाई यातायात पहले की अपेक्षा और बेहतर होगी। हवाई अड्डे के एप्रन पर आगवानी करने वालो में भाजपा के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, सह संगठन मंत्री सुनील ओझा, सांसद मछलीशहर बीपी सरोज,महेशचंद्र श्रीवास्तव,ब्रिगेडियर राजीव नाग्याल, 39 जी टी सी एयर कोमोडोर अनुज गुप्ता सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने आगवानी की उसके बाद प्रधानमंत्री सेना के हेलीकाप्टर से 10 बजे पुलिस लाइन के लिए उड़ान भरे,शहर से कार्यक्रम के खत्म होने के बाद शाम 4:14 बजे वाराणसी हवाई अड्डे पर पहुंचे,यहाँ से 4:30 बजे वायुसेना के विमान से दिल्ली के लिए उड़ान भरे इस दौरान हवाई अड्डे पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी प्रदेश महामंत्री क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद्र श्रीवास्तव महानगर महामंत्री आलोक श्रीवास्तव जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या सांसद बीपी सरोज आदि मौजूद रहे।

## पंचकोशी मार्ग पर औढ़े अंडरपास

एनएच-19 के 4 से 6 लेन चौड़ीकरण के तहत विश्व प्रसिद्ध पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर 35 करोड़ रुपये की लागत से 628 मी. का औढ़े अंडर पास का निर्माण किया गया है। इसके बन जाने से श्रद्धालुओं को सुविधाजनक एवं सुरक्षित आवागमन संभव होगा। साथ ही दस हजार से अधिक की संयुक्त आबादी वाले लठिया और औढ़े गांव को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। राष्ट्रीय राजमार्गों पर वाहन अंडर पास यातायात को बाधित किये बगैर व्यस्त सड़कों के नीचे वाहनों को पार करने सुविधा होगी। इससे वाहन चालकों और पैदल चलने वालों के लिए यात्रा रहेगी।

## राजस्व में होगी बचत

अमृत कार्यक्रम के तहत ट्रांस वरुणा क्षेत्र में 1949.22 लाख रुपये की लागत से पेयजल आपूर्ति परियोजनाओं के स्काडा आटोमेशन का कार्य भी खास है। इसके तहत इंटेक वेल आटोमेशन, सारनाथ डब्ल्यूटीपी आटोमेशन, ट्रांस वरुणा क्षेत्र की 32 नग सीडब्ल्यूआर एवं ओएचटी आटोमेशन कार्य किया गया है। इससे संबंधित क्षेत्र की पेयजलापूर्ति योजनाओं के संचालन पर होने वाले खर्च में कमी आएगी।

## दो सेंटर के संचालन में घटेगा व्यय

कोनिया में 100 एमएलडी क्षमता वाले पंपिंग स्टेशन पर करीब 589.81 लाख रुपये की लागत से 0.8 मेगावाट क्षमता का सोलर पावर प्लांट लगाया गया है। इस स्कीम के अंतर्गत 1485 नग सोलर माड्यूल, 8 नग इनवर्टर, आप्टिमाइजर, ट्रांसफार्मर, एलटी पैनल, एचटी पैनल आदि कार्य कराए गये हैं। इससे संबंधित क्षेत्र में गंगा कार्य योजना के तहत स्थापित 100 एमएलडी कोनिया एमपीएस एवं 80 एमएलडी एसटीपी दीनापुर के संचालन में बिजली बिलों का व्यय घटेगा और राजस्व की बचत होगी।

## बेनिया पार्क के चारों ओर सीसी रोड

स्मार्ट सिटी के तहत 13.32 करोड़ रुपये की लागत से बेनियाबाग पार्क के चारों ओर की सड़क को सीसी रोड में ढाला गया है। साथ ही काशी विश्वनाथ मंदिर के गेट नं.-4 के सामने कंक्रीट स्टेम्पिंग एवं गौदौलिया से मैदागिन तक स्टील रेंलिंग बनाए गये हैं। बेनियाबाग पार्क के चारों ओर की रोड अति व्यस्त बाजार के कारण भारी वाहनों का आवागमन से बार-बार क्षतिग्रस्त हो जाता था। सो, यहां सीसी रोड बनवाया गया। इस मार्ग के के दोनों तरफ काबल पेवमेंट कर पाथ-वे, जल निकासी के लिए केसी ड्रेन भी बनाए गये हैं। दूसरी ओर, काशी विश्वनाथ मंदिर के गेट नं.-4 के सामने कंक्रीट स्टेम्पिंग एस्थेटिक पैटर्न का कार्य कराने समेत मैदागिन से गौदौलिया तक स्टील रेंलिंग दिये जाने से दर्शनार्थियों को काफी सुविधा हो रही है।


जनसंदेश टाइम्स
मेडिकल डायरेक्टरी

डॉ० विनीता श्रीवास्तव
स्तन रोग विशेषज्ञ
सम्पर्क : 9335499180, 0542-227778

सार्थक सर्जिकल सेन्टर
लेप्रोस्कोपिक, मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
अत्याधुनिक लिथोट्रिप्सी मशीन द्वारा गुर्दे की पथरी का बिना आपरेशन सफल इलाज
डा. विनोद कुमार
सा. 6/174 ए-बी, अकथा, गाजीपुर रोड, पहड़िया, वाराणसी
मो0: 9415273558, टेलीफोन : 0542-2586160


# हर वर्ग के लिए के लिए लाभकारी है प्रधानमंत्री मोदी की सौगात

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को लगभग 1780 करोड़ रुपये की लागत के 28 परियोजनाओं की जो सौगात दी काशीवासी लगातार लाभांवित होते रहेंगे। प्रधानमंत्री के हाथों लोकार्पित सभी प्रोजेक्ट्स न सिर्फ स्थानीय लोगों के लिए लाभकारी हैं बल्कि जनपद के बाहर से आनेवालों को भी इसका फायदा मिलेगा----

### हजारों की आबादी हो रही लाभांवित

जल जीवन मिशन एवं राष्ट्रीय ग्रामीण पाईप पेयजल कार्यक्रम के तहत 44.72 करोड़ रुपये की लागत से 18 ग्राम पंचायतों में ओवहेड टैंक, नलकूप की व्यवस्था दी गयी है। इससे 6063 घरों को मुफ्त पेयजल कनेक्शन प्रदान मिला है और 43123 की आबादी लाभांवित हो रही है।

### चांदपुर आस्थान क्षेत्र की बदली तस्वीर

औद्योगिक आस्थान क्षेत्र चांदपुर में 3.525 किमी रोड और उसके साथ जुड़ी नालियां आदि 494.04 लाख रुपये की लागत से बनायी गयी हैं। इससे वाहनों की पार्किंग आदि में समस्या नहीं होगी और जलजमाव की स्थिति नहीं बनेगी।

### श्रद्धालुओं की राह होगी आसान

शहर में तीन अंतर्गृही परिक्रमा पथ का पुनर्विकास 308 लाख रुपये की लागत से किया गया है। इस पहल से केदारेश्वरखंड, विश्वेश्वरखण्ड और ओंकारेश्वरखण्ड की अंतर्गृही परिक्रमा यात्रा करने वालों का सहूलियत होगी।

### वीआईपी को नहीं होगी प्रवास की समस्या

सर्किट हाउस प्रांगण में 8.99 करोड़ रुपये की लागत के निर्मित तीन वीवीआईपी सूइट, 11 वीआईपी कक्ष, सामान्य लोगों के लिए डॉरमेट्री, मीटिंग हॉल, किचेन तथा डाइनिंग हॉल से अतिविशिष्ट और विशिष्ट लोगों के प्रवास में समस्या नहीं होगी।

### मल्टीपरपज हॉल से लोकल लोगों को भी लाभ

भुल्लनपुर स्थित 34वीं वाहिनी पीएसी परिसर में 2.64 करोड़ रुपये की लागत से 300 लोगों की क्षमता का मल्टीपरपज हॉल की सराहनीय पहल की गयी है। इसमें वाहिनी स्टाफ व स्थानीय लोगों के वैवाहिक कार्यक्रम एवं मनोरंजन, संगोष्ठी आदि के आयोजन हो सकेंगे। इसमें एक वीआईपी रूम, 5 शौचालय-बाथरूम बनाए गये हैं।

## लोकार्पित परियोजनाओं पर एक नजर

### भविष्य के लिए भी सहायक होगा एटीसी टावर



लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे में एटीसी टावर एवं टेक्निकल ब्लॉक बनने से कई समस्याएं दूर हो गयी हैं। एयरपोर्ट के विमान तल में पुराने एटीसी टावर एवं संबंधित भवन की ऊंचाई सात मी. होने से प्रचालन क्षेत्र की दृश्यता सीमित थी। उस भवन का क्षेत्रफल कम होने के कारण आधुनिकीकरण और विस्तारिकरण की संभावना सीमित रही। उस बिडिंग की एप्रन से निकटता एप्रन के प्रस्तावित विस्तारीकरण में बाधक था। 28.23 करोड़ रुपये की लागत से 5570 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में तीन तल वाले नए हवाई यातायात सेवाओं के भवन और सात तल का एटीसी टावर, 56 वाहनों की पार्किंग व्यवस्था एवं 4117.19 वर्ग मीटर ग्रीन एरिया बनाया गया है। इस पहल के कारण सभी रन-वे तथा प्रचालन क्षेत्र दृश्यमान रहेगा। इससे भविष्य में प्रस्तावित रन-वे एवं प्रचालन क्षेत्र विस्तारिकरण के बाद भी संपूर्ण दृश्यता उपलब्ध रहेगी। इस भवन से भविष्य में एयर ट्रैफिक सेवाओं में विकास संबंधित आधुनिकरण योजनाओं को ज्यादा क्षेत्रफल होने की वजह से उपलब्ध करवाना संभव होगा।

### पैक हाउस से पूर्वांचल के किसान होंगे लाभांवित



करखियांव औद्योगिक आस्थान क्षेत्र 15.78 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इंटीग्रेटेड पैक हाउस वाराणसी समेत पूर्वांचल के कई जनपदों के किसानों को राहत देगा। इसके जरिये कृषि, खाद्य एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादनों को विदेशों में निर्यात को प्रोत्साहन मिलेगा। इसकी कुल क्षमता 25 सौ किलो प्रति बैच ()चार घंटे) है। यहां मैंगो पैक हाउस, हॉट वाटर प्लांट, आरओ प्लांट, फ्रूट एंड वेजिटेबल प्रोसेसिंग, ग्रेडिंग एवं शॉर्टिंग लाइन, कोल्ड रूम, प्री कोल्ड रूम, 10 एमटी रायपेनिंग रूम, इवैपुरेटर यूनिट, कंडेंसिंग यूनिट, हाइट्रोलिक पैलेट, प्लास्टिक क्रेट्स, प्लास्टिक पैलेट प्लांट, क्वारनटाइन यूनिट, वर्किंग टेबल एवं संबंधित अन्य उपकरणों की आपूर्ति स्थापना कमिशनिंग एवं टेस्टिंग का कार्य एवं अन्य समस्त विद्युतिकृत मशीनें तीन शिफ्टों में पांच साल तक वार्षिक संचालन कार्य की सुविधाएं हैं।

### बिजली बिल में आएगी कमी



भेलूपुर जल संस्थान प्रांगण में 1724.14 लाख रुपये की लागत से स्थापित दो मेगावाट का सोलर पावर प्लांट बिजली बिल में कमी करेगा। इससे राजस्व की बचत होगी। इस प्रोजेक्ट में 37 सौ नग सोलर माड्यूल, 20 नग इनवर्टर, आप्टिमाइजर, एलटी पैनल, एचटी पैनल, 40 नग सोलर ट्री एवं 2 नग ट्रांसफार्मर कार्य शामिल रहा। योजना से संबंधित इलाके में 250 एमएलडी डब्लूटीपी संचालन में बिलजी बिल में कमी आएगी और उससे राजस्व की बचत होगी।

### बदली विद्यालय की सूरत

स्मार्ट सिटी मिशन के तहत राजघाट प्राथमिक विद्यालय का 1293 वर्ग मी. में 2.99 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास किया गया है। पहले यह स्कूल जर्जर हाल में था। अब के पुनरुद्धार किये जाने से स्मार्ट क्लास सहित पेयजल, शौचालय, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था आदि उपलब्ध है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य समाज के हरएक तबके को उच्च, गुणवत्तापूर्ण आधुनिक शिक्षा देना है।

### कंपोजिट स्कूल को मिला नया जीवन

महमूरगंज स्थित कंपोजिट विद्यालय का पुनर्विकास स्मार्ट सिटी मिशन के तहत 1.84 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। पूर्व में यह स्कूल काफी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में था। अब यह भव्य स्वरूप में दिख रहा है। इसमें स्मार्ट क्लास चल रहे हैं। साथ ही पेयजल, शौचालय, पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था आदि का प्रबंध किया गया है। इससे विद्यालय को एक नया जीवन मिला है।

### पार्कों व कुंड का पुनर्विकास

शहरी क्षेत्र में काफी समय से उपेक्षित रहे कई पार्क व कुंडों को स्मार्ट सिटी मिशन के तहत 2.86 करोड़ रुपये की लागत से सुंदरीकरण एवं पुनर्विकास कराया गया है। उनमें विजय नगर रामपुरी, स्वामी विवेकानंद पार्क, नील कॉटेज पार्क, कैलगढ़ पार्क, दास नगर पार्क और रामजानकी सेवा समिति कुंड शामिल हैं। इन पार्कों में लैंड स्कैपिंग, हार्ड स्कैपिंग समेत हरियाली के लिए पौधरोपण कराया गया है। साथ ही वर्षा जल संरक्षण की समुचित व्यवस्था भी है। इसके अलावा इन पार्कों में दिव्यागों एवं आमलोगों के मनोरंजन एवं व्यायाम के लिए ओपन जिम, पाथ-वे आदि की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। वहीं, समुचित प्रकाश व्यवस्था, बैठने के लिए बेंच और डस्टबिन लगाए गये हैं।


सभा के बाद पीएम का कट आउट ले जाते लोग

# सभा के बाद पीएम के कट आउट उठा ले गए लोग

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संपूर्णानंद मैदान में सभा के समाप्त होने के बाद जैसे ही पीएम का काफिला सभा स्थल से निकला वैसे ही लोग भी वहां से निकलने को बाहर की ओर निकले। जनसभा स्थल के चारों ओर पीएम के कट आउट और पोस्टर लगाए गए थे। जिसे सभा में आए कुछ लोग साथ ले गए।


रिटेल डायरेक्टरी
महाशिवरात्रि पर सभी दर्शनार्थी एवं काशीवासियों को 20% की विशेष छूट
शिव रुद्राक्ष अनुसंधान केन्द्र (प्रा. लि.)

जनसंदेश टाइम्स
एजुकेशन डायरेक्टरी

We ensure Holistic Growth of yOur child...
S.G. Public School
Estd. 2002
Affiliated to C.B.S.E., 10 + 2, Co-Ed., Science & Commerce Stream (Physical Education & Computer Science Available)
ADMISSION OPEN!
SESSION 2023-24
for Montessori to Classes IX & XI
NO ADMISSION FEES Montessori to Class 5th UP TO 30 APRIL 2023

# चंद्रघंटा देवी से भक्तों ने मांगा आशीष



चौक स्थित मां चंद्रघंटा देवी

### वासंतिक नवरात्र में कल

वासंतिक नवरात्र के पांचवें दिन रविवार को विशालाक्षी गौरी का दर्शन-पूजन किया जायेगा। देवी के इस स्वरूप का विग्रह मीरघाट क्षेत्र में धर्मकूप इलाके में स्थित है। यहां भगवान विश्वनाथ स्वयं विश्राम करते हैं। इनका दर्शन-पूजन करने से लोगों को सांसारिक दुःखों की निवृत्ति के साथ मन से खिन्न मनुष्यों को विश्रान्ति देती है। वासंतिक नवरात्र के पांचवें दिन शक्ति के उपासक स्कंद माता के स्वरूप में विराजित मां बागेश्वरी देवी का पूजन-अर्चन करेंगे। देवी का मंदिर जैतपुरा में स्थित है।



**नवरात्र**

**दर्शन करने को लेकर गली में लगी रहीं कतारें**

**सौभाग्य गौरी का भी श्रद्धालुओं ने किया दर्शन**

**वाराणसी।** वासंतिक नवरात्र के तीसरे दिन शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने चौक स्थित मां चंद्रघंटा देवी का दर्शन-पूजन कर आशीष मांगा। मंदिर में दर्शन-पूजन करने के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। गली में भी श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रही। श्रद्धालुओं ने मां भगवती को नारियल, चुनरी व अड़हुल की माला अर्पित की।

ऐसी मान्यता है कि मां चंद्रघंटा का दर्शन-पूजन करने से धन एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। साथ ही मां भगवती मोक्ष प्रदान करती हैं। इनके दर्शन-पूजन से सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती है। मां चंद्रघंटा को देवी पार्वती का रौद्र रूप माना जाता है। माता की 10 भुजाएं हैं और सभी भुजाओं में अस्त्र-शस्त्र विद्यमान हैं। देवी के मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्र है, इसलिए इन्हें चंद्रघंटा कहा जाता है। मान्यता है कि नवरात्र में देवी के पूजा और दर्शन मात्र से शत्रुओं का नाश होता है और देवी सभी तरह की भय और बाधा से मुक्ति दिलाती हैं।

मंदिर के पुजारी के मुताबिक काशी के लोगों में मान्यता है कि जब किसी की मृत्यु हो जाती है तो भगवती चंद्रघंटा उसके कंठ में विराजमान होती हैं और ध्वनि से उसको मोक्ष की प्राप्ति होती है।

मां चंद्रघंटा अपने घंटियों की आवाज से ही असुरों का नाश कर देती हैं। यही वजह है कि जो भक्त माता के दर्शन करता है उसके सभी कष्ट माता दूर करती हैं। वासंतिक नवरात्र के नव गौरी के क्रम में भक्तों ने बांसफाटक सत्यनारायण मंदिर में स्थित सौभाग्य गौरी का दर्शन-पूजन कर उन्हें नारियल, चुनरी व माला अर्पित किया।

# सनबीम वीमेन्स कॉलेज में निकली जागरूकता रैली



**वाराणसी।** विश्व क्षय रोग दिवस पर सनबीम वीमेन्स कॉलेज वरुणा की एनएसएस इकाई ने जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान तपेदिक के कारण, लक्षण और रोकथाम के बारे में स्थानीय लोगों को जागरूक किया साथ ही कार्यशाला का आयोजन भी किया।

मौके पर मल्लाहन बस्ती के लोगों को बताया गया कि क्षय रोग से बचना है तो अपने आसपास सफाई रखे और पौष्टिक भोजन के साथ स्वच्छ जल का सेवन करे। मल्लाहन बस्ती में कोई भी तपेदिक रोगी नहीं मिला। हां, सिकरौल क्षेत्र में चार टीबी रोगी पाए और चार में से तीन को पोषक तत्वों वाली पोटली वितरित की गयी। कार्यशाला में नगर पार्षद दिनेश यादव ने भाग लिया। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ऋतु सिंह ने किया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. राजीव सिंह की देखरेख में हुआ।

### यूपी कालेज में कर्मचारियों का आंदोलन खत्म

**तरना।** उदय प्रताप कॉलेज में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में जारी आंदोलन के 33 वें दिन शुक्रवार को प्रशासनिक भवन के समक्ष एकत्रित हुए। इस दौरान सभी ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी की। प्राचार्य ने धरना स्थल पर आकर संघ के सदस्यों को उनकी मांगें माने जाने का आश्वासन देते हुए आंदोलन को वापस लेने का अनुरोध किया, साथ ही इस संबंध में लिखित पत्र भी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष व मंत्री को दिया। प्राचार्य द्वारा लिखित पत्र प्राप्त होने और उनके द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद आन्दोलन को स्थगित करने का निर्णय लिया गया।

# जागरूकता से ही क्षय रोगी घटेंगे : डॉ अंशु सिंह



**वाराणसी।** बड़ा लालपुर स्थित जीवनदीप स्कूल आफ नर्सिंग में शुक्रवार को विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. अंशु सिंह, पूर्व अपर निदेशक स्वास्थ एवं परिवार कल्याण, वाराणसी मंडल ने अपने संबोधन में कहा कि भारत सरकार का लक्ष्य 2025 तक एक लाख जनसंख्या में व्याप्त दो सौ बयालीस क्षय रोगियों कि संख्या को घटाकर 35 तक लाना है। उन्होंने कहा कि क्षय रोग लाइलाज बीमारी नहीं है जबकि जन जागरूकता के द्वारा इससे निजात दिलाई जा सकती है। डाट्स सेंटर में प्रत्येक क्षय रोगी का उपचार निःशुल्क उपलब्ध है। उन्होंने रोग के प्रमुख कारणों पर चर्चा करते हुए कहा कि सबसे खतरनाक लोगों द्वारा धूम्रपान व शराब का सेवन किया जाना है और इलाज के दौरान दवा बीच में ही छोड़ देना है। विशिष्ठ अतिथि आभा सिंह, प्रिंसिपल एबीएस रोलैंड स्कूल ने कहा क्षय रोग आनुवंशिक बीमारी नहीं है। प्रिंसिपल सिबिन केडी ने बताया कि सतर्कता और संयमित जीवनशैली से इस पर काबू पाया जा सकता है। मौके पर डॉ. इंद्रेश चंद्र सिंह, डॉ. ममता सिंह, डॉ. ओपी सिंह, डॉ. नितेश और डॉ. अमित सिंह सहित सभी शिक्षक कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## वार्षिक कार्यशाला में 400 लोगों ने लिया हिस्सा

**वाराणसी।** विज्ञान संस्थान चिकित्सा द्वारा बीएचयू स्थित केएन उडुप्पा सभागार में शुक्रवार को शल्यकान एवं राष्ट्रीय सुश्रुत संगठन का 23वें वार्षिक कार्यशाला का प्रारंभ हुआ। इस संगोष्ठी में भारत के विभिन्न स्थान, पड़ोसी देश नेपाल एवं श्रीलंका से आए 400 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। कार्यशाला के दौरान पद्मश्री प्रो. मनोरंजन साहू ने भगन्दर के नवीन चिकित्सा का प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रो. विवेक कुमार सर्जरी विभाग, प्रो. शिव जी गुप्ता एवं प्रो. राहुल शेरखाने द्वारा ने भी अपने विचार रखें। प्रो. अशोक कुमार एवं डॉ. रश्मि गुप्ता द्वारा रेस्टोपेक्सी चिकित्सा व प्रो. लक्ष्मण सिंह द्वारा गुदा रोगों के चिकित्सा पर प्रकाश डाला गया। संगोष्ठी के दौरान प्रो. श्याम सुंदर शर्मा को सुश्रुत अवार्ड देने और डॉ. मनोज गुप्ता को सुश्रुत रत अवार्ड देने की घोषणा की गयी।

# अकीदत के साथ हुआ पहला रोजा-इफ्तार

**रमजान**

**नमाज अदा करने उमड़ी रही अकीदतमंदों की भीड़**

**चांद के नीचे तारा देख लोग हुए हैरान**

**जनसंदेश न्यूज**



**वाराणसी।** पाक रमजान के पहले जुमे को और पहले रोजे को पूरी अकीदत और इबादत के साथ अदा किया गया। शहर भर के तमाम मस्जिदों में रोजादारों की भीड़ उमड़ी रही। अधिकांश लोग सफेद लिबास और सफेद टोपी लगाकर मस्जिदों में पहुंचे। सर्वाधिक भीड़ नदेसर, गिलट बाजार, कचहरी, बजरडीहा, लोहता, लाट सरैया, पुराना पुल, पीलीकोठी, पितरकुंडा आदि मस्जिदों में देखी गयी।

शुक्रवार को लोगों ने चांद का दीदार भी किया। चांद के नीचे एक तारा भी दिख रहा था। जो सभी के लिए आकर्षण का केन्द्र बना रहा। लोगों ने इफ्तार के लिए जरूरी सामान की खरीदारी की। फलों और खजूरों की दुकानों पर सर्वाधिक भीड़ देखी गई। पहले रोजे में लोगों को थोड़ी तपिश का अहसास हुआ। मगरिब की अजान सुनते ही रोजेदारों ने खजूर और पानी के साथ इफ्तार किया। शिया जामा मस्जिद के प्रवक्ता हाजी सैय्यद फरमान हैदर ने बताया की दारानगर, अर्दलीबाजार, बजरडीहा, रामनगर, दुलहीपुर में नमाजे जुमा के बाद मजलिसों में उलेमाओं ने तकरीर की। दारानगर में मौलाना जफर हुसैनी, अर्दली बाजार में मौलाना तौसीफ हुसैन, बजरडीहा में मौलाना इश्तियाक हुसैन, रामनगर में मौलाना बदरुल हसन ने मजलिसों को खिताब किया और रमजान की अहमियत पर रोशनी डाली। घरों से पवित्र कुरान की तिलावत की आवाज आती रही। पहली रमजान को घरों में भी ख्वातीन ने रोजे का एहतेमाम किया। श्री हैदर ने बताया की पहली रमजान से ही शरबत की मांग शुरू हो गयी।

# निकली गवरजा माता की शोभायात्रा

**जुटे भक्त**

**राधा-कृष्ण की रास पर सभी थिरके, गुलाब की पंखुड़ियों की हुई वर्षा**



गवरजा माता की शोभायात्रा में राज्यमंत्री डा. दयाशंकर मिश्र

**वाराणसी।** गवरजा माता उत्सव समिति की ओर से शुक्रवार को गोलघर स्थित काशी गौशाला से राजस्थानी व हरियाणवी परिवेश में मां गवरजा माता की भव्य शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा में भारी संख्या में पुरुषों के अलावा राजस्थानी वेशभूषा में सजी धजी महिलाएं भी शामिल थीं। एक रथ पर गणपति और दूसरे रथ पर मां गणगौर की झांकी सजायी गई थी।

शहनाई की मंगलध्वनि के साथ ही ढोल-तासे और वाद्य यंत्रों की धुन पर सभी थिरकते नजर आये। इसके साथ ही राधा-कृष्ण की रास पर भी सभी झूमते रहे। रास्ते भर जयघोष के साथ ही गीतों व भजनों के बीच गुलाब की पंखुड़ियों की बौछार भी सभी को आनंदित कर रहा था। शोभायात्रा में नंदी पर सवार भगवान शिव के स्वरूप ने सभी को भावविभोर कर दिया। रास्ते भर विभिन्न सामाजिक संगठनों के अलावा मारवाड़ी युवा मंच, गंगा, वरुणा, अन्नपूर्णा शाखा, मारवाड़ी युवक संघ के सदस्यों ने गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा कर मां गणगौर की आरती उतारी।

शोभायात्रा गोलघर, बुलानाला, नीचीबाग, चौक, बांसफाटक, गोदौलिया, गिरजाघर होते हुए लक्ष्मीकुंड स्थित श्याम मंदिर पहुंची। जहां पर राजस्थानी व हरियाणवी समाज की युवतियों व महिलाओं ने मां गणगौर की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ होली से पखवारे भर घरों में पूजी गई गणगौर को लक्ष्मी कुंड स्थित तालाब में विसर्जित किया। संयोजन समिति के अध्यक्ष प्रमोद बजाज मंत्री पंकज मोदी ने किया। शोभायात्रा में वीरेंद्र भुरारिया, जगदंबा तुलस्यान, सुरेश तुलस्यान, नवरतन राठी, राज्य मंत्री दयाशंकर मिश्र, पवन, शंकर लाल सोमानी, किशोर मुंदड़ा भरत सराफ, मांगीलाल सारंडा, गौरव राठी, अजय, श्रीनारायण, दीपक बजाज, वेदमूर्ति शास्त्री, गोकुल, महेश, लाला चांडक, विजय मोदी, प्रदीप तुलस्यान, सुनील धानुका, अनुज डिडवानिया, बैजनाथ, मनीष, कृष्ण कुमार, सुमित सराफ, सुनील, विजय, कौशल शर्मा, मनीष मरोलिया, राजेश पोद्दार समेत काफी लोग शामिल थे।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर सेमिनार आज

**वाराणसी।** सारनाथ स्थित डायट पर शनिवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विविध पक्ष और संभावनाएं विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया है। सेमिनार आयोजन समिति केसचिव नरसिंह मौर्य ने बताया कि सेमिनार में में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ हायर टिबेटन स्टडीज, यूपी कॉलेज के आचार्य, सहायक आचार्य साथ ही डायट सारनाथ के प्रवक्ता व जिले के प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापक, एआरपीएसआर द्वारा विविध शोध पत्रों को प्रस्तुत किया जाएगा। सेमिनार स्वयं में अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अब लागू हो चुकी है। सेमिनार को डायट के यूट्यूब चैनल पर भी साथ-साथ प्रसारित किया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष डायट प्राचार्य उमेश कुमार शुक्ल ने बताया कि सेमिनार में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लागू होने के पश्चात और लागू होने के क्रम में उत्पन्न चुनौतियों और विविध विषयों पर विस्तृत पर चर्चा होगी।

# जन-जन का हो एक ही नारा टीबी मुक्त हो देश हमारा



**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में शुक्रवार को इतिहास समेत अन्य विभागों में विश्व क्षय रोग दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसको संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता के रूप में पत्रकारिता विभाग के डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि हर साल 24 मार्च को वर्ल्ड टीबी दिवस मनाया जाता है। इसे तपेदिक दिवस भी कहा जाता है। टीबी की बीमारी माइक्रोबैक्टेरियम ट्यूबरकुलोसिस जीवाणु की वजह से होती है। इसे क्षय रोग भी कहा जाता है। यह एक संक्रामक बीमारी है लेकिन लाइलाज नहीं है। अगर समय रहते इस बीमारी का इलाज करवा लिया जाए तो इसे पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है। मुख्य अतिथि का स्वागत इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. जया कुमारी आर्यन ने किया। संचालन डॉ. रविंद्र कुमार गौतम एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अंजना वर्मा ने किया। मौके पर विभाग के आचार्य प्रो. आनंद शंकर चौधरी, डॉ. गोपाल यादव, डॉ. शैलेश कुमार, डॉ. वीरेंद्र प्रताप, डॉ. मनोज सिंह, डॉ. अंजु सिंह, डॉ. प्रिया आदि उपस्थित रहे। वहीं काशी विद्यापीठ कृषि विज्ञान संकाय भैरव तालाब परिसर में अध्यापकों एवं विद्यार्थियों के द्वारा विश्व क्षय दिवस पर एक संगोष्ठी डॉ. ओपी सिंह प्रभारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें डॉ. एसके सिंह यादव, डॉ. प्रेमचंद मौर्य, डॉ. निशांत सिंह, शैलेंद्र प्रताप, अमन और विनोद सिंह आदि ने अपने उद्बोधन में क्षय रोग की पहचान और स्वास्थ्य पर किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराते हुए रोग के प्रति जागरूकता पर प्रकाश डाला।

# अभियान के बाद भी तारों के मकड़जाल से नहीं मिली राहत

**मामला जस का तस**

**निगम की ओर से बीते सप्ताह से की जा रही कार्रवाई**

**जनसंदेश न्यूज**



**वाराणसी।** नगर निगम की ओर से शहर भर के विद्युत पोलों से केबल तारों को हटाए जाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जो बीते सप्ताह से जारी है। लेकिन अभियान धरातल पर नहीं दिखाई दे रहा। शहर के कई मुख्य इलाकों में अभी भी विद्युत पोलों पर तारों का मकड़जाल व्याप्त है।

शहर के मुख्य मार्गों में से एक इंग्लिशियालाइन, जगतगंज, मैदागिन आदि मार्ग पर लगे विद्युत पोल पर केबल तार आदि का मकड़जाल है। जिससे कई बार हादसे होते होते बचे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि तारों की वजह से कई बार बंदरों के कूदने फांगने से हादसों का खतरा बना रहता है। खासकर बारिश के मौसम में इन तारों की वजह से दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है।

उधन निगम की ओर से चलाया जा रहे अभियान से लोगों को काफी उम्मीद है। लेकिन अभियान धरातल से दूर दिखाई पड़ रहा है। यही नहीं मुख्य मार्गों के अलावा संपर्क मार्गों व कॉलोनियों में पोल पर उलझे तार किसी को नहीं दिखते।

## निक्षय दिवस पर पोषण पोटली का किया वितरण

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन शुक्रवार को जागरुकता रैली निकालकर 'निक्षय दिवस' मनाया गया। जिसमें स्वयंसेवकों ने पोषण पोटली का वितरण किया। योग विशेषज्ञ डॉ. रविकांत ने प्राणायाम की अन्यान्य विधियों के बारे में ना केवल जानकारी दी, अभ्यास कराते हुए उनके मानसिक एवं शारीरिक प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। द्वितीय सत्र में सभी स्वयंसेवकों ने लगभग 100 पोषण पोटली बनाने के उपरांत शिविर स्थल से शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आनंदमई, नगवां तक 'निक्षय दिवस' के उपलक्ष्य पर जागरूकता रैली निकाली। स्वास्थ्य केंद्र पर डॉ. हरेंद्र श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों के माध्यम से पोषण पोटली का वितरण किया गया। वितरण के समय कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार एवं अनूप उपस्थित रहे। बौद्धिक स्तर में स्वयंसेवकों ने विश्व क्षय दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में पोस्टर्स, भाषण एवं काव्य पाठ के माध्यम से अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

# सुगम, सुरक्षित यात्रा के संग हो स्टेशन का कायाकल्प

**बोले डीआरएम**

**कैंट स्टेशन पर चल रहे यार्ड री मॉडलिंग का लिया जायजा अधिकारियों को दिये निर्देश**



कैंट स्टेशन का निरीक्षण करते डीआरएम, एडीआरएम व स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित

**वाराणसी।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक एस के सपरा ने शुक्रवार को कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) पर चल रहे यार्ड री मॉडलिंग का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्टेशन का काया कल्प हो लेकिन यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए।

शुक्रवार को वाराणसी जंक्शन पहुंचे डीआरएम को एडीआरएम वाराणसी लालजी चौधरी व स्टेशक निदेशक गौरव दीक्षित ने पुष्पगुच्छ के साथ स्वागत किया। इसके बाद डीआरएम ने स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होंने न्यू सी.डी.ओ कॉम्प्लेक्स, द्वितीय प्रवेश द्वार एवं स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का गहनता से निरीक्षण किया, साथ ही निर्माणाधीन रिले रूम व न्यू पॉवर केबिन के कार्य प्रगति की जानकारी प्राप्त की एवं वाराणसी जंक्शन के यार्ड रिमॉडलिंग के कार्यों की समीक्षा करते हुए इन कार्यों को निर्धारित अवधि में गुणवत्ता के समस्त मानकों के साथ पूरा करने की बात कही इसके अतिरिक्त उन्होंने संरक्षा संबंधी कार्यालयों पर पहुंचकर वहाँ की कार्यप्रणाली से अवगत होते हुए समयबद्ध एवं संरक्षित रेल परिचालन की प्रतिबद्धता पर विशेष बल दिया साथ ही उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में अपर मंडल रेल प्रबंधक,लखनऊ वीरेन्द्र सिंह यादव, अपर मंडल रेल प्रबंधक,वाराणसी लालजी चौधरी, स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित सहित अन्य शाखा अधिकारी उपस्थित रहें।

### काशी विद्यापीठ में एलएलबी की काउंसिलिंग आज

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में शनिवार को एलएलबी प्रवेश के लिए काउंसिलिंग आयोजित की गई है। जिसमें प्रवेश लेने वाले चयनित छात्रों को 27 से 29 तक प्रवेश शुल्क जमा करने का समय दिया गया है। जबकि एलएलएम में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग 27 को होगी। इसके लिए प्रवेश शुल्क जमा करने की तिथि 29 से 31 निर्धारित की गई है।

## संक्षेप

### प्रतिरोधक क्षमता होगी कम तो होगा टीबी रोग : डॉ. एसके पाठक



**वाराणसी।** ब्रेथ ईजी चेस्ट सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल अस्सी में टीबी मरीजों के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक 52 मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया गया। डॉ. एसके पाठक ने मरीजों को बताया कि टीबी रोग में खान पान का ख्याल रखना बहुत जरुरी है। टीबी रोग तभी होता है जब शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। ऐसे मरीजों को प्रोटीन युक्त भोजन और एल्कोहल व तंबाकू का सेवन से दूर रहना चाहिए। डॉ. पाठक ने बताया कि ब्रेथ ईजी जन जागरूकता के लिए समय-समय पर अभियान चलाता रहता है और निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, क्लिनिक, जन जागरूकता रैली, मोबाइल कैंप प्रमुख हैं। इस मौके पर सुनील उपाध्याय, राजेंद्र, अभिषेक केशरी, अश्विन पाठक, रतन, मनोज आदि मौजूद रहे।

### गवरजा माता के आशीर्वाद से नया सत्र शुरू



**वाराणसी।** गोदौलिया स्थित गिरजाघर पर मारवाड़ी युवा मंच गंगा शाखा की सखियों द्वारा शुक्रवार को मां गणगौर की पूजा अर्चना की गई। जिसके बाद शोभायात्रा का भव्य रूप से स्वागत करते हुए मां गणगौर की आरती एवं पुष्प वर्षा करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया गया। साथ ही राजस्थानी परिधान में सिधारा भी मनाया गया और शाखा द्वारा सखियों के लिए हाउजी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से संस्था की अध्यक्ष प्रीति अग्रवाल, सचिव प्रीति बाजोरिया, कोषाध्यक्ष निशा अग्रवाल, समता डीडवानिया और सुनीता कंदोई सहित सभी शाखा सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यक्रम की संयोजिका श्वेता कनोडिया एवं नीतू नवलगढ़या भी उपस्थित रही।

### डीआईओएस से मिलेंगे शिक्षणेत्तर कर्मचारी

**पिंडरा।** जिले के शिक्षणेत्तर कर्मचारी बकाए को लेकर शनिवार को जिला विद्यालय निरीक्षक से मिलेंगे। इस बाबत उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के कार्यवाहक प्रदेश महामंत्री आनंद कुमार सिंह ने बताया कि 25 मार्च को दोपहर 12 बजे सभी प्रंतीय एवं जनपद के प्रतिनिधि मंडल एसीपी के अवशेष देयकों के भुगतान के लिये वार्ता करने के साथ डीआईओएस को पत्रक देंगे।

### संपूर्णानंद में कवि सम्मेलन का आयोजन

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के 66वें स्थापना दिवस का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। जिसके बाद शुक्रवार को परिसर स्थित पाणिनि भवन सभागार में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें कुल 18 कवियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान परिसर में अंतरराष्ट्रीय काावियों सहित देश में विख्यात व प्रसिद्ध कवि मौजूद रहे। कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी की अध्यक्षता में पूर्व कुलपति पद्मश्री अभिराज राजेंद्र मिश्र, डॉ. उमा माहेश्वर, प्रो. रासविहारी द्विवेदी, प्रो. धर्म दत्त चतुर्वेदी के साथ अन्य ने कविता पाठ किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के अध्यापक और छात्र मौजूद रहे।

### एमटीटीएम संस्थान में पुरातन छात्र समागम का आयोजन



**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के पर्यटन अध्ययन संस्थान की ओर से शुक्रवार को पुरातन छात्र समागम का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक प्रो. संतोष कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस समागम में पुरातन छात्रों एवं वर्तमान सत्र के छात्रों के बीच सार्थक संवाद स्थापित हुआ और आपस में अनुभव साझा किए गए। संस्थान के विकास में पुरातन छात्रों का योगदान किस प्रकार हो, इस पर एक सार्थक चर्चा हुई। कार्यक्रम का संयोजन और वाचिक स्वागत पर्यटन अध्ययन संस्थान के निदेशक प्रो. संतोष कुमार ने किया। संचालन डॉ. पवन कुमार सिंह और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अनिल कुमार ने किया।

### डाक विभाग टीबी रोगियों के खातों में भेज रहा है डीबीटी राशि

**वाराणसी।** टीबी रोग के उन्मूलन में स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ डाक विभाग भी अहम भूमिका निभा रहा है। डाकिया के माध्यम से टीबी मरीजों के बलगम के नमूने तेजी से स्वास्थ्य विभाग के लैब तक पहुंच रहे हैं, जिससे मरीजों के चिन्हिकरण और उनके त्वरित उपचार में भी तेजी आई है। इसके अलावा तमाम चिन्हित एवं उपचारित क्षय रोगियों को 500 रुपए प्रतिमाह का भुगतान भी डीबीटी के माध्यम से उनके इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक खातों में किया जा रहा है। 'विश्व क्षय रोग दिवस' पर उक्त जानकारी देते हुए वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि भारतीय डाक विभाग और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा क्षय रोग को जड़ से समाप्त करने की दिशा में संयुक्त पहल के तहत टीबी रोगियों के स्पुटम एवं अन्य सैम्पुल को डिजिगनेटेड माइक्रोस्कोपी सेंटर (डीएमसी) से पैकिंग कर डाक विभाग के माध्यम से जनपद के संबंधित सीबीनाट (कार्टेज बेस्ड न्यूक्लिकएसिड एम्प्लिफिकेशन टेस्ट) लैब/ कल्चर एण्ड डीएसटी (ड्रग सेंसिटिविटी टेस्टिंग) लैब तक पहुंचाया जाता है।

### संत अतुलानंद (सारा) में योगाचार्य ने बताया योग की महत्ता



**वाराणसी।** बिहार योग भारती विश्व योग पीठ मुंगेर और संत अतुलानंद आवासीय अकादमी (सारा) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय निशुल्क योग शिविर के पहले दिन काशी परिक्षेत्र के अनेक साधकों एवं सामान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया। योगाचार्य स्वामी शिवराजानंद सरस्वती ने योग की आवश्यकता, यम, नियम, प्राणायाम, आसन, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, आदि के बारे में जानकारी दी। बिहार स्कूल ऑफ योगा आधुनिक युग विद्या का प्राचीनतम केंद्र है जो आज भी योग के व्यवसायीकरण से दूर इस गूढ़ विद्या को साधकों तक सहज सुलभ कराता है। इस मौके पर विद्यालय की प्रबंध निदेशिका डा. दिव्या सिंह ने स्वामी जी समेत सभी साधकों के प्रति अपनी आभार व्यक्त किया।

### केबल टीवी के तार कटने से लोग परेशान

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए उनके प्रस्तावित मार्गों पर पड़ने वाले इंटरनेट का ऑप्टिकल फाइबर तार काट कर फेंक दिया गया, जिससे लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। केबल संचालकों का कहना है कि हमने ग्राहकों को बेहतर सर्विस देने के लिए तार से कनेक्शन दिया था। लेकिन तार कट जाने की वजह से बहुत दिक्कत हो रही है ग्राहकों को सुविधा नहीं दिया जा पा रहा है। जबकि इसके लिए सर्विस टैक्स दिया गया है फिर भी इस तरह का रवैया ठीक नहीं है, इससे ग्राहकों के साथ-साथ बहुत नुकसान हो रहा है।



पीएम नरेंद्र मोदी के कर कमलों से 1,780 करोड़ की 28 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम के मौके पर संपूर्णानद प्रांगण में गुरूजी धर्मराज तिवारी काशी क्षेत्र संयोजक, सैनिक प्रकोष्ठ, डॉक्टर अशोक राय काशी क्षेत्र संयोजक, चिकित्सा प्रकोष्ठ, अनंत मिश्रा राष्ट्रीय संयोजक बुनकर प्रकोष्ठ मौजूद रहे।

# सभी की भागीदारी से मिलेगी टीबी से मुक्ति

**बोले डॉ. सुमित कुमार**

**क्षय रोग से बचाव को चलाया गया जन जागरण अभियान**

**जनसंदेश न्यूज**


निक्षय दिवस को संबोधित करते वक्ता

**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कल्पलता पांडेय के मार्गदर्शन व शैक्षणिक निदेशिका डॉ. पुष्पा मिश्रा के निर्देशानुसार बसंतपुर ग्राम सभा के शिव मंदिर प्रांगण में विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा गांवों में क्षय रोग (टीवी) संक्रमण बीमारी और उसके स्वास्थ्य परिणामों के बारे में जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके जरिए सन् 2025 तक भारत से टीवी को जड़ से खत्म करने का लक्ष्य रखा गया है। देश को क्षय रोग से मुक्ति दिलाने के लिए देश व प्रदेश में व्यापक पैमाने पर मुहिम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए 10 गांवों में चिन्हित क्षय रोगियों को गोद लिया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजकीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम के वरिष्ठ अधिकारी डा. धर्मेंद्र कुमार व पर्यवेक्षक सुमित कुमार उपस्थित रहें।

हनुमानगंज ब्लाक के चिकित्सक डा. सुमित कुमार ने बताया कि टीवी अब लाइलाज नहीं है। इसका इलाज संभव है। टीबी बीमारी को ठीक होने में 6 से 8 माह का समय लगता है और मरीज पूर्णता ठीक हो जाता है। टीवी से शरीर का जो हिस्सा प्रभावित होता है, उसी के आधार पर टीवी के लक्षण विकसित होते हैं। टीवी आमतौर पर धीरे-धीरे विकसित होते हैं और हमें पता लगने में कई हफ्ते लग जाते हैं। हो सकता है कि संक्रमित होने के बाद हमारे लक्षण महीनों और यहां तक कि सालों बाद शुरू होने लगे। जांच के लिए आवश्यक दस्तावेज के बारे में जानकारी प्रदान की। सभी लोगों की भागीदारी से टीवी जैसी बीमारी को खत्म किया जा सकता है। सरकार रोगियों को 500 तथा 6 महीनों की दवाई निशुल्क दे रही है। डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि जिस प्रकार महिलाएं अपने परिवार एवं बच्चों का ख्याल रखती हैं, उसी प्रकार उन्हें अपने स्वास्थ्य का भी अच्छी प्रकार से ख्याल रखना चाहिए। पौष्टिक आहार लेना चाहिए। अपनी खुराक का अच्छे प्रकार से ध्यान रखना चाहिए।

कार्यक्रम में इंडियन रेड क्रस सोसाइटी द्वारा स्वच्छता व स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए महिलाओं को सेनेटरी पैड उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर पूर्व प्रधान शिवानंद मिश्र, डॉ. रूबी, डॉ. प्रेमभूषण यादव, अमृतांशु श्रीवास्तव, अर्चना, प्रदीप सिंह, आशीष वर्मा, विशाल, शिप्रा श्रीवास्तव, तेजस्वी सिंह, नंदलाल, सोनी यादव, प्रदीप गुप्त, गौरव राय, अमरनाथ, रोहित आदि मौजूद रहे। संचालन हरीश यादव ने किया।

# सात की जगह एक गेहूं क्रय केंद्र खोलने की योजना

## किसानों को गेहूं बेचने में करना पड़ेगा दिक्कतों का सामना

**बैरिया।** स्थानीय तहसील क्षेत्र में इस वर्ष सात की जगह मात्र एक सरकारी गेहूं क्रय केंद्र खोलने की सरकार की योजना है। इस संदर्भ में जिला प्रशासन द्वारा जारी सूची में कृषि मंडी समिति परिसर रानीगंज (सोनबरसा) में सरकारी गेहूं क्रय केंद्र खोला जाएगा। सरकार के इस निर्णय से किसानों को अपना गेहूं बेचने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ेगा।

उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व के वर्षों में बैरिया तहसील क्षेत्र के हाट गोदाम रानीगंज (करमानपुर), हाट गोदाम लालगंज (चांदपुर), हनुमानगंज टोला शिवराय, दोकटी भगवानपुर, श्रीनगर व सोनबरसा में कुल सात गेहूं क्रय केंद्र खुलते थे। बावजूद इसके किसानों को अपना उत्पादन बेचने में परेशानी होती थी। इस बार जब केवल सोनबरसा में ही सरकारी गेहूं क्रय केंद्र खोलने की योजना है तो भारी परेशानी किसानों को होना स्वाभाविक है। इस संदर्भ में शिवाल मठिया के किसान ओमप्रकाश सिंह, वीरेंद्र सिंह, मधुबनी के किसान प्रभात सिंह, इब्राहिमाबाद के किसान धनंजय सिंह, कर्ण छपरा के किसान हरि सिंह, करमानपुर के किसान अजय सिंह आदि ने जिलाधिकारी से आग्रह किया है कि पूर्व की भांति सभी सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों को इस वर्ष भी खोला जाए, ताकि किसान सुविधाजनक तरीके से अपना उत्पादन बेंच सकें। इस बाबत पूछे जाने पर उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने बताया कि मुझे अभी सूची की जानकारी नहीं है। अगर केवल सोनबरसा में राजकीय गेहूं क्रय केंद्र स्थापित किए जाने की योजना होगी तो वहां भी माकूल व्यवस्था किया जाएगा। साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र लिखकर अन्य स्थानों पर भी पूर्व की भांति गेहूं क्रय केंद्र खोले जाने का आग्रह किया जाएगा।

## संक्षेप

### पंकज का सहायक प्रवर्तन अधिकारी पद पर चयन



**बैरिया।** क्षेत्र के बलिहार गांव निवासी पंकज कुमार मिश्र पुत्र स्व. श्रीराम मिश्र का चयन ईडी में सहायक प्रवर्तन अधिकारी के रूप में होने से गांव में खुशी की लहर है। सीजीएल परीक्षा 2021 का परिणाम 17 मार्च को घोषित हुआ। इसमें पूरे देश में पंकज कुमार मिश्रा का 493वां रैंक आया है। उल्लेखनीय है कि पंकज कुमार मिश्र ने पीएन इंटर कालेज दुबे छपरा से इंटरमीडिएट करने के बाद महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी से स्नातक की पढ़ाई पूरी की। 2020 में उत्तर प्रदेश पुलिस के आरक्षी पद के लिए उनका चयन हो गया। इसके बाद पंकज का चयन 2021 में उत्तर प्रदेश पुलिस में ही उपनिरीक्षक के पद पर हुआ। पंकज सीतापुर पुलिस ट्रेनिंग सेंटर पर उप निरीक्षक की ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे थे। इसी बीच सीजीएल परीक्षा 2021 का रिजल्ट आया, जिसमें उनका चयन ईडी में प्रवर्तन अधिकारी के पद पर हो गया है। ईडी में पंकज के चयन के बाद बलिहार गांव में खुशी का माहौल है। पंकज कुमार मिश्र ने बताया कि कोई भी कार्य लगन से किया जाए तो सफलता जरूर मिलती है।

### सत्यजीत के सहायक लोक अभियोजक चयनित होने पर हर्ष



**रसड़ा।** स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के नगहर गांव निवासी सत्यजीत सिंह पुत्र रणधीर सिंह का झारखंड में सहायक लोक अभियोजक के पद पर चयन होने से परिजनों सहित ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। सत्यजीत सिंह ने झारखंड लोक सेवा आयोग रांची गृह, कारागार एवं आपदा प्रबंधन झारखंड अभियोजन सेवा के सहायक लोक अभियोजन पद के लिए सीधी भर्ती परीक्षा में 29वीं रैंक प्राप्त किया है। इसके पूर्व सत्यजीत दिल्ली सरकार में सहायक अभियोजक थे। इनका चयन सीबीआई में अभियोजक पद पर भी हुआ है। इन्होंने इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई अमर शहीद भगत सिंह इंटर कालेज रसड़ा से किया है। तदोपरांत स्नातक बीएचयू, एलएलबी दिल्ली विश्वविद्यालय और एलएलएम बीएचयू से डिग्री प्राप्त किया। इन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने बड़े पिताजी स्व. मंगला प्रसाद सिंह, माता स्व. हीरा रानी सिंह, बड़े भाई सत्यवीर सिंह (एसीजेएम) और परिवार के अन्य सदस्य एवं मित्रों को दिया है।

### जिला संगठन ने प्रांतीय अध्यक्ष को सौंपा मांग पत्र



**बलिया।** उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद बनवारी लाल कंछल का शुक्रवार को अग्रवाल धर्मशाला में आगमन हुआ। श्री कंछल ने कहा कि संगठन को गतिशील एवं मजबूत बनाने के लिए बाजारों का भ्रमण कर व्यापार मंडल का गठन करा लिया जाय, ताकि आगामी सितम्बर में प्रांतीय चुनाव/अधिवेशन में सभी की सहभागिता हो सके। तत्पश्चात जिला संगठन ने प्रांतीय अध्यक्ष को मांग पत्र देकर समस्याओं से अवगत कराया। वरिष्ठ प्रांतीय मंत्री सुनील परख के सुझाव पर महामंत्री प्रेमचंद्र मिश्र को वरिष्ठ महामंत्री, सर्वदमन जायसवाल राजू को महामंत्री, रविन्द्र कुमार गुड्डू को जिला संगठन मंत्री मनोनित किया गया। इसके बाद नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण करके स्वागत किया गया। अध्यक्षता राधा रमण अग्रवाल तथा संचालन विक्रम सिंह हैप्पी एवं संदीप गुप्त ने किया।

### बच्चों ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम



**दुबहर।** निपुण भारत अभियान के तहत शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय दादा के छपरा पर चहक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें अभिभावकों के साथ शिक्षक बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा नशा उन्मूलन, दहेज प्रथा एवं जल के सदुपयोग पर आधारित उनकी रचनाएं तथा गीत सुनकर भाव विह्वल हो गए। इस दौरान अभिभावकों ने अपने-अपने बच्चों की प्रगति पर समस्त शिक्षकों से वार्ता कर उनके पठन-पाठन और दिनचर्या पर चर्चा की। विद्यालय परिवार की ओर से उत्कृष्ट बच्चों के साथ ही जिम्मेदार अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका श्रीमती माद्री सिंह, सोनी सिंह, रागिनी दुबे, जूली राय, इंदु भूषण मिश्रा, संतोष कुमार वर्मा, रणजीत सिंह, बिंदु पांडे, डिंपल सिंह आदि मौजूद रहे।

### आग से घर गृहस्थी का सामान जलकर राख



**बलिया।** नरही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा लड्डूपुर में अज्ञात कारणों से आग लगने से एक गरीब परिवार का आशियाना एवं उसमें रखा घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। अब पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की देर रात ग्राम सभा लड्डूपुर निवासी साधू राजभर की झोपड़ी से आग की लपटें निकलने लगी। जब तक लोग कुछ समझ पाते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और झोपड़ी में रखे गये घर गृहस्थी के सामानों को जलाकर राख कर दिया। मामले की सूचना पर पहुंचे जिला पंचायत सदस्य वीरलाल यादव ने तत्काल पीड़ित परिवार को राहत सामग्री प्रदान किया।

### छोटे-छोटे दलों का होगा महागठबंधन

**बलिया।** पूर्वांचल जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष भरत प्रसाद यादव ने बताया कि पूर्वांचल के जनपदों में जितने भी छोटे-छोटे राजनैतिक दल है, उनको एक मंच पर लाकर गठबंधन बनाया जायेगा। इस गठबंधन का नाम पूर्वांचल महागठबंधन होगा। बताया कि इसके लिए बलिया के तीन राजनैतिक दलों के अध्यक्ष की सहमति मिल चुकी है। कहा कि पूर्वांचल महागठबंधन पूरी दमदारी से नगर निकाय चुनाव लड़ेगा।

### वार्षिकोत्सव की युद्ध स्तर पर चल रही तैयारी

**बेल्थरारोड।** स्थानीय रामलीला मैदान में आर्य समाज का 90वां तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव आगामी आठ अप्रैल से 10 अप्रैल तक बृहद वैदिक यज्ञ एवं वेद कथा के माध्यम से मनाया जायेगा। इसकी तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है। इस कार्यक्रम में आमंत्रित विद्वतगणों में हरिशंकर अग्निहोत्री उपदेशक (आगरा), आचार्य ज्ञानप्रकाश वैदिक उपदेशक (बलिया), श्रीमती नयनश्री प्रज्ञा देवी भजनोपदेशिका (देवरिया) एवं लालमणि शर्मा भजनोपदेशक (बलिया) भाग ले रहे हैं। प्रतिदिन के कार्यक्रमों में प्रातः 8 बजे से 9 बजे तक यज्ञ, प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक भजन एवं प्रबचन, सायं 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक भजन एवं प्रबचन का कार्यक्रम आयोजित है। यह सूचना आर्य समाज बेल्थरारोड के मंत्री जोरावर सिंह ने दी है।

### तुरैया सम्मेलन कल

**बलिया।** तुरैया समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में 26 मार्च, रविवार को पूर्वाह्न 10 बजे से रामलीला मैदान बलिया में विशाल तुरैया सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इसमें पश्चिम बंगाल, बिहार एवं झारखंड के स्वजातीय नेता शामिल होंगे। यह जानकारी डॉ. धर्मनाथ प्रसाद तुरैया ने देते हुए समस्त स्वजातीय बंधुओं से सम्मेलन में शामिल होने का आह्वान किया है।

### पूर्व सीएमओ की पत्नी का निधन, शोक

**चितबड़ागांव।** स्थानीय नगर पंचायत निवासी अवकाश प्राप्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुभाष चंद्रा की पत्नी शैल चन्द्रा (70) का सुल्तानपुर स्थित निजी अस्पताल में निधन हो गया। चितबड़ागांव स्थित इन्स्टीट्यूट आफ पैरामेडिकल साइंस के संस्थापक और लम्बे समय तक सुल्तानपुर जनपद में मुख्य चिकित्साधिकारी रहे चितबड़ागांव के वार्ड नं.-15 गांधी नगर के निवासी डा. सुभाष चन्द्र की धर्मपत्नी श्रीमती शैल चन्द्रा का स्वर्गवास हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को टोंस नदी पर किया गया। मुखाग्नि पति डा. सुभाष चंद्रा ने दिया। इस अवसर पर डा. सुभाष चन्द्र के दरवाजे पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करने वालो में भाजपा नेता अमरजीत सिंह, सुमन सिंह, धर्मात्मानन्द गुप्ता, अभिराम त्रिपाठी, दयाशंकर प्रसाद, प्रदीप गुप्ता, तुषार, आनंद आदि मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**बलिया।** सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि नरहीं गांव निवासी अक्षयलाल प्रजापति (40) पुत्र दलसिंगार को शुक्रवार की सुबह एनएच-31 पर किसी वाहन ने कुचल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे 108 एम्बुलेंस से सीएचसी नरहीं पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। जिला चिकित्सालय ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा है।

## कल भी खुलेगा संभागीय परिवहन कार्यालय

**बलिया।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अरूण कुमार राय ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 समाप्त होने में मात्र सात दिन ही शेष रह गये हैं। अतः राजस्व हित में 26 मार्च, रविवार (सार्वजनिक अवकाश) को कार्यालय का कैश अनुभाग खुला रहेगा तथा वाहनों का कर जमा कराया जाएगा।

# देवी मंदिरों में दर्शन-पूजन को उमड़ी भीड़

**बलिया।** चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन शुक्रवार को देवी मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मां के भक्तों की कतारें मंदिर के बाहर लगनी शुरू हो गयी। उनके हाथ में नारियल-चुनरी, अगरबत्ती व प्रसाद आदि था। श्रद्धालु जयकारा लगाते हुए आगे बढ़ रहते रहे। घंटे-घड़ियाल की शोर से पूरा माहौल 'देवीमय' नजर आने लगा। नगर के जगदीशपुर स्थित दुर्गा मंदिर, नलकूप कालोनी स्थित दुर्गा मंदिर समेत उजियार भरौली स्थित मां मंगला भवानी, पकड़ी का भवानी मंदिर, आसन का दुर्गा मंदिर, सिकन्दरपुर का जल्पा-कल्पा मंदिर, कपूरी का मां कपिलेश्वरी भवानी का मंदिर, सोनाडीह का दुर्गा मंदिर, शहर के जापलिनगंज का दुर्गा मंदिर, हनुमानगंज का मां ब्राम्हणी मंदिर, शंकरपुर की मां शंकरी भवानी का मंदिर, अमहर, रसड़ा का दुर्गा मंदिर, उचेड़ा की चंडी माई का मंदिर आदि इलाका देवी गीतों से गुंजयमान रहा।


मां की अराधना करती महिलाएं


मंदिर में मां की पूजा-अर्चना करते पुजारी एवं अन्य


मां की आरती करते श्रद्धालु


मां अंबे की पूजा करते लोग

## ढोल पीटकर नहीं होगी भारतीय संस्कृति की रक्षा

**बलिया।** भारतीय संस्कृति की प्रमुख पहचान आचरण की पवित्रता है। सांस्कृतिक संक्रमण की चोट से यह घायल होकर कराहने लगी है। जरूरत है आधुनिकता की अंधी दौड़ एवं बाजारीकरण की वैश्विक अनचाही मानसिकता से किनारा लिया जाय। उक्त बातें गंगा मुक्ति एवं प्रदूषण विरोधी अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी रमाशंकर तिवारी ने शुक्रवार को मिश्रनेवरी स्थित आध्यात्मिक चिंतन संस्थान के कैम्प कार्यालय पर 'संस्कृति रक्षा सप्ताह' के तहत आयोजित युवा संवाद में व्यक्त किया। कहा कि संस्कृति स्वतः स्फूर्त प्रवृत्ति है, जो क्षेत्र, जाति, सीमा, नीति एवं नीयत से ऊपर उठकर मानवता को सतेज करती है। पश्चिम के आयातित विचार एवं उपभोग के संसाधन हम भारतीयों को खोखला बना रहे है। भारतीय संस्कृति का ढ़ोल पीटकर हम इसकी रक्षा नहीं कर पायेंगे। इसके लिए प्राचीन विरासत को घर-परिवार में सहेजना होगा। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। इस अवसर पर रविकांत वर्मा, अजय यादव, ऋषि कुमार, विनय पांडेय, मोहित चौबे आदि मौजूद रहे।

# पथ संचलन में स्वयं सेवकों पर हुई पुष्प वर्षा


अमर शहीद भगत सिंह इंका रसड़ा में जुटे स्वयंसेवक

**रसड़ा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रसड़ा द्वारा गुरूवार को नूतन वर्ष एवं डा. केशवराव बलिराम हेडगवार की जयंती पर विशाल पथ संचलन का कार्यक्रम आयोलित किया गया। इसमें सैकड़ों स्वयंसेवक शामिल हुए। स्थानीय अमर शहीद भगत सिंह इंटर कालेज के प्रांगण में स्वयंसेवकों ने व्यायाम एवं आसन किया। तत्पश्चात पथ संचलन करते हुए नगर के विभिन्न मार्गों पर भ्रमण किया। इस दौरान नगरवासियों द्वारा स्टेशन रोड, प्राइवेट बस स्टैंड, ब्रम्ह स्थान, सदर बाजार में स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर अभिवादन किया गया। मुख्य वैद्धिक वक्ता सह प्रांत कार्यवाह विनय ने अपने संबोधन में भारतीय नववर्ष एवं ईसाई नववर्ष के बीच क्या विद्धोषता है? संघ अपने 98 वर्ष के जीवन काल में क्या प्राप्त किया? भविष्य में क्या चुनौतियां हैं? आदि पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस दौरान जय श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे। इस अवसर पर महंत कौशलेंद्र गिरी, राज्यमंत्री बाल्मिकी त्रिपाठी, डा.रामबाबू, गोविंद, नारायण सिंह, संजय जायसवाल, अजीत भारद्वाज, अजय ठाकुर, कन्हैया जी, भरत गुप्ता, श्याम कृष्ण गोयल, बृजराज सिंह, संजय सिंह, अविनाश सोनी, मंगल सिंह, अमित सिंह, विद्याभूषण आदि मौजूद रहे।

# नियमित दवा खाने से ठीक हो जायेंगे टीबी के रोगी

**बोले डॉ. राकिफ अख्तर**

**लंबे समय तक खांसी होने पर करायें बलगम की जांच**

**जनसंदेश न्यूज**


विश्व क्षय रोग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोग


मरीज को सामाग्री देते चिकित्सक एवं अन्य

**रतसर।** टीबी की बीमारी लाइलाज नहीं है। समय से नियमित दवा खाने से टीबी के रोगी ठीक हो जाते है। यह बातें शुक्रवार को स्थानीय सीएचसी के सभागार में आयोजित विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर अधीक्षक डा. राकिफ अख्तर ने व्यक्त किया।

उन्होंने बताया कि लंबे समय तक खांसी होने पर बलगम की जांच सरकारी अस्पताल में कराएं। इस वर्ष 24 फरवरी से पांच मार्च तक सक्रिय क्षय रोग खोज अभियान चलाया गया था। वरिष्ठ क्षय रोग उपचार पर्यवेक्षक अमित कुमार ने बताया कि गड़वार क्षेत्र में सिर्फ जनवरी से मार्च तक 65 टीबी मरीजों को खोजा गया है। उनका नियमित मुफ्त इलाज व देखभाल की जा रही है। उनको निक्षय पोषण योजना के तहत 500 रुपये सरकार की ओर से दिए जा रहे है। बताया कि हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर पर प्रत्येक माह की 15 तारीख को निक्षय दिवस के रूप स्क्रीनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जिसमें टीबी मरीजों को चिन्हित कर बलगम की जांचोपरांत धनात्मक पाए गए मरीजों को निःशुल्क दवा के साथ निक्षय पोषण योजना का लाभ दिया जा रहा है। इस अवसर पर डा. अमित वर्मा, डा. आरके सिंह, आशुतोष सिंह, अनिल कुमार, अनुराग सांडिल्य, अजय सिंह, हीलिंग फील्ड फाउन्डेशन हैदराबाद की महिला कार्यकर्ता मंजु देवी, संजू, मीरा, सुनीता देवी आदि मौजूद रहे।

### टीबी के मरीजों को दिया गया पोषण कीट

**रसड़ा।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शुक्रवार को विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर टीवी के मरीजों को गोद लेने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अधीक्षक डा. बीपी यादव के नेतृत्व में मरीजों को पोषण योजना के तहत गोद लेते हुए पोषण पोटली प्रदान की गई। डा. बीपी यादव ने कहा कि टीवी के मरीजों की जांच एवं दवा हर अस्पताल पर निःशुल्क उपलब्ध है। टीवी के मरीजों को अच्छी भोजन के लिए निश्चय पोषण योजना के तहत हर महीने 500 की धनराशि सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। सीएम फैलोशिप संदीप कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसको 2025 तक समाप्त करना है। इसके लिए सभी को एक मिशन के तहत कार्य करना होगा, जिससे टीवी रोग से मुक्ति मिलेगी। इस अवसर पर सुनील वर्मा, अभिमान मेहता, राहुल सिंह, लक्ष्मी नारायण तिवारी, विनय कांत यादव, डा. शैलेश कुमार सिंह, डा. अनिल कुमार राय, संजीव भास्कर, यशवंत कुमार, मनोज कुमार राव आदि उपस्थित रहे।

# स्वच्छता रैंकिंग को शीघ्र शुरू होगा सर्वे

## 9500 में प्राप्त अंकों के आधार पर होगी निकायों की रैंकिंग

**जनसंदेश न्यूज**

**बलिया।** जिले के नगर निकायों में स्वच्छता रैंकिंग के लिए एक बार फिर से सर्वे शीघ्र ही शुरू हो जाएगा। इस बार निकायों की रैंकिंग 9500 अंकों में प्राप्त अंकों के आधार पर होगी, जबकि पिछली बार 7500 में प्राप्त अंकों के आधार पर ही रैंकिंग निर्धारित हो सकी थी।

जिले के 12 नगर निकायों में दो नगर पालिका और दस नगर पंचायत है। 2022 के सर्वे में नगर पालिका ने एक लाख से दस लाख की आबादी वाले नगर निकाय में 200 रैंक हासिल की थी। वहीं, स्टेट रैंकिंग में 33वां स्थान प्राप्त किया था। जोनल रैंकिंग में नगर पालिका रसड़ा ने 173 के अलावा नगर पंचायत बैरिया ने 111, बांसडीह ने 136, चितबड़ागांव ने 240, रेवती ने 32, बेल्थरारोड ने 90, मनियर ने 224, सहतवार ने 109 और सिंकंदरपुर ने 119वां रैक हासिल किया था। एक बार फिर से सर्वे होने जा रहा है। स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर के आम नागरिक स्मार्टफोन में स्वच्छता एप पर स्वच्छ सर्वेक्षण की वेबसाइट और टीम के आने के बाद कागज पर लिखकर भी अपनी प्रतिक्रिया दे सकते हैं। नागरिकों द्वारा स्वच्छता एप या वेबसाइट पर आसान सवालों के जवाब देने होते हैं। सर्वेक्षण में उम्रवार प्रश्न पूछे जाएंगे। सबसे ज्यादा भरोसा वरीय नागरिकों (60 वर्ष से ऊपर) पर किया गया है। ये 400 अंकों के लिए स्वच्छता एप पर फीडबैक देंगे। वहीं, 15 से 29 वर्ष के युवाओं से 11 प्रश्न पूछे जाएंगे। 30 से 59 वर्ष वालों से हर प्रकार के सवाल किए जाएंगे। इनसे मिले जवाब के आधार पर ही शहर की रैंकिंग होगी। तीन श्रेणी में चार-चार प्रश्नों का जवाब देना है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और सतत स्वच्छता पर पूछे जाने वाले चार-चार सवाल 40-40 तथा जागरूकता पर आधारित चार सवाल 20-20 अंकों के होते हैं।

### इस आधार पर होगी रैंकिंग

**सर्विस लेवल प्रोग्रेस (एसएलपी):** इसमें नगर निकायों में स्वच्छता के लिए किए जा रहे कार्यों का आंकलन किया जाएगा।

**सर्टिफिकेशन:** इसमें नगर निकायों को विभिन्न प्रकार के सर्टिफिकेट्स को प्राप्त करने हैं। इसमें ओडीएफ (खुले में शौच मुक्त), जीएफसी (कूड़ा मुक्त शहर), सफाई मित्र जैसे प्रमाणपत्र शामिल हैं।

**फीडबैक:** इसके तहत स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत एजेंसी सफाई को लेकर विभिन्न माध्यमों से आम नागरिकों की प्रतिक्रिया लेगी। इसमें निकाय की कुल आबादी के तीन प्रतिशत आबादी से सफाई व्यवस्था को लेकर प्रतिक्रिया ली जाएगी।

> नगर निकायों में साफ-सफाई की व्यवस्था को बेहतर बनाए जाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। निर्धारित मापदंडों के आधार पर सर्वेक्षण होगा। इस बार 9500 अंकों का टारगेट प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित है।
>
> **सत्यानंद, जिला कोआर्डिनेटर, स्वच्छ भारत मिशन, बलिया**

### कुछ ऐसे होते हैं सवाल

-ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर चार सवालों में क्या आप अपने शहर को पहले से ज्यादा साफ-सुधरा पाते हैं?
-क्या आप डोर-टू-डोर कचरा प्रबंधन से संतुष्ट हैं?
-क्या आप कचरा संग्रहकर्ता को अलग कचरा देते हैं?
-क्या आप देखते हैं कि कचरे को जिम्मेदारी से प्रबंधन करने में लोगों का व्यवहार बदला है?
-क्या आप देखते हैं कि लोग अब खुले में शौच, पेशाब के प्रति अधिक संवेदनशील हैं?
-क्या आप पाते हैं कि सार्वजनिक-सामुदायिक शौचालय पहले की तुलना में अधिक सुलभ और स्वच्छ हुए हैं?
-क्या आप देखते हैं कि सीवर लाइन बंद होने या सेप्टिक टैंकों से कीचड़ निकालने से संबंधित मुद्दों को प्राथमिकता दी जाती है?

# नगर में 24 घंटे होगी पेयजल की आपूर्ति

**बलिया।** नगर में पेयजल आपूर्ति को दुरुस्त करने एवं सीवरेज व्यवस्था को सुधारने के लिए शासन ने करीब 421 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दी है। इसके लिए पूर्व में नगर विधायक और परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया था। इस पर विचार करते हुए शासन ने अमृत-2 योजना के तहत कार्य के लिए वित्तीय स्वीकृति दी है।

इसमें शासन ने सीवरेज कार्य के लिए 271 करोड़ रुपये तो 24 घंटे पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था के लिए 150 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। इसमें 271 करोड़ रुपये से नगर क्षेत्र की सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ ही एसटीपी व ट्रीटमेंट प्लांट भी बनाया जाएगा। योजना के तहत एक ओर जहां अरसे से लंबित सीवरेज व्यवस्था को चालू किया जाएगा, वहीं नगर में 24 घंटे पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। सीवरेज योजना के पूरा होने से नगर में जल जमाव की समस्या से निजात मिलेगी। बीते विधान सभा चुनाव के दौरान परिवहन मंत्री ने प्राथमिकता के आधार पर समस्या के समाधान का वादा किया था। इसके तहत उन्होंने शासन से नगर में जल जमाव की समस्या के लिए कार्ययोजना बनाने का प्रस्ताव दिया था। शासन के निर्देश पर जल निगम ने अमृत-2 योजना के तहत करीब 421 करोड़ रुपये की परियोजना के लिए वित्तीय मंजूरी दी है।

**पहल**

**सीवरेज की व्यवस्था सुधरने से जल जमाव से मिलेगी मुक्ति**

> बलिया नगर में जल जमाव की समस्या काफी जटिल व आम जनता के लिए कष्टकारी थी। इसके लिए सरकार बनने के बाद से ही प्रयास चल रहा था। अब शासन ने 421 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दी है। परियोजना पर जल्द ही कार्य शुरू कराया जाएगा, ताकि बरसात से पहले लोगों को राहत मिल सकें।
>
> **दयाशंकर सिंह, परिवहन मंत्री**

# एक अप्रैल को कबाड़ हो जायेंगे 15 हजार वाहन

**उम्र पूरी**

### अधिकतर वाहनों का नहीं कराया गया पंजीकरण का नवीनीकरण

**बलिया।** स्क्रैप पालिसी लागू होने के बाद एक अप्रैल को अपनी उम्र पूरी कर चुके जिले के 15 हजार वाहन कबाड़ हो जाएंगे। एक अप्रैल से लागू हो रही वीकल स्क्रैपिंग पालिसी के तहत परिवहन विभाग ने ऐसे वाहनों को कबाड़ घोषित करने की तैयारी शुरू कर दी है, जो 15 वर्ष से अधिक के हो गए हैं।

जिले में करीब 50 हजार से अधिक वाहन पंजीत हैं। इनमें 15 हजार से अधिक वाहन कबाड़ की श्रेणी में आ गए हैं। इसमें 1,062 मोटरसाइकिल और स्कूटर, 229 मोपेड और 4,646 कार शामिल हैं। इन वाहनों की निर्धारित आयु 15 वर्ष पूरी हो चुकी है। इसमें से अधिकतर के पंजीकरण का नवीनीकरण नहीं हुआ है। कुछ सड़क पर प्रदूषण फैलाने के साथ दुर्घटनाओं को दावत दे रहे हैं तो कुछ दरवाजे या दुकानों पर खड़े हैं। उम्र पूरी करने के बाद भी स्वामियों ने इन वाहनों का पुनः पंजीयन नहीं कराया है।

निजी वाहनों के लिए रोड टैक्स में 15 फीसदी और व्यवसायिक वाहनों के लिए आठ वर्ष पर कुल टैक्स में 10 फीसदी की छूट मिलेगी। परिवहन विभाग के आरआई राजभूषण चौधरी ने बताया कि 23 सितंबर 2021 को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने अधिसूचना मोटरयान (यान स्क्रैपिंग सुविधा का रजिस्ट्रीकरण और कार्य ) नियम 2021 तय किया था।

इस नियम के तहत तयशुदा मियाद पूरी कर चुके पंजीत वाहन स्क्रैपिंग सुविधा केंद्र (आरवीएसएफ) जाएंगे। वहां से उनको स्क्रैप करने के लिए निस्तारित या निपेक्ष प्रमाणपत्र मिलेगा। पुराना वाहन स्क्रैप कराने के बाद नया वाहन लेने पर रोड टैक्स में छूट दी जाएगी। नई नीति के तहत अब फिटनेस नहीं होने की सूरत में गैर व्यवसायिक वाहन 15 वर्ष और व्यवसायिक वाहन महज आठ वर्ष तक चल सकेंगे। जिले में करीब 15 हजार वाहन नई स्क्रैप नीति की परिधि में आ गए हैं। इनकी फिटनेस नहीं हुई है।

> स्क्रैप पालिसी लागू होने के बाद 15 वर्ष से पुराने वाहन स्क्रैप किए जाएंगे। स्क्रैप सेंटर खोलने के लिए पात्र व्यक्ति आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
>
> **अरुण कुमार राय, एआरटीओ प्रशासन, बलिया**

## अधिशासी अभियंता से आवास पर दुर्व्यवहार

**बलिया।** लोक निर्माण विभाग परिसर में स्थित सरकारी आवास पर अधिशासी अभियंता निर्माण खंड देवेन्द्र वर्मा के साथ दो लोगों द्वारा शराब के नशे में दुर्व्यवहार किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। अधिशासी अभियंता ने कोतवाली में दो नामजद लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। इस घटना को लेकर पीडब्लूडी के अधिकारी एवं कर्मचारियों में दहशत व्याप्त है। इस पूरे मामले को जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार एवं पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर ने गंभीरता से लिया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात्रि लगभग 10 बजे लोक निर्माण विभाग में स्थित अधिशासी अभियंता देवेन्द्र वर्मा के आवास पर शराब के नशे में दो लोग पहुंचे और किसी बात को लेकर दबाव बनाने के बाद उनके साथ दुर्व्यवहार किया। आवास पर मौजूद एक कर्मचारी बीच बचाव करने पहुंचा। उनके साथ भी दुर्व्यवहार किया गया। अधिशासी अभियंता देवेन्द्र वर्मा ने एसपी को फोन मिलाया, लेकिन उनका फोन रिसिव नहीं होने के कारण सिटी मजिस्ट्रेट को फोन मिलाकर घटना की जानकारी दी।

# मोबाइल पर मिलेगी रोडवेज बसों की लोकेशन

**पहल**

### इस प्रक्रिया से चालकों की मनमानी पर लगेगी रोक

**बलिया।** रोडवेज बस यात्रियों के लिए खुशखबरी है। यात्री अब रेलवे की तर्ज पर रोडवेज बसों को भी ट्रैक कर सकेंगे। इसके लिए रोडवेज ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जल्द ही यात्रियों को रोडवेज बसों को भी लोकेट कर ट्रैक करने की सुविधा मिलेगी। यह सारी सुविधा यात्रियों को एप के जरिये मिलेगी। यात्रियों को संबंधित बस की लोकेशन की जानकारी के लिए एप पर उस बस का नंबर डालना होगा। वहीं, एक शहर से दूसरे शहर जाने वाली बसों के रूट की जानकारी भी यात्री एप से हासिल कर सकेंगे। इसके लिए विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

जिले के रोडवेज बस अड्डे पर करीब 67 बसें हैं। इनमें 28 अनुबंधित और शेष निगम की बसें हैं। इन बसों में जीपीएस लगाने की तैयारी है। इस प्रक्रिया के बाद चालकों की मनमानी पर रोक लगेगी। अब यात्रियों को स्टैंड पर खड़े होकर बस के इंतजार में समय बर्बाद नहीं करना होगा। जल्द ही ट्रेनों की तरह मोबाइल पर बसों की लोकेशन मिलने लगेगी। परिवहन निगम इसके लिए ट्रैक योर बस एप शुरू करने जा रहा है। इसके जरिए सेवा कोड से यात्री बसों की लोकेशन देख सकेंगे। इसके लिए बलिया डिपो से बसों के नंबरों सहित सूची लखनऊ मुख्यालय भेजी जा चुकी है। इन नंबरों को एप पर फीड किया जाएगा। अमूमन रोडवेज बस चालकों की मनमानी के मामले सामने आते हैं। चालक जब चाहें, जहां चाहें बस खड़ी कर सवारियां भरते हैं। अपनी मर्जी से होटल-ढाबों पर बसों को रोककर खड़े हो जाते हैं। मोबाइल एप सेवा शुरू होने के बाद इसमें ब्रेक लगेगा। क्योंकि हर बस की लोकेशन लखनऊ स्थित मुख्यालय पर डिवाइस पर देखी जाएगी। इसके लिए मुख्यालय आईटी दफ्तर में काम शुरू हो गया है। इस मोबाइल एप के जरिये यात्री घर बैठे ही बस की लोकेशन देख सकेंगे, ताकि बस के आने के समय के हिसाब से घर से निकल सकें।

## पत्रकार को भेंट किया पुस्तक 'कैरियर क्रश'

**बेल्थरारोड।** रसड़ा तहसील के युवा लेखक और उद्यमी डीपी विश्वकर्मा द्वारा लिखित पुस्तक 'कैरियर क्रश' हाल ही के प्रकाशित हुई है। यह पुस्तक छात्रों, पेशेवरों और नौकरी तलाशने वालों के लिए एक व्यापक मार्गदर्शिका है, जो उनके करियर में सफलता प्राप्त करने के लिए मूल्यवान अंतर्दृष्टि और सुझाव प्रदान करती है। डीपी विश्वकर्मा ने एक पुस्तक बेल्थररोड में पत्रकार जयप्रकाश बरनवाल को उनके आवास पर प्रदान किया। पुस्तक को विभिन्न अध्यायों में विभाजित किया गया है।

प्रत्येक अध्याय कैरियर के विकास के एक अलग पहलू पर केंद्रित है। लेखक ने अपने अनुभवों और व्यवहारिक सलाह को साझा किया है कि चुनौतियों से कैसे पार पाया जाए? पुस्तक 'कैरियर क्रश' में डीपी विश्वकर्मा विकास मानसिकता और निरंतर सीखने के महत्व पर जोर देते हैं। वह पाठकों को अपनी ताकत, जुनून एवं मूल्यों की पहचान करने और उन्हें अपने कैरियर के लक्ष्यों के साथ संरेखित करने के लिए प्रोत्साहित किया है।

कुल मिलाकर यह पुस्तक हर एक उम्र एवं वर्ग के लिए एक उपयोगी संसाधन है, जो अपने करियर की संभावनाओं को बढ़ाने और अपनी पेशेवर यात्रा के बारे में सूचित निर्णय लेने की तलाश में है। पुस्तक सरल और आकर्षक भाषा में लिखी गई है, जिससे यह व्यापक दर्शकों के लिए सुलभ है। यह पुस्तक आनलाइन और अफलाइन हर एक जगह उपलब्ध है ।

## डॉ. एके गुप्ता को किया सम्मानित

**बलिया।** उप्र सरकार द्वारा जनसंख्या नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों जैसे परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत लेप्रो विधि से महिला नसबंदी को प्रोत्साहन दिया है। सरकार की इस मंशा को पूरा करते हुए बलिया के लैप्रो सर्जन डा. एके गुप्ता ने उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक महिला नसबंदी करके महारथ हासिल किया है। शुक्रवार को आजमगढ़ में मंडल स्तरीय सम्मान समारोह में एसपी हास्पिटल बलिया के डा. एके गुप्ता को स्वास्थ्य विभाग के अपर निदेशक आजमगढ़ मंडल डा. ओपी तिवारी ने पुरस्कार एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

## संक्षेप

### परीक्षा बच्चों में सीखने, सिखाने, ज्ञान, समझ और कौशल का मूल्यांकन है- डॉ. रामविलास भारती



**घोसी, मऊ।** बेसिक शिक्षा परिषद की कक्षा 8 तक की परीक्षाएं आज समाप्त हो गई हैं। परीक्षा के अन्तिम दिवस में ब्लाक घोसी अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय धरौली के बच्चों में काफी उत्साह दिखा। कुछ बच्चों में विद्यालय छोड़ने का मलाल तो कुछ बच्चों में अगली कक्षा में जाने की खुशी मानो उन्हे रोमांचित कर रही थी। बच्चों एवं शिक्षकों के इस विद्यालयी परिवार में एक दूसरे के प्रति नई उम्मीदें और नए सपने सजोए 31 मार्च के रिजल्ट के इंतजार में भविष्य निर्माण तरासने में लगे हैं। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ.रामविलास भारती ने कहा कि परीक्षा बच्चों में सीखने, सिखाने, ज्ञान, समझ और कौशल का मूल्यांकन है। डॉ. भारती ने कहा कि शिक्षक ही बच्चों को उनके सपने अर्थात लक्ष्य दिखा सकते हैं और उसे पूरा करने में मदद भी कर सकते हैं। तो वहीं घोसी ब्लाक के ही पूर्व माध्यमिक विद्यालय नदवल में परीक्षा के उपरांत प्रभारी प्रधानाध्यापक दयाशंकर के निर्देशन में बच्चों ने स्व निर्मित टीएलएम का प्रदर्शन खण्ड शिक्षा अधिकारी घोसी बलिराम के समक्ष प्रस्तुत किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी बलिराम ने बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों में स्वयं करके सीखने की प्रक्रिया विकसित करनी होगी। तथा उनके सर्वांगीण विकास पर बल देना होगा। इस अवसर पर दयाशंकर यादव, पूनम राय, मधुलिका राय, अर्चना सिंह, दीनानाथ यादव उपस्थित रहे।

### भारतीय जनता पार्टी हिन्दुस्तान में लोकतंत्र की हत्या कर चुकी है : वैष्णवी राय



**मऊ।** शुक्रवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री भारत सरकार स्व0 कल्पनाथ राय व पूर्वांचल के सर्वमान्य नेता अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष डा0 सुधा राय की वैष्णवी राय को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का सदस्य बनाये जाने के बाद पहली मऊ दिवानी कचहरी में जानें पर सम्मानित अधिवक्तागण नें अधिवक्ता सभागार में स्वागत समारोह का कार्यक्रम करके फूल मालाओं से स्वागत किया तथा कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व से एक स्वर में मांग किया कि वैष्णवी राय में हम अधिवक्तागण इस जनपद के जन्मदाता स्व0 कल्पनाथ राय जी का प्रतिबिम्ब देखते हैं। इनके पिता के कद के अनुसार ही इनको पद दिया जाय। वैष्णवी राय ने जनपद के कोने कोने से आये हुए वादी प्रतिवादी गण एवं समस्त अधिवक्तागण को हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत समस्त लोगों को राहुल गांधी का पत्र दिया तथा अधिवक्तागण का अभिवादन किया। स्वागत समारोह की अध्यक्षता सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शमशुल हसन व संचालन सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के महामंत्री हरिद्वार राय ने किया। वैष्णवी राय नें राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त होनें पर कहा कि भारतीय जनता पार्टी हिन्दुस्तान में लोकतंत्र की हत्या कर चुकी है। जिसको अब बर्दाश्त नही किया जा सकता। उन्होने लोकतंत्र को बचाने के लिए जनता को आगे आने के लिए आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता लालजी पाण्डेय, उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर जवाहर बाल मंच अजय चन्द चौबे उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी के सदस्य अनिल कुमार राय उर्फ बब्लू राय, ब्रम्हानन्द पाण्डेय, अनिल जायसवाल, उदय प्रताप राय एडवोकेट, गोपाल नारायाण राय एडवोकेट, रामचन्द्र राय, सुरेश पासी, शशिकान्त राय, सुशीला श्रीवास्तव, सुखचैन एडवोकेट, सर्वेश सिंह एडवोकेट, सहित सैकड़ो सम्मानित अधिवक्तागण सम्मिलित रहे।

### प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंचल का हुआ भव्य स्वागत

**मऊ।** उ0प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंचल पूर्व सांसद का स्थानीय डाकबंगले में जिलाध्यक्ष अजय साहू के नेतृत्व में फुल माला पहनाकर स्वागत किया गया। एवं मऊ जिले की व्यापारिक समस्याओं से रूबरू कराया गया। इसी क्रम में युवा संगठन को गतिमान बनाने हेतु दो युवा उजार्वान पदाधिकारियों का चयन किया। वत्सल बरनवाल को युवा जिलाउपाध्यक्ष एवं जयंत बरनवाल को युवा नगर महामंत्री नियुक्त किया गया। तद्क्रम में सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि मऊ के व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मण्डल जिलाध्यक्ष अजय साहू एवं महामंत्री गोपाल कृष्ण बरनवाल के नेतृत्व में 30 मार्च 2023 को पीयुष गोयल वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री के दिल्ली स्थित कार्यालय में मिलेगा एवं आनलाइन ट्रेडिंग पर प्रतिबन्ध लगाने के लिए ज्ञापन देगा।

# डीएम ने तहसीलदार को लगाई कड़ी फटकार

**सख्त कदम**

### डीएम ने मोहम्मदाबाद गोहना तहसील का किया आकस्मिक निरीक्षण

**मऊ।** शुक्रवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार ने तहसील मोहम्मदाबाद गोहना का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उप जिलाधिकारी कोर्ट, उप जिलाधिकारी कोर्ट (न्यायिक) तहसीलदार कोर्ट, नायब तहसीलदार कोर्ट, रिकॉर्ड रूम सहित अन्य कक्षों का भी निरीक्षण कर संबंधित अभिलेखों की जांच जिलाधिकारी द्वारा किया गया। जांच के दौरान कृषि, आवास एवं मत्स्य हेतु पट्टा आवंटन लक्ष्य के सापेक्ष ठीक पाया गया, परंतु स्वामित्व योजना के तहत अभी भी 11 गावों के त्रुटिपूर्ण नक्शे के अलावा 95 गांवो के त्रुटि रहित नक्शे की कार्यवाही होने के कारण योजना में आपेक्षिक प्रगति नहीं हो पाने पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी मोहम्मदाबाद गोहना को शीघ्र ही त्रुटि रहित सर्वेक्षण कार्य पूर्ण करते हुए समस्त ग्रामो का भूलेख सत्यापन करने के निर्देश दिए।

इस दौरान वरासत के 2 मामले समय के उपरांत भी लंबित पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी में तत्काल इसके निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने तहसील परिसर स्थित समस्त कार्यालयों का नियमित निरीक्षण करते हुए सारे अभिलेखों को अपडेट रखने के निर्देश उप जिलाधिकारी को दिए। रिकॉर्ड रूम के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने राजस्व ग्राम शेख अहमदपुर के बस्ते का सूची से मिलान करते हुए अभिलेखों की जांच की। संग्रह कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अमीन वार जारी आरसी एवं वसूली की स्थिति से संबंधित अभिलेखों की भी जांच की। साथ ही अमीनों की वसूली संतोषजनक न पाए जाए पर उनके खिलाफ कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। 10 बड़े बकायेदारों से वसूली से संबंधित अभिलेखों के निरीक्षण के दौरान नीलामी कार्यवाही रजिस्टर उपलब्ध नहीं होने पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार को कड़ी फटकार लगाते हुए संबंध में तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी कोर्ट के अभिलेखों की जांच के दौरान जिलाधिकारी ने धारा 133 के 13 एवं 145 के 17 लंबित मुकदमों के संबंध में जानकारी लेते हुए उनके यथा शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

## सभी जीवात्मा मां आदिशक्ति की ही संरचना है: सद्गुरु

**दोहरीघाट, मऊ।** अंतरराष्ट्रीय मातेश्वरी महाधाम में चैत्र रामनवमी पर चल रहे नौ दिवसीय आदिशक्ति अखंड महायज्ञ के तीसरे दिन सदगुरु महाराज ने मातृभक्तों के उमड़े जनसैलाब को उपदेश देते हुए कहा कि मां आदिशक्ति सर्वशक्तिमान है। हम सभी जीवात्मा उन्ही की संरचना हैं हम सब उन्हीं के अंश हैं हम लोगों को सब कुछ धरती रहने के लिए हवा सांस लेने के लिए सूर्य गर्मी व उजाले के लिए सब कुछ परम सत्ता मां आदि शक्ति द्वारा निर्मित किया गया है फिर भी हम लोग अहंकार वस अपने आप को सभी का कर्ता धर्ता मानकर बैठे हुए हैं।

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली निविदा सूचना सं.: 02WORKSHQ2023
दिनांक 24.03.2023
[illegible]
पत्र मुख्य इंजीनियर/ट्रैक मशीनरी/बम्बू-463 पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर

# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, सादात, गाजीपुर

पत्रांक 46/ई-निविदा/2022-23 दिनांक 23.03.2023

## सामग्री आपूर्ति/अतिअल्पकालिक ई-निविदा सूचना

एतद्द्वारा वाणिज्यकर/आयकर कार्यालय में पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त योजनान्तर्गत क्षेत्र पंचायत सादात द्वारा कराये जाने वाले कार्यों पर इण्टरलाकिंग ईंट, प्रथम श्रेणी ईंट, ईंट की टुकड़ी, सीमेन्ट, सफेद बालू, लाल बालू मोटा, लाल बालू महिन, डाला गिट्टी, सरिया, साईनबोर्ड, मिट्टी डुलायी एवं अन्य सामग्री की आपूर्ति करते हुये निर्माण सम्बंधित समस्त कार्य कराने हेतु दिनांक 25.03.2023 को 12:00 बजे से दिनांक 10.04.2023 दोपहर 12:00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित किया जाता है जो उसी दिन 3:00 बजे के बाद अधोहस्ताक्षरी द्वारा क्रय समिति एवं टेण्डरदाताओं के समक्ष (जो उपस्थित रहना चाहते हैं) खोला जायेगा। टेण्डर फार्म दिनांक 25.03.2023 से 10.04.2023 दोपहर 12:00 बजे तक ई-टेण्डर की वेबसाईट पर उपलब्ध रहेगा। नियत एवं शर्तें कार्यालय दिवस के समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक देखी व पढ़ी जा सकती है।

1- फर्म जी0एस0टी0 आयकर कार्यालय में पंजीकृत होना चाहिए। आयकर रिटर्न तीन वर्ष का होगा।
2- जिस फर्म का आपूर्ति दर व कार्य संपादित करने की दर सबसे कम होगा उसी को आपूर्ति करने एवं निर्माण कार्य कराने हेतु स्वीकृति प्रदान की जायेगी परन्तु पी0डब्ल्यू0डी0 की दर से अधिक नहीं होना चाहिए।
3- निविदा दर में सभी कर सम्मिलित रहना चाहिए। विभाग द्वारा कर के रूप में कोई अतिरिक्त दर उपलब्ध नहीं कराया जायेगा एवं खनिज (बालू मोरंग, गिट्टी आदि) के खनिज उपकर का भुगतान भी आपूर्तिकर्ता द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा। आवश्यक प्रपत्र उपलब्ध न कराने की स्थिति में खनिज उपकर भुगतान से कटौती कर ली जायेगी।
4- बिना कारण बताये किसी भी समय आप की निविदा निरस्त किये जाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।
5- सशर्त निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा।
6- कार्य स्थल एवं अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी विकास खण्ड कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
7- कार्य को तीन माह में समाप्त करने संबंधित शर्तनामा 10 रुपये के स्टाम्प पेपर पर देना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में निविदा अस्वीकार होगा।
8- टेण्डर उसी फर्म का स्वीकार होगा जो स्वीकृत धनराशि का 2 प्रतिशत जमानत की धनराशि एफ0डी0आर0 के रूप में खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में जमा करेगा तथा खण्ड विकास अधिकारी सादात गाजीपुर के नाम कालम 5 अंकित धनराशि के अनुसार निविदा मूल्य कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है तथा जमानत धनराशि 8 प्रतिशत की दर से जमा करना होगा।
9- टेण्डर से सम्बंधित निविदा प्रपत्र जैसे एफ0डी0आर0/बैंक ड्राफ्ट, जी0एस0टी0, पैनकार्ड इत्यादि प्रपत्र कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है।

| क्र सं. | कार्य का नाम | प्राक्कति ला0/अनु0 ला0 (लाख रुपये में) | धरोहर की धनराशि 2% (रु. में) | जमानत की धनराशि (8%) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य 18% जीएसटी | कार्य पूर्ण करने की अवधि | प्रस्ताव का क्रमांक | अनुमोदन का दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| | **15वां वित्त टाइड** | | | | | | | |
| 1 | ग्रा0पं0 रायपुर में प्रा0पा0 में रेन वाटर हार्वेसटिंग निर्माण कार्य | 1.50 | 3000.00 | 12000.00 | 150+500 (st)+ 18% GST=677 | 3 माह | 404 | 02.05.22 |
| 2 | ग्रा0पं0 बघांव में प्रा0पा0 में रेन वाटर हार्वेसटिंग निर्माण कार्य | 1.50 | 3000.00 | 12000.00 | 150+500 (st)+ 18% GST=677 | 3 माह | 419 | 02.05.22 |
| 3 | ग्रा0पं0 बबुरा में प्रा0पा0 में रेन वाटर हार्वेसटिंग निर्माण कार्य | 1.50 | 3000.00 | 12000.00 | 150+500 (st)+ 18% GST=677 | 3 माह | 339 | 02.05.22 |
| 4 | ग्रा0पं0 सरसौली में प्रा0पा0 में रेन वाटर हार्वेसटिंग निर्माण कार्य | 1.50 | 3000.00 | 12000.00 | 150+500 (st)+ 18% GST=677 | 3 माह | 413 | 02.05.22 |
| 5 | ग्रा0पं0 भालाखुर्द में प्रा0पा0 में रेन वाटर हार्वेसटिंग निर्माण कार्य | 1.50 | 3000.00 | 12000.00 | 150+500 (st)+ 18% GST=677 | 3 माह | 351 | 02.05.22 |
| 6 | ग्रा0पं0 सलेमपुर बघाई में प्रा0पा0 में रेन वाटर हार्वेसटिंग निर्माण कार्य | 1.50 | 3000.00 | 12000.00 | 150+500 (st)+ 18% GST=677 | 3 माह | 409 | 02.05.22 |
| 7 | ग्रा0पं0 रायपुर में पंचायत भवन के पास रेन वाटर हार्वेसटिंग निर्माण कार्य | 1.50 | 3000.00 | 12000.00 | 150+500 (st)+ 18% GST=677 | 3 माह | 422 | 02.05.22 |
| 8 | ग्रा0पं0 बघाव में पंचायत भवन के पास रेन वाटर हार्वेसटिंग निर्माण कार्य | 1.50 | 3000.00 | 12000.00 | 150+500 (st)+ 18% GST=677 | 3 माह | 423 | 02.05.22 |
| 9 | ग्रा0पं0 बबुरा में पंचायत भवन के पास रेन वाटर हार्वेसटिंग निर्माण कार्य | 1.50 | 3000.00 | 12000.00 | 150+500 (st)+ 18% GST=677 | 3 माह | 424 | 02.05.22 |
| 10 | ग्रा0पं0 सरसौली में पंचायत भवन के पास रेन वाटर हार्वेसटिंग निर्माण कार्य | 1.50 | 3000.00 | 12000.00 | 150+500 (st)+ 18% GST=677 | 3 माह | 425 | 02.05.22 |
| 11 | ग्रा0पं0 भालाखुर्द में पंचायत भवन के पास रेन वाटर हार्वेसटिंग निर्माण कार्य | 1.50 | 3000.00 | 12000.00 | 150+500 (st)+ 18% GST=677 | 3 माह | 426 | 02.05.22 |
| 12 | ग्रा0पं0 फातिमपुर में प्रा0पा0 के पास रेन वाटर हार्वेसटिंग निर्माण कार्य | 1.50 | 3000.00 | 12000.00 | 150+500 (st)+ 18% GST=677 | 3 माह | 367 | 02.05.22 |
| 13 | ग्रा0पं0 फातिमपुर में पंचायत भवन के पास रेन वाटर हार्वेसटिंग निर्माण कार्य | 1.50 | 3000.00 | 12000.00 | 150+500 (st)+ 18% GST=677 | 3 माह | 427 | 02.05.22 |
| 14 | ग्रा0पं0 पलिवार में प्रा0पा0 के पास रेन वाटर हार्वेसटिंग निर्माण कार्य | 1.50 | 3000.00 | 12000.00 | 150+500 (st)+ 18% GST=677 | 3 माह | 400 | 02.05.22 |
| 15 | ग्रा0पं0 पलिवार में पंचायत भवन के पास रेन वाटर हार्वेसटिंग निर्माण कार्य | 1.50 | 3000.00 | 12000.00 | 150+500 (st)+ 18% GST=677 | 3 माह | 428 | 02.05.22 |
| 16 | ग्रा0पं0 भालाबुर्जग में प्रा0पा0 के पास रेन वाटर हार्वेसटिंग निर्माण कार्य | 1.50 | 3000.00 | 12000.00 | 150+500 (st)+ 18% GST=677 | 3 माह | 350 | 02.05.22 |
| 17 | ग्रा0पं0 भालाबुर्जग में पंचायत भवन के पास रेन वाटर हार्वेसटिंग निर्माण कार्य | 1.50 | 3000.00 | 12000.00 | 150+500 (st)+ 18% GST=677 | 3 माह | 429 | 02.05.22 |
| 18 | ग्रा0पं0 नादेपुर में प्रा0पा0 के पास रेन वाटर हार्वेसटिंग निर्माण कार्य | 1.50 | 3000.00 | 12000.00 | 150+500 (st)+ 18% GST=677 | 3 माह | 398 | 02.05.22 |
| 19 | ग्रा0पं0 नादेपुर में पंचायत भवन के पास रेन वाटर हार्वेसटिंग निर्माण कार्य | 1.50 | 3000.00 | 12000.00 | 150+500 (st)+ 18% GST=677 | 3 माह | 430 | 02.05.22 |
| 20 | ग्रा0पं0 बेबदा में प्रा0पा0 के पास रेन वाटर हार्वेसटिंग निर्माण कार्य | 1.50 | 3000.00 | 12000.00 | 150+500 (st)+ 18% GST=677 | 3 माह | 349 | 02.05.22 |
| 21 | ग्रा0पं0 बेबदा में पंचायत भवन के पास रेन वाटर हार्वेसटिंग निर्माण कार्य | 1.50 | 3000.00 | 12000.00 | 150+500 (st)+ 18% GST=677 | 3 माह | 431 | 02.05.22 |
| 22 | ग्रा0पं0 रायपुर में अमोल सिंह घर से विनोद सिंह के खेत तक नाली निर्माण कार्य | 7.10 | 14200.00 | 56800.00 | 150+500 (st)+ 18% GST=677 | 3 माह | 51 | 06.10.22 |
| 23 | ग्रा0पं0 रायपुर में शमसेर सिंह के खेत से गोल तक नाली निर्माण कार्य | 7.54 | 15080.00 | 60320.00 | 150+500 (st)+ 18% GST=677 | 3 माह | 52 | 06.10.22 |
| 24 | ग्रा0पं0 नादेपुर में अरविन्द राम के घर से मुसाफिर राम के घर तक नाली निर्माण कार्य | 7.54 | 15080.00 | 60320.00 | 150+500 (st)+ 18% GST=677 | 3 माह | 53 | 06.10.22 |
| 25 | ग्रा0पं0 इशोपुर में (नसीरपुर मौजा) श्यामनरायन यादव के घर से नहर तक ढ़क्कनदार नाली निर्माण कार्य | 3.14 | 6280.00 | 25120.00 | 150+500 (st)+ 18% GST=677 | 3 माह | 54 | 06.10.22 |
| 26 | ग्रा0सभा मिर्जापुर में पवहारी बाबा स्थान पर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य | 9.62 | 19240.00 | 76960.00 | 150+500 (st)+ 18% GST=677 | 3 माह | 55 | 06.10.22 |
| 27 | ब्लाक संसाधन केन्द्र (बीआरसी) सादात पर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य | 9.62 | 19240.00 | 76960.00 | 150+500 (st)+ 18% GST=677 | 3 माह | 56 | 06.10.22 |
| | **टोटल** | **76.060** | | | | | | |
| | **राज्य वित्त** | | | | | | | |
| 28 | विकास खण्ड सादात में पुराने मीटिंग हाल का सम्पूर्ण मरम्मति करण, सुन्दरीकरण एवं मनरेगा सेल स्थापना व्यवस्था कार्य | 9.96 | 19920.00 | 79680.00 | 150+500 (st)+ 18% GST=677 | 3 माह | 48 | 06.10.22 |
| 29 | ग्राम पंचायत महुरसा में मखदूमपुर बड़ागांव पिचरोड से अवधेश सिंह के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य | 9.97 | 19940.00 | 79760.00 | 150+500 (st)+ 18% GST=677 | 3 माह | 49 | 06.10.22 |
| 30 | ग्राम पंचायत कनेरी में सादात सैदपुर पिचरोड से बौरवों योगश सिंह के घर तक लिंक मार्ग तक सीसी रोड निर्माण कार्य | 9.97 | 19940.00 | 79760.00 | 150+500 (st)+ 18% GST=677 | 3 माह | 50 | 06.10.22 |
| 31 | ग्राम पंचायत रायपुर में हाजीपुर पिचरोड से बौरवों हरिजन बस्ती होते हुवे गैस एजेंसी तक मिट्टी खड़ंजा मरम्मतीकरण | 9.92 | 19840.00 | 79360.00 | 150+500 (st)+ 18% GST=677 | 3 माह | 35 | 06.10.22 |
| 32 | ग्राम पंचायत रायपुर पलिवार पिचरोड से मठ होते हुए पाण्डेय के पुरा तक मिट्टी खड़ंजा मरम्मतीकरण | 9.92 | 19840.00 | 79360.00 | 150+500 (st)+ 18% GST=677 | 3 माह | 31 | 06.10.22 |
| 33 | ग्राम पंचायत भीमापार बाजार में इण्टरलाकिंग से सीताराम राधाकृष्ण मंदिर होते हुए तालाब के पश्चीम छोर तक सीसी निर्माण कार्य | 9.97 | 19940.00 | 79760.00 | 150+500 (st)+ 18% GST=677 | 3 माह | 38 | 06.10.22 |
| 34 | ग्रा0पं0 सलेमपुर बघाई में गंगा सरोवर के दक्षिण घाट की सीढ़ी निर्माण एवं सुन्दरीकरण | 9.92 | 19840.00 | 79360.00 | 150+500 (st)+ 18% GST=677 | 3 माह | 43 | 06.10.22 |
| | **टोटल** | **69.63** | | | | | | |

निविदा विवरण ऑनलाइन https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है जो दिनांक 25.03.2023 से देखा व डाउनलोड किया जा सकता है। विस्तृत विवरण एवं अन्य जानकारियां कार्यालय से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

**खण्ड विकास अधिकारी**
सादात, गाजीपुर

पत्रांक 40/ई-निविदा 2022-23 दिनांक 23.03.2023

# ट्रेन से कटकर महिला समेत युवक की मौत

**दुखद**

**मृतका गोबर लेकर रेलवे लाइन पार कर रही थी**

जनसंदेश न्यूज



मुहम्मदाबाद कोतवाली के बाहर खड़े ग्रामीण।

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत शुक्रवार की तड़के सुबह यूसुफपुर रेलवे स्टेशन पर स्टेशन ब्रिज के पास ट्रेन से कटकर अज्ञात युवक की मौत हो गई। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पुलिस जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पूछताछ में जुट गई। लेकिन युवक के परिजनों का पता नहीं चल सका है।

अज्ञात मृतक युवक चेकदार भूरे रंग का शर्ट और लोअर पहना था। दूसरी घटना रेलवे क्रासिंग के पास मृतका मीरगंज निवासिनी सोनी देवी पत्नी राजेश बिंद (20) सारनाथ एक्सप्रेस के चपेट में आने से मौत हो गई। एसएसआई राजीव त्रिपाठी ने बताया कि रोज की तरह गांव के सभी स्त्रियां रेलवे लाइन के पास उपला रखती हैं। मृतका भी गोबर लेकर रेलवे लाइन पार कर रही थी कि अचानक बलिया से वाराणसी को जाने वाली सारनाथ एक्सप्रेस के चपेट में आ गई।

जिससे उसकी मौत हो गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## आयुष्मान कार्ड की प्रगति धीमी होने पर लगाई फटकार

**जखनिया।** स्थानीय ब्लॉक सभागार में पंचायत पंचायत सहायकों द्वारा आयुष्मान कार्ड की प्रगति कम होने पर कहा कि अगर जल्द ही आयुष्मान कार्ड का पूर्ण सर्वे कर गूगल सीट पर भरकर कार्यालय में जमा नहीं कराया गया। संबंधित पंचायत सहायक के खिलाफ कार्यवाही करते हुए वेतन रोक दिया जाएगा। खंड विकास अधिकारी त्रिवेणी राम ने सभी पंचायत सहायकों से कहा कि सर्वे के साथ है। गांव में बने पंचायत भवन और सामुदायिक शौचालय की रिपोर्ट भी संबंधित सचिव को बताएं उनके ग्राम में जो भी योजनाएं चल रही हैं वह कहां तक पूरी और कितनी अपूर्ण है ताकि समय से सभी योजनाओं को पूर्ण कराते हुए गांव वासियों को उसका लाभ मिल सके। सीएससी से आए विनोद कुमार यादव ने पंचायत सहायकों से कहा कि अगर आयुष्मान कार्ड बनाने में गांव में संबंधित आशा या आंगनबाड़ी का सहयोग नहीं मिल रहा है। वह उनके बारे में जानकारी दें ताकि उनकी मदद से कार्य पूर्ण किया जा सके। कार्यक्रम में एडीओ आईएसबी गोपाल यादव, अजीत, सतीश, हरिद्वार सहित सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लेखपाल के मनमाने सर्वे से ग्रामीणों में उबाल



तहसीलदार को पत्रक सौंपते किसान।

**सेवराई।** प्राकृतिक आपदा से किसानों का फसल नुकसान होने के बाद राजस्व लेखपाल के मनमानी पूर्ण सर्वे से आक्रोशित किसानों ने शुक्रवार को तहसीलदार सेवराई को पत्रक सौंपकर प्राकृतिक आपदा से नुकसान फसलों का स्थलीय निरीक्षण कर का ओलावृष्टि से नुकसान हुई फसलों का किसानों का आर्थिक मुआवजा दिए जाने की मांग किया गया। सेवराई गांव के दर्जनों किसानों ने तहसीलदार को दिए पत्रक में बताया कि पिछले दिनों भारी बरसात व ओलावृष्टि से हम किसानों के खेत में खड़ी फसल बर्बाद होने के कगार पर पहुंच गई है। वहीं राजस्व लेखपाल के मनमानीपूर्ण सर्वे कर रिपोर्ट लगाए जाने के कारण हम किसानों के बर्बाद हुई फसल का मुआवजा नहीं मिल पाएगा। किसानों ने फसलों को पुनः जमीनी सच्चाई जानकर सर्वे कर बर्बाद हुई फसल का मुआवजा देने जाने का मांग किया गया। इस संदर्भ में तहसीलदार अमित शेखर ने बताया कि सरकार द्वारा किसानों के बर्बाद हुई फसल का सर्वे हल्का लेखपाल से करा लिया गया है। किसानों का कहना है कि खेत में पानी लग जाने के कारण भविष्य में फसल खराब खराब होने का खतरा बना हुआ है। ऐसे में तत्कालिक खराब हुई फसल का ही मुआवजा देने का प्रावधान है। यदि एक तिहाई से अधिक फसल बर्बाद होती है तो उसका मुआवजा देने का प्रावधान है। किसानों के प्रार्थना पत्र के बाद पुनः एक बार सर्वे कराकर रिपोर्ट शासन को भेज दी जाएगी। मौके पर विहारी, हरिनारायण, मधुसूदन, श्रीकृष्ण, भानु प्रताप, महेंद्र, सुधीर, विजय बहादुर, जगदंबा आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## दहेज लोभियों ने नवविवाहिता को घर से निकाला

**गहमर।** दहेज के लिए एक नवविवाहिता ने अपने ससुराल वालों पर प्रताड़ित करने एवं मारपीट कर घर से निकाल दिए जाने का आरोप लगाते हुए पति, ससुर, सास, देवर के खिलाफ लिखित कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। पीड़िता के तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्जकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। सोनी उपाध्याय पुत्री सर्वदेव उपाध्याय निवासी गांव गहमर पट्टी टीकाराय ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी 6 दिसंबर 2020 को स्नेहांशु पाण्डेय पुत्र विजय कुमार पाण्डेय मकान नं. 605 कॉलोनी बी रेजिंसी रुकनपुरा पटना बिहार के साथ हिन्दू रीति रिवाज के साथ संपन्न हुआ था। उस समय उसके पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार उपहार देकर विदा किया था इसके बाद करीब एक महीने तक ससुराल में खुशहाल थी, मगर उसके बाद से ही उसके पति स्नेहांशु पाण्डेय, ससुर विजय कुमार पाण्डेय, सास रंजू कुमारी, देवर शौर्य पाण्डेय द्वारा सामूहिक रुप से दहेज के रूप में चार पहिया गाड़ी के लिए अपने पिता से मांगने का दबाव बनाया जाने लगा। पिता की स्थिति को देखते हुए जब ऐसा करने से इन्कार कर दिया गया तो ससुराल वालों द्वारा उसके साथ मारपीट व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। जिसकी पूरी जानकारी अपने पिता को दिया। पिता ने मेरे ससुर विजय कुमार पाण्डेय से बातचीत किया। लेकिन वो लोग माने को तैयार नहीं थे। 20 मार्च 2023 की देर रात को पति, ससुर, सास व देवर मिलकर जान से मारने की नियत से मारपीट करते हुए घर से निकाला दिया। इसके अलावा भी पीड़ित महिला ने अपने ससुराल वालों पर कई अन्य संगीन आरोप लगाए हैं। इस मामले में जब प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय से संपर्क स्थापित किया गया तो उन्होंने कहा कि पीड़ित महिला द्वारा ससुराल वालों के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत पर मुकदमा दर्जकर कर लिया गया है।

पुलिस घटना को काफी गंभीरता से जांच कर रही है और उच्च अधिकारियों से निर्देश प्राप्त करने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर बैठक

**सैदपुर।** नगर पंचायत के सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला मलेरिया अधिकारी मनोज कुमार ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि इस समय संचारी रोगों के फैलने का सबसे मुफीद समय चल रहा है। ऐसे में अपने घरों में एक चम्मच पानी भी लम्बे समय तक इकट्ठा न होने दें। कहा कि कुछ माह पूर्व क्षेत्र में डेंगू का प्रकोप फैला था। ऐसे में बचाव ही सबसे बड़ा उपाय है। संचारी रोग के बाबत कहा कि 1 से 31 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलेगा। जिसके तहत पूरे क्षेत्र में लोगों को साफ सफाई आदि के लिए जागरूक किया जाएगा। अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी ने कहा कि नगर पंचायत कर्मियों द्वारा रोजाना कस्बे के सभी वार्डों में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उपजिलाधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र पटेल ने कहा कि संचारी रोग पर लगाम लगाने के लिए हम सब सम्यक प्रयास करेंगे। इस मौके पर सहायक जिला मलेरिया अधिकारी राम सिंह, सभासद समेत नगर पंचायत कर्मी मौजूद रहे।

# घर से बेघर बुजुर्ग महिला ने दिया धरना



तहसीलदार जया सिंह को पत्रक सौंपती पीड़ित बुजुर्ग एवं भीम आर्मी के सदस्य।

**गुहार**

**आवासीय भूमि का गलत तरीके से रजिस्ट्री का आरोप**

**कासिमाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के चावनपुर गांव निवासी एक बुजुर्ग महिला ने एसडीएम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। महिला का आरोप था कि हमारी आवासीय भूमि को गलत तरीके से रजिस्ट्री करा लिया गया है। तहसीलदार के आश्वासन पर दो घंटे बाद धरना समाप्त हुआ। धरना का समर्थन भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने किया। चावनपुर गांव निवासी इंद्रावती देवी ने बताया की आराजी नंबर 73 रकबा 0.126हेक्टेयर मौजा चावनपुर को बहला फुसलाकर और दवा करने के लालच में 2018 में सोनवर्षा गांव निवासी राधे मोहन वर्मा ने जमीन रजिस्ट्री करा लिया है। पीड़ित महिला ने बताया की मैं अनुसूचित जाति की महिला हूं। रहने के लिए मेरे पास घर नहीं है। आरोप लगाया कि राधे मोहन वर्मा ने बहला फुसलाकर बिना पैसे दिए ही रजिस्ट्री करा लिया है। बताया कि जिलाधिकारी से लेकर उप जिलाधिकारी और तहसील दिवस, थाना दिवस पर दर्जनों बार प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पिछले तहसील दिवस में कार्रवाई नहीं होने पर धरना प्रदर्शन और आत्मदाह करने की सूचना दी थी। बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई ध्यान नहीं दिया। अधिकारियों से गुहार लगाते-लगाते थक हार कर धरने पर बैठी हूं। शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय पर पीड़ित बुजुर्ग महिला के साथ भीम आर्मी जिलाध्यक्ष मनोज कुमार दर्जनों लोगों के साथ धरने पर बैठे रए।

### भीम आर्मी ने की अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

भीम आर्मी जिलाध्यक्ष ने दलित महिला की रजिस्ट्री को अवैध बताते हुए कहा कि जिस अधिकारी द्वारा इस भूमि का नामांतरण कराया गया है। उसके खिलाफ कार्रवाई की जाय। चेताया कि पीड़ित दलित महिला को न्याय दिलाने तक हम संघर्ष करते रहेंगे। धरने के दो घंटे बाद पहुंची कासिमाबाद तहसीलदार जया सिंह ने पीड़ित महिला के साथ भीम आर्मी के पदाधिकारियों से वार्ता कर आश्वासन दिया कि मामले की जांच कराकर न्याय पूर्ण कार्यवाई की जाएगी।

### जमीन लेने वाला दे रहा है धमकी

दलित महिला ने तहसीलदार को बताया की रजिस्ट्री कराने वाले राधे मोहन वर्मा मुझे धमकी के साथ गाली दे रहे हैं। उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाय। तहसीलदार ने मौके पर उपस्थित उपनिरीक्षक अविनाश मणि तिवारी को कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया।

# जनता की समस्याओं का निष्पक्ष हो निस्तारण:चंचल



पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में फरियाद सुनते एमएलसी विशाल सिंह चंचल।

**सैदपुर।** नगर के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह ने उपजिलाधिकारी, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारियों संग जनता दरबार लगाया। इस दौरान अपनी समस्याएं सुनाने के लिए क्षेत्र भर से लोग पहुंचे और एमएलसी को अपनी फरियाद सुनाई।

उनकी समस्याएं सुनकर एमएलसी ने मौजूद अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण का निर्देश दिया। वहीं अन्य समस्याओं पर अधिकारियों को फोन पर जांच करके निस्तारण का निर्देश दिया। एमएलसी ने कहा कि सरकार की मंशा है कि जनता के समस्याओं का वास्तविक व निष्पक्ष निस्तारण हर हाल में किया जाए। अधिकारियों को निर्देश दिया कि बिना जांच के निस्तारण न करें। बिना जांच के करने पर इससे पक्षपात होने की संभावना है। इसके पश्चात एमएलसी ने पार्टी के पदाधिकारियों संग बैठक भी की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह, बृजनंदन सिंह, अखिलेश सिंह, अश्वनी पांडेय, सुधीर पाटिल आदि रहे।

### ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की सुनी गई फरियाद

**सैदपुर।** क्षेत्र के मुड़ियार व खानपुर के अमेदा में उपजिलाधिकारी डॉ पुष्पेंद्र पटेल ने शासन के निर्देश पर ग्राम चौपाल लगाया। जहां पर अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण पहुंचे। इस दौरान कुछ समस्याओं का तो एसडीएम ने मौके पर ही निस्तारण कर दिया, वहीं अधिकांश मामलों को नोट कराकर उनकी जांच के बाद निस्तारण का भरोसा दिया। एसडीएम ने बताया कि इस दौरान चौपाल में पीएम आवास योजना, विधवा व वृद्धा पेंशन, गांव में सड़क, बिजली आदि के लिए ग्रामीणों ने पत्र दिया। वहीं कुछ ग्रामीणों की समस्या रही कि उनके राशन कार्ड में यूनिट काट दिया गया है। ऐसे में सभी समस्याओं के बाबत सम्बंधित कर्मी को जांच कर निस्तारण का निर्देश दिया। चौपालों में एसडीएम ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बाबत विस्तृत जानकारी दी और पात्रता की श्रेणी में आने पर उनका लाभ उठाने की अपील की।

## सचिव ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

**गाजीपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव कामायनी दूबे द्वारा जेल का निरीक्षण किया गया। बंदियों से निःशुल्क अधिवक्ता, जेल लोक अदालत तथा उनकी जेल अपील से संबंधित अन्य समस्याएं पूछी गयी एवं उनके यथोचित अधिकार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया तथा बंदियों को उनके संवैधानिक अधिकारों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी। जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि वर्तमान में कुल 1041 बंदी निरुद्ध है। जिसमें 909 पुरुष, 39 महिला व 93 अल्पवयस्क है। सुबह का नाश्ता-दलिया चाय, दोपहर का भोजन-रोटी, चावल, अरहर की दाल, सब्जी (आलू, पत्ता गोभी) शाम का भोजन-रोटी, चावल, चना उरद दाल, सब्जी (आलू, पालक बैगन) तथा सायं चाय, बिस्कुट दी जाती है। इस अवसर पर कारापाल व उप कारापाल कमलचन्द उपस्थित रहे।

## बंगाल के फर्म मालिक शांतनु गोस्वामी के खिलाफ मुकदमा

**सेवराई।** फर्जी जीएसटी मामले में वेस्ट बंगाल के फर्म मालिक शांतनु गोस्वामी के खिलाफ गहमर थाना में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अधिकारी तहरीर के आधार पर जांच में जुट गए है। दरअसल, सेवराई गांव के ईंट भट्ठा मालिक के ऊपर जीएसटी विभाग ने लाखों रूपए की नोटिस भेज दिया था। विभाग ने ईंट उद्योग व्यवसायी इंदु सिंह के फर्म पर जीएसटी 257 ट्रक कोयला फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगाया था। जबकि ईंट भट्ठा मालिक ने किसी फर्म से इतना कोयला ही नहीं लिया था। व्यवसाई अपने साथ धोखा और दस्तावेजों के साथ जालसाजी होने को लेकर एसडीएम को प्रार्थना पत्र दिया। वहीं कोतवाली में वेस्ट बंगाल के फर्म के खिलाफ धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए तहरीर दिया था। पीड़ित व्यवसाई अपने साथ धोखा होने को लेकर काफी दिनों से तहसील और थाने का चक्कर लगा रहा था, मगर कोई सुनने वाला नहीं था।

### गलत तरीके से लगा 257 ट्रक कोयला का जीएसटी

गोल्ड ईंट उद्योग व्यवसाई इन्दु सिंह गहमर थाना में तहरीर देकर बताया कि उसका कोई भी जीएसटी बकाया नहीं है। उसके जीएसटी नंबर के साथ एक फार्म गोल्डन ईंट उद्योग बक्सड़ा के साथ छेड़छाड़ किया गया है। गलत तरीके से 257 ट्रक कोयला की निकासी पर जीएसटी टैक्स लगाया गया है। हमने कोई भी कोयला नहीं मंगाया है। शांतनु गोस्वामी मेसर्स शांतनु गोस्वामी कार्यालय जमवेदिया उत्तरा जिला बांकुड़ा वेस्ट बंगाल द्वारा मेरे फर्म का जीएसटी नंबर लगाकर एवं फर्जी अभिलेख लगाकर मेरे फर्म को बदनाम किया गया है।

जनसंदेश टाइम्स ने 22 मार्च के अंक में प्रमुखता से पीड़ित की आवाज उठाई थी। जिसके बाद प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई की है। उन्होंने संबंधित फर्म के खिलाफ धोखाबाजी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# दुर्गा के तीसरे रूप मां चंद्रघंटा की पूजा कर मांगी मन्नत

**नवरात्रि**

**मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़ उपवास रखकर मन्नत मांगी**

**घरों में दुर्गा चालीसा, दुर्गा सप्तशती का किया जा रहा पाठ**



कामाख्या धाम पर देवी दर्शन के लिए आतुर श्रद्धालु।

**गाजीपुर।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के देवी मंदिरों में चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन श्रद्धालु भक्तों ने मां चंद्रघंटा की पूजा कर सुख-शांति की कामना की। तड़के से सुबह करीब 8 बजे तक भक्तों की संख्या अधिक रही। महिला पुरुष सहित बालक- बालिकाएं भी पूजा की थाल लेकर मंदिर पहुंच रहे थे। वही सड़क पर मंदिरों के सामने लगी पूजा सामग्री आदि की दुकानों पर खरीदारी भी की गई।

जनपद में नवरात्र पर्व पर भक्ति की धारा बह रही है। भक्त हाथों में जलकलश व पूजा की थाली लिए माता को मनाने के लिए मंदिरों में पहुंचे। भक्तों ने संकटों का हरण करने वाली माता चंद्रघंटा का स्मरण किया और माता को चूनर, नारियल आदि चढ़ाया। देवी मंदिरों के साथ ही घरों में श्रद्धालुओं की ओर से शक्ति की उपासना की जा रही है। धूप-दीप की सुगंध और घंट एवं जयकारों से मंदिर परिसर गुंजायमान रहे। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। घरों में दुर्गा चालीसा, दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जा रहा है।

तीसरे दिन मां के चरणों में नारियल, चुनरी, फूलमाला अर्पित कर शीश झुकाकर परिवार की खुशहाली की कामना की। शहर के मिश्राबाजार एवं हमीद सेतु स्थित काली मंदिर, शीतला माता के साथ ही अन्य देवी मंदिरों पर दिन भर श्रद्धालुओं के दर्शन-पूजन के लिए पहुंचने का क्रम बना रहा। सेवराई संवाददाता के अनुसार गहमर स्थित मां कामाख्या धाम में तीसरे दिन काफी संख्या में भक्त पहुंचे और मां दुर्गा की आराधना की। सुबह से लेकर शाम तक हवन कुंड में आहुति डालने का कार्य चलता रहा। ढढनी स्थित चंडी माता मंदिर परिसर में भी भक्तों ने मां के चरणों में शीश नवाकर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। दिलदारनगर स्थित सायर माता मंदिर, रेवतीपुर स्थित मां भगवती देवी, करीमुद्दीनपुर स्थित कष्टहरणी भवानी, बहादुरगंज स्थित काली मंदिर, बहरियाबाद स्थित टड़वा भवानी, सैदपुर तहसील स्थित मां काली, मां मनोकामना देवी मंदिर पर सुबह से लेकर श्रद्धालु देर शाम तक मां की आराधना करते रहे।

### मां के जयकारे से गूंजता रहा कामाख्या धाम

**गहमर।** चैत नवरात्र के तीसरे दिन मां कामाख्या धाम मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। जय मां अंबे... जय माता दी के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। तीसरे दिन मां के तीसरे स्वरूप चंद्रघंटा का पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने कामाख्या मंदिर में मां चंद्रघंटा स्वरूप की पूजा अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस बीच मंदिरों में दिनभर मां की आरती व भजन-कीर्तन का सिलसिला चलता रहा। घंट घड़ियाल और शंख बजने से मां के जयकारे का सिलसिला पूरे दिन चलता रहा। लोगों ने मां की पूजा कर सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। पूजा के दौरान मां को चुनरी, नारियल, फूल, धूप, दीप, नैवेद्य, फल मेवा आदि अर्पित किए गए। इसके बाद कवच, अर्गला, कीलकम सहित दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में फूल, माला, नारियल, चुनरी सहित अन्य पूजन सामग्री बेचने वालों की दुकानें सजी रहीं। चैत नवरात्र के तीसरे दिन शुक्रवार को मां दुर्गा के नौ रूपों में मां चंद्रघंटा की पूजा की गई। कामाख्या मंदिर के प्रधान पुजारी आकाश राज तिवारी के अनुसार मां दुर्गा के नौ रूपों में तृतीया रूप मां चंद्रघंटा का है। मां चंद्रघंटा ने राक्षसों के संहार के लिए अवतार लिया था। इनमें ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों देवों की शक्तियां समाहित हैं। ये अपने हाथों में तलवार, त्रिशूल, धनुष व गदा धारण करती हैं। इनके माथे पर घंटे के आकार में अर्द्ध चंद्र विराजमान है। इसलिए ये चंद्रघंटा कहलाती हैं। भक्तों के लिए माता का ये स्वरूप सौम्य और शांत है।

### मां भगवती देवी के मंदिर में जलता रहता है अखंड दीप

**रेवतीपुर।** गांव के मध्य में स्थित मां भगवती देवी का मंदिर श्रद्धालुओं के आस्था एवं विश्वास का केंद्र है। बारह महीने यहां अखंड दीप जला करता है। बीच-बीच में सवा माह का हरी कीर्तन भी आयोजित होता है। मां के दरबार में जो भी सच्चे मन से आता है वह खाली हाथ नहीं जाता है। नवरात्र के पहले दिन से ही यहां पर शक्ति की आराधना की धूम है।

### देवी मां की आराधना चैत्र नवरात्रि में अहम

**मनिहारी।** सिद्धपीठ हथियाराम मठ की शाखा कालीधाम हरिहरपुर में स्थित दक्षिण मुखी मां काली मंदिर श्रद्धालुओं के आस्था का केन्द्र है। मंदिर में स्थापित मां काली की तीन मूर्तियां अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं। वासन्तिक नवरात्र में कालीधाम हरिहरपुर में सिद्धपीठ हथियाराम पीठ के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर भवानी नन्दन यति जी महाराज के संरक्षकत्व में चल रहे अनुष्ठान के दौरान आराधना को आए विद्वान ब्राम्हणों के द्वारा जहां मंत्रोच्चार के बीच हवन कुण्ड में आहुति दी जा रही है, वहीं श्रद्धालुओं यज्ञ मंडप की परिक्रमा करके पुण्य लाभ के भागी बन रहे हैं। पीठाधीश्वर भवानी नन्दन यति महाराज ने परंपरागत हरिहरात्मक पूजन करने के उपरांत श्रद्धालुओं से बासंतिक नवरात्र पर चर्चा करते हुए कहा कि यह समय माता भगवती की आराधना और उपासना के लिए अत्यन्त शुभ माना जाता है। चैत्र माह में प्रकृति भी आह्लादित होती है। इस अवसर पर डा.सानंद सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रमेश यादव,अशोक सिंह पप्पू, दीनानाथ,दिग्विजय उपाध्याय,अमित सिंह डब्लू,शशि दुबे,अशोक सिंह, अंकित सिंह, रमेश सिंह,संजय यादव आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य की सभी इच्छाओं को करती है पूरा



**सुहवल।** स्थानीय गाँव के काली मन्दिर परिसर में नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत यज्ञ कथा एवं भंडारा आयोजित है। शुक्रवार को दूसरे दिन कथा का रसपान कराते हुए कथा वाचक स्वामी हरिनामगिरी महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य की सभी इच्छाओं को पूरा करती है। यह कल्पवृक्ष के समान है। इसके लिए मनुष्य को निर्मल भाव से कथा सुनने और सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि भागवत कथा ही साक्षात कृष्ण है और जो कृष्ण है, वही साक्षात भागवत है। भागवत कथा भक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है, कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि एक बार नारद जी ने चारों धाम की यात्रा की, लेकिन उनके मन को शांति नहीं हुई। नारद जी वृंदावन धाम की ओर जा रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि एक सुंदर युवती की गोद में दो बुजुर्ग लेटे हुए थे, जो अचेत थे। युवती बोली महाराज मेरा नाम भक्ति है। यह दोनों मेरे पुत्र हैं, जिनके नाम ज्ञान और वैराग्य है। इस दौरान भारी संख्या में दर्शनों गाँव के महिला,पुरुष सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### पुलिस ने किया रूट मार्च



**मुहम्मदाबाद।** त्यौहार को लेकर मुहम्मदाबाद कोतवाली पुलिस ने नगर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए रूट मार्च किया। चौकी प्रभारी कृष्ण प्रताप सिंह ने त्योहारों को लेकर लोगों से प्रेम और सौहार्द पूर्वक त्यौहार मनाने की अपील की।

### सड़क हादसे में व्यवसाई की गई जान

**सादात।** नगर के वार्ड पांच निवासी युवा व्यवसायी राकेश गुप्ता उर्फ राका (50) की गुरुवार को गुजरात के अहमदाबाद में हुए सड़क हादसे में कार के डिवाइडर से टकराने से जान चली गई। व्यवसायी की मौत की खबर शुक्रवार को नगरवासियों को मिलते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई। हालांकि उसकी पत्नी आशा देवी व चार बेटियों को मौत के बारे में नहीं बताया गया है। काफी खुशदिल स्वभाव के राकेश गुप्ता चार दिन पहले ही अपनी सास को पहुंचाने अहमदाबाद गये थे। गुरुवार को अपने साले के साथ एक देवी मंदिर में दर्शन पूजन करने गये थे, इसी दर्मियान हादसा हुआ। इस घटना में बुरी तरह से घायल राकेश गुप्ता को हास्पिटल में भर्ती कराया गया, लेकिन उन्होंने दम तोड़ दिया। स्वजनों के मुताबिक डेड बॉडी शनिवार की सुबह घर लाने के बाद अंतिम संस्कार के लिए ले जाया जायेगा।

### वृद्धावस्था पेंशन आधार कराएं सीडिंग

**गाजीपुर।** समाज कल्याण अधिकारी राम नगीना यादव ने बताया है कि निदेशालय, समाज कल्याण, उप्र लखनऊ द्वारा राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत आधार आधारित भुगतान प्रणाली अपनाये जाने के निर्देश निर्गत करते हुये शत-प्रतिशत आधार सीडिंग कराये जाने एवं आधार आधारित भुगतान किये जाने की अपेक्षा की गयी है। उक्त के क्रम में समस्त वृद्धावस्था पेंशन लाभार्थियों को बैंक शाखाओं में आधार एवं पासबुक सहित सम्पर्क करते हुए आधार की सीडिंग यथाशीघ्र कराने का कष्ट करें। जिससे कि उनके पेंशन की धनराशि का भुगतान आधार आधारित भुगतान प्रणाली के माध्यम से करने में कोई अवरोध न उत्पन्न हो।

### पीएम आवास लाभार्थी ने सचिव पर धनउगाही का लगाया आरोप

**मनिहारी।** ब्लॉक क्षेत्र के मनिहारी और हरधना गांव में गुरुवार को डीडीओ सुभाष सरोज व बीडीओ शिरीष चंद्र वर्मा ने बन रहे प्रधानमंत्री आवास का जायजा लिया। अपूर्ण आवास को जल्द ही पूरा करने का निर्देश दिया। इस दौरान महिला ने सचिव पर सुविधा शुल्क मांगने का आरोप लगाया। अधिकारी द्वय ने इसे लेकर ग्रामीणों का बयान दर्ज किया। मनिहारी ग्राम पंचायत के सेमरा गांव में अधिकारियों के पहुंचते ही ग्रामीणों की भीड़ लग गई। अधिकारियों ने कहा कि इसकी जांच कराई जाएगी। इधर, जिला विकास अधिकारी सुभाष सरोज ने बताया कि दोनों गौवों में बिंदुवार जांच की गई। ग्रामीणों का बयान दर्ज कर लिया गया है।

### चोरों ने पशु चिकित्सालय केंद्र का चटकाया ताला

**कासिमाबाद।** पशु चिकित्सालय केंद्र का अज्ञात गुरुवार की रात्रि में चोरों ने ताला चटका कर चार हजार आठ सौ चौहत्तर रुपये सहित द्वारा पशु वाल फेन चुरा ले गए। चोरी की जानकारी होते ही डाक्टरों ने पुलिस को लिखित तहरीर दी गई। पशु चिकित्सा प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि चोरों ने आलमारी में रखें पैसे जहाँ चुरा ले गए हैं। वहीं सारा सामान छितरा कर दिया गया है। कोतवाली प्रभारी कमलेश पाल ने बताया कि चिकित्सकों द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ दी गई है।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**जखनिया।** कोतवाली बिक्फूल अंतर्गत अलीपुर मथुरा गांव के राम विजय यादव उर्फ अजय पुत्र लाला यादव को जखनिया रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। राम विजय यादव थाना के पिछले वर्ष से ही वांछित चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस तलाश कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने देर रात स्टेशन से गिरफ्तार किया। एसआई रामाश्रय यादव ने बताया कि राम विजय काफी दिनों से फरार चल रहा था। वह जिसे लेकर भागा था। उसी के साथ स्टेशन से गिरफ्तार हुआ है। गिरफ्तार करने वाली टीम में कांस्टेबल निर्भय सिंह, कृष्णानंद महिला कांस्टेबल माधुरी वर्मा रही।

### मूल्यांकन स्थल का जिला विद्यालय निरीक्षक ने लिया जायजा

**सुहवल।** मलसा स्थित श्रीशिवपूजन इंटर कालेज मलसा में बोर्ड परीक्षा के उत्तर पुस्तिकाओं के चल रहे मूल्यांकन का शुक्रवार को जिला विद्यालय निरीक्षक अशोक नाथ तिवारी ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बारीकी से निरीक्षण कार्य का अवलोकन किया तथा मूल्यांकन कार्य से पूर्णतया सन्तुष्ट रहे। उप नियंत्रक डा अरविंद ने बताया कि शुक्रवार को कुल 35हजार 47 कापियों का मूल्यांकन हुआ अबतक कुल एक लाख76 हजार 907 कापियों का मूल्यांकन हो चुका है। इस दौरान पर्यवेक्षक सीधी सिंह ,स्टेटिक मजिस्ट्रेट वेदप्रकाश, उप प्रधानाचार्य विजय शंकर राय आदि मौजूद रहे। इस मूल्यांकन में 71 उपप्रधान परीक्षक तथा 368 परीक्षक मूल्यांकन कार्य को अंजाम दे रहे है। मूल्यांकन कार्य 18 मार्च से प्रारम्भ है।

### बालिका बाल सुधार गृह पहुंची स्वास्थ्य टीम

**सैदपुर।** क्षेत्र के रसूलपुर स्थित स्व. शिवपूजन पाठक बालिका बाल सुधार गृह व नगर के कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय में सैदपुर सीएचसी की टीम पहुंची और वहां रहने वाली बालिकाओं के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान फॉर्मासिस्ट आशीष सिंह व एलटी भुआल प्रजापति ने बालिकाओं के हीमोग्लोबीन, बुखार समेत स्वास्थ्य आदि कई तरह की जांच की। बताया कि इस दौरान दोनों स्थानों पर 50 से अधिक बालिकाओं की जांच की गई और बुखार आदि आने पर उनमें दवाओं का वितरण किया गया।

### विधायक ओपी की मेहनत लाई रंग

**सेवराई।** तहसील क्षेत्र के लोगों के लिए बहुप्रतीक्षित निबंधन कार्यालय के उद्घाटन पर तमाम अटकलों के बाद विराम लग गया। शनिवार को स्टांप निबंधन एवं न्यायालय शुल्क राज्य मंत्री रविंद्र जायसवाल इसका उद्घाटन करेंगे। ज्ञात हो कि तहसील क्षेत्र के लोगों को रजिस्ट्री शादी विवाह का पंजीयन कराने के लिए जमानिया जाना पड़ता था। इन समस्याओं को देखते हुए विधायक ओमप्रकाश सिंह ने प्रयास कर नवसृजित तहसील सेवराई पर निबंधन कार्यालय खोलने का प्रस्ताव शासन को लिखा था। इसके प्रस्ताव पर तहसील मुख्यालय के ठीक सामने एक निजी भवन में निबंधन कार्यालय की सारी व्यवस्थाएं तो पूरी कर ली गई लेकिन एक लंबे अंतराल से इसके उद्घाटन किए जाने का इंतजार हो रहा था। शनिवार को स्टांप निबंधन एवं न्यायालय शुल्क राज्यमंत्री रविंद्र जायसवाल इसका शुभारंभ करेंगे। शुक्रवार की दोपहर विधायक प्रतिनिधि मन्नू सिंह, तहसीलदार अमित शेखर, सहायक महानिरीक्षक निबंधन प्रेम प्रकाश सहित अन्य अधिकारियों ने निबंधन कार्यालय का निरीक्षण कर इस उद्घाटन कार्यक्रम के अंतिम मूर्त की तैयारियों का जायजा लिया। इस संबंध में सहायक महानिरीक्षक निबंधन प्रेम प्रकाश ने बताया कि जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, एम एल सी विशाल सिंह चंचल, जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह एवं जमानिया विधायक ओमप्रकाश सिंह की मौजूदगी में रविंद्र जायसवाल द्वारा नवसृजित उप निबंधक कार्यालय सेवराई का शुभारंभ दोपहर 12:00 बजे किया जाएगा।

### माह-ए-रमजान के पहले जुमा पर अदा की नमाज अकीदतमंदों में उत्साह

**गाजीपुर।** जिले भर की मस्जिदों में शुक्रवार को माह-ए-रमजान के पहले जुमा की नमाज अदा हुई। रमजान के पहले जुमे की नमाज अदा कर रोजेदारों ने अपने गुनाहों से तौबा की। साथ ही देश-दुनिया और समाज की खुशहाली की परवरदिगार से दुआ की। रमजान का महीना चांद के दीदार के साथ शुरू हो गया। गुरुवार को रमजान का चांद दिख गया। जिसके बाद सोशल मीडिया पर लोग एक-दूसरे को बधाइयां दी। रमजान के महीने में मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा रखते हैं। सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक भूखे प्यासे रहकर अल्लाह की इबादत की जाती है। इन दिनों नमाज पढ़ने का विशेष महत्व माना जाता है। शहर के विशेश्वरगंज स्थित ईदगाह साढ़े 11 बजे से ही नमाजियों के पहुंचने का सिलसिला शुरु हो गया था। साढ़े 12 बजते-बजते बड़ी संख्या में मुस्लिम बंधु ईदगाह में पहुंच गए। दोपहर एक बजे से नमाज शुरु हुई। नमाज से पहले इमाम ने खुतबे में रमजान की अहमियत बयान करते हुए बताया कि अगर बंदा रमजान की अहमियत को जान जाए तो वह अल्लाह से दुआ करें कि हर माह रमजान का हो। इसके अलावा शहर के महुआबाग, नखास, जूजनशहीद, लालदरवाजा, बरबरहना, गोराबाजार, टाउनहाल, शेखपुरा, लंका चुंगी, रौजा, सुजावलपुर आदि मस्जिदों में नमाज अदा की गई। नमाज अदा करने वालों में बुजुर्ग, युवा तथा बड़ी संख्या में बच्चे भी शामिल थे।

## जनसंपादकीय

# राज्यपाल की भूमिका पर सुप्रीम टिप्पणी

**राजेश माहेश्वरी**



बीते कुछ दशकों में राज्यपाल की भूमिका को लेकर प्रश्न उठते रहे हैं। यह प्रवृत्ति पुरानी है। राज्य में विपक्षी दलों की सरकारों को गिराने के लिये इस पद का दुरुपयोग कांग्रेस से लेकर एनडीए सरकारों के दौर में होता रहा है। कभी कभार तो राज्यपाल केंद्र में शासित दल के राजनीतिक प्रतिनिधि की भूमिका का निर्वहन करते दिखाई देते हैं। विडंबना और दुर्भाग्य है कि राज्यपाल विपक्षी दलों की सरकारों वाले राज्यों में ही 'परोक्ष राजनीति' खेलते दीखते हैं। ताजा प्रकरण महाराष्ट्र से जुड़ा है। अघाड़ी गठबंधन की सरकार और राज्यपाल के मध्य जो कुछ हुआ उसी संकट को महसूस करते हुए सर्वोच्च न्यायालय को तल्ख टिप्पणी करनी पड़ी। क्या राज्यपाल सत्तारूढ़ सरकार के हिसाब से काम करते हैं? अक्सर उनके फैसलों को देख इस तरह के सवाल उठते रहते हैं। अब सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल की भूमिका को लेकर महत्वपूर्ण टिप्पणी की है।

महाराष्ट्र में पिछले साल जून में एकनाथ शिंदे गुट ने बगावत कर दी थी। असल जब 2019 में उद्धव ठाकरे ने एनसीपी और कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार बनाई, उस समय से ही शिवसेना का एक तबका इस बात से नाराज था। विचारधारा को लेकर तो विवाद था ही, जमीन पर कुछ दूसरे मुद्दों को लेकर भी अंसतोष बढ़ रहा था। उस असंतोष को देखते हुए एकनाथ शिंदे ने बड़ी बगावत की थी। उन्हें इस बात का अहसास था कि शिवसेना में कई नेता उनके उस फैसले का समर्थन करेंगे. ऐसा हुआ भी क्योंकि पार्टी के ज्यादातर विधायक बाद में उन्हीं के साथ चले गए। कई दिनों तक ये सियासी ड्रामा ऐसे ही चलता रहा, शिंदे को अपने विधायकों को गुवाहाटी के होटल तक में रखना पड़ा। बाद में बीजेपी से बात की गई और फिर महाराष्ट्र में नई सरकार बन गई जहां पर एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनाया गया. अब सरकार तो बना ली गई, शिंदे ने शिवसेना पर भी अपना दावा ठोक दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि क्योंकि ज्यादा पार्टी नेता उनके साथ खड़े हैं, ऐसे में असल शिवसेना कहलाने का हक भी उनके पास है। ये मामला चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट तक गया। अब चुनाव आयोग ने तो चुनाव चिन्ह को लेकर शिंदे के पक्ष में फैसला सुना दिया है, वहीं अभी इसी मामले के कुछ दूसरे पहलुओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट में बहस चल रही है। असल में सुप्रीम कोर्ट में 5 याचिकाएं दाखिल की गई हैं।


सर्वोच्च अदालत की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने राज्यपाल की भूमिका, दायित्व और सदन में बहुमत साबित करने के आदेश सरीखे पहलुओं पर एक तार्किक बहस को सुना है और सभी पक्षों को सचेत भी किया है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि राज्य में शिवसेना की सरकार बनने के बाद भाजपा प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से शिवसेना सरकार पर हमलावर रही है। इस काम में जहां तमाम विवादों में सरकारी एजेंसियों के इस्तेमाल के आरोप लगे, वहीं राज्यपाल की भूमिका पर सवाल उठते रहे। केंद्र की सत्ता में होने का लाभ राज्य भाजपा को मिला। राजग के सबसे पुराने सहयोगियों में रहे शिवसेना व भाजपा में कटुता इस हद तक जा पहुंची कि बात सरकार को गिराने तक में परोक्ष भूमिका तक पहुंच गई। उद्धव ठाकरे गुट के वकीलों ने ऐसी सरकार को 'असंवैधानिक' करार दिया है, जबकि न्यायाधीशों का सवाल है कि उस सरकार को कैसे बहाल किया जा सकता है, जिसके मुख्यमंत्री ने सदन में बहुमत साबित करने से पहले ही इस्तीफा दे दिया था? बहरहाल संविधान पीठ ने दोनों पक्षों के तर्क सुनकर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है, लेकिन राज्यपाल की भूमिका एक बार फिर प्रश्नों के गंभीर कटघरे में है। कुल मिलाकर कोर्ट ने राज्यपाल की भूमिका के नैतिक पक्ष को उजागर करने के साथ ही इस पद की गरिमा को बनाये रखने का संदेश दिया है। हालांकि, महाराष्ट्र के राज्यपाल की तरफ से उपस्थित सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि कई वाजिब कारण मौजूद थे, जिसके चलते राज्यपाल ने उद्धव सरकार को सदन में बहुमत साबित करने को कहा था। महाराष्ट्र के तत्कालीन राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी इस्तीफा देकर सेवानिवृत्त हो चुके हैं। अब रमेश बैस नए राज्यपाल हैं। इसके अलावा, तेलंगाना राज्यपाल को भी मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव ने सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी है। वहां राज्यपाल ने बीते सितंबर से 7 पारित विधेयकों को स्वीकृति नहीं दी है। यकीनन यह असाधारण, संविधान से इतर स्थिति है। संविधान ने इस संदर्भ में राज्यपाल के विशेषाधिकारों की स्पष्ट व्याख्या नहीं की है। इतिहास के पन्ने पलटे तो ऐसे कई प्रकरण मिलेंगे जहां राज्यपाल की भूमिका पर प्रश्न चिन्ह लगते हैं। फरवरी 1998 में उत्तर प्रदेश में कल्याण सिंह की भाजपा सरकार बहुमत में पिछड़ गई। लोकतांत्रिक कांग्रेस और जनता दल के विधायकों ने सपोर्ट वापस ले लिया। गवर्नर रोमेश भंडारी ने रातोंरात कल्याण सिंह को सीएम पद से हटा दिया गया। लोकतांत्रिक कांग्रेस के जगदंबिका पाल राज्य के नए सीएम बने। हालांकि कोर्ट ने कल्याण सिंह को सीएम के तौर पर बहाल किया और तीन दिन बाद जगदंबिका पाल को इस्तीफा देना पड़ा। वर्ष 1996 में गुजरात भाजपा के सीएम सुरेश मेहता के खिलाफ शंकर सिंह वाघेला और 40 विधायकों ने बगावत कर दी। दल बदलने के बाद गवर्नर कृष्ण पाल सिंह ने मेहता को विधानसभा में बहुमत साबित करने का निर्देश दिया। सरकार ने बहुमत साबित किया लेकिन गवर्नर ने पीएम एचडी देवगौड़ा से राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश करते हुए रिपोर्ट भेज दी। 1988 में कर्नाटक के गवर्नर पी वेंकटसुब्बा ने कर्नाटक जनता दल के मुख्यमंत्री एसआर बोम्मई को बहुमत साबित करने का मौका ही नहीं दिया। जबकि बोम्मई विधायकों के हस्ताक्षर वाला लेटर दिखा रहे थे। तमिलनाडु, केरल, राजस्थान, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों में भी 'मुख्यमंत्री बनाम राज्यपाल' की स्थितियां हैं। टकराव बेहद गहरे हैं, जबकि विवाद संवैधानिक नहीं है। दोनों पदों के बिना हमारा संघीय ढांचा कारगर ही नहीं हो सकता।

राज्यपाल की भी एक निश्चित और संवैधानिक भूमिका है। एक उदाहरण चुनाव आयोग के फैसले और अनुशंसा का है। आयोग ने झारखंड के मुख्यमंत्री को लेकर अपना फैसला बंद कवर में राज्यपाल को भेजा था। तत्कालीन महामहिम ने करीब 6 माह तक उस पर कोई अंतिम फैसला नहीं लिया। अंततः फरवरी में राज्यपाल बैस महाराष्ट्र स्थानांतरित कर दिए गए। नतीजतन आयोग का महत्वपूर्ण फैसला लटक कर रह गया। बुनियादी प्रश्न यह है कि क्या मुख्यमंत्री बनाम राज्यपाल के तमाम मामले सर्वोच्च अदालत में ही जाते रहेंगे, अदालत फटकार लगाती रहेगी और मामले सुलझाने पड़ेंगे? राज्यपालों के मामले में भी राजनीतिक दलों के बीच एक आम राय का बनना बहुत जरूरी है क्योंकि हर दल को किसी न किसी समय राज्यपालों के पक्षपातपूर्ण आचरण के कारण नुकसान झेलना पड़ता है. इसलिए उनके बीच यदि इस पर आम राय बन जाए कि इस संवैधानिक पद पर उन व्यक्तियों को ही बैठाया जाएगा जिन्होंने किसी न किसी गैर-राजनीतिक क्षेत्र में अपना विशिष्ट स्थान बनाया हो, समाज में आदर और प्रतिष्ठा अर्जित की हो और अपने आचरण से लोगों को प्रभावित किया हो. ऐसे ईमानदार और समाज के लिए समर्पित लोग ही व्यक्तिगत या दलगत हानि-लाभ को भूलकर बिना लाग-लपेट के फैसले ले सकते हैं। यदि राजनीतिक दल व्यापक राष्ट्रीय हित के बजाय केवल अपने संकीर्ण स्वार्थों को ही देखते रहे, तो भविष्य में स्थिति के और अधिक बिगड़ जाने का खतरा है।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

**(2019 के मोदी सरनेम मानहानि केस में सूरत कोर्ट ने राहुल गांधी को 2 वर्ष की सजा सुनाई। तुरंत जमानत मिली। 30 दिन में ऊपर की कोर्ट में अपील कर सकते हैं। सजा बरकरार रहने पर कुल 8 वर्ष चुनाव लड़ने के लिए अपात्र होंगे। इस पर काव्य टिप्पणी )**

सूरत का सुन फैसला, बीजेपी भयभीत।
चिंतित हैं, राहुल बिना, फिसल न जाए जीत
फिसल न जाए जीत, शख़्स मिलना है मुश्किल।
कर दे मुफ़्त प्रचार, बिना भेजे कोई बिल
राजनीति है 'ओम', दौर पूजा मूरत का।कर सकता
है खत्म, फैसला यह सूरत का



**- ओम वर्मा**
**संपर्क 09302379199**

# दुगनी हुई आय फिर भी जिया घबड़ाये !

## समय- संदर्भ



**विमलशंकर सिंह**

राष्ट्रीय सांख्यिकी ऑफिस (एनएसओ) नें अभी हाल में अपनी रिपोर्ट पेश की है जिससे किन्ही की बांछे खिल गईं हैं तो किन्ही की आँखे भर आई हैं । क्या कहा है एनएसओ नें? एनएसओ बताती है कि हम सब की जेबें भारी हो गईं हैं ।पिछले आठ-नौ वर्षों में हमारी आय दुगनी हो गई है । तो क्या यह खुशी देने वाली खबर नहीं ? रिपोर्ट बताती है कि जेब में पैसा खनकता है अब, जिसके लिए तरस रहे थे हम अब तक । जीवन चलाने के लिए पैसा तो चाहिए ही होता है । लेकिन प्रश्न तो यह है कि क्या वस्तुतः हम सब की जेबें भारी हो गईं हैं, जैसा कि रिपोर्ट बताती है । आइये समझें।

चालू कीमतों पर भारत की प्रति व्यक्ति आय सन 2014-15 (रु.86,647) की तुलना में सन 2022-23 में (रु.172,000 ) लगभग दुगनी हो गई है ।तो सरकार और उसके समर्थकों की खुशी का पारावार नहीं है । क्यों न वे खुश हों जब वे मानते और जानते हैं कि आम जन के जीवन में बहार ला देगी यह रिपोर्ट और उनका बढ़ा पैसा ।एक लाइन की यह सूचना दीनहीन, तंग हाल को भी एहसास दिला देने में सक्षम होगी कि माँ लक्ष्मी उसके भी घर में वास कर गई हैं । तो नौ वर्ष में दिन बहुरे हम सब के, हमारी सरकार के, तो क्या कम है ? और क्या यह कम है कि सरकार के तरकश से निकले विमुद्रीकरण और जीएसटी के बाणो के भटकने और कोरोना वाइरस के सटीक और अमिट निशान लगने से, अर्थव्यवस्था की कमर टूटने के बावजूद भी यह कमाल हुआ। इसीलिए तो कहते हैं हम कि विश्व गुरु बन गए हैं हम सब, अब । तो दुगनी होती आय से क्या होगा ? हमारा धन दुगना होगा, मन दुगना होगा और तन भी दुगना होगा। अर्थव्यवस्था विस्तृत होगी; गरीबी, बेरोजगारी घटी होगी, घटेगी किन्तु बढ़ेगी सरकार की आय । तो इसी को तो विकास कहते हैं। चारो तरफ खुशियां ही खुशियां होंगी । यही तो चाहते हैं हम सब । लेकिन जैसे कुछ लोगों के आंख में सूकर का बाल होता है वैसे ही बताते हैं कि कुछ ऐसे भी अर्थशास्त्री होते हैं देशों में, जो बाल की खाल निकालने में निपुण होते हैं । आइये उनकी भी सुन लें हम सब ।

वे बताते हैं कि जिस रफ़्तार से हमारी आय बढ़ी है उससे भी तेजी से बढ़ी है देश में महंगाई । तो एक तरफ से जेबें भारी होती गई हैं तो दूसरी तरफ से वे खाली भी होती गई हैं। जेब भारी और खाली होना, एक साथ चल रहा है । जेब हलकी होनें की रफ़्तार, भरने की तुलना में काफी तेज रही है। आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपय्या की कहावत चरितार्थ होती दिखती है । तो चालू कीमत पर आय की गणना करने में यह परेशानी है तो ऐसे में स्थिर मूल्यों पर (सन 2011-12 कीमतों पर) प्रति व्यक्ति आय के बढ़ने की गणना करनी चाहिए। तो एनएसओ बताती है कि स्थिर मूल्यों पर हमारी आय सन 2014-15 में रु.72,805 थी जो सन 2022-23 में बढ़ कर रु. 98,118 हो गई । तो आय तो निश्चय ही बढ़ी किन्तु वृद्धि 100 प्रतिशत की न होकर 35 प्रतिशत मात्र की ही रही इन वर्षों में । तो प्रो.जयति घोष और प्रो.अरुण कुमार जैसे ख्याति प्राप्त अर्थशास्त्री कहते हैं कि यह एक मामूली वृद्धि है और वास्तविक दशा तो बहुत शोचनीय है।

प्रो.अरुण कुमार तो प्रति व्यक्ति आय की इस गणना की रीति पर ही प्रश्न उठाते हैं ।वे कहते हैं कि नोटबंदी की मार से बेदम हुआ असंगठित क्षेत्र तो अभी भी लस्त पस्त, निर्जीव है। 94 प्रतिशत मजदूर इसी क्षेत्र में कार्यरत हैं जिनकी आय नहीं बढ़ी है। जबकि आय में परिवर्तन, समाज के कल्याण में हुए परिवर्तन को बताती है। केवल संगठित क्षेत्र की मालूमात से निष्कर्ष निकाल लिए गए हैं जो कि अपूर्ण और असंगत लगते हैं ।फिर वे कहते हैं कि पहले नोटबंदी और आगे पूर्ण तैयारी के बिना जीएसटी को लागू करने से अर्थव्यवस्था को तेज और गंभीर झटका लगा है और वह अभी भी उससे उबर नहीं पाई है । दूसरी तरफ, प्रो. जयति घोष कहती हैं कि एनएसओ का प्रति व्यक्ति का यह आंकड़ा तो केवल एक औसत को ही बताता है, सभी व्यक्तिओं के आय की वास्तविक स्थिति को नहीं बताता है। वे कहतीं हैं कि आय में अधिकांश वृद्धि 10 प्रतिशत उच्च आय वर्ग को ही हुई है । हाल की एक रिपोर्ट बताती है कि रु. 25000 मासिक वेतन पाने वाले भारतीय, उच्च10 प्रतिशत आय अर्जक वर्ग में शामिल हैं । तो अर्थशास्त्री कहते हैं कि यदि जेबें भारी हो गई हैं, खनकती भी हैं किंतु हम सबको पता भी नहीं चलता है तो क्या यह विष्मयकारी तथ्य नहीं है? तो सच क्या है ?

सच तो यह है कि यह कैसे हो सकता है कि पैसा बढ़े भी, आय दुगनी भी हो जाय और लगभग 82 करोड़ जनसँख्या (लगभग 60 प्रतिशत) को जिन्दा रखने के लिए सरकार को 5 किलो अनाज मुफ्त बांटना भी पड़े ? तो स्पष्ट है कि एक बड़ी आबादी के पास अनाज खरीदने के लिए भी पैसा नहीं है, यह स्वयं सरकार भी मानती प्रतीत होती है। तो गरीब व्यक्ति की आय कैसे दुगनी हुई ? जिस जेब में जैसे कुछ था ही नहीं, है ही नहीं (लगभग नगण्य), वहां क्या दुगना होगा ? सभी जानते हैं कि खाली जेबें बजती नहीं । जैसे पायल विहीन पांव और चूड़ी विहीन कलाइयां खनकती नहीं, वैसे ही गरीब की ठनठन गोपाल जेब बेआवाज ही रहती है, शून्य ही रह जाती है । तो दुगना क्या हुआ ? शायद कुछ नहीं । तो वस्तुतः गरीब की गरीबी घटी नहीं है, वह विपन्न ही है । यदि आप गरीब शुभ चिंतक और हितैषी हैं तो आप यह भी मानेंगे कि गरीब की जेब की शून्यता और खालीपन ही गरीबी होती है ।

वो भी हैरान और परेशान हैं जो बेरोजगार हैं और वे अचंभित भी हैं कि वे बेरोजगार भी हैं किन्तु उनकी आय दुगनी हो गई बिना रोजगार पाए, बिना काम किये और उनको पता भी नहीं चला? कितनी है बेरोजगारी? सीएमआईई के आंकड़े बताते हैं कि सन 2018 में ही हमने बेरोजगारी के 45 वर्ष के रिकॉर्ड को तोड़ दिया था । 18 मार्च सन 2023 को भारत में 7.33 प्रतिशत बेरोजगार (शहरी-8.3% और ग्रामीण-6.9%) नगरी नगरी द्वारे द्वारे भटकने के लिए विवश थे । तो क्या बेरोजगार असंख्य नहीं हैं ? पूछन और तारणहार कोई भी नहीं । फिर भी आय बढ़ गई ?

वे भी अचम्भित हैं आय के दुगने होनें से जो भूख और कुपोषण के शिकार हैं बचपन से, आय की कमी से पस्त और त्रस्त होकर ।भूख नामक दुर्भाग्य नें भारत के हतभाग्यों का दामन अभी भी कस कर पकड़ रखा है । भूख, चेहरा बदल-बदल कर कुपोषण के विभिन्न रूपों में भारतीय समाज के सामने प्रकट होती रही है ।भुखमरी के शिकार व्यक्ति सामान्य बिमारिओं से भी दम तोड़ते दिखते हैं । सन 2021 में करीब 22.4 करोड़ भारतीय (विश्व की कुल कुपोषित जनसँख्या का लगभग 29 प्रतिशत) कुपोषण के शिकार थे । अमृत काल में भी करोड़ों भारतीयों की जिंदगी, दिन और रात भूख की चिंता करती बीतती है । तो हमवतनीओं का पेट लगातार धधक रहा है भूख की ज्वाला से । 71 प्रतिशत भारतीय बेहतर आहार के खर्च को वहन नहीं कर सकते ।सन 2022 में 5 वर्ष से छोटे बच्चों में मृत्यु का 65 प्रतिशत कारण भूख और कुपोषण रहा है।तो आय इन वर्षों में दुगनी होने की डगर पर अगर बढ़ चली थी तो भारत वैश्विक भुखमरी सूचकांक में वर्ष 2021 में 116 देशों के बीच 101 वें स्थान पर क्यों रहा ?

तो सरकार बताती है कि धन बढ़ा है किन्तु तन और मन तो बढ़ता दिखाई नहीं देता है। आम जनसँख्या को भूख और कुपोषण ने छठी का दूध याद दिला दिया है अब । पेट की धधकती ज्वाला, तन और मन को भी झुलसा रही है । सरकार का मुफ्त राशन, प्राण रक्षक बना है आम आदमी के लिए । परमात्मा का आशीर्वाद और किसान की कठिन मेहनत, अनाज बन बरसी है वरदान बन कर, आम अवाम के लिए । लेकिन किसान की जान, बेजान होती जा रही है आय के आभाव और लोन के संजाल में फस कर। सन 2018 से सन 2020 के बीच कोई 17000 किसानों नें जान दे दी। तो यदि आमदनी बढ़ी तो आत्म हत्या क्यों बढ़ी ? मजदूर की वास्तविक मजदूरी घट गई है ऐसा जयति घोष समझतीं हैं। लेकिन क्या यह तथ्य हम तभी मानेंगे कि वे संकट में हैं जब वे भी अपनी जीवन लीला समाप्त करने लगें ? क्या बेरोजगार नौजवान का मन जल बिन मछली जैसा तड़प नहीं रहा है देश और समाज में अपना योगदान देनें के लिए? बताते हैं कि बेरोजगारी तो ऐसी है कि रोजगार तलाशने का मन भी समाप्त हो गया है अब उनका । तो आय के बढ़ने, दुगने होनें का सुख यदि मजदूर, किसान, नौजवान और आम आवाम महसूस ही नहीं कर पाई, जान पाई तो एनएसओ की दुगनी हुई आय की खोज का क्या महत्व? ऊपर से तेजी से बढ़ते जिंसों के दामों ने दिन का चैन और रात का आराम हराम कर रखा है हम सब का । क्या पेट्रोल और डीजल के दाम नहीं बढे, दुगने हुए ? रसोई गैस की महंगाई ने खाना बनाना, दूभर नहीं कर दिया है? वस्तुतः 2014 की तुलना में लगभग सभी जिंसों के दाम दुगने हो गए बताते हैं । फिर सरकार की कर आय क्या तेजी से नहीं बढ़ी और हम सब की जेबें तेजी से खाली नहीं हुईं ? हमारी जेबों से निकली आय ही सरकार की कर आय बनती है। तो हम सब की जेब में जैसे बड़ा सा छेद है। कामधेनु गाय भी शरमा जाय हमारी जेब हलकी करने की योग्यता देख कर ।

तो आम जनता का हाल बेहाल है । पैसा नहीं है तो घरेलू बचत घटी है और उपभोग खर्च एवं मांग नहीं बढ़ रही है । तो क्या एनएसओ रिपोर्ट गलत है ? निश्चित ही नहीं ।तो कहां गई बढ़ी हुईं आय जब हम सब की जेब में वह नहीं आई? इस रहस्य से पर्दा उठाती है ऑक्सफैम की रिपोर्ट। रिपोर्ट बताती है कि विकराल होती असमानता ही जी का जंजाल बनीं हुई है आम हिंदुस्तानी के लिए। ऐसा कैसे कह सकते हैं ? कहते हैं कि अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ गया है ।हम $3.5 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बन गए हैं अब । तो सम्पन्नता गई कहां? सम्पन्नता, सम्पन्नों के पास गई । आप की विपन्नता आपके घरों में ही रही । विपन्नों की पीठ चढ़ सम्पन्नता धमाल मचा रही है । किन्तु कितने हैं सम्पन्न देश में ?

ऑक्सफैम बताती है कि देश में बिलिनायर्स की संख्या सन 2020 में 102 थी । सन 2021 के कोरोना काल में इनकी संख्या बढ़ कर 142 हो गई । तो कोरोना काल में जब हम सब घरों में कैद थे, देश बंद और उद्योग-व्यापार रुका पड़ा था तब भी बिलिनायर्स की संख्या बढ़ भी रही थी और वे जैसे बालूसे तेल निकाल रहे थे, सम्पति बना रहे थे । सन 2022 में इनकी संख्या और बढ़ कर 166 हो गई है । तो रिपोर्ट बताती है कि हाल के वर्षों में बिलिनायर्स के अच्छे दिन आ गए हैं और एक देश भक्त बिलिनायर तो विश्व का तीसरा सबसे धनवान बन गया था, विश्व में परचम लहरा चुका था अभी हाल तक । कितनी सम्पति है इनके पास? रिपोर्ट बताती है कि देश की सबसे धनी एक प्रतिशत जनसँख्या के पास देश की कुल सम्पति का 40.5 प्रतिशत है। देश की 10 प्रतिशत सबसे सम्पत्तिवान वर्ग के पास देश की 72 प्रतिशत सम्पति है ।इसके विपरीत देश की ही 50 प्रतिशत सबसे गरीब आबादी के पास मात्र 3 प्रतिशत सम्पति है। देश के सबसे समृद्ध 100 धनवानों की सम्मिलित सम्पति सन 2022 में रु. 54.12 लाख करोड़ हो चुकी थी। तो क्या आपको अभी भी आपके प्रश्न का उत्तर नहीं मिला की आपको मिल सकने वाली आय और सम्पन्नता गई कहां?

**(लेखक विमल शंकर सिंह, डी.ए.वी.पी.जी. कॉलेज, वाराणसी के अर्थशास्त्र विभाग में पूर्व प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष रहे हैं, संपर्क: 9450545510)**

**पेट की धधकती ज्वाला, तन और मन को भी झुलसा रही है । सरकार का मुफ्त राशन, प्राण रक्षक बना है आम आदमी के लिए । परमात्मा का आशीर्वाद और किसान की कठिन मेहनत, अनाज बन बरसी है वरदान बन कर, आम अवाम के लिए । लेकिन किसान की जान, बेजान होती जा रही है आय के आभाव और लोन के संजाल में फस कर। सन 2018 से सन 2020 के बीच कोई 17000 किसानों नें जान दे दी।**

# क्रांतिकारी पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी

## स्मरण



**हर्षवर्धन पाण्डे**

आजादी के आंदोलन के दौर में जिन पत्रकारों ने अपनी लेखनी को हथियार बनाकर आजादी की जंग लड़ी थी, उनमें गणेश शंकर विद्यार्थी का नाम आज भी प्रमुखता के साथ लिया जाता है। गणेश शंकर विद्यार्थी ने अपने लेखन से तत्कालीन ब्रिटिश सत्ता को बेनकाब किया और इस जुर्म के लिए उन्हें जेल तक जाना पड़ा। देश में सांप्रदायिक दंगों की भेंट चढ़ने वाले वह पहले पत्रकार थे। हजारों लोगों की जान बचाने के बावजूद वह खुद धार्मिक उन्माद की भेंट चढ़ गए। गणेश शंकर विद्यार्थी का जन्म 26 अक्टूबर, 1890 को इलाहाबाद में हुआ था। इनके पिता जयनारायण हेडमास्टर , उर्दू व फारसी के जानकार थे। विद्यार्थी जी की शिक्षा-दीक्षा मुंगावली (ग्वालियर) में हुई। पिता के समान ही इन्होंने भी उर्दू-फारसी का अध्ययन किया। आर्थिक कठिनाइयों के कारण वह एंट्रेंस तक ही पढ़ सके, लेकिन उनका स्वतंत्र अध्ययन जारी रहा। विद्यार्थी जी ने शिक्षा ग्रहण करने के बाद नौकरी शुरू की, लेकिन अंग्रेज अधिकारियों से नहीं पटने के कारण उन्होंने नौकरी छोड़ दी। पहली नौकरी छोड़ने के बाद विद्यार्थी जी ने कानपुर में करेंसी ऑफिस में नौकरी की, लेकिन यहां भी अंग्रेज अधिकारियों के साथ जम नहीं पाई जिसके बाद उन्होंने अध्यापन के क्षेत्र में अपने कदम बढ़ाये। कानपुर में अध्ययन के दौरान उन्होनें कर्मयोगी समेत कई अखबारों में सक्रिय रूप से लेखन किया और स्वाधीनता आंदोलन में लेखन के माध्यम से जुड़ गए। गणेशशंकर की प्रारंभिक शिक्षा उर्दू और अंग्रेजी में हुई। उसी दरमियान उनका झुकाव पत्रकारिता की तरफ हुआ। हिंदी साप्ताहिक कर्मयोगी के संपादन में वे पंडित सुंदरलाल की सहायता करने लगे।

महावीर प्रसाद द्विवेदी उनकी योग्यता के कायल थे। उन्होंने विद्यार्थी जी को 1911 में अपने पास 'सरस्वती' में उपसंपादक के तौर पर कार्य करने का ऑफर दिया लेकिन उनकी रुचि समसामयिक ,ज्वलंत विषयों में अधिक थी इसलिए उन्होनें द्विवेदी जी के बजाए पंडित मदन मोहन मालवीय के नेतृत्व में 'अभ्युदय' नामक पत्र में नौकरी करनी शुरू की फिर कुछ दिनों तक 'प्रभा' का भी संपादन किया। उनका सपना एक ऐसे पत्र के प्रकाशन का था, जिसके माध्यम से जन-जन में स्वाधीनता की अलख जगाई जा सके और मानवता का कल्याण भी किया जा सके। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए उन्होंने 9 नवम्बर 1913 को कानपुर से हिन्दी साप्ताहिक पत्र 'प्रताप' का प्रकाशन प्रारम्भ किया। पीली कोठी नामक किराये के भवन में चार महानुभावों ने मिलकर 'प्रताप' की नींव रखी। सभी ने एक सौ रुपए का सहयोग किया। इस प्रकार कुल चार सौ रुपए की पूँजी से अखबार शुरू हुआ। सम्पादक गणेशशंकर विद्यार्थी, मैनेजर नारायण प्रसाद अरोड़ा, मुद्रक-प्रकाशक शिवनारायण मिश्र वैद्य और कोरोनेशन प्रेस के मालिक यशोदानन्दन।

अक्टूबर 1913 में वह 'प्रताप' (साप्ताहिक) के संपादक नियुक्त हुए जहाँ पर उन्होंने अपने पत्र में किसानों, मजदूरों और ब्रिटिश शासकों के उत्पीड़न और अन्याय के खिलाफ अपनी लेखनी के माध्यम से आवाज बुलंद की। कुछ समय के बाद सामाजिक कार्यों में सक्रिय रूप से भागीदारी और पत्रकारिता से जुड़ाव के चलते अपना नाम विद्यार्थी रख दिया। अंग्रेजी शासन के खिलाफ मुखर आवाज उठाना उन्हें भारी पड़ा जिसका खामियाजा उन्हें कई मुकदमों ,भारी जुमार्ने और कई बार जेल की यात्राओं के रूप में भुगतना पड़ा। पत्रकारिता के क्षेत्र में क्रांतिकारी कार्य करने के कारण उन्हें पांच बार सश्रम कारागार और अर्थदंड अंग्रेजी शासन ने दिया। विद्यार्थी जी के जेल जाने पर 'प्रताप' का संपादन माखनलाल चतुर्वेदी व बालकृष्ण शर्मा नवीन करते थे। उनके समय में श्यामलाल गुप्त पार्षद ने राष्ट्र को एक ऐसा बलिदानी गीत दिया, जो देश के एक कोने से लेकर दूसरे कोने तक छा गया। यह गीत 'झण्डा ऊंचा रहे हमारा' है। इस गीत की रचना के प्रेरक थे अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी। सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक समस्याओं पर विद्यार्थी जी के विचार बड़े ही निर्भीक होते थे। विद्यार्थी जी ने देशी रियासतों द्वारा प्रजा पर किए गए अत्याचारों का तीव्र विरोध किया।

पत्रकारिता के साथ-साथ गणेश शंकर विद्यार्थी की साहित्य में भी अभिरुचि थी। उनकी रचनाएं 'सरस्वती', 'कर्मयोगी', 'स्वराज्य', 'हितवार्ता' में छपती रहीं। 'शेखचिल्ली की कहानियां' उन्हीं की देन है। उनके संपादन में 'प्रताप' भारत की आजादी की लड़ाई का मुखपत्र साबित हुआ। विद्यार्थी जी ने पत्रकारिता के जिन मापदण्डों की उस समय स्थापना की थी, वे एक ज्योति-स्तम्भ के रूप में आज भी हमारा पथ प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने लिखा था कि, "किसी की प्रशंसा या अप्रशंसा किसी की प्रसन्नता या अप्रसन्नता, किसी की घुड़की या धमकी हमें अपने मार्ग से विचलित न कर सकेगी। साम्प्रदायिक या व्यक्तिगत झगड़ों में 'प्रताप' सदा अलग रहने की कोशिश करेगा। साप्ताहिक 'प्रताप' अपनी क्रांतिकारिता एवं स्पष्ट राजनीतिक विचारों के कारण उत्तर भारत का प्रमुख पत्र बन गया था। जमानत, चेतावनी और सरकारी धमकियों का वार उस पर होता रहता था। विद्यार्थी जी इस बात पर भी निगाह रखते थे कि 'प्रताप' का दुरुपयोग उनके अनावश्यक प्रचार के लिए न होने पाए। उनके अधिकांश लेख भी वास्तविक नाम के बजाए हरि, दिवाकर, गजेंद्र, लंबोदर, वक्रतुंड, श्रीकांत, एक भारतीय युवक आदि कल्पित नामों से प्रकाशित होते थे। उनका मानना था कि पत्र या पत्रिका के पूरे अंक में संपादक के नाम का उल्लेख एक बार से अधिक नहीं होना चाहिए।विद्यार्थी जी के 'प्रताप' में लिखे अग्रलेखों के कारण अंग्रेजों ने उन्हें जेल भेजा, जुमार्ना लगाया और 22 अगस्त 1918 में 'प्रताप' में प्रकाशित नानक सिंह की 'सौदा ए वतन' नामक कविता से नाराज अंग्रेजों ने विद्यार्थी जी पर राजद्रोह का आरोप लगाया व 'प्रताप' का प्रकाशन बंद करवा दिया। वह गांधी के अनुयायी थे, तो वहीं क्रांतिकारियों के सबसे विश्वसनीय साथी थे। उनका 'प्रताप' अखबार क्रांतिकारियों का अड्डा था, जहां भेष बदलकर भगत सिंह, आजाद सहित तमाम क्रांतिकारी महीनों रहते थे। जन्म काल से ही प्रताप का दफ्तर क्रांतिकारियों की शरण स्थली था तो युवाओं के लिए पत्रकारिता का प्रशिक्षण केंद्र। जब 19 जून 1916 को 'प्रताप' में 'दासता' नामक कविता छापने के आरोप में राजद्रोह का आरोप लगाया गया और अखबार पर एक हजार रूपए का जुमार्ना लगा दिया गया। विद्यार्थी ने जुमार्ना भरा लेकिन कलम की रफ्तार और धार तेज हो गयी।


आर्थिक संकट से जूझते विद्यार्थी जी ने किसी तरह व्यवस्था जुटाई तो 8 जुलाई 1918 को फिर इसकी की शुरूआत हो गई। 'प्रताप' के इस अंक में विद्यार्थी जी ने सरकार की दमनपूर्ण नीति की ऐसी जोरदार खिलाफत कर दी कि आम जनता 'प्रताप' को आर्थिक सहयोग देने के लिए मुक्त हस्त से दान करने लगी। जनता के सहयोग से आर्थिक संकट हल हो जाने पर साप्ताहिक 'प्रताप' का प्रकाशन 23 नवंबर 1990 से दैनिक समाचार पत्र के रूप में किया जाने लगा। लगातार अंग्रेजों के विरोध में लिखने से इसकी पहचान सरकार विरोधी बन गई और तत्कालीन दंडाधिकारी स्ट्राइफ ने अपने हुक्मनामे में 'प्रताप' को 'बदनाम पत्र' की संज्ञा देकर जमानत की राशि जप्त कर ली।

जब कानपुर में दंगे भड़के तो केवल अखबार में लिखकर वह कैसे संतुष्ट हो जाते। दंगों को रोकना उन्होंने अपनी जिम्मेदारी समझी। कई जगह पर वो दंगों को रोकने में कामयाब भी रहे पर कुछ देर में ही वो दंगाइयों की एक ऐसी टुकड़ी में फंस गए जो दंगाई उन्हें पहचानते नहीं थे। फिर विद्यार्थी जी लौटकर वापस न आये। अपने पत्रकारीय मूल्यों और जीवन सिद्धान्तों के प्रति यह उनकी प्रतिबद्धता थी कि उन्होंने उन आदर्शों के लिए अपनी जान की भी बाजी लगा दी। वह धर्म और राजनीति के घालमेल के खिलाफ थे इसीलिए वह धर्म आधारित राष्ट्र की अवधारणा को एक बड़ी भारी भूल मानते थे। उन्होंने लिखा था- 'कुछ लोग हिंदू राष्ट्र चिल्लाते हैं। वह बड़ी भारी भूल कर रहे हैं और वह अभी तक राष्ट्र के अर्थ को नहीं समझते हैं। 'विद्यार्थी की आधुनिक राष्ट्र राज्य की अवधारणा पूरी तरह धर्म निरपेक्ष है'।

गणेश शंकर विद्यार्थी ने तथाकथित वस्तुपरकता के नाम पर लेखकीय तटस्थता की दुहाई कभी नहीं दी। उनकी वैचारिक राजनीतिक पक्षधरता स्पष्ट थी। साम्राज्यवादी अंग्रेजी हुकूमत ही नहीं बल्कि सामंती जमींदारों-राजाओं के अत्याचार के खिलाफ भी प्रताप मुखर रहता था। न केवल अपने निर्भीक लेखन के चलते बल्कि राष्ट्रीय आंदोलन और किसान आंदोलन में भागीदारी के चलते भी विद्यार्थी को सत्ता के कोप और प्रताड़ना का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा था-'मैं पत्रकार को सत्य का प्रहरी मानता हूं-सत्य को प्रकाशित करने के लिए वह मोमबत्ती की भांति जलता है। सत्य के साथ उसका वही नाता है जो एक पतिव्रता नारी का पति के साथ रहता है। पतिव्रता पति के शव साथ शहीद हो जाती है और पत्रकार सत्य के शव के साथ।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक हैं )**

## व्यंग्य



# दो नम्बर के धंधे में, एक नम्बर की जबान

**अनूप श्रीवास्तव**

अंडरवर्ल्ड में एक मुहावरा बड़ा मशहूर है दो नंबर के धंधे में जबान. एक नंबर की होती है . लेकिन आउटवर्ड में जाते ही सबकी जबाने पलट जाती है. राजनीति शायद इससे भी नीचे पायदान पर है. कब कोई फिर से गलबहियां डाल दे और कब किसी को नागनाथ और सांप नाथ की उपाधि देकर कोसने लगे. ऐसे में कुछ भी नामुमकिन नहीं है और सब कुछ मुमकिन है. राजनीति आज एक धंधा है जहां खोटे सिक्के ज्यादा चलते हैं. जो जितना छोटा होता है उतना ही खनकदार माना जाता है. .. राजनीति जैसी दोमुंही नागिन की एक जबान हो भी नहीं सकती .

ताज्जुब की बात यह है कि जब हमाम में नंगों का ही बोलबाला है.फिर भी वहां नंगे ही नंगों पर बोल बोलते रहते हैं .यह दीगर बात है की पूरी दुनिया उन्हें आंख फाड़ फाड़ कर देखती रहती है कि आखिर यह कैसे नंगे हैं जो नंगई पर भी कीचड़ उछालते रहते हैं?

सभी जानते हैं कि जबान जब तक दांत के अंदर बन्द रहती है तभी तक उस पर नसीहतें लागू रहती हैं. दांतो के बीच से निकलते ही जबान पलट जाती है. वैसे भी जब घर की बात चौराहे पर चली जाती है तो वह घरेलू नहीं रहती .जबान जब मुंह के बाहर हो जाती ही तो कई जबानों में बदल जाती है. फिर शिकायत किस बात की ? किस-किस का मुंह पकड़ा जाए ? जब लंका में सभी बावन हाथ के हैं ,रोना किस-किस का रोया जाए ? अब चाहे अमित शाह हों या राहुल गांधी, नीतीश हों या पासवान , ममता हो या माया, उमा भारती या फिर दिग्गी भैया, सबका लक्ष्य है अपना उल्लू सीधा करना. अपनी बात सबसे ऊपर रखना. जो अब केंद्र में अब तक साथ दे रहे हैं वे बिहार में परेशान हैं .जो बाहर से साथ दे रहे हैं वे भी हाथ मल रहे हैं.

लेकिन इन राजनेताओं की क्या गलती ये बेचारे तो उस कुर्सी रेस के चश्मदीद गवाह हैं जो कभी इनके आगे रहती है कभी पीछे सरक जाती है और कभी बगल से निकल जाती है . बस कमाल यही है कि तब भी ये कभी कुर्सी को नहीं छोड़ते.यहां छोटे-बड़े की कोई इज्जत नहीं. नए पुरानों का कोई सवाल नहीं . अनुभवी और अनुभवहीन से क्या लेना देना ? बस एक कुर्सी मंत्र है - तुम मुझे कुर्सी दो मैं तुम्हें समर्थन दूंगा .बस हमें मंत्री बना दो .विधायकों को कहीं ले जाओ. राजस्थान,हिमाचल में छिपा कर रखो.कहीं अपहरण न हो जाये.कोई उठाकर न ले जाये. बस यहीं तक इनकी सोंच और अमल है .

ऐसे में कभी कभी लगता है राजनीति बेसुरी हो गयी है. छुपी छुपौवल्ल का खेल हो गई है. जब राजनीतिक - शतरंज मे सभी उल्टी सीधी चाल चलन में लगे हों. अपने सुरों को सीधा करने के लिए

तरह तरह के राग अलाप रहे हों, ऐसे में दो नंबर के धंधे की दुहाई देना भी नक्कारखाने में तूती की आवाज बुलंद करना है .

दिक्कत तब होती है जब वही बोलते हैं कि हर झंडे के कुछ उसूल होते हैं. लेकिन ऐसे में तो लगता है कि इसकी कोई गारंटी नहीं कि पूर्व की मान्यताएं जारी रहेगी. यह भी कोई बात ह जब दो नंबर के धंधे में हम लगे हैं तोईमानदारी की दुहाई बैमानी के धंधे का उसूल बन जाना भी है जायज ही कहा जायेगा . यह भी कोई बात है कि हम किसी को बिना मांगे समर्थन दे और वह महसूस तक न करे . चाहे जेडीयू हो या शिवसेना .सबको एक ही लाठी से हांका जाए. यह बातभी आसानी से हजम नहीं होती. कौन कहता है राजनीति का कोई उसूल नहीं होता. उसूल वही जो मौके पर काम आए .वैसे अगर नैतिकता की याद आती भी है तो हर्ज क्या है.

**( लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# नालियों की सफाई व जलभराव का करें निस्तारण : डीएम

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा दस्तक अभियान के संबंध में बैठक संपन्न हुई। संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा।



बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज।

जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्रामों में नालियों की साफ-सफाई व जलभराव का निस्तारण, ग्रामीण क्षेत्र में आबादी के बीच तालाबों को अपशिष्ट तथा प्रदूषण मुक्त करना सुनिश्चित करें। इसी के साथ ही उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि विद्यालय के प्रार्थना सभा में छात्र-छात्राओं को उबाला हुआ पानी पीने, साबुन से हाथ धोने, शौचालय आदि का प्रयोग करने के बारे में बताएं। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को निर्देश दिये कि नगरीय क्षेत्र में फागिंग, खुली नालियों को ढकने, उथले हैंडपंपों का प्रयोग रोकने के लिए चिन्हीकरण करने के निर्देश दिए। इसी के साथ ही उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि आबादी वाले क्षेत्रों से दूर सुकर बाड़ों की व्यवस्था कराएं। दस्तक अभियान 17 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा।

इसके दृष्टिगत जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि दस्तक अभियान के अंतर्गत आशा, आंगनवाड़ी के द्वारा घर-घर दिमागी बुखार, कुपोषित बच्चों का चिन्हीकरण कराएं एवं प्रत्येक घरों में आशा, आंगनवाड़ी के द्वारा व्यक्तिगत स्वच्छता, शौचालय का प्रयोग एवं खुले में शौच न करने व हाथ धोने के बारे में बताया जाए।

इसी के साथ ही जिलाधिकारी ने टीकाकरण, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, फैमिली प्लानिंग, गर्भवती महिलाओं व चाइल्ड पंजीकरण एवं सुपरवाइजर विजिट की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि जो भी टीकाकरण कराया जाए, उसको ई-कवच पोर्टल पर शत प्रतिशत फीडिंग कराएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रकाश गुप्ता, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आईएन तिवारी, एसीएमओ डॉ संजय, डा. परवेज अख्तर, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार मौर्य, एमओआईसी, डीसीपीएम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट कार्य करने पर महिलाओं को एडीएम ने किया सम्मानित



एडीएम वित्त एवं राजस्व द्वारा सम्मानित महिलाएं।

**आजमगढ़।** स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छोत्सव-2023 कार्यक्रम के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट सभागार में नवदेवी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में समस्त नगर पालिका, नगर पंचायतों से विभिन्न 9 श्रेणियों में चयनित 3-3 महिलाओं को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व आजाद भगत सिंह द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बताया कि समस्त नगर पालिका, नगर पंचायतों से स्वयं सहायता समूह, वेस्ट टू वेल्थ, अपशिष्ट प्रबन्धन में उद्यमी, सफाई मित्र, मास्टर ट्रेनर, नवाचार, सामुदायिक खाद, निकास की स्थिति में परिवर्तन एवं सामुदायिक जागरूकता, इस प्रकार कुल 9 श्रेणियों में अच्छे कार्य करने वाली 3-3 महिलाओं का चयन कर आयोजित नवदेवी सम्मान समारोह में प्रशस्त्रि पत्र देकर सम्मानित किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा उक्त 9 श्रेणियों में चयनित 3-3 महिलाओं में से 2-2 महिलाओं का चयन कर उसकी सूची मण्डलायुक्त को उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होंने चयनित महिलाओं से कहा कि जिन श्रेणियों में आप लोग कार्य कर रही हैं, उस श्रेणी में और अच्छा कार्य करने की कोशिश करें।

## संक्षेप

### पुलिस लाइन परिसर में हो रहे कार्यों का एसपी ने किया निरीक्षण



**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन में शुक्रवार परेड की सलामी ली तत्पश्चात पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होने हो रहे कार्यो की गहनता से जांच की तथा आवस्यक दिशा निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा पुलिस लाईन आजमगढ़, परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड की दौड़ लगवाई। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा यूपी-112 के वाहनों की गहनता से चेकिंग की गयी तथा पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मियों से वाहनों में उपलब्ध दंगा नियंत्रण, सुरक्षा उपकरणों के सम्बंध में जानकारी लेते हुए उनकी चेकिंग की गयी। तत्पश्चात पुलिस लाईन में हो रहे निर्माण व मरम्मत कार्यो का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में पुलिसकर्मियों के आवासीय परिसर, पुलिस क्लब, पुलिसकर्मियों के बैरेक, पेयजल व्यवस्था, चिकित्सालय, डॉग स्क्वाड के रहने की व्यवस्था इत्यादि का निरीक्षण कर साफ-सफाई आदि के संबंध में क्षेत्राधिकारी लाइन एवं प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन गौरव कुमार एवं प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### दीप प्रज्ज्वलित कर लोगों ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**महराजगंज (आजमगढ़)।** भैरवधाम प्रांगण स्थित पोखरे पर बृहस्पतिवार की शाम शहीदों की याद में एक सौ एक दीप जलाकर लोगो ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। समाज सेवियों ने क्षेत्र के समाजसेवी व इलाहबाद के पूर्व छात्र नेता दिवाकर यादव की अगुआई में स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले सरदार भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु के बलिदान दिवस पर सभी अमर शहीदों को दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी। लोगों ने सरदार भगत सिंह के विचारों को विस्तार से रखते हुए बताया कि सरदार भगत सिंह जब जेल में बंद थे तो अपने साथियों से कहा करते थे कि हमारा उद्देश्य स्वतंत्रता प्राप्ति ही नहीं है बल्कि उस पर विचार और नियंत्रण करने की आवश्यकता होगी। जब स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद मानव ही मानव का शोषण करने पर आमादा होगा। इस अवसर पर दिवाकर यादव ने बाल अपराध में निर्दोष मारे गए मासूम बच्चों के लिए कैण्डल जलाकर सरकार से यह मांग किया कि फास्ट ट्रैक कोर्ट में केस की सुनवाई करते हुए उन अपराधियों को अतिशीघ्र सजा दिया जाय जिनकी वजह से मासूमों की जान गयी है। श्रद्धांजलि सभा में रामविनय यादव, राजेश निषाद, पंचदेव, उमेश कुमार, हरिबंश, मनोज, राजबहादुर, रामबचन, राजेश, प्रमोद आदि मौजूद रहे।

### अर्ध विक्षिप्त का पोखरी में मिला शव



**मोहम्मदपुर (आजमगढ़)।** गंभीरपुर थाना क्षेत्र के रानीपुर रजमो सिधारीगंज स्थित रानी सागर पोखरा में शुक्रवार को ग्रामीणों ने एक शव देखा। शव की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया और ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पर पहुंची गंभीरपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया। पुलिस ने जब शव को बाहर निकलवाया तो शव के बाएं हाथ पर सोनू और मोबाइल नंबर लिखा था तथा दाहिने हाथ पर पतनहा जौनपुर लिखा था। हाथ पर लिखे मोबाइल नंबर पर बात करने पर उसकी पहचान सोनू यादव 35 वर्ष पुत्र बुझारत यादव निवासी पतनहा थाना सराय ख्वाजा जनपद जौनपुर के रूप में हुई। मृतक सोनू के पिता के मुताबिक 22 मार्च को दोपहर सोनू साइकिल से घर से निकला और घर वापस नहीं आया। हम लोग उसकी काफी खोजबीन कर रहे थे। लेकिन उसका कहीं पता चल नहीं रहा था। वह मानसिक रूप से विक्षिप्त था।

### भाजपा सरकार में दलितों पर अत्याचार चरम पर



**आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी के बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती व प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर चैधरी के निर्देश पर जिलाध्यक्ष संतोष कुमार भारती की उपस्थिति में जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, एससी एसटी आयोग को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में कहा कि भाजपा सरकार द्वारा अनुसूचित जाति व जनजाति के जमीनों को बगैर जिलाधिकारी की अनुमति से बेचने या बैनामा कराने का जो निर्णय लिया गया है सरकार उसे लागू करना चाहती है जो न्यायपूर्ण नहीं है व उनके हितों के खिलाफ है। इस तरीके के नियम सरकार वापस ले। यह सरकार दलितों, पिछड़ों, महिलाओं के साथ अत्याचार कर रही है। भाजपा सरकार में बेरोजगारी, महंगाई भ्रष्टाचार, अन्याय, अत्याचार चरम सीमा पर है। यह सरकार अपराधियों, माफियाओं को संरक्षण दे रही है। इस मौके पर रमापति यादव, रामजीत यादव, सुशील कुमार आनंद, अजीत कुमार राव, हरिनाथ राम, नगीना राम, अजय कुमार, अमरनाथ, अशोक कुमार, रविंद्र कुमार एडवोकेट, रूपचंद, कमला प्रसाद मौर्य, गौरी शंकर यादव, दुर्ग विजय राम आदि उपस्थित रहे।

### दर्शनशास्त्र मिड टर्म परीक्षा की तिथि घोषित

**आजमगढ़।** शिब्ली नेशनल महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.अफसर अली ने सभी विभागाध्यक्षों को आगामी 31 मार्च से 8 अप्रैल तक मिड सेमेस्टर टेस्ट संपन्न कराने का निर्देश दिया है। संबंधित विभाग के छात्र -छात्राएं अपने विभाग से संपर्क कर अपना टेस्ट की तिथि और समय सुनिश्चित कर लें। इस संदर्भ में दर्शनशास्त्र के विभागाध्यक्ष ने स्नातक द्वितीय सेमेस्टर का मिड टर्म टेस्ट एक अप्रैल, चतुर्थ सेमेस्टर का 3 अप्रैल एवं स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर का मिड टर्म टेस्ट एक अप्रैल से 6 अप्रैल दोपहर 12 से एक बजे तक कराने की समय सारणी शुक्रवार को जारी कर दिया है। दर्शनशास्त्र विभाग के सभी छात्र-छात्राएं अपना असाइनमेंट 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से जमा कर दें। उक्त जानकारी दर्शनशास्त्र के सहायक प्रो.सह महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ.वीके सिंह ने दी है।

### प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत प्रतिमाएं स्थापित

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय क्षेत्र के अवंतिकापुरी धाम आवक में राजा जन्मेजय, राजा परीक्षित और श्रृंगी ऋषि की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा कर प्रतिमा स्थापित की गयी। दो दिन पूजन कार्यक्रम हुआ शनिवार को भंडारा होगा। भूमि प्रबंध समिति द्वारा आयोजित प्रतिमा स्थापना में महंत जनक गिरी मुख्य पुजारी राजेश्वर महाराज, सूर्य प्रकाश यादव, महेंद्र कन्नौजिया, योगेंद्र प्रसाद, रामायण यादव, सोभनाथ चैहान, पप्पू यादव, प्रमोद यादव, सदानंद यादव, संदीप कन्नौजिया, दयानंद विश्वकर्मा, जय प्रकाश विश्वकर्मा, जवाहिर विश्वकर्मा, चंद्रमा विश्वकर्मा, हरीनाथ विश्वकर्मा, राजेश यादव, संजय आर्य, आनंद यादव, राजेश यादव आदि मौजूद रहे। शुक्रवार को प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने के साथ शनिवार को भंडारा होगा।

### प्राकृतिक आपदाओं से बचाव की दी जानकारी

**बूढ़नपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के भरौली स्थित मां श्रृंगारी स्मारक महिला पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के दौरान बूढ़नपुर फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा छात्राओं को भूकंप एवं प्राकृतिक आपदा से बचाव के लिए जागरूक किया गया। फायर ब्रिगेड के इंचार्ज लक्ष्मण यादव ने बताया कि जब भी हमें भूकंप संबंधित जानकारी हो तो तुरंत अपने मोबाइल से फायर ब्रिगेड टीम को सूचना दें। नजदीकी पावर स्टेशन पर सूचना देकर विद्युत विभाग से लाइट कटवाएं। बच्चों और बुजुर्गों विकलांग मरीज को सबसे पहले घर से बाहर किसी निर्जन स्थान पर ले जाएं। आसपास के लोगों को भी इसकी सूचना दें। किसी टावर पेड़ और खंभे के पास न खड़े रहें। घर से बाहर निकलते समय दीवार के सहारे घर से बाहर निकलें। उन्होंने छात्राओं के अपील की इसकी जानकारी अपने परिवार और अपने आसपास गांव के लोगों को भी जागरूक करें जिससे संकट के समय सभी लोग सुरक्षित स्थान पर पहुंच सकें। महाविद्यालय प्रबंधक डॉ.बीके यादव ने छात्रों को एनएसएस के बारे में जानकारियां दी। एनएसएस कार्यक्रम के अधिकारी लालजीत यादव ने बताया कि शिविर के माध्यम से छात्रों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर प्रेमलता यादव, डॉ.गिरिजेश कुमार, विनोद कुमार, ओम प्रकाश चौबे, महेंद्र नाथ, आदित्य कुमार, श्रीराम भारती, प्रदुम सिंह आदि उपस्थित रहे।

# नवनिर्मित पंचायत भवन का बीडीओ ने किया उद्घाटन



ग्रामीणों को संबोधित करते खंड विकास अधिकारी राजन राय।

**फूलपुर (आजमगढ़)।** निजामाबाद तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत उतमा में सत्रह लाख इक्यानबे हजार की लागत से पंचायत भवन का निर्माण कार्य ग्राम प्रधान सूबेदार यादव की देख रेख में पूर्ण हुआ जिसका उद्घाटन खण्ड विकास अधिकारी मिजार्पुर राजन राय द्वारा फीता काटकर किया गया।

खण्ड विकास अधिकारी राजन राय ने कहा कि अब गांव वासियों को बाजार या अन्य जगह जनसेवा केंद्रों पर नहीं जाना होगा। आय जाति खसरा खतौनी सहित जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र यहीं पंचायत कार्यालय से प्राप्त होगा। ग्राम पंचायत अधिकारी रोस्टर के अनुसार पंचायत कार्यालय पर उपस्थित रहेंगे। ग्रामीणों की समस्या के निदान के लिए पंचायत कार्यालय प्रत्येक दिन खुला रहेगा। पंचायत सहायक उपस्थित रहकर ग्रामीणों के गांव स्तर के कार्य का निस्तारण कराएंगे। पंचायत भवन के बन जाने से अब समस्त बैठके पंचायत कार्यालय पर होगी। अन्य किसी भी समस्या के निदान के लिए मुझसे फोन द्वारा सम्पर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर सहायक बिकास अधिकारी सुरेश प्रजापति, सचिव वीरेन्द्र शाही, राकेश कुमार, सुबास यादव, संदीप यादव, सुरेश, सोनू, विष्णु आदि उपस्थित रहे।

# विद्युत चोरी में आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**फूलपुर (आजमगढ़)।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के उच्चाधिकारियों के निर्देशन में बकायादारो के खिलाफ महीनों से चलाए जा रहे चेकिंग अभियान और कार्यवाही के बाद भी कटिया कनेक्शन धारक सक्रिय हैं। शुक्रवार को भी बकायदारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बिद्युत उपकेन्द्र अंतर्गत नगरीय क्षेत्र के अवर अभियंता निखिल शेखर सिंह के नेतृत्व में मुड़ियार रोड फूलपुर देहात शंकर जी चैराहा पुरानी मछली मार्केट चैराहा आदि सैकड़ो घरों की घर घर चेकिंग की गई। इस दौरान दस हजार से ऊपर पचीसों बिद्युत उपभोक्ताओं के बकाया पाए जाने पर बिद्युत विछेदन की कार्यवाही की गई तथा आशीष मोदनवाल सहित छः लोगो के खिलाफ बिद्युत चोरी की धारा में मुकदमा पंजीकृत कराया गया। इस अवसर पर पंकज, प्रशांत कुमार, सन्तोष, रमाकान्त, इम्तेयाज, राज कुमार सिकन्दर सहित मीटर रीडर आदि उपस्थित रहे।

# मतदाता पहचान पत्र से आधार कार्ड जोड़ने का निर्देश

जनसंदेश न्यूज

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के बीएलओ को तहसील सभागार में शत प्रतिशत मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से जोड़ने के निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान कमजोर बीएलओ को पुनः गरुड़ ऐप की जानकारी दी गई। 30 मार्च तक कार्य को पूरा करने के निर्देश दिये गये।

अजमतगढ़ खंड विकास व हरैया खंड विकास के बीएलओ की क्रमशः अलग-अलग सगड़ी तहसील सभागार में समीक्षा बैठक हुई जिसमें एसडीएम राजीव रतन सिंह ने मौजूद सभी बीएलओ की समीक्षा की। सगड़ी विधानसभा में 3 लाख 34 हजार 345 मतदाता हैं जिनमें से एक लाख 83 हजार 883 मतदाता को आधार कार्ड से जोड़ा जा चुका है।



समीक्षा बैठक में उपस्थित बीएलओ व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां।

मतदाता से आधार कार्ड जोड़ने में कुछ बीएलओ ने 70 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया है वहीं कुछ बीएलओ जिन्होंने 10 प्रतिशत भी कार्य नहीं पूरा किया है उन्हें पुनः गरुड़ ऐप की जानकारी दी गई। समीक्षा के दौरान शत प्रतिशत मतदाता को 30 मार्च तक आधार कार्ड से जोड़ने के लिए निर्देशित किया गया।

एसडीएम श्री सिंह ने कहा कि शासकीय कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिथिलता बरतने पर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इस अवसर पर बीडीओ संतोष यादव, खंड शिक्षा अधिकारी निर्भय नारायण सिंह व रविता राव, सीडीपीओ उमेश पांडेय, बीआरसी लालजी श्रीवास्तव व रविंद्र यादव सहित सैकड़ों की संख्या में आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्री मौजूद रहीं।

# सोलर बैट्री चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**कार्रवाई**

**मौके का फायदा उठाकर तीन फरार**

जनसंदेश न्यूज

**मुबारकपुर (आजमगढ़)।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए मुबारकपुर पुलिस ने सोलर बैट्री चोरी करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

सूर्यभान उपाध्याय पुत्र सभाजीत उपाध्याय निवासी ग्राम बिजरवा थाना मुबारकपुर द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा गुलऊर बाजार में सोलर लाइट बैट्री चुराया जा रहा था। हम लोगो के जाग जाने पर चोर भाग गये। उक्त सूचना पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में थी। इसी बीच मुखबिर ने सूचना दी कि सोलर बैट्री चोरी हुआ है चोर व चोरी में प्रयुक्त वाहन स्वीफ्ट डिजायर के चोरी की बैटरी के साथ मऊ की तरफ से सठियांव की तरफ आ रहा है। जल्दी किया गया तो पकड़े जा सकते हैं। पुलिस सठियांव चैराहे पर पहुंच गयी। इसी दौरान एक वाहन आता दिखाई दिया। पुलिस को देख चोर भागने का प्रयास किये लेकिन पुलिस ने एक को घटनास्थल पर धर दबोचा। जबकि तीन अन्य मौके का फायदा उठाकर फरार हो गये। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में अपना नाम अंगद यादव पुत्र इन्द्रदेव यादव निवासी सोबईबाद थाना सुखपुरा जनपद बलिया बताया।



चोरी की बैट्री के साथ मुबारकपुर थाने में गिरफ्तार चोर।

फरार अभियुक्तों का नाम सनोज यादव पुत्र संजय यादव, विक्की शर्मा पुत्र सुनील शर्मा व रितेश यादव पुत्र उमेश यादव निवासीगण सोबईबाद थाना सुखपुरा जनपद बलिया बताया। इनके कब्जे से दो अदद सोलर लाइट की बैट्री, व चोरी में प्रयुक्त की गयी वाहन स्वीफ्ट डिजायर बरामद हुआ।

# फरार अभियुक्त के घर नोटिस चस्पा

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर पुलिस ने मारपीट व अनिच्छित हत्या के प्रयास के फरार आरोपित के घर कुर्की की नोटिस चस्पा की। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के चंगईपुर ग्राम सभा में जीयनपुर पुलिस ने मारपीट व अनिच्छित हत्या के प्रयास में फरार आरोपित के घर कुर्की के नोटिस चस्पा कर 30 अप्रैल तक न्यायालय में हाजिर होने का आदेश दिया। बीते जनवरी माह में चंगईपुर ग्राम सभा के जोल्हापुर में जीयनपुर थाने पर तैनात एसआई शंकर यादव ने न्यायालय के आदेश पर मारपीट व अनिच्छित हत्या के प्रयास के फरार आरोपित दो सगे भाई नागेंद्र यादव व धर्मेंद्र यादव पुत्र फूलचंद यादव के घर पर डुगडुगी पिटवा कर गवाहों के समकक्ष कुर्की की नोटिस चस्पा की। वहीं 30 अप्रैल तक न्यायालय में हाजिर होने के लिए आदेशित किया। पूर्व में न्यायालय द्वारा एनबीडब्ल्यू वारंट के बाद कुर्की की नोटिस चस्पा की गई। एसआई शंकर यादव ने बताया कि न्यायालय में हाजिर नहीं होने पर घर की कुर्की की जाएगी। इस दौरान गांव में पुलिस की इस कार्रवाई से गांव में हड़कंप मचा रहा।

# खंड शिक्षा अधिकारी ने किया परिषदीय विद्यालयों की परीक्षा का निरीक्षण

**आजमगढ़।** शिक्षा क्षेत्र तहबरपुर में परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षा नियुक्त प्रभारियों की देखरेख में शुरू हुआ। परीक्षा को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के ध्येय से खण्ड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालयों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षा 24 मार्च से शुरू हुई। परीक्षा की सुचिता बनाये रखने के लिए परीक्षा प्रभारी बनाये गये हैं। प्राथमिक विद्यालयों में मौखिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों में गृह शिल्प तथा गृह विज्ञान से शुरू हुई।



परीक्षा कक्ष में निरीक्षण करते खंड शिक्षा अधिकारी।

परीक्षा को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए शिक्षा क्षेत्र तहबरपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार प्रजापति ने कम्पोजिट विद्यालय मधसिया प्रथम व मधसिया द्वितीय का औचक निरीक्षण किया। खंड विकास अधिकारी के निरीक्षण के दौरान सब कुछ ठीकठाक पाया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कम्पोजिट विद्यालय मधसिया प्रथम पर प्रधानाध्यापक महिमा राय सहित 6 शिक्षक व एक शिक्षा मित्र में सहायक अध्यापक अंजीरा वर्मा मात्रत्व अवकाश पर हैं। शेष सभी शिक्षक, शिक्षा मित्र उपस्थित पाये गये। कक्षा एक से 5 तक में 120 के सापेक्ष 102 बच्चे मौजूद रहे। जूनियर में 77 के सापेक्ष 68 बच्चे मौजूद रहे। वहीं मधसिया द्वितीय में प्रधानाध्यापक मत्तीउल्लाह सहित चार शिक्षक व एक शिक्षा मित्र मौजूद मिलें। खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार प्रजापति ने कहा कि शिक्षक पूर्ण मनोयोग से शिक्षण कार्य करें ताकि निपुण लक्ष्य को हासिल किया जा सके।

# यूनाइटेड डायग्नोस्टिक सेंटर का हुआ उद्घाटन



फीता काटकर उद्घाटन करते डा.राजकुमार सिंह व श्रीकृष्ण सिंह।

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** शहर के ठंडी सड़क स्थित यूनाइटेड डायग्नोस्टिक एंड इमेजिंग सेंटर का उद्घाटन नेत्र चिकित्सक डॉ.राजकुमार सिंह एवं एडवोकेट श्रीकृष्ण सिंह ने फीता काटकर किया।

शहर वासियों को बेहतर जांच सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अल्ट्रासाउंड, सिटी स्कैन, एक्सरे, ईसीजी, एंडोस्कोपी, पीएम जी, ओपीजी आदि के अलावा रक्त की अत्याधुनिक मशीनों से जांच की सुविधा उपलब्ध है। इसके लिए रेडियोलॉजिस्ट डॉ.अभिनवा सिंह और डॉ.विद्याधर चैहान की टीम सेवा दे रही है। रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अभिनवा सिंह ने बताया कि आज चिकित्सकों को बेहतर जांच की मदद से सही इलाज करने में काफी सहूलियत मिलती है। हमारा यही प्रयास रहेगा कि जनपद वासियों को उच्च गुणवत्ता युक्त जांच प्रदान की जाए। इस अवसर पर डा.सुभाष सिंह, डा.शिप्रा सिंह, डा.पंकज राय, डा.पंकज जायसवाल, डा.प्रशांत सिंह, डा.निखिलेश चतुर्वेदी, डा.संजय गोंड, डा.धीरज, डा.सोनल पाटिल, डा.प्रज्ञा सिंह, डा.अंकित राज सिंह आदि मौजूद रहे।

# भगत, सुखदेव व राजगुरु को किया गया नमन

**बलिदान दिवस**

**कुश्ती व दौड़ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन**

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** बाबू केदारनाथ स्मारक जन सेवा संस्थान द्वारा संचालित भगत सिंह खेल एकेडमी निजामाबाद में महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर उनके द्वारा देश को दिए गए योगदान पर चर्चा करते हुए एकेडमी परिसर में प्रतिभा खोज दौड कबड्डी तथा कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

दौड प्रतियोगिता का आरम्भ ग्राम प्रधान हंसराज यादव रामप्रवेश यादव ने किया कुश्ती तथा कबड्डी का प्रारंभ आदित्य सिंह व ग्राम प्रधान द्वारा किया गया 1600मी दौड में प्रियांशु प्रथम शिवम द्वितीय तथा हरिकेश तीसरे स्थान पर रहे कबड्डी में लगभग एक दर्जन टीमों ने भाग लिया जिसमें भगत सिंह खेल एकेडमी निजामाबाद और माडल क्लब के कड़े मुकाबले में माडल क्लब प्रथम स्थान प्राप्त किया



शहीदों को नमन करते अमरजीत यादव।



शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण करते संजय कुमार पांडेय व अन्य।

राष्ट्रीय पहलवान अमरजीत यादव ने कहा कि भारत माँ बीर सपूतों ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है इसलिए ऐसे अवसरों पर सभी लोगो को देश विदेश समाज में होने वाले हर गलत और अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने का कार्य करना चाहिए इस अवसर पर खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए एकेडमी परिसर में अमरजीत यादव ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के द्वारा ही खिलाड़ियों में खेल भावना तथा अनुशासन का बिकास होता है तथा आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों में छुपी प्रतिभाओ को आगे आने का अवसर मिलता है इस अवसर पर सन्तराज यादव मिथिलेश मनोज पाण्डेय बलवीर अरूण प्रेमा गुप्ता निशा अप्सरा शिवानी कुमुद आदि लोग उपस्थित रहे।

### काव्य पाठ के साथ शहीदों को किया नमन

**आजमगढ़।** रौनापार थाना क्षेत्र के हैदराबाद गांव में पंकज गौतम के मकान पर आन बान शान के साथ सरदार भगत सिंह का शहादत दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम साहित्यकार पत्रकार संजय कुमार पांडे ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। श्री पांडे ने आयोजक वरिष्ठ पत्रकार नर्वदेश्वर मिश्रा की पूरी टीम को बधाई दिया। उन्होंने कहा कि पंकज गौतम ने कहा कि आज हम ऐसे महान क्रांतिकारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगत सिंह को नमन करते हैं जिन्होंने देश की आजादी के लिए फांसी के फंदे को चूम लिया। आज उनके विचारों पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। इस मौके पर कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया था जिसमें जिले के कोने-कोने से कवियों ने आकर कविता पाठ पढ़ा और श्रोताओं को खूब लुभाया। पंकज गौतम, अक्षय वर्मा, दलसिंगार यादव, सुभाष विश्वकर्मा, बालेदीन बेसहारा, अभिराज भारती, राहुल उर्फ झब्बर, विमल शंकर विमल आदि कवियों ने अपनी कविता प्रस्तुत किया। संचालन सत्यम प्रजापति और अध्यक्षता गंगा यादव बेनकाब ने किया।

# लाइसेंस धारी ही गंगा नदी में कर सकेंगे नाव का संचालन

**विंध्याचल।** भारतीय स्टेट बैंक चौराहे पर स्थित प्रशासनिक भवन में नाविकों की समस्या को लेकर अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ला नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक श्रीकांत प्रजापति एसडीएम सदर चंद्रभान के नेतृत्व में शुक्रवार के दोपहर लगभग 1:00 बजे नाविक समाज के साथ हुई बैठक आयोजित किए गए। चैत्र नवरात्र मेले के दौरान सुरक्षा को लेकर गंगा उस पार नाव पर प्रतिबंधित किए गए थे, नाविक समाज के द्वारा इसका विरोध भी किया गया था लेकिन जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन निम्न बिंदुओं पर नाव का संचालन शुरू कर दिए गए हैं।

**निर्देश**

**श्रद्धालुओं के सुरक्षा को लेकर लाइफ जैकेट मुहैया करायेंगे नाविक**

समस्त नौका चालक निर्धारित वेशभूषा में रहेंगे। श्रद्धालुओं को लाइफ जैकेट उपलब्ध कराएंगे। बिना लाइफ जैकेट के नाव का संचालन नहीं किए जाएंगे। नाव चालक गंगा नदी के दूसरी तरफ अन्य गंगा घाटों पर नहीं जाएंगे। निर्धारित स्थान से ही नाव का संचालन किया जायेगा। कोई भी नाबालिक नाव का संचालन नहीं करेगा। संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारी द्वारा नाव संचालन का लाइसेंस धारी ही नाव का संचालन करेंगे। नाव का संचालन सुबह 6 बजे से सायं काल 6 बजे तक ही निर्धारित किया गया है। रात के अंधेरे में नाव का संचालन नहीं होगा। इस दौरान नाव चालक के अध्यक्ष रामराज निषाद सहित बच्चा लाल, मास्टर निषाद, सूरज निषाद, राजाराम निषाद, कल्लू निषाद, अरुण निषाद, अजय निषाद, गोलू निषाद, बसंत लाल निषाद, जीबी निषाद, बीरबल निषाद एवं फूसे निषाद आदि मौजूद रहे।


नाविकों के साथ बैठक करते एडीएम

## माता के गगनभेदी जयघोष से गूंजा विंध्य दरबार

**मीरजापुर।** विंध्याचल चैत्र नवरात्र की तृतीया तिथि पर देवी धाम में श्रद्धा के करने दर्शनार्थी उमड़ पड़ी। मां के मंगला आरती के पूर्व से ही भक्तों की भीड़ मंदिर के बाहर जमा हो गई थी। पहाड़ावाली के गगनभेदी जयघोष से समूचा मंदिर प्रांगण पूरे दिन गूंजता रहा। आरती पूजन बाद मां का पट खुलते ही भगवती के भव्य श्रृंगार का दर्शन कर भक्त निहाल हो उठे। वासंतिक नवरात्र के तीसरे दिन शुक्रवार को विंध्याचल दरबार में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। स्थानीय सहित जनपद के आसपास के जिलों से आए दर्शनार्थियों के कारण संपूर्ण विंध्याचल धाम क्षेत्र गुलजार नजर आया भोर में माता के श्रृंगार पूजन और भव्य मंगला आरती के उपरांत जन सामान्य के लिए मंदिर के पट खोल दिए गए। देवी दरबार तक पहुंचने के लिए गलियों में लगी कतारों में खड़े श्रद्धालु हाथ में नारियल चुनरी के साथ प्रसाद लिए माता का जयकारा लगाते हुए आगे की ओर बढ़े चले जा रहे थे। विंध्याचल धाम पहुंचने के बाद नर नारियों और बच्चों ने बड़े ही श्रद्धा भाव से माता के दिव्य स्वरूप का दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की। मां विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन करने के बाद श्रद्धालुओं ने अष्टभुजा पहाड़ पर विराजमान महाकाली और मां अष्टभुजी देवी के दरबार में भी अपनी हाजिरी लगाकर पुण्य के भागी बने देवी धाम की आकर्षक फूल पत्तियों व रंग- बिरंगे झालरों से की गई भव्य सजावट की छटा देखते ही बन रही है।


भक्तों का उमड़ा जनसैलाब

**आस्था**

**नवरात्र के तीसरे दिन दर्शन करने उमड़े दर्शनार्थी**

**देवी धाम पहुंचकर श्रद्धालुओं ने प्रकट की आस्था**

## त्रिकोण यात्रा करने से नष्ट हो जाते हैं जन्म जन्मांतर के पाप

**मीरजापुर।** पौराणिक मान्यता है कि मां विंध्यवासिनी माता के दर्शन पूजन करने के उपरांत त्रिकोण यात्रा करने से जन्म जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते हैं। विन्ध्य धाम को सिद्ध पीठ भी कहा जाता है। माता की असीम कृपा शक्ति अल्प समय में भक्तों को सिद्धियों को देने वाला है। विंध्य पर्वत का ईशान कोण विंध्य क्षेत्र में ही माना जाता है। इसी कोण पर मां विंध्यवासिनी विराजमान है, जहां गंगा नदी विंध्य पर्वत को स्पर्श करते हुए बहती है। मानता है कि नवरात्र के दिनों में आज भी मां विंध्यवासिनी माता के भक्तों को दर्शन देने के लिए पताका पर विराजती है। विंध्याचल ही एकमात्र ऐसा शक्तिपीठ है, जहां देवी के संपूर्ण विग्रह के दर्शन होते हैं। मां विंध्यवासिनी का यह मंदिर देश के 108 सिद्ध पीठों में से एक है। शक्ति का शिव से मिलन भागीरथी गंगा के माध्यम से ही संभव हो पाता है क्योंकि पतित पावनी मां गंगा बिंद धाम से मां विंध्यवासिनी के चरणों की रज को लेकर बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी की ओर प्रस्थान करते हैं। काशी में गंगा द्वार से गंगाधर बाबा विश्वनाथ का जब जलाभिषेक होता है तो यह शक्ति अवश्य के मिलन का दुर्लभ सुयोग होता है।

**विंध्याचल धाम में भारतवर्ष के महान संतों ने भी की है साधना**

### विन्ध्य क्षेत्र में भी स्थित है एक दुर्लभ त्रिकोण

विंध्य क्षेत्र में दुर्लभ त्रिकोण शाक्त मतावलंबियों ने भारतवर्ष में जिस वृहद त्रिकोण की परिकल्पना की है, उसके केंद्र में मां विंध्यवासिनी ही हैं। इस वृहद त्रिकोण के एक कोण पर माता विंध्यवासिनी तो दूसरे कोण पर जम्मू की वैष्णवी माता तीसरे कोण में कामरूप कामाख्या की देवी विरासती हैं। ऐसा माना जाता है कि केदारेश्वर शिव के तीनों नेत्रों के कोणों पर ही तीनों शक्तिपीठ विद्यमान है। ऐसा ही एक दुर्लभ त्रिकोण विन्ध्य क्षेत्र में भी स्थित है। इस त्रिकोण के मध्य लक्ष्मी स्वरूपा इच्छा की देवी मां विंध्यवासिनी माता हैं तथा दूसरे कोण पर काली खोह स्थित महाकाली है। तीसरे कोण पर मां सरस्वती स्वरूपा ज्ञान की देवी मां अष्टभुजा विराजमान है।

### आदि गुरु शंकराचार्य को भी हुआ था शक्तियों का एहसास

सप्तर्षियों को ज्ञान प्राप्त हुआ आध्यात्मिक धर्मगुरु पंडित त्रियोगी नारायण उर्फ मिट्ठू मिश्र ने बताया कि हजारों वर्षों से विंध्य क्षेत्र ज्ञान प्राप्त करने की तपोस्थली रहा है यहीं से मुनि अगस्त ने सभ्यता और संस्कृति के प्रचार-प्रसार ज्ञान यात्रा प्रारंभ की। यही वह क्षेत्र है जहां सप्त ऋषियों को ज्ञान प्राप्त हुआ आदि गुरु शंकराचार्य ने भी यहीं पर मां की महान शक्तियों का अनुभव किया। कहा कि किसी भी साधक की साधना तब तक अधूरी मानी जाएगी जब तक वह विंध्य धाम में आकर मां के चरण रज प्राप्त नहीं कर लेता। विंध्याचल की भूमि पर भारतवर्ष के महान संतों ने अपनी साधना के क्षण बिताए आदि गुरु शंकराचार्य, स्वामी करपात्री महाराज, अवधूत भगवान राम, माता आनंदमयी, गोरखनाथ बाबा व योगीराज देवरहा हंस बाबा जैसे संतों ने इस भूमि पर साधना की है।

## विन्ध्य महोत्सव के द्वितीय दिन विधायक ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारम्भ

**मीरजापुर।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में चैत्र नवरात्र अवसर पर विंध्याचल रोडवेज परिसर स्थित विंध्य महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल पर महोत्सव के दूसरे दिन अवधी एवं कथक कला का शानदार स्वरूप देखने को मिला। विंध्य महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम के द्वितीय दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक नगर पंडित रत्नाकर मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। भारतीय शास्त्रीय नृत्य में शुमार कथक नृत्य का वाराणसी के नामचीन कलाकार मनीष शर्मा एवं विदूषी जायसवाल ने सुंदर ढंग से प्रस्तुति किया. मनीष शर्मा ने विदुषी जायसवाल के संग जैसे ही ष्जय जय भवानी दुर्गे रानी, घंटा घन-घन बाजे...... के स्वर पर कथक नृत्य प्रस्तुत किया जैसे ही पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम के पश्चात नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्रा, जिलाधकारी दिव्या मित्तल द्वारा सभी कलाकारों को स्मृति चिन्ह एवं माता की चुनरी प्रदान कर सारगर्भित ढंग से उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन राजेंद्र तिवारी उर्फ लल्लू तिवारी ने किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रताप शुक्ल, नमामि गंगे अमरेंद्र कुमार वर्मा, जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय, सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**अवधी, कथक एवं लोकगीतो के माध्यम से कलाकारों ने बांधा समा**


कलाकारों के साथ विधायक व अधिकारीगण

## संक्षेप

### चोरों के निशाने पर है पंचायत भवन

**हफ्ते भर में पंचायत भवन में चोरी की हुई दूसरी घटना**

**अहरौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र में एक हफ्ते में दो ग्राम पंचायत भवनों का ताला तोड़कर चोर लाखों रुपए का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण उठा ले गए हैं और चोरों को पुलिस का भय ही नही है। चोरों द्वारा पंचायत भवनों का ताला तोड़कर कम्प्यूटर प्रिंटर की बोर्ड माउस इत्यादि इलेक्ट्रॉनिक उपकरण उठा ले जाने की दूसरी घटना क्षेत्र के मदारपुर ग्राम पंचायत की है। मदारपुर ग्राम पंचायत के कम्प्यूटर ऑपरेटर ने थाने पर लिखित तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की मांग किया है। बता दे कि हौशला बुलन्द चोरों ने हफ्ते भर में पंचायत भवनों में चोरी की दूसरी घटना को अंजाम दिया है । थाना क्षेत्र के मदारपुर में स्थित पंचायत भवन का गुरुवार की रात्रि में चोरों ने ताला तोड़कर कम्प्यूटर प्रिंटर की बोर्ड माउस सहित अन्य सामान उठा ले गए शुक्रवार को सुबह जब स्कूल खुला और कम्प्यूटर ऑपरेट पंचायत भवन पर आया तो देखा कि पंचायत भवन का ताला टूटा हुआ था जब अंदर जाकर देखा तो उसके होश उड़ गए कि कम्प्यूटर प्रिंटर माउस की बोर्ड गायब है । उसी पंचायत भवन में कैम्पस में जूनियर हाईस्कूल भी है। जिसमे कार्यालय एवं रसोई घर का भी चोरों द्वारा ताला तोड़ा गया था। प्रधानाचार्य प्रभाकर सिंह ने बताया कि पंचायत भवन का ताला तोड़ चोर इलेक्ट्रॉनिक उपकरण उठा ले गए हैं। साथ ही विद्यालय के कार्यालय का भी ताला टूटा हुआ था जिसकी सूचना हम लोगो ने थाने दे दिया है। हफ्ते भर पहले जसवा पंचायत का चोरों द्वारा ताला तोड़कर कम्प्यूटर प्रिंटर कीबोर्ड माउस उठा ले गए थे, जिसकी सूचना ग्राम प्रधान बेबी कुमारी ने स्थानीय थाने पर दिया था।

### पंचायत भवन का ताला तोड़ कर चोरी

**चुनार।** नरायनपुर ब्लॉक के अन्तर्गत बघेड़ी ग्राम सभा राजस्व ग्राम बघेड़ा के पंचायत भवन का ताला तोड़ कर चोरों ने लगभग एक लाख रुपए मूल्य के सामान पर हाथ साफ किया। जिसकी लिखित शिकायत प्रार्थना पत्र ग्राम प्रधान वीरेंद्र कुमार निषाद ने पुलिस चौकी नरायनपुर पर दिया। प्रधान ने बताया की गुरुवार रात चोरों ने पंचायत भवन का ताला तोड़ कर उसमे रक्खा कंप्यूटर, मानिटर, सीपीयू, यूपीएस, वैब कैम, बैटरी, इनवर्टर, पिंटर, वाई फाई व कीबोर्ड आदि उठा ले गए। थाना प्रभारी अदलहाट विजय चौरसिया से बात किया गया। उन्होंने उक्त घटना की जानकारी नही होने की बात कहा।

### जीआरपी ने पकड़ा तीन मोबाइल चोर

**मीरजापुर।** रेलवे स्टेशन विन्ध्याचल पर शुक्रवार को संदिग्ध व्यक्तियो व वस्तुओ की चेकिंग के दौरान उपनिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद यादव मय टीम द्वारा रेलवे स्टेशन विन्ध्याचल के प्लेटफार्म न0 2/3 के पास से तीन शातिर आरोपी शुभम पाण्डेय पुत्र रविशंकर पाण्डेय निवासी ग्राम बसारी थाना पडरी, नीतेश पाण्डेय पुत्र शत्रुघन पाण्डेय निवासी ग्राम हुरूआँ आमघाट थाना पडरी, सुन्दरम उपाध्याय पुत्र राजेश उपाध्याय निवासी ग्राम तोसवाँ मोहनपुर पहाडी थाना पडरी को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से चोरी की चार मोबाइल बरामद हुआ।

### कार की चपेट में आने से साइकिल सवार की हुई मौत

**मीरजापुर।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के भावां डढ़िया बाजार में अनियंत्रित होकर कार ने साइकिल सवार को धक्का मारते हुए अनियंत्रित होकर बिजली पोल से जा टकराकर सड़क किनारे पलट गई। कार की चपेट में आने से 53 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंची ने पुलिस शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई। घटना के अनुसार मीरजापुर सोनभद्र मार्ग पर भावां बाजार के पास बसंतपुर पहाड़ी स्थित बलेनो कार राजगढ़ की ओर से मड़िहान बाजार की ओर जा रही थी। इस दौरान मड़िहान से राजगढ़ की ओर जा रहा साइकिल सवार रामफल पुत्र परसोत्तम निवासी सिरोही गणेशपुर थाना करमा जनपद सोनभद्र को जोरदार धक्का मारते हुए अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकराते हुए पलट गई। जिसमें साईकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई। वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का इलाज जिसका इलाज राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है।


सड़क पर पलटी कार

### सचिव पर कमीशन मांगने का आरोप

**चुनार।** विकास खंड सीखड़ के खानपुर ग्राम प्रधान रोमा सिंह ने एसडीएम चुनार को पत्रक देकर आरोप लगाया की ग्राम सभा में न्युक्त सचिव गांव में महीने में एक बार आ जाते हैं, जहां समय निर्धारित नही है। कोई भी भुगतान करने से पहले कमीशन मांगते है। 2021 में पंचायत भवन के मरम्मत निर्माण कार्य में लगभग एक लाख का भुगतान अभी तक नहीं किया गया, जिससे परेशान होकर हार्डवेयर व वेल्डिंग कंपनी के दुकानदारों ने पंचायत भवन में ताला जड़ दिया। पंचायत भवन में अभी तक विद्युत कनेक्शन भी नही कराया गया। जिससे ग्रामीणों को जन्म मृत्यु कुटुंब रजिस्टर आदि नही मिल पा रहा है तथा सचिव के अड़ियल रवैए से ग्राम सभा का विकास कार्य ठप पड़ गया है। गांव ने सफाई कर्मी न्यूक्त नही होने से गांव में सफाई कार्य बाधित हो गया है। गांव में कूड़े का अंबार लगा हुआ है जांच करा कर कार्यवाई करने की मांग की है।

### रैपिड ऐक्शन फोर्स ने किया पैदल मार्च

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में शुक्रवार को रैपिड एक्शन फोर्स की बी-91 बटालियन के जवानों के साथ हलिया पुलिस ने संवेदनशील क्षेत्रों में रूट मार्च निकाला। इस दौरान आरएएफ के अधिकारियों ने क्षेत्र में स्थानीय पुलिस बल के साथ क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति का निरीक्षण किया। आरएएफ के जवानों ने हलिया बाजार, हथेड़ा, गड़बड़ा धाम, राजपुर आदि जगहों पर रूट मार्च कर ग्रामीणों में सुरक्षा का अहसास कराया।

### गांव की समस्या के समाधान के लिए लगाई गई चौपाल

**मीरजापुर।** छानबे ब्लाक के शिवपुर ग्रामों में गांव की समस्या गांव में समाधान बैनर तले पंचायत भवन में शुक्रवार की दोपहर एक बजे चौपाल संपन्न हुई। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने आवास व शौचालय के लिए ग्रामीण परेशान रहे। ब्लाक स्तरीय अधिकारियों ने कहा कि शिकायत पुस्तिका में दर्ज करा दीजिए समस्या का समाधान हो जाएगा। शिवपुर गांव में दलित बस्ती की महिलाओं ने हैंडपंप खराब होने की शिकायत की। सेक्रेटरी ने कहा कि पंद्रह दिन में तीन बार मरम्मत कराया गया है। बुजुर्ग मिठाईलाल ने आवास मुहैया कराने की गुहार लगाई। प्रभारी बीडीओ ने कहा कि नए सिरे से सर्वेक्षण होगा तब सभी को मिल जाएगा। आंगनबाड़ी जल निगम विद्युत सहित विभिन्न कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारी गायब रहे। बीडीओ के मेला ड्युटी में होने के कारण एडीओ एसटी बिंध्यवासिनी पाठक ने चौपाल की अध्यक्षता की।

# विवाह समारोह में आ रहे परिवार पर ब्लेड गैंग ने किया हमला

**मीरजापुर।** बिटिया के विवाह में शामिल होने आ रहे परिवार पर ब्लेड मार गैंग ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हमला कर दिया। गैंग ने 25 हजार नगद और 3 मोबाइल लूटने के साथ ही 6 लोगों को घायल कर फरार हो गए। पीड़ितों ने एक बदमाश को यात्रियों के सहयोग से पकड़ कर जीआरपी पुलिस दिल्ली के हवाले कर यात्रा पर निकल पड़े। सुबह ट्रेन से गंतव्य पर पहुंचने पर जीआरपी थाना में मामला दर्ज कराया। हमले में महिला समेत 6 लोग घायल हो गये थे। देहात कोतवाली क्षेत्र के जमुनहिया स्थित गजानन मंदिर के निवासी शंकर गिरी पुरुषोत्तम एक्सप्रेस से गुरुवार की रात नई दिल्ली से मीरजापुर के लिए पुरुषोत्तम एक्सप्रेस में स्लीपर कोच में रिजर्वेशन कराया था। स्लीपर कोच संख्या तीन में दो से लेकर दस तक आरक्षित था। परिवार के करीब 10 लोग ट्रेन में रात करीब 10:40 बजे दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहुंचे थे। जैसे ही ट्रेन की बोगी के पास पहुंचे कि ब्लेड मार गैंग के बदमाशों ने हमला कर दिया। हमला करके बैग पर ब्लेड मारकर 25 हजार रुपया निकाल लिया। टीम के सदस्य नजर पड़ते ही उन लोगों से गैंग के बीच मारपीट हो गई। यात्रियों के सहयोग से एक बदमाश को दबोच कर जीआरपी नई दिल्ली के हवाले कर दिया गया। इस घटना में रुपेश, संजय, बेबी, नीरज और रितेश आदि घायल हो गए। परिवार का सहयोग करने पर गैंग के लोगों ने कुछ यात्रियों का मोबाइल छीन लिया। मीरजापुर स्टेशन पर शुक्रवार की सुबह ट्रेन पहुंचने पर पीड़ितों ने नई दिल्ली स्टेशन पर हुए वारदात की तहरीर जीआरपी को दिया। जानकारी मिलते ही आरपीएफ उप निरीक्षक संदीप कुमार जीआरपी थाना प्रभारी अनिल त्रिपाठी पीड़ितों से जानकारी लेकर कानूनी कार्रवाई में जुट गए। शंकर गिरी पुत्र पुरुषोत्तम गिरी ने बताया कि वह अपने परिवार के 10 सदस्यों के साथ रात करीब 10:40 बजे पुरुषोत्तम एक्सप्रेस पकड़ने के लिए नई दिल्ली स्टेशन पहुंचे थे। बिटिया का विवाह 25 मार्च को तय किया गया है। पीड़ित परिवार पानीपत में कपड़े का व्यापार करता है जो अपने गृह जनपद मीरजापुर में आयोजित विवाह में वधु के साथ आ रहा था।

**दुस्साहस**

**मोबाइल व 25 हजार लूटने के बाद हमले में 6 लोग घायल**


सूचना देते पीड़ित

## पंचायत भवन पर चौपाल हुई संपन्न

**जिगना।** छानबे ब्लाक के रामपुर व शिवपुर ग्रामों में गांव की समस्या गांव में समाधान बैनर तले पंचायत भवन में चौपाल संपन्न हुई। शिवपुर में आवास व शौचालय के लिए ग्रामीणों ने बात रखी। ब्लाक स्तरीय अधिकारियों ने कहा कि शिकायत पंचायत भवन की शिकायत पुस्तिका में दर्ज करा दीजिए समस्या का समाधान हो जाएगा। ग्राम पंचायत रामपुर में ग्राम चौपाल भारी संख्या में लोग मौजूद रहे, लेकिन किसी ने भी कोई शिकायत नहीं की। उपस्थित लोगों का कहना था कि प्रधान और सचिव के कार्यों से हम लोग संतुष्ट हैं शिवपुर गांव में दलित बस्ती की महिलाओं ने हैंडपंप खराब होने की शिकायत की। सेक्रेटरी ने कहा कि पंद्रह दिन में तीन बार मरम्मत कराया गया है। बुजुर्ग मिठाईलाल ने आवास मुहैया कराने की गुहार लगाई। प्रभारी बीडीओ ने कहा कि नए सिरे से सर्वेक्षण होगा तब सभी को मिल जाएगा। जल निगम विद्युत विभाग सहित विभिन्न कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारी गायब रहे। प्रधान कपिंजल बिंद शिवपुर में सूरज कुमार ने चौपाल की अध्यक्षता की। इस दौरान रामपुर में चौपाल का संचालन तेजतर्रार सचिव बृजेश सिंह व शिवपुर में मुस्ताक अहमद ने संचालन किया। इस दौरान सचिव अखिलेंद्र राज सिंह, शैलेंद्र कुमार, सजला त्रिपाठी, सुरभि, रौशनी सोनकर आदि रही।

# सड़क दुर्घटना में ग्राम सचिव की मौत

**कार्यालय में शोक की लहर**

**कछवां।** विकास खंड मझवां क्षेत्र में कार्यरत ग्राम विकास अधिकारी की सड़क दुर्घटना में मौत हो जाने से शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत कार्यालय परिसर में सन्नाटा पसरा रहा। अचानक मौत की खबर सुनते ही विभाग में शोक की लहर दौड़ पड़ी। बताया गया कि विगत करीब छः वर्षों से ग्राम विकास अधिकारी के रूप में कार्यरत मनोज कुमार बिंद उम्र करीब 53 वर्ष निवासी कोईलरा जनपद भदोही का गुरुवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। बताया गया कि गुरुवार की शाम विकास खंड मझवां क्षेत्र पंचायत कार्यालय से कार्य को निपटाने के बाद मोटर साईकिल से अपने घर को जा रहे ग्राम विकास अधिकारी मनोज कुमार बिंद भदोही जिले के औराई और घोसिया के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंचे ही थे कि सामने से आ रहे बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर ही ग्राम विकास अधिकारी की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों को मौत की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। शुक्रवार को विकास खंड अधिकारी अनिल कुमार राय के नेतृत्व में मृतक आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कार्यालय में होने वाले सभी कार्यों को स्थगित कर दिया गया। इस दौरान क्षेत्र पंचायत प्रमुख दिलीप कुमार सिंह, एडीओ सुधीर कुमार दुबे, विजय प्रताप, भारतनाथ, ग्राम विकास अधिकारी शंभूनाथ मिश्रा, हरिओम, अजय यादव, संतोष सिंह, चंदन गुप्ता, गोविंद, दीपू श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

### लखनऊ से आई टीम ने चेकडैम का किया स्थलीय निरीक्षण

**हलिया।** स्थानीय विकास खंड के बसुहरा गांव स्थित सुसुआड़ नाला व वीरपुर गांव के सुखड़ा नाला पर वर्ष 2021 में बनाए गए चेकडैम का गुरुवार शाम को लखनऊ से आई ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की टीम ने स्थलीय निरीक्षण कर चेकडैम पर कराए गए कार्यों का स्थलीय सत्यापन किया। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिशासी अभियंता टीएसी आर पी चौधरी संयुक्त उपायुक्त उमेश कुमार त्यागी ने बसुहरा गांव में 25 लाख 71 हजार रुपए की लागत से बने चेकडैम का निरीक्षण कर मापी करवाया।

# अलौकिक व दिव्य है मां भंडारी का धाम

## मां के दरबार में आने से भर जाते हैं भक्तों के खाली भंडार

**भारत भूषण त्रिपाठी**

***अहरौरा।*** *अहरौरा भले ही ग्रामीण क्षेत्र के रूप में सीमित हो गया हो लेकिन अहरौरा की जड़े इतिहास से जुड़ी हैं। दस्तावेज बताते हैं कि अहरौरा के रिश्ते गौतम बुद्ध सम्राट, अशोक शिवाजी, वारेन हेस्टिंग, काशीराज, चेत नारायण, हरि नारायण, प्रभु नारायण से जुड़े हैं। इन तमाम रिश्तों का आधार बिंदु मां भंडारी देवी ही रहीं हैं। समय के बदलाव में बहुत कुछ बदल गया कई अदृश्य सुरंगों, गुफाओं, शिलालेखों व प्राकृतिक वैभव को समेटे मां भंडारी की गोंद में बसा अहरौरा मां भंडारी का पहाड़ अभी तक शोध का विषय बना हुआ है। एक चट्टान में माता भंडारी और सूर्य नारायण भगवान सहित भैरव नाथ की मूर्ति चौक और कमरे वाले मंदिर में प्रतिष्ठित है। दूर दूर से माँ भंडारी के भक्तों ने शुक्रवार के दिन चैत्र नवरात्र के महीने में माँ की झलक देखने व माँ भंडारी देवी के चरणों मे हाजिरी लगाकर शीश झुकाया। भंडारी देवी की मूर्ति वाराणसी के विश्वनाथ गली स्थित अन्नपूर्णा माता की मूर्ति से मेल खाती है। भंडारी देवी को अन्नपूर्णा का ही रूप बताया जाता है। इलाके के लोगों के मुताबिक भंडारी माता को वाराणसी के लिए कर्मकांड विद्वानों ने एक बार मंदिर पर अनुष्ठान किया था। अहरौरा क्षेत्र आज भले ही महज एक गांव व नगरपालिका तक सिमटा हो, लेकिन अतीत गौरवशाली रहा है। मां भंडारी देवी के प्रारूप धार के संबंध में कहा जाता है कि कृष्णा अवतार के उपरांत वासुदेव कृष्ण को गोकुल पहुंचकर बदले में करतूत को दिखाने के लिए जिस कन्या रूपी आदि शक्ति को कारागार में ले आए थे वहीं यहां अवतरित हुई हैं। किवदंती के अनुसार उस कन्या का पेट का हिस्सा निकटवर्ती दूर स्थित पहाड़ी के पास राजा कृपाल किले में गिरा जिससे एक कन्या की उत्पत्ति हुई। राजा कर्णपाल ने उसका लालन-पालन अपनी पुत्री के समान किया। उस समय पास के एक पहाड़ी पर मांडव नामक राक्षस रहता था। इसी दिन कन्या ने उसका वध किया और वही पहाड़ी पर ही समाधि हो गई। कहते हैं कि समाधि से पूर्व उन्होंने भंडारा भी कराया था जिसके कारण उनका नाम भंडारी देवी पड़ा। बाद में या भंडारी देवी में तब्दील हो गया कुछ विद्वानों का मत है कि भंडारी देवी किसी राजा की पुत्री थीं, जिसमें राक्षसों और शत्रु से सुरक्षा के लिए अपनी बेटी भंडारी देवी को और आगरा के राजा कर्णपाल के पास छोड़ दिया। अहरौरा में पलने बढ़ने वाली व राजकुमारी आजीवन साधना रत रहे मांडव राक्षस का वध करने के उपरांत उन्होंने और अड्डे के निकट उस पहाड़ी पर वाक्य मंदिर के पास चरणों पर छोटे आकार के नारी पद चिन्ह आज भी मौजूद है। कहा जाता है कि पहले भंडारी देवी नारी की विभिन्न अवस्थाओं का रूप धारण कर निकलती थीं क्षेत्र के कई महिलाओं के साथ उनके साक्षात्कार की बात भी बताई जाती है। भंडारी देवी की मूर्ति वाराणसी के विश्वनाथ गली स्थित देवी अन्नपूर्णा से मिलती जुलती है। नवरात्र के महीने में जिस स्थान पर लाखों की भीड़ होती रहती है। चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन भी भक्तों की भीड़ माँ भंडारी देवी के दर्शन पूजन करने के लिए भीड़ लगी रही। वही साथ मे जमालपुर वीडियो व चुनार के नायब तहसीलदार महिला पीआरडी व पुलिस के जवान ड्यूटी करते नजर आए।*


मां भंडारी देवी

## पोषण पखवारा कार्यक्रम के तहत वितरित किया पोषण पोटली

**जिगना।** विकासखंड छानबे के सभागार कक्ष में शुक्रवार को पोषण पखवारा कार्यक्रम के अंतर्गत पोषण पोटली का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर खंड विकास अधिकारी हरिओम गुप्ता, विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रमुख प्रतिनिधि त्रिभुवन मौर्य, बाल विकास परियोजना अधिकारी छानबे इंदु लता पाठक ने उपस्थित बच्चे व उनके अभिभावकों को पोषण पोटली वितरित किया। इस दौरान काफी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व महिला व बच्चे उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों को खंड विकास अधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा बच्चों के लिए बहुत ही सारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिससे कोई भी बच्चा कुपोषित न रहे। बाल विकास परियोजना अधिकारी ने कहा कि सरकार की जितनी भी परियोजनाएं बाल विकास योजना के अंतर्गत चलाई जा रही हैं, उसे हमारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बखूबी अपने सेंटर पर चला रही हैं। इस दौरान एडीओ एस के विंध्यवासिनी पाठक, कमलेश, शाहीन बानो, रानी सिंह, प्रकाशनी दुबे सहित अन्य महिला उपस्थित रही।

# विश्व क्षय रोग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**मीरजापुर।** जनपदीय स्वास्थ्य समिति द्वारा मझवां विकासखंड अंतर्गत कछवा क्रिश्चियन अस्पताल प्रांगण में विश्व क्षय रोग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम क्षेत्र के विधायक एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ विनोद कुमार बिंद के उपस्थिति में किया गया, जिसमें पूरे बाजार हेतु रैली निकालने के साथ-साथ 39 टीबी प्रभावित रोगियों को गोद भी लिया गया। क्रिश्चियन हॉस्पिटल द्वारा टीबी मरीजों के स्वास्थ्य लाभ हेतु आवश्यकता पड़ने पर अपने पूरे स्टाफ द्वारा रक्तदान करने की भी घोषणा पत्र प्रेषित किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि डॉ विनोद कुमार बिंद द्वारा लोगों से अपील की गई कि आप सभी नियमित दवा करने का कार्य करते रहें एवं किसी भी स्वास्थ्य संबंधी असुविधा महसूस करने पर मुझे अवश्य अवगत कराइएगा, जिससे आपकी परेशानी को दूर करने हेतु मेरे स्तर से प्रयास किया जा सके। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर यू एन सिंह द्वारा मरीजों को सुझाव दिया गया कि आप इस रोग से कदापि ना घबराए बस इसके प्रति जो भी सावधानी है उसे पालन करते रहे आप अवश्य पूर्व की भांति स्वस्थ होंगे। क्षय विभाग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ने अपील करते हुए कहा कि आप सभी कभी भी कहीं भी किसी भी परिचित या अपरिचित को बताए गए लक्षणों से प्रभावित पाते हैं तो उसे एक सच्चे भारतीय नागरिक होनें का परिचय देते हुए सरकारी स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य अवश्य करें, जिससे कि वह व्यक्ति निःशुल्क अपना जांच इलाज कराकर प्रधानमंत्री के 2025 तक देश से टीबी को पूर्ण रूप से समाप्त करने के संकल्प को पूरा करने में योगदान दे सके। इस दौरान कछवां सीएचसी प्रभारी डॉ सीबी पटेल, डॉक्टर आनंद कुमार सिंह, प्रदीप कुमार, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर पंधारी यादव, मनीष श्रीवास्तव, क्रिश्चियन हॉस्पिटल प्रबंधक रामचंद्रम, डॉक्टर जार्ज, राकेश कुमार टीबी चैंपियन, रामपाल व प्रेम कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।


कार्यक्रम को सम्बोधित करते सतीश शंकर

# अन्तरप्रान्तीय तस्कर गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार, 338 किलो गांजा बरामद

**सफलता**

## कूटरचित नंबर प्लेट लगे पिकअप से उड़ीसा से तस्करी कर वाराणसी ले जा रहे थे गांजे की खेप

जनसंदेश न्यूज



पकड़े गये आरोपियों को मीडिया से रूबरू कराते एसपी डा. यशवीर सिंह

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के क्रम में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सदर कोतवाली पुलिस व एसओजी टीम ने कुटरचित नम्बर प्लेट लगी पिकप से मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अन्तरप्रान्तीय गैंग के दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 338 किलो गांजा बरामद करने में सफलता हासिल की है।

आवश्यक कार्रवाई के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों का संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। चुर्क पुलिस लाइन में शुक्रवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में एसपी डा. यशवीर सिंह ने आरोपियों को मीडिया से रूबरू कराते हुए बताया कि सदर कोतवाली पुलिस व एसओजी टीम लोढ़ी टोल प्लाजा के पहले कुटरचित नम्बर प्लेट लगे पिकप की तलासी लिया तो ड्राइवर सीट के पीछे बनी बड़ी रैक से 73 बन्डलों में 338 किलो गांजा बरामद हुआ। इस दौरान वाहन पर सवार चालक समेत दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो दोनों ने अपनी पहचान पुप्पुन हरिजन पुत्र घासीराम हरिजन, निवासी इन्द्रावती, रावतीगुडा, नौरंगपुर उड़ीसा व अनिरुद्ध प्रसाद पुत्र स्व. विश्वनाथ प्रसाद निवासी बतरदेह बनकट (बंकट) बरौली, गोपालगंज, बिहार बताया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि गांजा हम दोनों को चिन्टू हरिजन पुत्र विरेन्द्र हरिजन निवासी इन्द्रावती, थाना रावतीगुडा, जिला नौरंग उड़िसा व चन्द्रमा राय पुत्र अज्ञात, निवासी कोनहला गोपालगंज नें बनारस पहुंचाने के लिए 50000 रुपये में तय करके भेजा है। गाड़ी पीरखान पुत्र गुलाब खान, निवासी मोहम्मद इकबाल खोखर वार्ड नं-4 सुन्दरगंज तेलीपारा धमतारी उड़ीसा की है। हम दोनों उड़िसा से छत्तीसगढ़ तक इस पीकप पर गाड़ी मालिक पीरखान, चिन्टू हरिजन व चन्द्रमा राय के बताये स्थान पर देने के लिए पीकप पर कुटरचित नम्बर प्लेट लगाकर निकले थे तथा छत्तीसगढ़ में कुटरचित नम्बर प्लेट को निकालकर फेक दिया। तथा यूपी का कुटरचित नम्बर प्लेट लगाकर आ रहे थे।

इन्टरनेट से इन दोनों कुटरचित रजिस्ट्रेशन नम्बरों को अपने मोबाइल में लेकर रख लिये थे ताकि पुलिस कहीं पूछे तो दिखा सकें। गाड़ी के ढाले के अगले भाग में ड्राइवर सीट के पीछे एक बड़ी रैक बना रखी है, जिसमें गांजे के पैकेट छिपाकर रखते हैं। एसपी ने बताया कि इस मामले में चिन्टू हरिजन पुत्र विरेन्द्र हरिजन निवासी इन्द्रावती, रावतीगुडा, नौरंग उड़ीसा, चन्द्रमा राय पुत्र अज्ञात, निवासी कोनहला गोपालगंज, बिहार, पीरखान पुत्र गुलाब खान, निवासी मोहम्मद इकबाल खोखर वार्ड नं-4 सुन्दरगंज तेलीपरा धमतारी उड़ीसा की तलाश की जा रही है। उधर पुलिस पकड़े गये आरोपियों के विरूद्ध विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। टीम में सदर कोतवाल बालमुकुन्द मिश्रा, शेषनाथ पाल प्रभारी एसओजी, अतुल सिंह, जगदीश मौर्या, अमर सिंह, सतीश कुमार सिंह, रितेश पटेल, अजीत यादव, प्रेमप्रकाश चौरसिया, प्रकाश सिंह, अमित सिंह, शिवचन्द पटेल, विनय कुमार, दीपक गिरी शामिल रहे।

## चार बाल अपराधी गिरफ्तार, बाइक व कम्प्यूटर उपकरण बरामद

**शक्तिनगर।** अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने चार शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर आधा दर्जन मोटर सायकिल सहित कम्प्यूटर उपकरण बरामद करने में सफलता हासिल की है। बता दें कि पुलिस बीते दिनों हुई बाइक चोरी के खुलासे में लगी थी कि गुरुवार की देर रात मुखबिर से सूचना मिली कि क्षेत्र में पहले हुई कई चोरियों में संलिप्त कुछ लोग कोटा बस्ती बोट प्वाइंट पर इकट्ठा हैं। सूचना पर उपनिरीक्षक राजेश कुमार यादव, उपनिरीक्षक बंशराज यादव उपनिरीक्षक विष्णुदत्त राय कांस्टेबल संतोष कुमार, आदर्श शुक्ला, जय प्रकाश यादव, विनय कुमार, रवि कुमार चौधरी घेरेबंदी कर चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उनकी निशानदेही पर आधा दर्जन बाइक, दो सीपीयू, एक मॉनिटर, एक प्रिंटर बरामद कर लिया। पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम अंकित भारती पुत्र रामलल्लू निवासी निमियाटांड़, करन विश्वकर्मा पुत्र बजरंगी विश्वकर्मा निवासी पीडब्ल्यूडी मोड़, सूरज गिरि पुत्र राजू गिरी निवासी पीडब्ल्यूडी मोड़ एवं सत्यम सिंह पुत्र उमाशंकर सिंह निवासी कुबेर नगर, पीडब्ल्यूडी मोड़, शक्तिनगर बताया। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सभी का चालान कर दिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों पर पूर्व में चोरी सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज है यह कई बार जेल जा चुके हैं यह आदतन अपराधी किस्म के हैं।

## संक्षेप

### धोखाधड़ी मामले में दो गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी

**बीजपुर।** अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस टीम ने धोखाधड़ी व अभिलेखों में हेराफेरी कर लाखों रुपए के गबन करने के मामले में रोहित राज पुत्र उमाशंकर व उमाशंकर पुत्र भोलानाथ निवासीगण ग्राम बखरिहवां अंजानी, बीजपुर को बकरिहवां बाजार से गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### कार्यकर्ताओं को दिया चुनाव फतह का मंत्र

**डाला।** डाला मंडल के शक्ति केंद्र प्रथम व शक्ति केंद्र नौटोलिया बूथ बसुधा पर शुक्रवार को बूथ सशक्तिकरण अभियान में डाला मंडल के विस्तारक व पूर्व जिलाध्यक्ष डा. धर्मवीर तिवारी ने कार्यशाला के दौरान पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए बूथ मजबूत करके चुनाव जीतने का मंत्र दिया। कहा कि भाजपा ही ऐसा राजनीतिक दल है, जो चुनाव हो या न हो वह निरंतर काम करता है। हमारा नेता बूथ अध्यक्ष ही होता है, जो बूथ स्तर की समस्याओं को उपर तक पहुंचाता है। भाजपा ही ऐसी पार्टी है जिसमें सभी वर्ग संप्रदाय का विशेष ख्याल रखा जाता है। कहा कि हर बूथों पर 11 सदस्यीय टीम बनाई जा रही है। डाला मंडल के 49 बूथ व 10 शक्ति केंद्र प्रभारी बनाए गए हैं, जिनको पूरी सूची तैयार करने व पन्ना प्रमुख बनाने और बूथ को आदर्श बूथ बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दीपक दुबे ने बताया कि सरकार की योजनाओं का पूर्ण लाभ गरीबों को मिल सके, इसके लिए हर कार्यकर्ता बूथ स्तर पर लाभार्थियों की सूची तैयार करें और उनकी समस्याओं का निदान कराना उनकी जिम्मेदारी है। इस मौके पर कामदेव चेरो, राजेश पटेल, संतोष कुमार, मुकेश जैन, महेश सोनी, विशाल कुमार, गिरीश तिवारी, रिशु जायसवाल, अमरेश उपाध्याय, उमाशंकर चेरो, आनंद उपाध्याय, हृदय नारायण, जितेंद्र, हीरावती देवी समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। संचालन जय प्रकाश निषाद ने किया।

### सहायता के लिए कार्यालय में संपर्क करें दिव्यांगजन

**सोनभद्र।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विद्या देवी ने बताया कि प्रदेश के दिव्यांगजन द्वारा बनाये गये चित्रों, हस्तकला आदि सहित उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिये प्रदर्शनी व कार्यशालाओं हेतु धनराशि सहायता के रूप में उपलब्ध कराना, दिव्यांगजन जिनका खेल, ललित कला, संगीत, नृत्य, फिल्म, साहित्य जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हो, उन्हें राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय आयोजनों में प्रतिभाग किये जाने एवं खेल आयोजन हेतु वित्तिय सहायता उपलब्ध कराना, दैनिक जीवन के गतिविधियों को बेहतर बनाने के लियें बैंच मार्क दिव्यांगता के व्यक्तियों को उच्च सहायता वाले उपकरण क्रय हेतु वित्तीय सहायता देने, दिव्यांगजन जो गम्भीर बीमारियों से ग्रसित हों अथवा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से अच्छादित न हो, ऐसे दिव्यांगजन चिकित्सा हेतु वित्तीय सहायता प्राप्त करने हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय जिला दिव्यागंजन सशक्तीकरण अधिकारी कमरा नम्बर 11 विकास भवन लोढ़ी में सम्पर्क करना सुनिश्चित करें।

### सिंचाई विभाग की भूमि से हटेगा अवैध कब्जाः एसडीएम

**दुद्धी।** कनहर सिंचाई परियोजना के अभियंताओं के साथ बैठक कर उपजिलाधिकारी एसपी सिंह ने सिंचाई विभाग की जमीन पर कब्जे के बाबत जानकारी ली। इस दौरान अवर अभियंता नन्दलाल ने बताया कि विभिन्न स्थानों पर सिंचाई विभाग की जमीन पर कब्जा कर मकान बनाकर दुकान चलाया जा रहा है। पुलिस चौकी के समीप निर्माणाधीन प्राथमिक विद्यालय के पास अवैध कब्जे होने से बाउंड्री वाल का निर्माण प्रभावित है। इस दौरान कब्जाधारी से वार्ता कर अवैध कब्जा हटाने की बात कही गई, जिस पर अलाउद्दीन ने सिंचाई विभाग की भूमि पर हुए निर्माण को स्वयं एक सप्ताह के अंदर तोड़ कर खाली करने पर सहमति दी। एसडीएम ने मीटिंग के दौरान कहा कि सिंचाई विभाग की भूमि पर हुए अवैध कब्जे हटाकर भूमि सिंचाई विभाग के हाथों दिया जाएगा, ताकि परियोजना का कार्य प्रभावित न हो।

### युवक ने लगाई फांसी, मौत

**दुद्धी।** कोतवाली क्षेत्र के रजखड़ ग्राम में बीती रात एक युवक ने अपने ही घर के बल्ली में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वीरेंद्र कुमार( 33)पुत्र ओमकार नाथ अपने घर में गुरुवार रात्रि किसी भी समय फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली शुक्रवार सुबह जब मृतक के पिता घर की साफ सफाई कर रहे थे तो देखा कमरा खुला है और लड़का रस्सी के सहारे फासी पर झूल रहा है।घटना से परिजनों में कोहराम मच गया ।घटना की सूचना पर हल्का दरोगा दिग्विजय सिंह ने घटना स्थल पहुंच कर मौका का निरीक्षण किया और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।युवक ने फांसी क्यों लगाई इसका खुलासा खबर लिखे जाने तक नहीं हो सका था।

### 27 को दिव्यांगों को वितरित होंगी ट्राई साइकिल व व्हील चेयर

**दुद्धी।** दिव्यांग जन सशक्तिकरण योजना के तहत दुद्धी ब्लाक क्षेत्र के करीब 63 लाभार्थियों को ट्राई साइकिल, व्हील चेयर , कान की मशीन व स्मार्ट केन 27 मार्च को वितरित किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए समाज कल्याण विभाग के प्रभारी एडीओ मनोज कुमार ने बताया कि ब्लाक क्षेत्र दर्जनों गावों से दिव्यांग लाभार्थियों के आवेदन प्राप्त हुए है जिसके जांचोपरांत करीब 63 लाभार्थियों को विभिन्न दिव्यांग उपकरण वितरित किए जाएंगे जिसमे व्हिल चेयर 50 लाभार्थियों को 27 मार्च को ब्लाक सभागार में वितरित किया जाएगा जिसकी तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

### केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का आगमन आज

**सोनभद्र।** हरदीप सिंह पुरी केन्द्रीय मंत्री हाउसिंग एण्ड अर्बन अफेयर्स, एण्ड नेचुरल गैस शनिवार को जनपद भ्रमण पर आ रहे हैं। वे वाराणसी एयरपोर्ट से स्टाप कार द्वारा दोपहर 12:00 बजे सोनभद्र के लिए प्रस्थान करेंगे। जनपद के विकास कार्यों से सम्बन्धित बैठक कलेक्ट्रेट के सभागार में करेंगे। वहीं विशिष्ट स्टेडियम तियरा में 4 दिवसीय आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में छात्र-छात्राओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र वितरित करने के बाद सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता करेंगे।

## तेंदुआ आने की सूचना पर पूरी रात निगरानी करती रही वन विभाग की टीम

**म्योरपुर।** स्थानीय रेंज के हरहोरी, करकोरी व बभनडीहा गांव से सटे लाइरा के जंगल में तेंदुआ आने की सूचना पर रात भर वन विभाग की टीम निगरानी कर ग्रामीणों को जागरूक करती रही और जंगल की तरफ न जाने की हिदायत दी। वन दरोगा विजेंद्र कुमार ने बताया कि चरवाहों की जानकारी के आधार पर यकीन कर जंगल से सटे कुंडाडीह, हरहोरी, परनी व बभनडीहा के ग्रामीणों को सचेत कर उन्हें जागरूक किया गया, लेकिन चरवाहों के अलावा किसी भी व्यक्ति ने तेंदुआ को नही देखा। बभनडीहा व देवरी में तीन बकरियों को उठाने वाले जानवर के बारे में विभाग ने जानकारी जुटाई तो पता चला कि लकड़बग्घा ने बकरियों का शिकार किया है। तेंदुआ के पदचिन्ह भी कही नही पाए गए। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि यदि कोई भी खूंखार जंगली जानवर दिखे तो तत्काल विभाग को सूचित करें। अकेले जंगल मे न जाएं। बता दें कि कुछ दिनों पूर्व डढ़ीहरा के जंगल में शिकारियों के फंदे में फंसकर एक तेंदुए की मौत हो गयी थी। वन दरोगा ने कहा कि ग्रामीणों को सचेत कर दिया गया है।

# रहवास की स्थाई व्यवस्था हुए बगैर नहीं उजाड़े जाएंगे गरीबः भूपेश

**दिया निर्देश**

### करमाव के ग्रामीणों का दुखड़ा सुन विधायक ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को लगाया फोन

जनसंदेश न्यूज



ग्रामीणों की फरियाद सुनते सदर विधायक भूपेश चौबे

**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज विधान सभा क्षेत्र के करमाव स्थित निसोगी डाक बंगला के समीप धंधरौल बांध सड़क किनारे झोपड़ी व गुमटी लगाकर परिवार का पालन पोषण करने वालों के खिलाफ कैनाल विभाग द्वारा जारी नोटिस स लोगों में हड़कंप मच गया है। शुक्रवार को लोगों ने सदर विधायक भूपेश चौबे के आवास पहुंच कर अपनी फरियाद रखा।

विधायक से मिलने पहुंचे लोगों का कहना था कि हम लोगों को उजाड़ा जा रहा है जबकि उनका पास इन्हीं झोपड़ी व गुमटी में चाय-पान की दुकान ही जीविकोपार्जन का साधन है। लेकिन सिंचाई विभाग द्वारा नोटिस दिए जाने से परेशान हैं। इस बारे में सदर विधायक ने कैनाल विभाग के उच्चाधिकारीयों से वार्ता कर मामले का निस्तारण करने का निर्देश दिया।

कहा कि किसी भी दशा में झुग्गी झोपड़ी वालों को न उजाड़ा जाये, क्योंकि उनका एक मात्र रोजगार का साधन वहीं है। बांध से गुजर रही सड़क कई गावों को जोड़ती है इसके अलावा चंद्रकांता के विजयगढ़ दुर्ग जाने को यहीं से सड़क निकली है। ऐसे में वे लोग चाय-पान की दुकान खोलकर अपनी जीविका चला रहे हैं ऐसे में उन्हें बांध के किनारे से हटाने के पूर्व स्थायी रहने की व्यवस्था करना अनिवार्य है। उन्होंने उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर स्थायी व्यवस्था की बात कही।

# पूर्व मध्य रेलवे धनबाद की टीम चला रही अभियान,16 गिरफ्तार

**कार्रवाई**

### चेन पुलिंग कर ट्रेन रोकने वालों की धर-पकड़ का चल रहा ऑपरेशन



**चोपन।** पूर्व मध्य रेल धनबाद द्वारा बिना पर्याप्त कारण अवैध रूप से चेन पुलिंग करके रेल गाड़ियों को जहां-तहां रोकने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जाती रही है। इसी क्रम पूर्व मध्य रेल के सुरक्षा बलों द्वारा ऑपरेशन समय पालन के तहत ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है, ताकि ट्रेनें अनावश्यक रूप से विलंब ना हो। अभियान में पिछले 6 दिनों में रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल, धनबाद के विभिन्न रेलखंडों में बिना उचित कारण के चेन पुलिंग करने के आरोप में16 लोगों को हिरासत में लिया गया।

इनके विरूद्ध रेल अधिनियम की धाराओं में कार्रवाई की गई। विदित हो कि गाड़ियों को बिना ठहराव एसीपी चेन पुलिंग करके रोकने के कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लंबी दूरी वाली गाड़ियों में सफर करने वाले यात्री एसीपी के कारण और ज्यादा परेशान हो जाते हैं। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पूर्व मध्य रेल द्वारा यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।

# लाइलाज बिमारी नहीं है टीबी

जनसंदेश न्यूज

**क्षय रोग दिवस**

### विश्व क्षय रोग दिवस पर रैली निकाल कर लोगों को किया गया जागरूक

### नियमित इलाज से होती है ठीक

**सोनभद्र।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व क्षय रोग दिवस 24 मार्च को मनाया गया। इस अवसर पर विशाल रैली का आयोजन साई हॉस्पिटल एण्ड स्कूल ऑफ नर्सिंग एवं कीर्ति इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकाली गयी। मुख्य चिकित्साधिकारी डा आरजी यादव, जिला क्षय रोग अधिकारी डा प्रेम नाथ एवं विधायक प्रतिनिधि विकास मिश्रा द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली शहर के विभिन्न गलियों से होते हुए जिला क्षय केन्द्र पर एक गोष्ठी के रूप में बदल गयी। प्रभारी मुख्य चिकित्सा ने कहा कि आज से पूरे देश में टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम की शुरूआत भी की जा रही है। टीबी लाइलाज बीमारी नहीं है, इससे घबराएं नहीं। समय से इलाज शुरू हो जाने और नियमित दवा का पूरा कोर्स कर लेने से यह बीमारी पूरी तरीके से ठीक हो जाती है। इलाज को बीच में छोड़ देने से यही बीमारी और गंभीर हो जाती है। जिला क्षय रोग अधिकारी ने कहा कि पीड़ित व्यक्ति के खांसने, छीकने से दूसरे स्वस्थ व्यक्ति को यह बीमारी लग जाती है। छोटे स्कूली बच्चे इस बीमारी के शिकार जल्दी हो जाते है। इधर-उधर थूकने तथा साझा तौलिया, रूमाल, चादर आदि का प्रयोग करने से भी इस बीमारी को बढ़ावा मिलता है। किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक समय से खांसी आ रही हो, शाम से बुखार चढ़ता हो, सीने में दर्द, खांसी के साथ खून आना आदि इसके प्रमुख लक्षण हैं। यदि समय पर लगातार इलाज नहीं कराया जाए तो यह बीमारी शरीर के अन्य अंगों में भी फैल जाती है। उन्होंने बताया कि पलमोनरी टीबी एक वर्ष में 8 से 10 नए रोगी बना देता है। लगातार 6 से 8 महीने तक दवा खाने से टीबी की बीमारी पूरी तरह से ठीक हो जाती है। टीबी की जांच एवं इलाज स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क किया जाता है। इलाज के दौरान पौष्टिक आहार के लिए 500 रुपये प्रतिमाह मरीजों को उनके खाते में डीबीटी के माध्यम से दिया जाता है। जनपद में 11 टीबी यूनिट, 26 बलगम जांच केन्द्र,1093 ट्रीटमेण्ट सेण्टर क्रियाशील हैं। वर्तमान में 1838 रोगी इलाजरत हैं। 18 क्षय रोगियों को विभिन्न स्वयं सेवी संस्थाओं रेड क्रास सोसायटी, लायन्स क्लब, जन प्रतिनिधियों तथा जनपद में विभिन्न विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने गोद लिया है।



# रमजान माह शुरू, रोजेदारों ने अदा की जुमे की नमाज

**माहे रमजान**

### एक माह तक चलेगा पवित्र रमजान,लोगों में दिखा उत्साह



डाला जामा मस्जिद में सुरक्षा व्यवस्था में तैनात चौकी प्रभारी

**सोनभद्र/डाला।** जिले में माहे रमजान की शुरूआत हो गई। यह पर्व एक माह तक चलेगा लोगों ने शुक्रवार को पहला रोजा रखा और मस्जिदों में नमाज अदा किया। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक बंदोस्त किए गए थे। रावट्र्सगंज नगर की मस्जिदों में भारी संख्या में रोजेदारों ने नमाज अदा किया। सूर्यास्त के बाद रोजा खोला गया। उधर डाला संवाददाता के अनुसार स्थानीय जामा मस्जिद में रमजान पर्व के पहले जुमे पर अकीदत के साथ नमाज अदा कर देश में अमन चैन के लिए दुआएं मांगी गई। रमजान का महीना पवित्र माना जाता है। रमजान में पूरे महीने लोग सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक रोजा (बिना अन्न जल के बिना उपवास) रखते हैं। रमजान पर्व का पहला रोजा जुमे शुक्रवार को पड़ने के कारण मुश्लिम भाईयों में नमाज करने के दौरान उत्साह देखने को मिला। रमजान का महीना इस्लामिक कैलेंडर का नौंवा महीना होता है, इसे पाक और अल्लाह की इबादत का महीना कहा जाता है। रमजान में सभी मुसलमान रोजा रखते हैं और अल्लाह की इबादत करते हैं। रोजा में केवल उपवास ही नहीं होता बल्कि इस दौरान ज्यादा से ज्यादा समय इबादत की जाती है और दिल, दिमाग, शरीर सभी को पाक रखा जाता है, अल्लाह उनकी रोजे की हिफाजत भी करता है। इस मौके पर सलामत, आमिल बेग, शाकीर, जाकीर, शहनवाज शाह, सुएब खान, लाडले, शैयद, इकबारू, फिरोज खान, रियाज खान, हाजी गुलाम रसूल समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। मस्जिद पर सुरक्षा व्यवस्था में चौकी प्रभारी अरविंद गुप्ता मय फोर्स तैनात रहे। इसी तरह, रामगढ़, घोरावल, सुकृत, शाहगंज, चोपन, ओबरा, शक्तिनगर, अनपरा आदि स्थानों पर संख्या में रोजोदारों ने मस्जिदों में पहुंचकर जुमे की नमाज अदा किया।

## राज्य स्तरीय बाल कहानी प्रतियोगिता में दो शिक्षकों का चयन

**सोनभद्र।** जनपद के शिक्षिका गायत्री त्रिपाठी और नवाचारी शिक्षक कमलेश कुमार गुप्त का चयन राज्य स्तरीय बाल कहानी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। महानिदेशक स्कूली शिक्षा एवं राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ के निर्देश पर राज्य हिंदी संस्थान वाराणसी द्वारा आयोजित बाल कहानी प्रतियोगिता में जनपद के दोनों शिक्षकों के चयन पर प्राचार्य डायट, ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिवंश कुमार व खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिंह ने बधाई दी है। शिक्षकों द्वारा सोनभद्र में बोले जाने वाली स्थानीय बोली में बाल कहानी की रचना की गई थी। विभाग के इस प्रतियोगिता के पीछे मानना है कि बच्चों को उनके स्थानीय बोली में कहानी विधा से शिक्षण के जरिए जल्द ही मुख्य धारा से जोड़ते हुए मानक भाषा सिखाई जा सकती है। दोनों शिक्षकों के चयन पर शिक्षक राजकुमार सिंह, अनिल सिंह, नीरज सिंह, आलोक सिंह, दिलीप सिंह, आकांक्षा यादव, सोनाली मजूमदार, पूजा तिवारी, साधना सारंग, कौसर सिद्धकी, शीतल, कोमल साहू, वर्षा वर्मा, बबिता सिंह आदि ने बधाई दी है।

# वैष्णो मंदिर में श्रद्धालुओं ने लगाई हाजिरी



वैष्णो मंदिर में मंगला आरती करते पुजारी व उपस्थित लोग

**डाला।** वैष्णो मंदिर में शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन शुक्रवार को कल्याणकारी मां दुर्गा स्वरूप चंद्रघंटा देवी के दर्शन-पूजन की धूम मची रही। मंदिर में सुबह से ही दर्शन-पूजन का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। सुरक्षा व्यवस्था में डाला चौकी प्रभारी अरविंद गुप्ता मय फोर्स मौजूद रहे।

भक्तों द्वारा देवी का जयकारा लगाने से आसपास का वातावरण देवी मय बना रहा। वैष्णो मंदिर में मंगला आरती के बाद माता रानी के दर्शन को कपाट खोल दिया गया। माता की पिंडी दर्शन के लिए सुबह से ही लोगों का तांता लगा रहा। वैष्णो मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित श्रीकांत तिवारी ने बताया कि पावन नवरात्रि के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की उपासना की जाती है।

मैया का का स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है, मां चंद्रघंटा का रूप बहुत सौम्य है मां के मस्तक में घंटे के आकार का अर्द्धचंद्र है, इसलिए मां को चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। मां के दिव्य स्वरूप का ध्यान करने से हर तरफ सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो जाता है। मां को लाल रंग के फूल अर्पित करें मखाने की खीर का भोग लगाना शुभ माना जाता है। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष मुकेश गर्ग ने बताया कि रविवार की सायं सात बजे भव्य माता की चौकी जागरण का होगा।

## वासंतिक नवरात्र : तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की हुई उपासना, लगे जयकारे

**सोनभद्र।** सोनांचल में वासंतिक नवरात्र के तीसरे दिन शुक्रवार को देवी मंदिरों में मां के चंद्रघंटा स्वरूप की उपासना की गयी। मंदिरों में भक्तों ने मत्था टेक माता को नारियल, चुनरी, फल, फूल चढ़ाकर मंगल जीवन की कामना की। इस दौरान जगह-जगह भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने अपने मन की मुराद पूरी करने के लिए मां के चरणों में शीश नवाया। नगर के प्राचीन मां शीतला मंदिर, सातो शीतला मंदिर, प्रकटेश्वरी भवानी मंदिर मुठेर, दक्षिणेश्वरी काली मंदिर समेत तमाम देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ना शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन के लिए लाइन लगाकर अपनी बारी का इंतजार किया। बाद भक्तों ने मां के चरणों में मत्था टेककर अपने मंगल जीवन की कामना किया। भक्तों को माता रानी के दर्शन में किसी तरह की समस्या न आने पाए, इसके लिए मंदिर कमेटी व पुलिस बल मुस्तैद रहा। मंदिरों के आस-पास बैरिकेटिंग किया गया था। इसी तरह रामगढ़ क्षेत्र में शीतला मंदिर और नौगढ़ स्थित अमरा भगवती धाम में नवरात्र के तीसरे दिन माता के दर्शन को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा रहा और माता के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा।

## किशोरी से छेड़खानी के मामले में मुकदमा दर्ज

**ओबरा।** स्थानीय थाना अंतर्गत एक टोले में रह रही एक किशोरी से जबरन घर में घुसकर छेड़छाड़ व अश्लील हरकत करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। पीड़ित किशोरी के परिजनों ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है, कि पड़ोस में रह रहे युवक प्रियांशु वर्मा द्वारा बीते 22 मार्च की शाम लगभग सात बजे घर में जबरन घुस गया। घर में घुसने के बाद उक्त युवक उनकी नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड़ करते हुए अश्लील हरकत करने लगा। किशोरी के विरोध व हल्ला करने पर उसकी मां भी मौके पर पहुंच गयी। पीड़िता की मां को देखते ही उक्त युवक उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश मिश्रा ने बताया कि पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ आईपीसी की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सड़क दुर्घटनाओं में बाइक सवार तीन युवकों की मौत

**दुखद**

## ट्रैक्टर के धक्के से विशुनपुरा गांव के दो युवकों की मौत

## मरकनिया जमालपुर गांव के बीच आमने सामने बाइक की टक्कर



सकलडीहा हादसे में मौत के बाद विलाप करते परिजन।

**सकलडीहा।** अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गयी। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम कराने के बाद शव परिजनों को सौप दिया। बलुआ घाट पर शव का परिजनों ने दाह संस्कार किया। विशुनपुरा गांव के स्व. रामलाल राजभर का पुत्र 22 वर्षीय शिवकुमार उर्फ भोला राजभर गांव के पुनवासी राजभर के पुत्र 40 वर्षीय जितेन्द्र के साथ सकलडीहा गुरूवार की देर शाम साढ़े सात बजे आ रहा था। सकलडीहा से तेज रफ्तार में पुआल लादकर जा रही ट्रैक्टर के धक्के से दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में पुलिस ग्रामीणों की मदद से सीएचसी भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल भेज दिया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। दूसरी ओर मरकनिया गांव के समीप दो बाइक सवार की आमने सामने टक्कर हो गयी। जिसमें महरखा गांव निवासी 25 वर्षीय दुवार्शा गौतम पुत्र रमेश की मौत हो गयी। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। इस बाबत कोतवाल विमलेश कुमार मौर्य ने बताया कि शव का पीएम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर व क्षेत्रीय विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव ने घटना पर शोक संवेदना प्रकट करते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया।

## दुर्वासा के शादी की खुशी मातम में बदली

**सकलडीहा।** महरखा निवासी रमेश राम के तीन पुत्र अर्जुन गौतम, दुवार्शा गौतम और किशन गौतम है। बड़ा बेटा अर्जुन गौतम की चार माह पूर्व बिमारी से मौत होगयी थी। दर्वासा की शादी एक अप्रैल को तय था। शादी को लेकर तैयारी चल रहा था। परिजनो को क्या पता कि शादी की तैयारी मातम में बदल जायेगा। यह सुनकर राजगीर मिस्त्री पिता रमेश माता निठोहर देवी भाई किशन गौतम का रोते रोते बुरा हाल था।

## एक साथ गांव से निकला चाचा भतीजे का शव

**सकलडीहा।** विशुनपुरा गांव निवासी मृतक शिवकुमार उर्फ भोला और रिश्ते में चाचा जितेन्द्र की एक साथ गांव से शव निकलने पर गांव में कोहराम मच गया। शिव कुमार की पत्नी सावित्री देवी माता मूखा देवी भाई रामअशीष बहन रेखा व मृतक जितेन्द्र के भाई दारा पिता पुनवासी भाभी सीमा और 5 वर्षीय पुत्र शनि का रोते रोते बुरा हाल था।

# रोजा इफ्तार के बाद मांगी अमन-चैन की दुआ



परिवार के साथ रोजा इफ्तार करते मुस्लिम बंधु।

**चंदौली।** बरकम व रहमत की पाक महीना रमजान शुरू हो गया। शुक्रवार को मुस्लिम बंधुओं ने पहला रोजा रखा और मगरीब बाद परिवार के साथ मिलकर रोजा इफ्तार किया। बाद नमाज परिवार की तरक्की व सुखी के साथ-साथ देश में अमन-चैन कायम रखने के लिए दुआ की। विदित हो कि माह-ए-रमजान का मुस्लिम बंधु पूरे साल बेसब्री से इंतजार करते हैं। शुक्रवार को सुबह सेहरी के साथ ही मुस्लिम बंधुओं ने पहला रोजा रखा। शाम को सूर्यास्त होने के बाद अजान होते ही मुस्लिम बंधुओं ने घर में बने लजीज पकवानों से रोजा खोला और इसके बाद नमाज अदा कर दुआ की। इसे लेकर पूरे दिन लोगों में उत्साह दिखा। रोजा इफ्तार के मद्देनजर महिलाएं शाम से ही रसोई में लजीज पकवानों को तैयार करने में जुटी रही। पहला रोजा होने के कारण बड़ों के साथ ही बच्चों ने भी रोजा रखा और परिवार के साथ इफ्तार करने के साथ ही पूरी शिद्दत के साथ ही इबारद की और दुआ मांगी। चंदौली नगर सहित जनपद के कस्बाई व ग्रामीण इलाकों में मस्जिद मुस्लिम बंधुओं से गुल्जार रहे। मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में चहल-पहल नजर आयी।

**संक्षेप**

### भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को दी श्रद्धांजलि



गुरूद्वारा साहिब परिसर में श्रद्धांजलि देने के लिए जुटे लोग।

**डीडीयू नगर।** जीटी रोड गुरुद्वारा साहिब परिसर में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं नगर की अग्रणी संस्था चढ़दीकला कार सेवा संस्था के सयुंक्त तत्वाधान में हुए एक कार्यक्रम में शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को आज शहीद दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी, जिसमें गुरुद्वारे साहिब की काफी संगत उपस्थित रही, श्रद्धांजलि कार्यक्रम में आए हुए लोगों ने महान शहीदों के बारे में अपने अपने विचार रखे और देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ निछावर कर देने वाले इन क्रांतिकारियों के योगदान को याद किया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुरुद्वारा साहिब के प्रधान रंजीत सिंह शम्मी जनरल सेक्रेटरी महिंदर सिंह, चढ़दीकला कार सेवा संस्था के अध्यक्ष सतनाम सिंह सचिव मनमीत सिंह राजन, हैप्पी सिंह, राजा सिंह, विराज गुप्ता, पृथ्वी सिंह, सुखविंदर सिंह और समाज के सम्मानित पुरुष एवं महिलाएं उपस्थित रही।

### चंदाइत पंचायत भवन का ताला तोड़कर चोरी

**नियामताबाद।** विगत रात्रि को चंदाइत गांव में अज्ञात चोरों ने पंचायत भवन के पिछले शटर का ताला तोड़कर कंप्यूटर, कैमरा व तीन वीआईपी कुर्सी सहित अन्य सामान की चोरी कर ली। बताते हैं कि बबुरी क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरियों से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। बबुरी थाना क्षेत्र के चंदाइत गांव में अज्ञात चोरों ने पंचायत भवन का गेट का ताला तोड़कर कंप्यूटर, एलईडी टीवी, कैमरा, तीन वीआईपी, दो बैटरी, इन्वर्टर, कुर्सी सहित अन्य सामान चोरी कर ली। वहीं गांव के लोगों ने सुबह टहलते वक्त शटर का ताला टूटा देख ग्रामीणों के होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना ग्राम प्रधान को दी। वही ग्राम प्रधान रामआसरे सिंह ने बताया कि बबुरी थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। इस संबंध में बबुरी थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा पंचायत भवन चोरी की शिकायत की है, जिसमें रजिस्टर भी गायब है, इस मामले में जांच की जा रही है।

### विश्वकर्मा समाज का होली मिलन समारोह सम्पन्न

**चहनियां।** बलुआ स्थित विश्वकर्मा मन्दिर परिसर में अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा के तत्वावधान में विश्वकर्मा आर्मी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंदन विश्वकर्मा के आह्वान पर होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें लोग एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी। इस अवसर पर जिला महासचिव ललित विश्वकर्मा ने कहा कि होली जैसे बड़े त्यौहार पर दुश्मन भी अपने हो जाते है। यह वर्षों से परम्परा चली आ रही है। हमारे समाज की तरफ से हर वर्ष इसका आयोजन होगा। इसका उद्देश्य अपने समाज मे फैले द्वेष को दूरकर लोगो को एक धागे में पिरोने का कार्य किया जायेगा। इस अवसर पर धीरज विश्वकर्मा, आकाश, अवि, चंदन, विशाल, रविकांत, भोला, शिवम, रामकिशोर, गोलू, बिकास आदि समाज के लोग उपस्थित थे।

### ट्रैक्टर का गुल्ला टूटा, सड़क पर बिखरा बालू

**चहनियां।** नौबतपुर से आ रहे बालू लदे ट्रैक्टर का गुल्ला बिसुनपुरा के पास टूटने से बालू सड़क पर बिखर गया। हालांकि पुलिस व ग्रामीणों की मदद से ट्रैक्टर को एक तरफ हटाया गया। नौबतपुर से बालू लदी ट्रैक्टर पर ड्राइवर उमेश कुमार सैदपुर जा रहा था। अचानक ट्रैक्टर ट्राली का गुल्ला टूट गया, जिससे पहिया निकलकर छटक गया। बालू मार्ग पर बिखर गया। पुलिस व ग्रामीणों की सहयोग से ट्रैक्टर को एक तरफ करके बालू हटाया गया।

### रैली का आयोजन आज

**शहाबगंज।** बहुजन मुक्ति मोर्चा के तत्वावधान में आयोजित रैली का आयोजन अमरसीपुर ईदगाह के पास शनिवार की दोपहर में किया गया है। जहां मुख्य वक्ता वामसेफ के संस्थापक वामन मेश्राम है। यह सूचना एकौना गांव के प्रधान बदरुद्दोजा अंसारी ने दिया।

### जागरूकता रैली निकालकर आमजन को किया जागरूक




टीबी जागरूकता रैली निकालते यथार्थ नर्सिंग कालेज के छात्र-छात्राएं।

**चंदौली।** विश्व टीबी दिवस के अवसर पर शुक्रवार को यथार्थ नर्सिंग कॉलेज एंड पैरामेडिकल इंस्टिट्यूट के छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली। इसके माध्यम से टीबी के इलाज, बचाव और प्रारंभिक पहचान के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देकर जागरूक किया। इस मौके पर प्रोफेसर डा.एसके भारती ने टीबी के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने रोग के लक्षण, बचाव, ईलाज के बारे में जानकारी दी। साथ ही उपचार में नर्स की भूमिका और कर्तव्य के बारे में बताया। रैली के बाद सभागार में प्रहसन और नाटक के माध्यम से प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय प्राप्त छात्र को पुरस्कृत निदेशक डा.धनंजय सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रिंसिपल डा. जेनेट जे, वाईस प्रिंसिपल डा.खुशबू यादव, प्रो वर्तिका सिंह, सोनी चौहान, सूर्यकांत तिवारी, वीरेंद्र सिंह, अभय कुमार ओझा, शालिनी श्रीवास्तव, रिंकू कुमारी, विशाल दूबे, अनुराधा प्रजापति, वंदना पाठक, विकास यादव, अभिषेक पांडेय, पल्लवी यादव, गुंजन तिवारी, रितु देवी उपस्थित रहीं। संचालन रवि कुमार ने किया।

# बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने से मिलेगी जीतः प्रभु नारायण

जनसंदेश न्यूज



बूथ स्तर के पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव।

**सकलडीहा।** समाजवादी पार्टी के विधानसभा कार्यालय पर शुक्रवार को बूथ स्तर के पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। आगामी दिनों होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर बूथ स्तर की संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस दौरान केन्द्र प्रदेश सरकार की तानाशाही के खिलाफ जमकर भड़ास निकाला। विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव ने कहा कि देश में इमरजेंसी जैसी हालत है। सड़क पर उतरना तो दूर लोकतांत्रिक ढ़ग से की बात कहने की छूट नहीं है।

सत्ता पक्ष का खुलेआम दुरूपयोग किया जा रहा है, लेकिन समाजवादी इन धमकियों से डरने वाले नही है। लोकतंत्र का परचम लहराने के लिये संगठन के कार्यकताओं को कमरकस कर तैयार रहने की जरूरत है। लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी के पदाधिकारियों को संगठन की मजबूत करने पर जोर दिया। अंत में कार्यकताओं को समय रहते वोट बढ़ाने और बूथ व सेक्टर संगठन को मजबूत करने का आवाहन किया। इस मौके पर लक्ष्मण पासवान, धनंजय यादव, अनिल चौहान, तेजू यादव, महेन्द्र पाल, बिरबल चौहान, भोला यादव, सिंटू, सुरेन्द्र यादव, चंदन, रामधनी, केदार यादव, उदयी, अशोक गुप्ता, ऋषि जायसवाल, दिलीप, सतीश पासवान, विजय चौहान, संजय, विरेन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।

## रेस्टोरेन्ट से नकदी मोबाइल व सामान चोरी

**डीडीयू नगर।** गुरुवार की रात मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के नईबस्ती स्थित कसौता रेस्टोरेंट में चोरों ने बारजे के सहारे घुसकर रेस्टोरेंट में रखे 1600 रुपये नगद व मोबाइल सहित वहा लगे कैमरे का डीवीआर लेकर फरार हो गए। शुक्रवार की सुबह 10 बजे जब रेस्टोरेंट के मालिक जब अपने रेस्टोरेंट के अंदर गए तो वहां देखा कि सारा सामान बिखरा पड़ा है। दराज के अंदर रखे 1600 रुपये नगदी के साथ मोबाइल फोन गायब था। जब सीसीटीवी फुटेज देखने लगे तो सीसीटीवी का डीवीआर भी गायब था जिसकी सूचना मुगलसराय कोतवाली पुलिस की दी वही मौके पर पहुच कर जांच में जुटी हुई है। इस समन्ध मे मुगलसराय एसएसआई रमेश यादव ने बताया कि पास के दुकान में लगे कैमरे को खंगाला गया तो कैमरे में एक युवक बारजे के सहारे रेस्टोरेंट के अंदर जाते दिखाई दे रहा है। जिसकी पहचान रेस्टोरेंट बीके मालिक ने कर लिया है और बहुत जल्द युवक को गिरफ्तार कर कार्यवाही की जायेगी।

# कर्मनाशा नहर पर 173.87 लाख रुपए से बनेगा पुल

**हर्ष**

## किसानों को खेती के दौरान समस्याओं से मिलेगा निजात

**शहाबगंज।** अतायस्तगंज के सामने कर्मनाशा नहर में 173.87 लाख रुपए की लागत से पुल का निर्माण किया जायेगा। धन स्वीकृत होने की सूचना पर ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। लेफ्ट कर्मनाशा नहर में अतायस्तगंज गांव के सामने पुल नहीं होने के कारण सैकड़ों बीघा खेती करने में समस्या आ रही थी। पुल बनवाने के लिए ग्रामीणों ने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्रबली सिंह के यहां फरियाद लगाई थी। जिस पर उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि किसानों की इस समस्या का शीघ्र निदान किया जायेगा। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के पत्राचार व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के पहले पर राष्ट्रीय कृषि और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास बैंक ने लोक निर्माण विभाग को प्रदान किया। धन अवमुक्त होने के साथ ही विभाग ने टेंडर जारी कर दिया। पुल निर्माण होने की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त हो गया। गांव के क्षेत्र पंचायत सदस्य रतीश कुमार, अरविन्द मिश्र, चन्द्र प्रकाश पाण्डेय, रिंकू मिश्र, फन्तू मिश्र, बाबू नंदन मौर्य ने कहा कि नहर में पुल नहीं होने से काफी दूरी तय कर जाना पड़ता है, जिससे समय से गेंहू व धान की बुआई नहीं हो पा रही थी। लेकिन पुल बन जाने से किसानों की इस समस्या निजात मिल जाएगी। वही पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्रबली सिंह ने कहा कि शासन से 173.87 लाख रुपए स्वीकृत हो गया है। शीघ्र ही पुल बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा।

# ग्रामीणों ने घेरा तो फायरिंग करते हुए भाग निकले चोर

**बेखौफ**

## फायरिंग में एक युवक घायल दर्ज किया एफआईआर

**इलिया।** चकिया कोतवाली क्षेत्र के सैदूपुर कस्बा स्थित बसाढी गांव में गुरुवार की रात हौसला बुलंद नकाबपोश, हथियारबंद चोरों ने एक सराफा की दुकान को निशाना बनाया। जाग होने ग्रामीणों ने चोरों को घेर लिया। इससे घबराए चोर असलहा से फायर झोंकते हुए मकान के पीछे की तरफ भाग निकले। चोरों के फायरिंग से गांव के ईशान जायसवाल 19 वर्ष के पेट के बगल से गोली टच करते हुए बाहर निकल गई जिससे उसे मामूली चोटें आयी। बताते हैं कि बसाढी गांव में गोविंद सेठ की सरार्फा की दुकान है। वहीं 50 मीटर की दूरी पर उनका मकान है। रात के वक्त जब लोग सो रहे थे उसी वक्त 8-10 की संख्या में रहे चोर अपने साथ लाए लकड़ी की सीढ़ी को मकान के पीछे लगाकर छत के रास्ते आंगन में उतर गए, जहां दुकान में जाने के लिए लगे लोहे के दरवाजा के नीचे फाउंडेशन को काट रहे थे। इसी बीच खटखटाहट की आवाज सुनकर आसपास के लोग जाग गए और शोरगुल मचाने लगे। तब तक भारी संख्या में पड़ोस के लोग इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों से अपने को घिरा देख चोर अपने साथ लाए आरी के फ्रेम, ब्लेड, लोहे के राड तथा सीढी को छोड़कर पीछे के रास्ते से फायरिंग करते हुए भागने लगे। इसके बावजूद ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए चोरों को दौड़ा लिया। जिस पर पड़ोस के ईशान जायसवाल को गोली लग गयी। हालांकि गोली उसके पेट में टच करते हुए बाहर निकल गई। सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी सुखराम भारती, चकिया कोतवाल मिथिलेश तिवारी, इलिया थानाध्यक्ष सत्येंद्र विक्रम सिंह, शहाबगंज थानाध्यक्ष मिर्जा रिजवान बेग मौके पर पहुंच गए और घटना का मौका मुआयना किया। इस दौरान पुलिस ने दो लोहे के आरी का फ्रेम, दर्जनों लोहे के ब्लेड तथा एक राड मौके से बरामद किया है।

### डीएम ने जाना निमार्णाधीन मत्स्य मंडी का हाल

**चंदौली।** नवीन मंडी में निमार्णाधीन मत्स्य मंडी का जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने शुक्रवार को हाल जाना। अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य में तेजी लाएं, ताकि समय से कार्य पूर्ण हो सके। कहा कि विद्युत आपूर्ति के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर लें। कहा कि निर्माण मानक के अनुरूप होना चाहिए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

निमार्णाधीन मत्स्य मंडी का निर्माण 61.87 करोड़ रुपये की लागत से किया जाना है। इसमें 30 करोड़ केंद्रांश, 20 करोड़ राज्यांश और 11.87 करोड़ रुपये मंडी परिषद का अंश स्वीकृत है। मंडी में विभिन्न श्रेणी की 111 नग दुकानें, प्रशासनिक भवन, कोल्ड रूम व अन्य बहुउद्देशीय अवसंचनाओं का निर्माण होगा। इस मंडी में मत्स्य से संबंधित सभी घटक मसलन थोक व फुटकर व्यापार, रंगीन मछलियों का व्यापार, मत्स्य बीज व मत्स्य पूरक आहार के लिए आउटलेट के साथ मत्स्य रोग निवारक उत्पादों की उपलब्धता एक छत के नीचे संगठित रूप से किया जा सकेगा। निर्माण 2024 तक पूर्ण किया जाना है। सहायक निदेशक मत्स्य रामअवध, प्रोजेक्ट मैनेजर एसपी पाण्डेय, मंडी सचिव राजेश वर्मा, इंजीनियर दिव्यांशु द्विवेद्वी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# भव्य गंगा आरती व दीपोत्सव से जगमग हुआ बलुआ घाट

जनसंदेश न्यूज



पश्चिम वाहिनी बलुआ में गंगा आरती करते बटुक व दीपों से सज घाट।

**चहनियां।** बलुआ पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर राज्य स्वच्छ मिशन उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में भव्य गंगा आरती दीपोत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें वन विभाग व गंगा सेवा समिति के तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित होगी। गंगा तट पर दीपोत्सव के बीच गंगा आरती से घाट गुंजायमान हो गया। बलुआ स्थित पश्चिमी वाहिनी मोक्षदायिनी मां गंगा के तट पर राज्य स्वच्छ गंगा मिशन उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में गंगा स्वच्छता पखवाड़ा 16 मार्च से 31 मार्च 23 तक मनाया जा रहा है। जिलाधिकारी चंदौली अखिल टी फूंडे के निर्देशन में बलुआ घाट पर गंगा स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

कार्यक्रम के नोडल मुख्य विकास अधिकारी चंदौली व प्रभागीय वनाधिकारी काशी प्रभाग दिनेश सिंह एवं एसडीओ सत्यपाल प्रसाद के नेतृत्व में गुरुवार की देर शाम को बलुआ गंगा घाट पर गंगा आरती व गंगा संकल्प का आयोजन पूरे घाट को दीपो से जगमग करने का कार्य गंगा सेवा समिति एवं क्षेत्रीय वनाधिकारी चहनियां नित्यानंद पांडेय की टीम द्वारा किया गया। बताया कि इसी कार्यक्रम के तहत 25 मार्च को बलुआ घाट पर दो बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन एवं 30 मार्च को गंगा घाट की साफ सफाई का कार्यक्रम वन विभाग चहनिया द्वारा आयोजित होगा। गंगा आरती करने वाले गंगा सेवक विशाल मोदनवाल,अजय साहनी, अभिषेक साहनी ने किया। इस अवसर पर वन दरोगा राजकुमार जायसवाल, अंकित, गोलू, जितेंद्र कुमार, अभिषेक यादव प्यारेलाल, सियाराम, पिंटू, सचिन, अंकित जायसवाल, जुगनू पासवान, राजेश सोनकर, प्रशांत मधुकर, छोटू सोनकर आदि लोग उपस्थित रहे।

# नौगढ़ में राष्ट्रीय सेवायोजना के तहत निकली जागरूकता रैली

जनसंदेश न्यूज




नौगढ़ में राष्ट्रीय सेवायोजना के जागरूकता रैली निकालते छात्र

**नौगढ़।** राजकीय महाविद्यालय सभागार में शुक्रवार को विश्व क्षय दिवस को निक्षय दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा.पंकज कुमार शुक्ल के नेतृत्व में स्वयंसेवी छात्र छात्राओं ने टीवी जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया। राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई का गोद लिए गए गांव सेमरा कुसही में स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने आंगनवाड़ी केंद्र तथा कई घरों का सर्वे कर रहनुमाओं को स्वच्छ व स्वस्थ जीवन जीने की कला का उद्बोध कराया।

तत्पश्चात आयोजित बौद्धिक परिचर्चा मे हिंदी के असिस्टेंट प्रोफेसर शीतला प्रसाद सिंह ने कहा कि टीवी उन्मूलन के लिए सरकार द्वारा संचालित सुविधाओं की जानकारी जन जन तक पहुंचाना स्वयं सेवी छात्र-छात्राओं का नैतिक कर्तव्य है। बब्बुन निशा व खूशबू ने प्रहसन के जरिए टीबी बीमारी के लक्षण उपचार व सावधानी के बारे में लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक गण, कर्मचारी व ग्रामीण तथा स्वयंसेवी छात्र-छात्राओ मे अमिता, पूजा, प्यारी देवी, माया देवी, मुन्ना, सुशीला, पूनम, रीता, सोना देवी, राम अवध, असलम, छैबर मौजूद रहे।

## जन चौपाल में हुई गोदभराई व अन्नप्राशन

**शहाबगंज।** प्रशासन आप के द्वार कार्यक्रम के तहत अमांव गांव में जन चौपाल का आयोजन में एडीओ समाज कल्याण राजकुमार, एडीओ आईएसबी अनिल सिंह, ग्राम प्रधान यदुनाथ सिंह ने संयुक्त रूप फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शुक्रवार को गांव के पंचायत भवन में आयोजित जन चौपाल में शासन द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं का स्टाल लगाकर ग्रामीणों को जानकारी उपलब्ध कराई गयी। जन चौपाल में 190 प्रार्थना पत्र पड़े, जिसमें 36 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। एक अन्नप्राशन, एक गोद भराई की गयी। चौपाल में न ही तहसील स्तर का नहीं ब्लाक का कोई सक्षम अधिकारी पहुंचा। वहीं एडीओ ही चौपाल की जिम्मेदारी संभालते नजर आये। इस दौरान अजय कुमार, रामप्रकाश राम, पंचायत सहायक शैलेश पाठक, साधना, सुर्मिला देवी, उषा मौर्य, कुमुद किशोरी पाठक, सुनील कुमार, धर्मराज चौहान उपस्थित रहे।

### अवैध शराब संग जीआरपी पुलिस के हत्थे चढ़ा युवक

**डीडीयू नगर।** डीडीयू जीआरपी पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। तलाशी करने पर उसके पास से सात हजार रुपये की शराब बरामद हुआ। यह शराब डीडीयू नगर से बिहार ले जा रहा था। फिलहाल जीआरपी ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई में जुट गई है। दरअसल नवरात्रि पर्व को लेकर यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जीआरपी पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए निर्देश पर ट्रेनों में हो रहे जीआरपी पुलिस द्वारा ट्रेनों और प्लेटफॉर्म पर लगातार चेकिंग अभियान चला रहा है. इसी दौरान शुक्रवार को जीआरपी पुलिस ने डीडीयू स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1/2 के पूर्वी छोर से एक व्यक्ति सफेद रंग के बैग के साथ दिखा और पुलिस टीम जब पूछताछ किया गया तो वह घबराने लगा। बैग की तलाशी ली गई तो पुलिस को 60 पीस 8पीएम टेट्रा पैक शराब बरामद हुआ। जीआरपी पुलिस ने युवक और बैग को जीआरपी थाने लाकर पूछताछ कर कार्यवाही की गई। शुक्रवार को इस समन्ध मे जीआरपी प्रभारी सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि एक युवक को शराब के साथ पकड़ा गया। जिसके खिलास कार्यवाही की गई है। पकड़े गए युवक ने अपना नाम रितेश कुमार पुत्र जितेन्द्र सिंह निवासी महरुआ थाना बेल्दी जिला छपरा बिहार बताया है।

### जिले में धूमधाम से मनेगी सम्राट अशोक की जयंती

**चंदौली।** जिले में जन अधिकार पार्टी के द्वारा सम्राट अशोक महान की जंयती धूम धाम से मनाए जाने के लिए पूरी तैयारी शुरू हो गई है। जनाधिकार पार्टी केंद्रीय कार्यालय निर्देश पर 29 मार्च को महान सम्राट अशोक की जयंती मनाई जाएगी। यह जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष डा.सुनील कुमार मौर्य ने बताया कि पार्टी प्रमुख बाबू सिंह कुशवाहा के निर्देशन में प्रदेश के सभी जिलों में सम्राट अशोक महान की जयंती मनाई जाएगी, जिसको सफल बनाने के लिए पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। उन्होंने जनपदवासियों से कार्यक्रम में शरीक होकर उसे सफल बनाने का आह्वान किया। कहा कि 29 मार्च को सम्राट अशोक जयंती का जिले में होना सुनिश्चित है। जन अधिकार पार्टी के सम्मानित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से अनुरोध है कि जिला चंदौली शंकर मोड़ स्थित जन अधिकार पार्टी कार्यालय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाए।

# भारत की आवाज के लिए लड़ रहा, हर कीमत चुकाने को तैयार





**बोले राहुल**

**कांग्रेस ने कहा, राष्ट्रपति ही कानूनी सलाह लेकर किसी सांसद को अयोग्य ठहरा सकते हैं**

**लोस स्पीकर का फैसला कानून सम्मत नहीं, जल्दबाजी की गई**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता शुक्रवार दोपहर करीब 2.30 बजे रद्द कर दी गई। वह केरल के वायनाड से लोकसभा सदस्य थे। लोकसभा सचिवालय ने पत्र जारी कर इस बात की जानकारी दी है। लोकसभा की वेबसाइट से भी राहुल का नाम हटा दिया गया है। राहुल ने 2019 में कर्नाटक की सभा में मोदी सरनेम को लेकर बयान दिया था। उन्होंने कहा था- सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है। इस मानहानि केस में सूरत की कोर्ट ने गुरुवार दोपहर 12.30 बजे राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाई थी। हालांकि, 27 मिनट बाद उन्हें जमानत मिल गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 11 जुलाई 2013 को अपने फैसले में कहा था कि कोई भी सांसद या विधायक निचली अदालत में दोषी करार दिए जाने की तारीख से ही संसद या विधानसभा की सदस्यता के लिए अयोग्य घोषित हो जाएगा।

कोर्ट ने लिली थॉमस बनाम भारत सरकार के केस में यह आदेश दिया था। इससे पहले कोर्ट का आखिरी फैसला आने तक विधायक या सांसद की सदस्यता खत्म नहीं करने का प्रावधान था। इधर, राहुल ने फैसले के करीब 3 घंटे बाद ट्वीट कर लिखा, मैं भारत की आवाज के लिए लड़ रहा हूं, मैं हर कीमत चुकाने को तैयार हूं।

लीगल एक्सपर्ट के मुताबिक लोकसभा सचिवालय ने राहुल गांधी की संसदीय सीट वायनाड को खाली घोषित कर दिया है। इलेक्शन कमीशन अब इस सीट पर इलेक्शन का ऐलान कर सकता है। दिल्ली में राहुल गांधी को सरकारी बंगला खाली करने को भी कहा जा सकता है।

अगर राहुल गांधी की सजा का फैसला ऊपरी अदालतें भी बरकरार रखती हैं तो वे अगले 8 साल तक चुनाव भी नहीं लड़ पाएंगे। 2 साल की सजा पूरी करने के बाद वह छह साल के लिए अयोग्य रहेंगे।

राहुल गांधी अब सूरत कोर्ट के फैसले को ऊपरी अदालत में चुनौती दे सकते हैं। कांग्रेस ने एक्शन की वैधानिकता पर भी सवाल उठाया है कि राष्ट्रपति ही चुनाव आयोग के साथ विमर्श कर किसी सांसद को अयोग्य घोषित कर सकते हैं। राहुल गांधी की टीम अब सूरत कोर्ट के फैसले को हाईकोर्ट में चैलेंज करने जा रही है। अगर सूरत कोर्ट के फैसले के खिलाफ अपील को वहां स्वीकार नहीं किया जाता है तो सीधे सुप्रीम कोर्ट में अपील की जाएगी। सूरत कोर्ट के फैसले के खिलाफ राहुल को अपील दायर करने के लिए 30 दिनों का समय दिया गया था। राहुल गांधी के वकील बाबू मांगूकिया ने बताया कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एचएच वर्मा की कोर्ट ने राहुल गांधी को आईपीसी की धारा 499 और 500 के तहत दोषी ठहराया था। साथ ही उन्हें जमानत दे दी और 30 दिनों के लिए सजा को निलंबित कर दिया, ताकि उन्हें हाईकोर्ट में अपील करने का मौका मिल सके।

## 2013 में राहुल ने ही फाड़ा था अध्यादेश पास हो जाता तो मुश्किल न होती

2013 में जब सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया था कि सांसद/विधायक को 2 साल या उससे ज्यादा की सजा मिलने पर उसकी सदस्यता तत्काल प्रभाव से खत्म हो जाएगी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ मनमोहन सरकार एक अध्यादेश लाई थी, जिससे सुप्रीम कोर्ट का फैसला निष्प्रभावी हो जाए।

24 सितंबर 2013 को कांग्रेस सरकार ने अध्यादेश की खूबियां बताने के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई थी। इसी प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी ने पहुंचकर कहा था- ये अध्यादेश बकवास है और इसे फाड़कर फेंक देना चाहिए। उन्होंने अध्यादेश की कॉपी को फाड़ दिया था। इसके बाद ये अध्यादेश वापस ले लिया गया था। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, हम इस लड़ाई को कानूनी और राजनीतिक दोनों तरह से लड़ेंगे। हम भयभीत या चुप नहीं होंगे। पीएम से जुड़े अडानी महामेगा स्कैम में जेपीसी के बजाय, राहुल गांधी अयोग्य हैं। भारतीय लोकतंत्र ओम शांति।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, भाजपा ने राहुल को अयोग्य घोषित करने के लिए सभी तरीके आजमाए। जो सच बोल रहे हैं उन्हें वो पसंद नहीं करते, लेकिन हम सच बोलते रहेंगे। राहुल का बयान किसी समाज के संबंध में नहीं है, जो लोग पैसे लेकर भागे, जैसे ललित मोदी, नीरव मोदी और विजय माल्या वे क्या पिछड़े समाज से थे? राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का कहना था कि देश में जिस तरह का भय, हिंसा का माहौल बना है, उसमें ईडी, न्यायपालिका, चुनाव आयोग पर दबाव है। ये तानाशाही है। संसद चल नहीं पा रही, एक सांसद बोल नहीं पा रहा।

अभिषेक मनु सिंघवी का कहना था कि सेक्शन 103 के तहत सदस्यता रद्द करने का फैसला राष्ट्रपति के द्वारा होना चाहिए था। वहां भी राष्ट्रपति पहले चुनाव आयोग से सुझाव लेते हैं, फिर कोई फैसला होता है, लेकिन इस प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा, सरकार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ की गई कार्रवाई वापस लेनी ही होगी। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने कहा, भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का आज काला दिन है। राहुल गांधी को संसद से अयोग्य घोषित करना नरेंद्र मोदी के अहंकार और तानाशाही को दिखाता है।



**विपक्ष को खत्म करने की साजिश चल रही : केजरीवाल**

राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द किए जाने के बाद विपक्षी नेताओं की प्रतिक्रियाओं का आना जारी है। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि देश में एक पार्टी के शासन का माहौल बनाया जा रहा है। उन्होंने ट्विटर पर कहा, लोक सभा से राहुल गांधी जी का निष्कासन चौंकाने वाला है। देश बहुत कठिन दौर से गुजर रहा है। पूरे देश को इन्होंने डरा कर रखा हुआ है। 130 करोड़ लोगों को इनकी अहंकारी सत्ता के खिलाफ एकत्र होना होगा।अरविंद केजरीवाल ने कहा, आज देश में जो चल रहा है बहुत खतरनाक है। विपक्ष को खत्म करके ये लोग वन-नेशन वन-पार्टी का माहौल बनाना चाहते हैं, इसी को तो तानाशाही कहते हैं। मेरी देशवासियों से अपील है- हमें मिलकर आगे आना होगा, जनतंत्र बचाना है, देश बचाना है।



**लूट पर सवाल उठा तो आप बौखला गए : प्रियंका**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द होने पर प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा, नरेंद्र मोदी जी आपके चमचों ने एक शहीद प्रधानमंत्री के बेटे को देशद्रोही, मीर जाफर कहा। आपके एक मुख्यमंत्री ने सवाल उठाया कि राहुल गांधी का पिता कौन है? कश्मीरी पंडितों के रिवाज निभाते हुए एक बेटा पिता की मृत्यु के बाद पगड़ी पहनता है, अपने परिवार की परंपरा कायम रखता है। प्रियंका गांधी ने ट्विटर पर लिखा, भरी संसद में आपने पूरे परिवार और कश्मीरी पंडित समाज का अपमान करते हुए पूछा कि वह नेहरू नाम क्यों नहीं रखते। लेकिन आपको किसी जज ने दो साल की सजा नहीं दी। आपको संसद से डिस्क्वॉलिफाई नहीं किया। राहुल जी ने एक सच्चे देशभक्त की तरह अडानी की लूट पर सवाल उठाया। नीरव मोदी और मेहुल चौकसी पर सवाल उठाया। क्या आपका मित्र गौतम अदानी देश की संसद और भारत की महान जनता से बड़ा हो गया है कि उसकी लूट पर सवाल उठा तो आप बौखला गए? आप मेरे परिवार को परिवारवादी कहते हैं, जान लीजिए, इस परिवार ने भारत के लोकतंत्र को अपने खून से सींचा। जिसे आप खत्म करने में लगे हैं। उन्होंने कहा, इस परिवार ने भारत की जनता की आवाज बुलंद की और पुश्तों से सच्चाई की लड़ाई लड़ी। हमारी रगों में जो खून दौड़ता है उसकी एक खासियत है। आप जैसे तानाशाह के सामने कभी नहीं झुका और कभी नहीं झुकेगा। आप कुछ भी कर लीजिए।

# तो क्या विकल्प है राहुल के पास

**आगे की रणनीति**

**हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट जा सकते हैं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष**

**जानकारों के मुताबिक, स्पीकर ने फैसले में की जल्दबाजी**

**कोर्ट ने सुनाई सजा को माह भर के लिए टाल दिया था**

### फैसले को चुनौती दे सकते हैं राहुल?

राहुल गांधी के पास अधिकार है कि अपनी सदस्यता रद्द करने के स्पीकर के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में अपील कर सकते हैं। जानकारों के मुताबिक, राहुल गांधी के पास अपील का अधिकार है। भारतीय संविधान में अगर किसी के अधिकारों का हनन होता है तो संवैधानिक कोर्ट (हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट) में जा सकते हैं। वो अनुच्छेद 226 के तहत हाईकोर्ट भी जा सकते हैं और अनुच्छेद 32 के तहत सुप्रीम कोर्ट भी जा सकते हैं।

### हाई कोर्ट से राहत मिली तो क्या होगा

राहुल गांधी सूरत की कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील करेंगे। अगर हाईकोर्ट से वो बरी हो जाते हैं, या फिर उनकी सजा को कम कर दिया जाता है, तो भी खुद ब खुद उनकी सदस्यता फिर से बहाल नहीं होगी। इसके लिए राहुल गांधी को फिर से हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ेगा। जानकारों के मुताबिक, स्पीकर खुद अपने ऑर्डर को रिव्यू नहीं करेंगे। वो किसी हाई कोर्ट या संविधान पीठ के फैसले का इंतजार करेंगे।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता रद्द कर दी गई है. शुक्रवार को लोकसभा सचिवालय ने एक अधिसूचना जारी कर राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने की जानकारी दी।

अधिसूचना में बताया गया है कि केरल की वायनाड लोकसभा सीट से सांसद राहुल गांधी को सजा सुनाए जाने के दिन यानी 23 मार्च, 2023 से अयोग्य करार दिया जाता है। मानहानि मामले में राहुल गांधी को गुरवार को कोर्ट ने दो साल की सजा सुनाई है। सजा सुनाते ही कोर्ट ने इस सजा को एक महीने के लिए महीने के लिए टाल दिया था। इस फैसले के बाद इस फैसले के कानूनी पहलूओं और राहुल के पास बचे विकल्पों को समझने की कोशिश की गई। स्पीकर बाध्य थे या कार्रवाई के लिए इंतजार किया जा सकता था?

गुरवार को सजा सुनाते ही कोर्ट ने उन्हें एक महीने का समय दिया था ताकि वो अपील कर सकें। इसलिए कयास लगाए जा रहे थे कि लोकसभा में उनपर फि लहाल कोई कार्रवाई नहीं होगी। एक जानकार का कहना था कि स्पीकर का ये कदम जल्दी में उठाया गया लगता है। उसने कहा, ये मामला ऐसा नहीं है, जिसमें स्पीकर महोदय को इतनी जल्दबाजी करने की जरूरत थी। उनको अपना फैसला एक महीने के लिए टाल देना चाहिए था, क्योंकि जब कोर्ट ने ही अपना फैसला एक महीने के लिए टाल दिया है, तो टेक्नीकली सजा सस्पेंड है, इसपर स्पीकर का फैसला लेना मेरी राय में न्याय के नैसिर्गिक सिद्धांत के खिलाफ है। हालांकि बीजेपी का कहना है कि कानून के मुताबिक दोषी करार होने के बाद सदस्यता रद्द करने के लिए स्पीकर को नोटिस देना जरूरी था।

# वायनाड में क्या चुनाव होगा?




राहुल को अगर स्पीकर के फैसले के खिलाफ राहत नहीं मिलती हैं, तो फिर हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में उन्हें मानहानि के मामले में अपील करनी होगी और उन्हे स्टे नहीं मिला तो ये प्रक्रिया चलेगी और इस बीच वायनाड सीट पर चुनाव की घोषणा भी की जा सकती है।

यदि चुनाव आयोग सीट को खाली घोषित कर चुनाव की घोषणा करता है, तब एक तीसरा लिटिगेशन हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने कहा है कि चुनाव आयोग के ऑर्डर को चैलेंज किया जा सका है। लेकिन अगर रिटर्निंग ऑफिसर एक बार चुनाव का शेड्यूल जारी कर देता है, तो मुझे नहीं लगता कि कोई राहत हाईकोर्ट से मिल पाएगी। यानी कि अगर राहुल गांधी वहां चुनाव को रोकना चाहते हैं, तो जैसे ही चुनाव आयोग सीट को रिक्त घोषित करे, उन्हें हाईकोर्ट जाना होगा।

मजिस्ट्रेट कोर्ट ने राहुल गांधी को दो साल की सजा दी और ऊपरी अदालत को अगर लगता है कि सजा ज्यादा है तो कोर्ट उसे कम भी कर सकती है। अब लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 पर नजर डालें तो धारा 8(1) के मुताबिक दो समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना, रिश्वत लेना या फिर चुनाव में अपने प्रभाव का गलत इस्तेमाल करने पर सदस्यता जा सकती है। धारा 8 (2) के तहत जमाखोरी, मुनाफाखोरी, खाने-पीने की चीजों में मिलावट या फिर दहेज निषेध अधिनियम के तहत दोषी ठहराए जाने और कम से कम छह महीने की सजा मिलने पर सदस्यता रद्द हो जाएगी। धारा 8 (3) के तहत किसी अगर किसी व्यक्ति को दोषी ठहराया जाता है और उसे दो साल या उससे अधिक की सजा मिलती है तो वह सदन के सदस्य बने के योग्य नहीं रह जाएगा। अंतिम निर्णय सदन के स्पीकर का होगा। इसलिए राहुल गांधी की सजा की अगर हाईकोर्ट दो साल से कम कर देता है, तो मुमकिन है कि वो भविष्य में चुनाव लड़ने के योग्य रहें या फिर अपनी मौजूदा सीट बचा लें।

### अब सजा पर स्टे मांग सकते हैं

जानकारों के मुताबिक, सबसे पहले राहुल गांधी को सूरत के कोर्ट के आदेश के खिलाफ ऊपरी अदालत में अपील दायर करनी चाहिए। अपील दाखिल करते ही उन्हें अंतरिम एप्लीकेशन की बात करनी चाहिए और सजा पर स्टे की मांग करनी चाहिए। हो सकता है कि उनके वकील ये एडवाइस करें कि वो स्पीकर के ऑर्डर को भी चैलेंज करें। स्पीकर के ऑर्डर को हाई कोर्ट में चैलेंज किया जा सकता है।

### क्या है पूरा मामला

वायनाड से सांसद राहुल गांधी ने कथित तौर पर ये बयान 2019 में लोकसभा चुनावों के दौरान कर्नाटक के कोलार में दिया था। उन्होंने कथित तौर पर ये कहा था कि सभी चोरों का उपनाम मोदी क्यों है? राहुल गांधी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 499 और 500 के तहत केस दर्ज किया गया था। भारतीय दंड विधान की धारा 499 में आपराधिक मानहानि के मामलों में अधिकतम दो साल की सजा का प्रावधान है। सजा के एलान के बाद याचिकाकर्ता पुर्णेश मोदी ने मीडिया से बातचीत में कहा, हम इस फैसले का दिल से स्वागत करते हैं। दो साल की सजा के एलान से खुश है या नहीं सवाल ये नहीं है। ये सामाजिक आंदोलन की बात है। किसी भी समाज, जाति के खिलाफ बयान नहीं दिया जाना चाहिए। और कुछ नहीं, बाकी हम अपने समाज में बैठकर आगे चर्चा करेंगे। राहुल गांधी की वकीलों की टीम ने मीडिया से बातचीत में बताया कि सुनवाई के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि वो किसी समुदाय को अपने बयान से ठेस नहीं पहुंचाना चाहते थे।

**ये प्रोजेक्ट भी रहे शामिल**

## इन परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास

भगवानपुर में 55 एमएलडी का 30809.25 लाख रुपये लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, सिगरा स्टेडियम का 206.92 करोड़ की लागत से फेज-2 एवं 3 का कार्य, सेवापुरी के इसरवार में 194-62 करोड़ की लागत से एलपीजी बॉटलिंग प्लांट, ग्रामीण इलाकों में 186.72 करोड़ की लागत से 59 पेयजल कार्यक्रम, आईआईटी बीएचयू में 45 करोड़ की लागत से सेंटर ऑफ एक्सिलेंस ऑन मशीन टूल्स डिजाईन सेंटर, भरथरा में 216.23 लाख की लागत से पीएचसी, बाबतपुर से नमो घाट तक 3.50 करोड़ की लागत से 30 डबल साईडेड एलईडी बैकलिट यूनिपोल, गंगाघाट पर 99 करोड़ की लागत से चेंजिंग रूम युक्त फ्लोटिंग जेटी।

### पुलिसकर्मियों की बढ़ेगी कार्य क्षमता

फूलपुर थाना परिसर में 133.15 लाख रुपये की लागत से निर्मित बैरक एवं विवेचना कक्ष का निर्माण कराया गया है। उसमें 40 लोगों की क्षमता का हॉस्टल एवं बैरक का निर्माण हो जाने से थाने के स्टाफ को विश्राम की उचित व्यवस्था उपलब्ध हो रही है। साथ ही पुलिसकर्मियों की कार्यक्षमता भी बढ़ेगी। इसी प्रकार बड़ागांव थाने में 116 लाख रुपये की लागत से 32 लोगों की क्षमता का क्षमता का हॉस्टल एवं बैरक बनवाया गया है।

### जलापूर्ति समस्या खत्म

खजुरी कॉलोनी पुलिस लाइंस में 1.30 करोड़ रुपये की लागत से जलापूर्ति कार्य कराया गया है। अह यहां के लोगों को वाटर सप्लाई की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा। कॉलोनी में एक ओवर हेड टैंक, नलकूप व पाइप लाइन बिछाया गया है। इस निर्माण के बाद 230 भवनों में पानी की आपूर्ति हो रही है।

### सीएचसी एक अच्छी पहल

सारनाथ में 673.16 लाख रुपये की लागत से तैयार सीएचसी में विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करायी गई हैं। यह क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय पर्यटक स्थल होने के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की आवश्यकता महसूस की जा रही थी।

### बाढ़ से बचाएगा फ्लिपर गेट


सामने घाट क्षेत्र में बाढ़ के दौरान इलाकाई लोगों को मुश्किल से बचाने के लिए लठियां ड्रेन पर 286 लागत से फ्लिपर गेट बनाया गया है। यह व्यवस्था क्षेत्र में बाढ़ के पानी के प्रवेश पर अंकुश लगाएगी।

## सरकारी सहयोग व स्वयं की इच्छा शक्ति से हारा टीबी

**बोले टीबी चैम्पियन**

**किसी भी रोग को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए बल्कि सरकार की ओर से दी गयी व्यवस्थाओं का सहारा लें**

**टीबी ही नहीं गंभीर बीमारी के लिए भी सरकार की ओर से लगाातार कार्य किया जा रहा है**







**वाराणसी।** रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में आयोजित वर्ल्ड टीबी समिट में देश के विभिन्न हिस्सों से भाग लेने आये टीबी चैम्पियन ने अपनी जुबानी टीबी की कहानी को बयां किया, और बताया कि वह किस तरह टीबी को मात दिये, बताया कि अब देश में कोई भी रोग लाइलाज नहीं है, सरकारी पूरी तरह से सहायोग कर रही है, हमारे चिकित्सक व वैज्ञानिक भी इस पर लगे हैं इसी का नतीजा है कि विश्व जहां वर्ष 2030 में टीबी उन्नमूलन की बात कर रहा है वहीं भारत 2025 में ही इस रोग के खात्मे की बात कर सभी सोचने को विवश कर दिया।

छत्तीसगढ़ के सत्यम साहू ने बताया कि उन्हे वर्ष 2019 में पेट में दर्द हो रहा था, दर्द इतना असहनीय था कि मेडिकल स्टोर से दवा खाया, इसके बाद थोड़ा आराम तो मिला लेकिन दूसरे दिन फिर दर्द हुआ इस बार छत्तीसगढ़ के हॉस्पिटल में जांच करवाया तो टीबी का पता चला, टीबी का पता लगते ही सरकारी व्यवस्थाओं ने स्वयं मुझे खोज लिया और प्रत्येक माह पांच सौ रुपये खाते में देना शुरू कर दिया। इसके साथ ही पोषण पोटली भी देना शुरू कर दिया। इतना ही दवाओं के बारे में बताया और इसके प्रति लगातार जागरुक भी किया। वहीं छत्तीसगढ़ के कामेश्वर राजवाड़ी ने भी कहा कि दवाओं को संकल्प लें और स्वयं की इच्छा शक्ति को जागरुक करें टीबी तो खत्म होना ही है। वर्ष 2019 में टीबी हुआ था लेकिन आज वह पूरी तरह से स्वस्थ्य हैं। वहीं छत्तीसगढ़ के ही लालेन्द्र साहू ने भी अपनी आप बीती सुनाते हुए बताया कि सरकार की ओर से जिस तरह से व्यवस्थाओं को रखा गया है, उसी का नतीजा है कि आज हमने टीबी पर विजय पाया, वर्ष 2019 में उन्हें भी टीबी हुआ था आज व पूरी तरह से स्वस्थ्य हैं।

देश के कई हिस्से से ऐसे युवा आये थे जिन्होंने टीबी पर अपने हौसले से विजय पाया, और आज व पूरी तरह से स्वस्थ्य हैं। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, ब्राजील, नाइजीरिया देशों के स्वास्थ्य मंत्री तथा प्रतिनिधि तथा डब्ल्यूएचओ के रीजनल डायरेक्टर भी शामिल थे। सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से विभिन्न राज्यों के राज्यपाल भी जुड़े थे, तथा भारी संख्या में देश-विदेश से टीबी के क्षेत्र में काम करने वाले डॉक्टरों की उपस्थिति भी रही।

### पीएम के आगमन पर निगम रहा चुस्त

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुक्रवार काशी आगमन की तैयारियों को लेकर जहां पूरा प्रशासनीक अमला लगा रहा वहीं निगम कर्मी भी प्रस्तावित मार्गों पर सुबह से ही मुस्तैद रहे। निगम की ओर से विशेष तौर पर 200 से ज्यादा सफाई कर्मियों को तैनात किया गया था। पीएम के आगमन को लेकर एक सप्ताह पहले से ही निगम की ओर से शहर को सजाने की तैयारी शुरू कर दी गई थी। इसी क्रम में आमपन के एक दिन पूर्व सभी मर्गों को 1200 से ज्यादा सजावटी पौधे लगे गमलों आदि से सजाया गया। इस दौरान सफाई के भी भरपूर इंतजाम किए गए थे। मार्गों पर सुरक्षाकर्मियों के साथ सफाई कर्मी भी देखनों को मिले। साथ ही साथ निगम के अधिकारियों के वाहनों का भी आवागमन रहा। इस दौरान पानी के टैंकरों से भरे वाहनों से सड़क मार्गों की धुलाई भी कराई गई। जिसके लिए निगम की ओर से करीब आधा दर्जन टैंकरों को लगाया गया। बाबतपुर से लेकर संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय और रुद्राक्ष कंवेंशन सेंटर तक सड़क मार्गों की सफाई कर उसे पानी के टैंकरों की मदद से धोया गया।

## रोप-वे से राह होगी आसान

**अच्छी पहल**

**पब्लिक ट्रांसपोर्ट के तौर पर बनारस रोप-वे होगा देश का पहला और दुनिया का तीसरा शहर**

**20 किमी प्रति घंटा की गति से 50 मी. ऊंचाई पर कैंट से गोदौलिया तक की तय करेगी दूरी**

**वाराणसी।** जनपद में वाराणसी रेलवे स्टेशन यानि कैंट से गोदौलिया के बीच बनने जा रहा भारत का पहला और विश्व का तीसरा पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोप-वे दो साल में मूर्त रूप देने का लक्ष्य है। परियोजना का यह प्रथम चरण होगा। 644.49 करोड़ रुपये की लागत वाले इस प्रोजेक्ट के बन जाने के बाद रेलवे स्टेशन से गोदौलिया तक के सफर में लगने वाले वक्त में काफी कमी आएगी। वहीं, लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

यह रोप-वे न सिर्फ देशी-विदेशी पर्यटकों समेत स्थानीय स्तर पर भी आकर्षण का केंद्र होगा बल्कि बनारस की हो रही तरक्की की कड़ी में एक और मोती के रूप में इसकी हिस्सेदारी हो जाएगी। रोप-वे के गंडोला में बैठकर यात्रा से दशाश्वमेध और काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचना सरल हो जाएगा। शहर में यातायात के भारी दबाव को कम करने में यह परियोजना बेहद कारगर साबित होगी।



विश्व में बोलीविया देश के लापाज तथा मैक्सिको के बाद भारत ऐसा तीसरा देश और वाराणसी पहला शहर होगा जहां पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए रोप-वे का उपयोग किया जाएगा। इस रोप-वे के लिए कुल पांच स्टेशन कैंट, काशी विद्यापीठ, रथयात्रा, गिरजाघर और गोदौलिया चौराहे पर स्टेशन बनाएंगे। कुल 3.8 किमी की यह दूरि लगभग 16 मिनट में पूरी होगी। करीब 50 मी. की ऊंचाई से 20 किमी प्रति घंटा की गति से लगभग 153 ट्रॉली कार (गंडोला) का संचालन होगा।

प्रत्येक ट्रॉली में दस यात्री सवार हो सकेंगे। हर डेढ़-दो मिनट के अंतराल पर इसकी उपलब्धता रहेगी। एक दिशा में एक घंटे में करीब तीन हजार लोग यात्रा कर सकेंगे। एक घंटे में दोनों दिशाओं को मिलाकर छह हजार लोगों का आवागमन संभव होगा। प्रतिदिन इसका संचालन 16 घंटे के लिए होगा। रोप-वे के स्टेशनों व गंडोला पर बनारस की कला व धर्म-संस्कृति की झलक दिखेगी। चूंकि कैंट स्टेशन के निकट ही रोडवेज भी है तो बस वह ट्रेन से यात्रा करने वालों के लिए भी रोप-वे बड़ी भूमिका अदा करेगा। शहरी यातायात को सुगम बनाने और पर्यटकों को आवागमन में स्वच्छ एवं पर्यावरण के अनुकूल यातायात व्यवस्था देने में रोप-वे उल्लेखनीय होगा। इसकी परिवहन प्रणाली में नये वैश्विक तकनीक और उच्चतम वैश्विक सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित किया जाएगा।

# प्रो. राजेश शर्मा विज्ञान संकाय के डीन बने



**नियुक्ति**

### शिक्षकों ने बुके भेंटकर दी बधाई

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में डिपार्टमेंट ऑफ बायो टेक्नोलॉजी के प्रो. राजेश शर्मा को विज्ञान संकायाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है।

यह नियुक्ति वरिष्ठता और चक्राक्रम के अनुसार तीन वर्षों के लिए की गई है। इस पद पर इसके पूर्व प्रो. रामनारायण थे। प्रो. राजेश शर्मा ने कहा कि मेरा उद्देश्य संकाय के प्रति जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए अकादमी क्षेत्रों में गति देते हुए विश्वविद्यालय को ऊंचाई पर ले जाने का है। प्रोफेसर राजेश शर्मा एनवायरमेंटल बायोटेक्नोलॉजी बाय प्रोसेस टेक्नोलॉजी विषय विशेषज्ञ हैं और अनुसंधान के प्रति उनका खास लगाव है। संकायाध्यक्ष बनते ही विज्ञान संकाय समेत विश्वविद्यालय के अधिकतर शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी। बधाई देने वालों में प्रो. वंदना राय, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. देवराज सिंह, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, सहायक कुलसचिव बबिता सिंह, अमृतलाल, डा. मनीष गुप्ता, डा. एसपी तिवारी, ऋषि श्रीवास्तव, डा. विवेक कुमार पांडेय, डा. सुधीर उपाध्याय, डा. अवधेश मौर्य, प्रभाकर सिंह, डा. जाह्नवी श्रीवास्तव, डा. सुनील कुमार, अधीक्षक अनिल श्रीवास्तव समेत कई शिक्षकों ने मिलकर उन्हें बुके भेंट किया।

# क्षयरोग उन्मूलन अभियान में पीयू का सक्रिय योगदान : कुलसचिव

**क्षयरोग दिवस**

### समय पर दवा और पोषण लेते रहें क्षयरोगी :वित्त अधिकारी



– कार्यक्रम को सम्बोधित करते वक्ता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में कुलाधिपति एवं राज्यपाल उत्तर प्रदेश आनंदीबेन पटेल के निर्देश पर एवं कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य के संरक्षकत्व में विश्व क्षयरोग दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर स्थित राष्ट्रीय सेवा योजना भवन सभागार में क्षयरोग जागरूकता एवं पोषण सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलसचिव महेंद्र कुमार ने लोगों को संबोधित करते हुए कहाकि क्षयरोग उन्मूलन अभियान में पूर्वांचल विश्वविद्यालय बढ़-चढ़कर प्रतिभाग कर रहा है एवं प्रधानमंत्री के 2025 तक भारत को क्षयरोग से मुक्त करने के अभियान में कदम से कदम मिलाकर अपना योगदान देने के लिए तत्पर है। अध्यक्षीय उद्बोधन में वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने कहाकि क्षय रोगी समय पर दवा और पोषण लेते रहें जिससे वे शीघ्र ठीक हो सकें। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करंजाकला के एमओआईसी डॉ. अरुण कुमार ने क्षयरोगियों को क्षयरोग के विभिन्न लक्षणों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. राकेश कुमार यादव ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राज बहादुर यादव ने किया। इस कार्यक्रम में करंजाकला, सदर और शाहगंज ब्लॉक के क्षयरोगियों सुनील वर्मा, आशीष प्रजापति, चंदा गुप्ता, मोलाई गौतम, रीना राजभर, कुलदीप चौहान, सुमित्रा यादव, चौधरी यादव, मीना निषाद आदि को पौष्टिक पोटली का वितरण कुलसचिव और वित्त अधिकारी ने किया। इस अवसर पर प्रो. बीडी शर्मा, डॉ. श्याम कन्हैया सिंह, डॉ. शशिकांत यादव, डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ. वनिता सिंह, डॉ. अजय कुमार सिंह, डॉ. अवधेश कुमार मौर्य, डॉ. अरविंद कुमार यादव, डॉ. विनय वर्मा, सर्वेश कुमार यादव, ज्योति चौधरी, सौमित्र त्रिपाठी, शिवादित्य सिंह, दीपक कुमार, वरद सिंह, रविंद्र प्रजापति, नितेश कुशवाहा, शिवा सोनकर, सौरभ सिंह, निखिल शर्मा, कयामुद्दीन खान, संदीप यादव, संतोष कुमार, स्वर्णिम मिश्रा, आलोक मौर्य आदि उपस्थित रहे।

## घर में घुसकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**खुटहन।** सुइथाखुर्द गांव निवासी एक महिला ने शुक्रवार को थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव का ही एक मनबढ़ युवक उसके घर में घुसकर महिलाओं को अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। जब उसकी हरकतों का मोबाइल से वीडियो बनाया जाने लगा तो वह भाग निकला। आरोपित युवक गैर जनपद में पुलिस विभाग में तैनात बताया जाता है। गांव निवासी इसरावती पत्नी बाबूलाल गुप्ता का आरोप है कि गांव के ज्ञान सिंह उसके परिवार से रंजिश रखते हैं। शुक्रवार की सुबह सिर्फ महिलाएं ही घर पर थी, उसी समय ज्ञान सिंह भद्दी भद्दी गालियां देता हुआ उसके घर में घुस आया। वह खुद को पुलिस वाला बताकर जान से मार देने की धमकी देने लगा। उसी समय उसका बेटा अविनाश आ गया। वह मोबाइल में घटना का बीडीओ बनाने लगा। जिसे देख आरोपित फरार हो गया।

# नहर की मिट्टी बेच रहे विभागीय कर्मचारी

**दबंगई**

### माफिया हो रहे मालामाल, विभाग के लोग मौन

### मामला सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के लोहता गांव का

जनसंदेश न्यूज



**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के शारदा सहायक खंड 36 नहर की मिट्टी विभागीय कर्मचारी बेच दे रहे हैं। खनन माफिया नहर की मिट्टी बेचकर मालामाल हो रहे हैं। जानकारी के बाद भी विभागीय अधिकारी मामले को लेकर चुप्पी साधे हुए हैं। इससे हकीकत का अंदाजा खुद ही लगाया जा सकता है कि विभाग के लोग किस हद तक शामिल हैं। जानकारी के अनुसार लोहता गांव के समीप शारदा सहायक खंड 36 नहर की मिट्टी बेची जा रही है अगर समय रहते इस पर ठोस कदम नहीं उठाया गया तो आने वाले समय में नहर कटने का खतरा बन जाएगा और नहर से सटे किसानों के खेत की फसल जलमग्न हो जाएंगे, इसके बाद भी विभागीय कर्मचारी मौन हैं।

शारदा सहायक खंड नहर मेहरावां गांव से बहाउद्दीनपुर जंगीपुर कला, गड़ैला, लोहता, भकुरा समेत कई अन्य गांव से होकर गुजरती है। ग्राम वासियों का कहना है कि कई दिनों से मनमाने ढंग से खनन माफियाओं द्वारा नहर की मिट्टी काटकर बेचा जा रहा है। अधिकारियों को सूचना मिलने पर खनन माफियाओं ने ट्रैक्टर व जेसीबी लेकर वहां से गायब हो गए। नहर विभाग के जेई अवधेश कुमार ने कहा कि बिना परमिशन के मिट्टी निकालने पर कार्यवाही होगी और अपने उच्च अधिकारी से बात करके दो दिन में नोटिस भेज दी जाएगी।

## सड़क दुघर्टना में दो घायल

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत अलग-अलग स्थानों पर सड़क दुघर्टना में महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार कराया गया। आजमगढ़ जनपद के पवई थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी 28 वर्षीय अनुपमा पत्नी सुनील कुमार बाइक से रिश्तेदारी जा रहे थे कि लोनिया पट्टी गांव के समीप बाइक में साड़ी फंसने से बाइक से अनियंत्रित होकर गिर गई जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। वहीं छताई कला गांव निवासी 32 वर्षीय सर्वेश सिंह पुत्र राम गोपाल सिंह घर के समीप बाइक अनियंत्रित होकर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों की हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

## एसजेवी पैसेंजर ट्रेन को पुनः चलाए जाने के लिए सौंपा ज्ञापन

जनसंदेश न्यूज



मांगों को लेकर स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते एसयूसीआई के लोग

**सिंगरामऊ।** कई महीनों से एसजेवी पैसेंजर ट्रेन के बंद हुए परिचालन को पुनः बहाल करने के लिए एसयूसीआई कार्यकर्ताओं ने रेल प्रबंधक वाराणसी मंडल के नाम हरपालगंज स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर पुनः पैसेंजर ट्रेन के परिचालन की मांग की है।

सुलतानपुर और वाराणसी के बीच एक जोड़ा पैसेंजर ट्रेन का परिचालन होता था जिससे क्षेत्र के तमाम लोग खासकर गरीब तबके के लोगों को आवागमन मे काफी सहूलियत मिलती थी। कोरोना काल से उक्त पैसेंजर ट्रेन का परिचालन बंद हो जाने से लोगों को बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार को एसयूसीआई कमेटी सिंगरामऊ के कार्यकर्ताओं ने दर्जनों की संख्या में हरपालगंज रेलवे स्टेशन पर जमा होकर स्टेशन अधीक्षक के हाथ मे रेल प्रबंधक वाराणसी मंडल को ज्ञापन सौंप कर पैसेंजर ट्रेन के परिचालन को पुनः बहाल करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में कामरेड रामदेव मौर्य, राम गोविंद सिंह, लालता प्रसाद, कामरेड राज बहादुर, अरविन्द, छोटेलाल, राजाराम, राम भवन, रामलाल आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### श्रीभुवनेश्वरनाथ महादेव मंदिर में श्रीराम कथा का आयोजन



**शाहगंज।** समीपस्थ जनपद के बेलवाई स्थित सिद्धपीठ श्री भुवनेश्वरनाथ महादेव मंदिर प्रांगण में श्री राम चरित्र मानस प्रवचन समिति के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया गया। कथा में सांस्कृतिक एवं धार्मिक राजधानी काशी से चलकर आये अन्तर्राष्ट्रीय प्रसिद्ध वक्ता स्वामी डा. मदन मोहन मिश्र मानस कोविद ने धनुष यज्ञ की कथा का रसपान कराया। भारी संख्या में उपस्थित भक्तों को आह्लादित कर दिया। प्रथम वक्ता के रूप में मानस मर्मज्ञ बालकृष्ण, जौनपुर की धरती से पधारे भागवत कथा के प्रकांड विद्वान पूज्य अखिलेश महाराज ने बहुत ही दिव्य कथा का रसपान कराया। इस दौरान आयोजन समिति के संरक्षक पूर्व जिला पंचायत सदस्य सत्येंद्र सिंह पिंटू, आत्मा तिवारी, संचालक पूर्व प्रधान रत्नेश पांडेय, पिंटू प्रधान, कतारू बिंद, योगी पांडेय, पूर्व ग्राम प्रधान दिलीप कुमार मोदनवाल सहित देवनारायण सिंह, डा. आरपी सिंह, प. सुधाशंकर मिश्र, अमित सिंह आदि भक्त मौजूद रहे।

### शत्-शत् नमन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**जौनपुर।** 96 यूपी बटालियन एनसीसी के कर्नल गिरीश शाह और सूबेदार मेजर वाईबी बस्नेत के नेतृत्व में शुक्रवार को शत शत नमन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत मातृभूमि के लिए प्राण न्योछावर कर गए शहीद सूबेदार राजबहादुर सेना मेडल, शहीद हवलदार बृजमोहन सिंह और शहीद सिपाही कमला प्रसाद सिंह के परिवार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कर्नल गिरीश शाह ने कहा कि मैं अपने देश के लिए कुर्बान हुए शहीदों को सलाम करता हूं उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं।

### कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन



**जौनपुर।** भाजपा सरकार द्वारा लोकतांत्रिक तरीके से कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा सांसद राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द करने के खिलाफ जिले के कांग्रेसी जन आंदोलित हो उठे। शहर अध्यक्ष विशाल सिंह हुकुम के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेसी सब्जी मंडी स्थित कांग्रेस शहर कार्यालय पर एकत्र हुए तथा सड़कों पर उतर कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने सरकार विरोधी और मोदी विरोधी नारे लगाते हुए पुतला फूंका और मांग की अगर राहुल गांधी का निलंबन वापस नहीं होता तो सारे कांग्रेस जन आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। इस मौके पर अतुल सिंह, सत्यवीर सिंह, राजकुमार गुप्ता, अभिश इमाम, राकेश सिंह, अजय सोनकर, बब्बी खान आदि लोग उपस्थित रहे।

### आवास सूची से नाम काटने पर ग्रामीणों ने सेक्रेटरी को कमरे में किया बन्द

**जफराबाद।** सिरकोनी विकास खण्ड के सादीपुर गांव में शुक्रवार को पंचायत भवन में चौपाल के दौरान सेक्रेटरी को गांव के कुछ लोगों ने कमरे में बन्द कर बाहर से कुंडी लगा दी। सेक्रेटरी पर आवास सूची से नाम काटने का लोग आरोप लगा रहे थे। उक्त गांव में विभाग द्वारा चौपाल का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम पंचायत भवन पर था। कार्यक्रम के दौरान सेक्रेटरी प्रमोद यादव कागजात पूर्ण कर रहे थे। गांव के कुछ लोगों ने उनसे आवास की सूची के लाभार्थियों का नाम पूछा। 29 लोगों की सूची में से सेक्रेटरी ने मात्र 12 लोगों का नाम पात्रता सूची में बताया। इस पर अन्य 17 लाभार्थी आक्रोशित गये। उन लोगों ने सेक्रेटरी पर गलत ढंग से नाम काटने का आरोप लगाया। दस मिनट तक काफी हो हल्ला होता रहा। उसके बाद सहायक विकास अधिकारी हेमंत श्रीवास्तव व अन्य ग्रामीणों ने लोगों को समझाकर बुझाकर शांत कराया। उसके बाद दरवाजा खोला गया। इस बारे में प्रमोद कुमार ने बताया कि मैंने जांच करने के बाद अपात्र लोगों का ही नाम काटा है। मेरा कोई भी किसी से निजी मामला नहीं है जो सही है वह मैंने किया। अपात्र लोग भी जबरदस्ती आवास लेना चाह रहे है मैंने वह नहीं किया इसी से लोग नाराज हो गए। उधर इस मामले पर एडीओ पंचायत हेमंत कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जांच के बाद उचित कार्यवाही की जाएगी।

### गैरजमानती वारंटी गिरफ्तार

**पवांरा।** पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा के आदेश के अनुपालन में चलाये जा रहे अभियान के तहत गैरजमानती वारंटी बंशराज पुत्र महादेव निवासी किशुनदासपुर को थानाध्यक्ष राज नरायन चौरसिया, उपनिरीक्षक शितलू राम ने पुलिसटीम के साथ शुक्रवार की सुबह उसके घर से गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया।

### पशु आरोग्य मेले का हुआ आयोजन

**नौपेड़वा।** बख्शा ब्लाक के बेलहटा ग्राम में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय बृहद पशु आरोग्य आरोग्य मेले का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सूर्य प्रकाश चौबे ने गोपूजन के पश्चात फीता काट कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने हरित क्रांति के बाद श्वेत क्रान्ति लाने के लिये आये हुए किसानों का आह्वान किया। प्रभारी चिकित्साधिकारी बख्शा डॉ. पवन कुमार प्रजापति ने पशुओं में होने वाली बीमारियों के विषय में पशु पालकों को बताया। अध्यक्षता कर रहे प्रधान साहब लाल यादव ने आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर चंद्रसेन यादव, अवधेश सिंह, अवधेश यादव, सौरभ यादव, कौशिक यादव तथा बहुत सारे पशु पालक उपस्थित रहे।

### सांड़ के हमले से घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत सुरिस गांव में एक माह पूर्व सांड़ के हमले में घायल महिला की ट्रामा सेंटर के बाद वापस आने के उपरांत घर पर इलाज के दौरान मौत हो गई। क्षेत्र के सुरिस गांव निवासी 52 वर्षीय संता देवी पत्नी राम मिलन को घर के समीप ही एक माह पूर्व सांड़ के हमले में घायल हो गई थी। परिजनों ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया था। लेकिन हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया था जहां इलाज के दौरान शुक्रवार को घायल महिला की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## पशु आरोग्य मेला शिविर का हुआ आयोजन

जनसंदेश न्यूज



**सुइथाकला।** क्षेत्र के भगासा गांव स्थित राधा कृष्ण मंदिर परिसर में शुक्रवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन हुआ जिसमें क्षेत्रीय पशुपालकों को जागरूक करते हुए 680 पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण व दवा वितरण का कार्य किया गया। उक्त शिविर का आयोजन राजकीय पशु चिकित्सालय अढ़नपुर पर तैनात पशु चिकित्साधिकारी डा. आलोक सिंह पालीवाल द्वारा किया गया।

मेले का शुभारंभ प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रकाश दूबे व बूथ अध्यक्ष कृष्ण मुरारी सिंह द्वारा संयुक्त रूप से गो-पूजन कर किया गया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि श्री सिंह ने जहां इस प्रकार के आयोजन को पशुपालकों के लिए हितकारी बताया, वहीं प्रधान संघ अध्यक्ष ने मेले में आए हुए सभी आगन्तुकों से पशु सेवा को सर्वोपरि बताया। तत्पश्चात डा. आलोक सिंह पालीवाल व सहयोगियों द्वारा मेले में आए हुए पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए सामान्य चिकित्सा, बांझपन चिन्हीकरण, शल्य चिकित्सा, गर्भपरीक्षण, बधियाकरण, टीकाकरण तथा पशुधन बीमा आदि के विषय में जानकारी देने के साथ ही निःशुल्क दवाईयां वितरित की गई।

इस मौके पर डा. अतुल कुमार, फार्मासिस्ट अरबिन्द कुमार, पशुमित्र श्रीपाल यादव, सुबाष यादव, जसवन्त, कृष्णा, मनोज तिवारी आदि मौजूद रहे। अन्त में डाक्टर पालीवाल द्वारा मेले को सफल बनाने के लिए सभी सहयोगियों के प्रति आभार प्रकट किया गया।

# सूची के अनुसार शत प्रतिशत बने आयुष्मान कार्ड अन्यथा होगी कार्रवाई



ग्राम चौपाल को सम्बोधित करते अधिकारी

**गौराबादशाहपुर।** यदि हर गांव में सूची के अनुसार शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड नहीं बने तो संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उक्त बाते शुक्रवार को स्थानीय विकासखंड धमार्पुर के ग्राम पंचायत में आयोजित ग्राम चौपाल में जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह ने कही। इस मौके पर उन्होंने धमार्पुर ग्राम के कोटेदार राजनाथ निषाद को आयुष्मान कार्ड बनवाने में लापरवाही बरतने पर ज्वाइंट बीडीओ सुबासचंद्र को कोटे की जांच करने और स्पष्टीकरण मांगने को कहा। शुक्रवार को स्थानीय विकासखण्ड धमार्पुर के धमार्पुर और बिशुनपुर बसवत में ग्राम की समस्याओं और उसके निराकरण हेतु ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। धमार्पुर में कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विकास अधिकारी वृजभान सिंह और विशुनपुर बसवत में खण्ड विकास अधिकारी काशीनाथ सोनकर ने की। एडीओ आईएसबी संजय श्रीवास्तव ने कहाकि एक अप्रैल से तीस अप्रैल तक गावों में संचारी रोग अभियान चलाया जाएगा उसमें सभी ग्रामवासी और फील्ड कर्मचारी सहयोग करें। श्री श्रीवास्तव ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना, आयुष्मान योजना, एकल पाइप पेयजल योजना, स्वच्छ भारत मिशन, पेंशन योजना, पंचायत कार्यालय से मिलने वाली सुविधाओं के विषय में लोगों को जानकारी दी। एडीओ एजी राम आजाद ने लोगों को कृषि विभाग से संबंधित योजनाओं और पैदावार बढ़ाने के उपायों के बारे में बताया। डीडीओ बृजभान सिंह ने मंजू मौर्य की शिकायत पर मृतक सरिता देवी पत्नी छोटेलाल के बच्चों को बाल सेवा योजना में लाभ दिलाने का निर्देश सचिव अखिलेश कुमार को दिया। मौके पर चौपाल में आए शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस अवसर ज्वाइंट बीडीओ सुबास चंद क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार, जेई एमआई प्रेमचंद चौहान, प्रधान जयहिंद यादव, अशोक कुमार सचिव अखिलेश कुमार, अरविंद यादव, लेखपाल राजेश, आंगनबाड़ी, आशा सहित अन्य विभागों के कर्मचारी, अधिकारी और भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। चौपाल कार्यक्रम का संचालन एडीओ आईएसबी संजय श्रीवास्तव ने किया।

### विश्वविद्यालयीय रोवर्स रेंजर्स समागम आज

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय नगर के खैरुद्दीनगंज स्टेशन रोड स्थित मड़ियाहूं पीजी कॉलेज में 25-26 मार्च को 31वाँ विश्ववविद्यालयीय रोवर्स/रेंजर्स समागम सम्पन्न होगा।

इस समागम में जनपदीय समागम जौनपुर एवं जनपदीय समागम गाजीपुर की प्रथम और द्वितीय विजेता रोवर्स/रेंजर्स की कुल 8 टीम प्रतिभाग करेंगी। समागम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के स्वागत के साथ ध्वजारोहण, मार्चपास्ट प्रतियोगिता एवं उद्बोधन तथा पोस्टर, क्विज, निबन्ध, गांठ बंधन, समूह गान प्रतियोगिता, नाट्य प्रतियोगिता सम्पन्न होंगी। 26 को ध्वजारोहण एवं सर्वधर्म प्रार्थना के बाद वर्दी, पुल, तम्बू निर्माण, कलर पार्टी, ध्वज शिष्टाचार, व्याख्यान, स्लोगन, दल अभिलेख, प्राथमिक चिकित्सा एवं झाँकी इत्यादि प्रतियोगिताएं सम्पन्न होंगी। इसके बाद समापन तथा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

इस समागम की विजेता टीम वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल का प्रतिनिधित्व करते हुए 27-29 मार्च को कुलभास्कर डिग्री कॉलेज प्रयागराज में आयोजित प्रादेशिक रोवर्स/रेंजर्स समागम में प्रतिभाग करेगी। उक्त सूचना प्राचार्य प्रो. एसके पाठक एवं आयोजक सचिव डॉ. सुजीत कुमार पटेल ने दिया।

### विद्यालय पर हाईस्कूल मार्कशीट नहीं देने का आरोप

गौराबादशाहपुर। धमार्पुर ब्लॉक क्षेत्र स्थित सीबीएससी बोर्ड द्वारा संचालित एक नामी विद्यालय में छात्र द्वारा उसी के विद्यालय में अगली कक्षा में एडमिशन न लेने पर उसकी हाईस्कूल की मार्कशीट को बंधक रख लिया है तथा मार्कशीट मांगने पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्र के पिता के साथ दुर्व्यवहार भी किया जाता है। थाना क्षेत्र के धर्मापुर गांव निवासी छात्र के पिता लालमणि द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत के अनुसार आरोप है कि उसका बेटा क्षेत्र के एक विद्यालय में हाईस्कूल तक की शिक्षा ग्रहण किया है। 2022 में उसने हाईस्कूल की परीक्षा भी पास की है। विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था से संतुष्ट न होने के कारण उसने इग्यारहवीं में अन्य स्कूल में अपना दाखिला करवा लिया। जिस पर खुन्नस खाए विद्यालय ने उस छात्र को मार्कशीट देने से ही मना कर दिया। हालांकि उक्त छात्र इस समय अन्य विद्यालय में 11वीं कक्षा में अध्ययनरत है परंतु हाईस्कूल की मार्कशीट न मिलने से उसको अपने भविष्य की चिंता भी सता रही है। छात्र के पिता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर अपने बेटे की मार्कशीट दिलवाने की गुहार लगाई है।

## संचारी रोग जागरूकता व नियंत्रण कार्यशाला आयोजित



जनसंदेश न्यूज

**सुजानगंज।** शिक्षा विभाग एव स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे कार्यक्रम के अन्तर्गत ब्लॉक सभागार में ब्लॉक स्तरीय नोडल शिक्षकों का सांबेदीकरण बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी तथा यूनिसेफ बीएमसी मान्धाता सिंह द्वारा किया गया। इसमें डा. निदंजुम ने सर्दी जुखाम, दिमागी बुखार, टीकाकरण, शौचालय प्रयोग, मच्छरदानी प्रयोग, अन्य वेक्टर जनित रोगों के लक्षण व उनसे बचाव के बारे मे शिक्षकों को बताया गया। डा. विनोद कुमार पाल ने बताया कि समुदाय से बच्चे आते हैं, उनके अभिभावक तथा बच्चे रोगों के प्रति जागरूक हो इसका यही बचाव है। बीएमसी मांधाता सिंह ने मासिक कार्य योजना के बारे में चर्चा किया। पूर्व की कार्य प्रणाली प्रगति की समीक्षा संतोष दुबे ने किया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अजय सिंह, राजीव मणि त्रिपाठी, विवेक, प्रकाश, अभिनव मिश्र, ब्लॉक के हर प्राइमरी स्कूल से एक शिक्षक ने प्रतिभाग किया।

# पैरामेडिकल के छात्रों ने विश्व ऑप्टोमेट्री दिवस पर निकाली रैली

जनसंदेश न्यूज




विश्व ऑप्टोमेट्री दिवस पर रैली निकालते पैरामेडिकल के छात्र

**जौनपुर।** विश्व ऑप्टोमेट्री दिवस के अवसर पर विशेषरपुर पंचहटिया स्थित अवध पैरामेडिकल कालेज परिसर में कालेज के संस्थापक डाक्टर रामअवध यादव और मैनेजिंग डायरेक्टर डाक्टर शकुंतला यादव के संरक्षण में गोष्ठी व रैली का आयोजन किया गया। गुरुवार को पैरामेडिकल कालेज परिसर में गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में कॉलेज के प्रबंधकीय सदस्य कुंवर यश वर्धन यादव ने सरस्वती माता की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डाक्टर विवेक कुमार श्रीवास्तव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आंखों के बिना जीवन जीने की कल्पना भी करना बहुत मुश्किल है। आंखों के प्राथमिक उपचार व चश्मे के लिये एक ऑप्टोमेट्रिस्ट की आवश्यकता होती है। कालेज के नेत्र विभाग के हेड आप्टम दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि मनुष्य के शरीर मे आंख एक अनमोल व महत्वपूर्ण अंग है जिसकी सुरक्षा करना अति आवश्यक है। आंखों में होने वाली बीमारियों का सही समय पर कुशल व प्रशिक्षित ऑप्टोमेट्रिस्ट से ही इलाज करवाना चाहिये। इस मौके पर डाक्टर एलएन जायसवाल, रामजनम यादव, वरुण गौड़, आकाश मौर्या, आशीष विश्वकर्मा, निखिल साहू रमेश कुमार आदि उपस्थित रहे। उसके बाद बच्चों ने पंचहटिया तिराहे से होते हुये विशेषरपुर चौराहे से होते वापस कालेज परिसर में लौटे। कार्यक्रम के समापन पर डायरेक्टर अखिलेश सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# रमजान शुरू: अकीदत के साथ अदा हुई पहले जुमे की नमाज

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** जनपद में रमजान के पहले ही दिन जुमा होने के कारण भारी संख्या में नमाजियों ने जुमे की नमाज अदा की। मुख्य रूप से अटाला मस्जिद, बड़ी मस्जिद, शिया जामा मस्जिद, शेर की मस्जिद, सराय पोख्ता मस्जिद, किला मस्जिद, मदीना मस्जिद हजरत लुक्का शाह मस्जिद लाल दरवाजा मस्जिद एवं अन्य मस्जिदों में भी नमाजियों का हुजूम उमड़ पड़ा।

शिया जामा मस्जिद के इमाम-ए-जुमा मौलाना महफुजुल हसन खान ने कहा कि अल्लाह, ईश्वर का शुकराना अदा करते हुए आज हम रमजान उल मुबारक का इस्तकबाल कर रहे हैं और सबको इसके हुकूक को पहचान कर उन्हें हर कीमत पर अदा करना है। इस मुबारक महीने का सबसे पहला हक यह है कि हम इस महीने की ताजीम व एहतेराम का पूरा खयाल रखें। यानी हमारे किसी भी अमल से उसकी अजमत व हुरमत हरगिज पामाल ना होने पाए और यह उस सूरत में मुमकिन है जब हम वाजिबात की पाबंदी करें और हराम बातों से खुद को दूर रखें। रमजान मुबारक महीने का सबसे बड़ा हक यह है कि इबादतें और आमाल जो इस महीने से मखसूस है हम उन्हें हर कीमत पर अंजाम दें और उनको बजा लाने में किसी तरह की कोताही ना करें। रोजा इस महीने की खास इबादत है जो हर उस व्यक्ति पर वाजिब है जिस पर नमाज वाजिब है। यह इबादत साल में सिर्फ एक बार 30 दिनों के लिए इंसान के द्वारा अदा होती है, लेकिन इसके फायदे और इसकी बरकते पूरी जिंदगी के लिए होती है और मनुष्य को इंसान बनाने में अपना महत्वपूर्ण रोल अदा करती है, इसलिए सभी को रोजा रखना चाहिए। इबादत रोजा के द्वारा समाज से अमीर व गरीब के फर्क को मिटाया जा सकता है। शिया जामा मस्जिद के मुतवल्ली शेख अली मंजर डेजी, प्रवक्ता सैयद असलम नक्वी, सैयद मोहम्मद हसन, हाशिम खान, तालिब रजा शकील एडवोकेट, नासिर रजा गुड्डू एवं अन्य कमेटी के लोगों ने जुमे की नमाज को संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

## आबादी की भूमि जबरन कब्जाने का आरोप

**खुटहन।** आदिनाथपुर गांव में पट्टीदार से बीस वर्षों पूर्व हुए समझौते के तहत बंटवारा की गई आबादी की भूमि पर एक पक्ष ने अवैध रूप से जबरन कब्जा जमा लिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने उसे शनिवार को समाधान दिवस पर आने को कहा है। गांव निवासी निरमोही यादव और उनके पट्टीदारों के बीच वर्ष 2003 में ग्रामीणों के द्वारा पंचायत कर आपसी सहमति से भूमि, मकान व अन्य चल अचल संपत्तियो का बंटवारा किया गया था। पंचों का निर्णय बकायदा सुलहनामा बनाकर लिख दिया गया था। पीड़ित निरमोही का आरोप है कि समझौता के बीस वर्ष बीत जाने के बाद हाल ही में पट्टीदारों के द्वारा उसके हिस्से में मिली भूमि पर छप्पर व अन्य सामान रख जबरन उसके आबादी की भूमि पर अवैध कब्जा जमा लिया गया है। प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर राजेश यादव ने बताया कि गांव में शांति व्यवस्था कायम है। भूमि विवाद के निस्तारण के लिए दोनों पक्षों को शनिवार को समाधान दिवस पर बुलाया गया है।

## मुंबई की संस्था ने मोहम्मद हसन कॉलेज के प्रबंधक को किया सम्मानित



डा. अब्दुल कादिर को सम्मानित करते संस्था के लोग

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** मुंबई की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था समरस फाउंडेशन द्वारा शुक्रवार को जिले के मोहम्मद हसन कॉलेज के प्रबंधक डा. अब्दुल कादिर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा किए जा रहे उल्लेखनीय योगदान पर दिया गया। उक्त पीजी कालेज के कार्यालय में आयोजित एक संक्षिप्त समारोह में उनका सत्कार किया गया। संस्था के सचिव व पत्रकार शिवपूजन पाण्डेय ने कहा कि अब्दुल कादिर के द्वारा जनपद में चलाए जा रहे विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था को देखते हुए सम्मानित किया जा रहा है। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र सिंह, जेएमएस के चेयरमैन जितेंद्र यादव, पत्रकार प्रमोद पांडेय, समाजसेवी सुरेश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### विश्व क्षय रोग दिवस पर जागरूकता रैली को सीएमओ ने किया रवाना

**जौनपुर।** एनटीईपी कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा दिये गये दिशा–निर्देश के क्रम में जनपद में टीबी हारेगा देश जीतेगा अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को विश्व क्षय रोग दिवस मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सर्वप्रथम जन जागरूकता रैली को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर टीबी चिकित्सालय प्रांगण से रवाना किया गया। तत्पश्चात विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में जनपद वाराणसी में आयोजित हो रही वन वर्ल्ड टीबी समिट में टीबी मुक्त पंचायत अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री द्वारा किया गया, जिसका लाइव प्रसारण टीबी चिकित्सालय हॉल में समस्त अधिकारी, कर्मचारी, रोगी, जनसामान्य की उपस्थिति में किया गया। तत्पश्चात सीएमओ की अध्यक्षता में विश्व क्षय रोग दिवस पर वृहद संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। गोष्ठी में आह्वान करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने गीत हम होंगे कामयाब एक दिन, टीबी हारेगा देश जीतेगा एक दिन के माध्यम से उपस्थित समस्त जन को टीबी मुक्त जौनपुर 2025 के लिये संकल्प दिलाया। गोष्ठी में उपस्थित जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. नरेन्द्र सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. वीपी सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एससी वर्मा, चिकित्साधिकारी जिला क्षय नियंत्रण केन्द्र डॉ. डीके सिंह ने विश्व क्षय रोग दिवस एवं टीबी उन्मूलन के सम्बन्ध में सम्बोधित किया। कार्यक्रम संचालन सुशील अग्रहरि, प्रभारी डी.पी.सी. एन.टी.ई.पी. द्वारा किया गया।

### तिलकधारी महाविद्यालय में ईट राइट मेले का हुआ समापन

**जौनपुर।** भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशों एवं आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उप्र, लखनऊ के अनुपालन के क्रम में 2 दिवसीय ईट राईट मेला का आयोजन तिलकधारी महाविद्यालय में किया गया। 22 मार्च को प्रातः 11 बजे राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर मिश्र उर्फ दयालु द्वारा ईट राइट मेला का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। राज्यमंत्री के स्वागत, उद्बोधन इत्यादि कार्यक्रम के उपरान्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा ईट राईट जागरूकता सम्बन्धित विभिन्न सास्कृति कार्यक्रम, नाट्य मंचन इत्यादि का प्रदर्शन किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न विद्यालयों के लभगभ 135 विद्यार्थियों द्वारा ईट राईट जागरूकता के सम्बन्ध में निबन्ध प्रतियोगिता तथा पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। उपरोक्त के क्रम में 23 मार्च को प्रातः 7 बजे योगा कार्यक्रम के साथ मेला की शुरूआत करते हुए ईट राइट के सम्बन्ध में जागरूकता हेतु प्रभातफेरी किया गया। मिलेट रेसीपी तथा हेल्दी फूड थाली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सायं उपरोक्त कार्यक्रम में सम्मिलित विजेता प्रतिभागियों को जिलाधिकारी अनुज कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा द्वारा पुरस्कार/प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए सांस्कृति कार्यक्रम के साथ ईट राइट मेला का समापन किया गया।

### तीन वारंटी भेजे गए न्यायालय

**सुइथाकला।** शुक्रवार को सरपतहाँ पुलिस ने क्षेत्र के विभिन्न गाँवों से तीन वारण्टियों को अपने गिरफ्त में लेकर उन्हें न्यायालय भेज दिया। अमावाकला गांव निवासी बब्लू पुत्र अखिलेश चन्द, लौंदा निवासी टुन्नु राम व किशोर पुत्र स्व. रामअजोर वारण्टी थे। तीनों को पुलिस द्वारा शुक्रवार को अपनी गिरफ्त में ले लिया गया। इस मामले में थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि सभी वारण्टियों को गिरफ्त में लेकर आवश्यक कार्रवाई के साथ ही चालान न्यायालय को भेज दिया गया। इस दौरान उपनिरीक्षक सच्चिदानंद, मो. अतीक, कान्स्टेबल दीपक गौड़ और श्रीकान्त गुप्ता मौजूद रहे।

### 453 पशुओं का पशु चिकित्सा शिविर में हुआ उपचार

**गौराबादशाहपुर।** पशु अस्पताल पर आयोजित पशु आरोग्य मेले में डॉक्टर ओम प्रकाश यादव पशु चिकित्सा अधिकारी की देखरेख में कुल 453 पशुओं का उपचार किया गया तथा निःशुल्क दवाएं भी वितरित की गई। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा महामंत्री उमेश सिंह ने गौ पूजन करके किया। इस दौरान ओम प्रकाश यादव वेटरनरी फार्मासिस्ट करंजाकला, सर्वेश कुमार मौर्य पशुधन प्रसार अधिकारी, आलोक कुमार सिंह विशाल गौतम, विनीत यादव, अमर देव यादव इत्यादि मौजूद रहे।

### लोकतंत्र को कुचल रही है बीजेपीः जिलाध्यक्ष

**ज्ञानपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कुमार दूबे राजन ने एक वार्ता के दौरान कहा है कि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता को बिना अपीलीय न्यायालय की करवाई का इंतजार किए आनन फानन में रद्द किया जाना भाजपा सरकार की श्री गांधी के प्रति विद्वेषपूर्ण बदले की भावना का प्रत्यक्ष प्रमाण है। यह लोकतंत्र को कुचलने तथा विपक्ष की आवाज को दबाने की साजिश का हिस्सा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार कि तानाशाही एवं बदले की भावना से की जा रही कार्यवाही के खिलाफ हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

## राजकीय महाविद्यालय के दो छात्रों ने किया नाम रोशन

जनसंदेश न्यूज

उपलब्धि

**स्मार्ट क्लास का एसडीएम केराकत ने फीता काट कर किया उद्घाटन**



**मुफ्तीगंज।** स्थानीय विकास खंड के डा. राममनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय के नौवें वार्षिकोत्सव एवं छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि केराकत एसडीएम नेहा मिश्रा ने स्मार्ट क्लास का फीता काटकर उद्घाटन किया। विद्यालय के छात्र ने अभी अपने सेमेस्टर को पूर्ण नहीं किया लेकिन शिक्षकों की मेहनत की बदौलत दो छात्र गोलू यादव आर्मी में और आशीष चौरसिया शिक्षा विभाग में कलर्क पद पर तैनात हुए। मुख्य अतिथि ने दोनों छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि ने छात्राओं के मनोबल को बढ़ावा दिया। इस मौके पर बिशिष्ठ अतिथि यातायात निरीक्षक जीडी शुक्ला, सीएचसी प्रभारी डा. एसके यादव, जगदीश गुप्त, राजेन्द्र प्रसाद विश्वकर्मा ने मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. जयप्रकाश पाठक ने आये हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन प्रतिभा सिंह ने किया। इस अवसर पर नेहा कन्नौजिया, मुन्ना लाल, संजय मौर्य, सोनिया गिरी आदि लोग उपस्थित रहे।

## मिलावटी खाद्य पदार्थ पर अंकुश लगाने की मांग

**जौनपुर।** हिन्दुस्तान मानवाधिकार के प्रदेश महासचिव वकार हुसैन ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखकर अधिकारियों की मिली भगत से मिलावटी खाद्य पदार्थ पर तत्काल अंकुश लगाने की माँग की है। पत्र में उन्होने कहा कि हर व्यक्ति जानता है कि बाजार में बिकने वाला लगभग सारा फूड प्रोडक्ट चाहे बड़ी से बड़ी कम्पनियों का सामान हो या बिकने वाला खुला खाद्य पदार्थ मिलावट से अछूता नहीं है जो स्लो प्वाइजन के रुप में हमें किसी भयंकर बिमारी के जरिये मौत के मुँह में झोंक रहा है। श्री हुसैन ने पत्र में आगे कहा कि यदि व्यापारी इस कुप्रथा को धन लोभ में अंजाम दे रहे है तो प्रशासन में बैठे जिन हाथों को इसे रोकने का अधिकार सौंपा गया है, वे भी धन लोभ में ही इसे रोकने में ईमानदार नहीं है। उन्होने इस पर तत्काल अंकुश लगाने की मांग की है।

# कर्ज लेकर बोयी गयी फसल बर्बाद होने से किसान चिंतित

समस्या

**किसानों की फसल को नष्ट कर रहे घुमन्तू पशु**

जनसंदेश न्यूज



**खुटहन।** शासन के लाख जतन के बावजूद भी घुमन्तू पशुओं द्वारा किसानों की फसल नष्ट किये जाने की समस्या का समाधान अभी तक नहीं हो पाया है। घुमन्तू जानवर बिना रोक टोक किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे है। किसान मजबूर होकर अपनी लहलहाती फसल को बर्बाद होता देखने को विवश है।

पशुशाला में इन घुमन्तू पशुओं को नहीं पहुचाया जा रहा है। अपितु, किसानों द्वारा बार बार शिकायत करने के बाद भी फर्जी रिपोर्ट लगा कर भेज दिया जाता है। दिदखोरा गॉव के किसान रात भर जागकर अपनी फसलों की सुरक्षा का प्रयास करते है। फिर भी मौका पाकर घुमंतू जानवर खेतों में घुसकर फसल चर लेते है।

किसानों का कहना है कि वे लोग कर्ज लेकर फसलों की बुवाई किये है। लेकिन घूमंतु पशु खेत को चर जा रहे है। जिससे किसान बबार्दी के कगार पर पहुँच गये हैं। उन्हें अभी से बैंक को कर्ज वापस करने की चिंता सता रही है। किसान रमापति मिश्रा, विवेक कुमार, इद्रपति, शिव मिलन, राकेश आदि का कहना है कि सरकार की तरफ किसान बड़ी ही आशा की नजरों से देख रहा है। सभी किसानों ने एक सुर में शासन से इस बड़ी समस्या से निजात दिलाये जाने की मांग की है।

## संक्षेप

### सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर प्रभारी मंत्री करेंगे विकास कार्यों का लोकार्पण

**भदोही।** 25 मार्च को उत्तर प्रदेश सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के विशेष अवसर पर जनपद के प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी, राज्य मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज उत्तर प्रदेश कलेक्ट्रेट सभागार में लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों के अभूतपूर्व प्रयासों और परिणामों को प्रदर्शित करती विधानसभावार "विकास पुस्तिका" का विमोचन, विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। साथ ही प्रभारी मंत्री प्रेस वार्ता, जिला योजना समिति बैठक की अध्यक्षता कलेक्ट्रेट सभागार में करेंगे। इस अवसर परनमुख्यमंत्री के कार्यक्रम? व प्रेस वार्ता का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में किया जाएगा। तत्पश्चात वीएन जी आई सी मैदान में 60 मोटराइजड? साइकिल दिव्यांगों को वितरित करते हुए विभिन्न विकास परियोजनाओं का भी लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर सांसद रमेश चंद बिंद, जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरूद्ध त्रिपाठी, विधायक औराई दीनानाथ भास्कर, भदोही विधायक जाहिद बेग, ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व अधिकारीगण उपस्थिति रहेंगे।

### जानलेवा हमले के दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**भदोही।** गुरुवार को आवेदक दुर्गा शंकर यादव पुत्र कमला शंकर यादव निवासी डुडवा कुकरौठी द्वारा थाना भदोही पर सूचना दिया गया कि नन्दलाल यादव को कपड़ा प्रेस कराने हेतु जाते देख विपक्षीगण द्वारा दूसरे गाँव का लड़का समझकर ललकारते हुए बैट से सिर पर मारकर बेहोश कर दिया गया, जिसका ईलाज जीवनदीप अस्पताल में चल रहा है। उक्त सूचना के आधार पर आरोपीगण के विरुद्ध मु.अ स. 61/23 धारा 308/352 भ.द.वि. का आभियोग पंजीकृत करते हुए विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक द्वारा जानलेवा हमले में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में स्थानीय पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त अभियोग से सम्बंधित नामजद वांछित अभियुक्तों बसंत लाल उर्फ बसकाला सरोज पुत्र स्व. शिखारी राम सरोज व लोलारख सरोज पुत्र शेषमणि सरोज निवासीगण अहमदपुर फुलवरिया थाना व जनपद भदोही को एमबीएस हॉस्पिटल के पास से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का विधिक कार्यवाही के उपरांत चालान न्यायालय किया गया।

### जीआरपी के साथ गोपीगंज पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

**गोपीगंज।** सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में गोपीगंज के चौकी इंचार्ज मनोज कुमार राय व जीआरपी चौकी इंचार्ज पंकज कुमार के नेतृत्व में बृस्पतिवार की रात सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान रेलवे स्टेशन पर लोगों और वाहनों की जांच की गई। बढ़ते अपराध पर लगाम कसने के लिए दोनो चौकी प्रभारियों ने स्टेशन परिसर व आसपास में सघन चेकिंग की। जिसमें आने जाने वाले दो पहिया चार पहिया वाहनों की डिक्की एवं सामानों की तलाशी ली। इसी क्रम में पुलिस ने रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म पर बैठे यात्रियों के सामानों की तलाशी लिया एवं संदिग्ध लोगों से पूछताछ की। स्टेशन परिसर में बिना काम के घूम रहे युवकों को पुलिस ने फटकार लगाते हुए घर पर रहने की हिदायत दी। हालांकि इस दौरान कोई अवैध या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इस अवसर पर चौकी के दीवान एजाज खान सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### विवादित जमीन में हो रहे निर्माण को रोकने की लगाई गुहार

**ज्ञानपुर।** तहसील ज्ञानपर के जंगलपुर गांव में परती की जमीन में किये जा रहे अतिक्रमण के खिलाफ एक पक्ष ने जिलाधिकारी दरबार में प्रार्थना पत्र देकर अतिक्रमण रोकने की गुहार लगाई। डीएम को दिए गए पत्रक में एक पक्ष ने आरोप लगाया कि गाँव की आराजी संख्या 110 परती भूमि मूलचंद उर्फ मुल्ले करिया व नन्दलाल के नाम आवंटित की गई थी। एसडीएम ज्ञानपुर ने मुकदमे के दौरान आवंटन निरस्त कराकर भूमि को परती खाते में डाल दिया। मण्डलायुक्त के यहाँ उक्त जमीन का मामला विचाराधीन हैं फिर भी गाँव के कुछ लोगो द्वारा अवैध अतिक्रमण किया जा रहा हैं। शिकायती पत्र पर डीएम ने तहसीलदार को तत्काल कार्यवाही करने का निर्देश दिया है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# चिह्नित क्षय रोगियों के घरों में जाकर छात्राओं ने किया जागरूक





जनसंदेश न्यूज

सलाह

**विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर चलाया गया जनजागरूकता अभियान**

**भदोही।** विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर जिले के केशव प्रसाद मिश्र राजकीय महिला महाविद्यालय औराई व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय भदोही की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने जनजागरूकता रैली निकाली एवं चिन्हित क्षय रोगियों के घरों में जाकर उन्हें नियमित दवाइयों, उनके स्वास्थ्य रक्षा की जानकारी एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदान की गई पोषण पोटली की उपलब्धता के बारे में भी बताया।डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय भदोही की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम और द्वितीय के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ रुस्तम अली और डॉ श्वेता सिंह के नेतृत्व में चयनित गांव राघोपुर में क्षय रोग के प्रति जागरुकता का प्रसार किया और उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर निक्षय दिवस मनाया गया।

इस दौरान प्राचार्य प्रो. डॉ. मुरलीधर राम ने क्षय रोग के विषय मे विस्तार पूर्वक बताते हुए लोगों को जागरूक किया। इसी तरह केशव प्रसाद मिश्र राजकीय महिला महाविद्यालय औराई की स्वयंसेवी छात्राओं ने महाविद्यालय से प्रारंभ कर ग्राम सभा हमीदपट्टी तक जनजागरूकता रैली निकाली एवं चिन्हित क्षय रोगियों के घरों में जाकर उन्हें नियमित दवाइयों, उनके स्वास्थ्य रक्षा की जानकारी एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदान की गई पोषण पोटली की उपलब्धता के बारे में भी बताया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अनुज कुमार सिंह ने संचारी रोग के विषय मे विस्तार से बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वृजकिशोर त्रिपाठी सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सम्राट अशोक जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग

जनसंदेश न्यूज

मांग

**सैकड़ों की संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे लोगों ने प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा**

**ज्ञानपुर।** सम्राट अशोक के जन्मोत्सव पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने के संबंध में मौर्य विकास समिति भदोही के कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा।

ज्ञापन के माध्यम से मौर्य विकास समिति सामाजिक संगठन ने माँग किया कि 29 मार्च अष्टमी (चैत्रमास) के दिन चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जाये। वे शौर्य के प्रतीक थे, ऐसे महान व्यक्तित्व के स्वामी सम्राट अशोक ने अखण्ड भारत की संकल्पना का संदेश दिया था। ऐसे में उनकी जयंती पर सरकार समारोह पूर्वक मनाने के साथ इस दिन को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करना चाहिए। इस मौके पर अजय कुमार मौर्य, प्रदीप मौर्य, मनोज मौर्य, सूर्य प्रताप मौर्य, दयाशंकर, गया प्रसाद, शिवशंकर मौर्य, राकेश मौर्य, शिवनरेश मौर्य आदि बहुत से लोग मौजूद रहे।



## एसपी ने किया पुलिस लाइन ज्ञानपुर का निरीक्षण

जायजा

**शाखा, कार्यालय व परिसर आदि का भ्रमण कर, सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश**

**भदोही।** शुक्रवार को डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पुलिस लाईन ज्ञानपुर का निरीक्षण किया गया।सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक द्वारा गार्द की सलामी ली इसके बाद गार्द रूम का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जवानों से शस्त्र हैंडलिंग व रख रखाव के सम्बन्ध में जानकारी ली तथा पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर क्राइम प्रोटेक्शन किट, मेडिकल किट, दंगा निरोधक उपकरण एवं हूटर, फ्लैशर लाइट को चेक किया गया। अग्निशमन दल के वाहनों को चेक किया तथा डॉग स्क्वायड का निरीक्षण कर डॉग हैंडलर को मानक के अनुरूप डाइट प्रबधंन व नियमित ट्रेनिंग कराने सम्बन्धी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतिसार निरीक्षक कार्यालय, कैश कार्यालय, शस्त्रागार, गार्द रूम, वर्दी स्टोर, मेस, मनोरंजन कक्ष, उपयोगी एवं अनुपयोगी संपत्ति का निरीक्षण, परिवहन शाखा, परिवहन शाखा गैरेज, जवानों के बैरिक, शौचालय, स्नानागार, आर ओ वाटर, डायल 112, पुलिस लाईन परिसर, गणना कार्यालय, व जीडी कार्यालय का निरीक्षण किया।

कैश कार्यालय में वेतन प्रपत्रों व अन्य पत्रवालियों के सही रखरखाव व अद्यतन करने का निर्देश दिया गया। स्टोर में निरीक्षण के दौरान सामानों के ठीक से रखरखाव करने का निर्देश दिया गया। परिवहन शाखा का निरीक्षण कर वाहनों से सम्बंधित अभिलेखों का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी पुलिस लाईन, प्रतिसार निरीक्षक, पेशकार पु.अ. व पीआरओ पु.अ. आदि अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### किशोरी की हत्या के मामले में दो को आजीवन कारावास व अर्थदण्ड

**ज्ञानपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम सैलोज चन्द्रा की अदालत ने जिले की बहुचर्चित गोपीगंज थाना क्षेत्र के चकराजाराम तिवारी गांव में हाथरस काण्ड की तर्ज पर 11 वर्षीय दलित बेटी की ईट पत्थरो से कूच व गला दबाकर निर्मम हत्या के मामले में दो दोषसिद्ध हत्यारोपियो को आजीवन कारावास एवं 30–30 हजार रुपए का अर्थदण्ड की सजा सुनायी है।

अभियोजन कथानक के अनुसार उक्त गांव के मुकेश हरिजन की पुत्री कुं.आंचल 11 वर्ष की गांव के ही तीन लोगो ने 28 सितम्बर 2020 को शौच हेतु गयी बाजरे के खेत में दिन दोपहर 12 बज कर 30 मिनट पर ईट पत्थर से कूचकर व गला दबाकर हत्या कर दिये जाने की प्राथमिकी गोपीगंज थाने में अपराध 353/20/ धारा 302/34 आईपीसी पंजीकृत कराया गया। बाद विवेचना विवेचक द्वारा न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत हुआ। विरुद्ध दो लोगो के खिलाफ प्रेषित किया गया। न्यायालय ने अभियोजन साक्षियो एवं अभियोजन कागजात का परिसिलन अनुश्रवण एवं उभयपक्षो के तर्को को न्यायालय ने सुनकर दो दोषियो को आजीवन कारावास सुनाया है।

# प्रशासन आपके द्वार की भावना को ग्राम चौपाल लगाकर किया गया साकारः डीएम

आयोजन

**समस्त विकास खण्डों में आयोजित हुआ 'ग्राम चौपाल' गॉव की समस्याए गॉव में समाधान**



ग्राम पंचायत गोधना विकास खण्ड डीघ में ग्राम चौपाल के दौरान मौजूद लोग

**ज्ञानपुर।** जिलाधिकारी गौरांग राठी के मार्गदर्शन व नेतृत्व में शुक्रवार को प्रत्येक विकासखंड के दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल (गांव की समस्याएं, गांव में समाधान) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनसामान्य की शिकायतों व समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया।

सुरियावां विकास खंड के जगतीपुर एवं हरिहरपुर गाँव में नामित नोडल अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी सूरियावॉ कमलजीत सिंह व विकास खण्ड अभोली में दानुपुर पुरबपट्टी एवं गौरा में उपायुक्त श्रम रोजगार, खण्ड विकास अधिकारी अभोली, विकास खण्ड ज्ञानपुर के भुड़की एवं पुरेदिवान में उपायुक्त स्वतः रोजगार, खण्ड विकास अधिकारी ज्ञानपुर, विकास खण्ड औराई के डोमनपुर एवं कैयरमउ में नामित नोडल जिला विकास अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी औराई, विकास खण्ड डीघ के बड़ागॉव एवं गोधना में जिला पंचायत राज अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी डीघ, विकास खण्ड भदोही के मर्चवार एवं रघुनाथपुर में जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास एवं खण्ड विकास अधिकारी भदोही द्वारा ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बताया कि शासन के मंशानुरूप ग्राम चौपाल गॉव की समस्याए गॉव में समाधान कार्यक्रम का आयोजन समस्त विकास खण्डो के दो-दो ग्राम पंचायतों में सफलतापूर्वक किया गया।


आज़ादी का अमृत महोत्सव
G20
सुशासन
विकास
रोज़गार
डबल इंजन की सरकार
6 साल
यूपी खुशहाल
कानून का राज
75,746 माफियाओं/अपराधियों पर कार्रवाई
अवैध रुप से अर्जित ₹11,841 करोड़ की संपत्ति जब्त/ध्वस्त
खुशहाल किसान
₹2 लाख करोड़ से अधिक गन्ना मूल्य का भुगतान
568 लाख मीट्रिक टन गेहूँ एवं धान क्रय कर किसानों को ₹1 लाख 4 हजार करोड़ से अधिक का भुगतान
सामाजिक सुरक्षा
15 करोड़ लोगों को नि:शुल्क राशन
98.28 लाख निराश्रित महिला, वृद्धजन एवं दिव्यांगजन को ₹1,000 मासिक पेंशन
गुणवत्तापूर्ण शिक्षा
ऑपरेशन कायाकल्प से 1,38,000 प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाएं
रोशन प्रदेश
ग्रामीण क्षेत्र को 18-20 घंटे, तहसील मुख्यालय को 20-22 घंटे तथा जनपद मुख्यालय को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति
सबको शुद्ध जल
हर घर नल योजना के अंतर्गत
35,495 ग्राम पंचायतों में पेयजल की सुविधा
एक जनपद - एक मेडिकल कॉलेज
65 संचालित, 22 निर्माणाधीन
5.50 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी
यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023
₹35 लाख करोड़ निवेश के एमओयू
94 लाख रोजगार के अवसर
एक्सप्रेस प्रदेश
6 एक्सप्रेसवे संचालित, 5 निर्माणाधीन
सर्वाधिक एयरपोर्ट
9 एयरपोर्ट संचालित, 12 निर्माणाधीन
सर्वाधिक शहरों में मेट्रो रेल सेवा
5 शहरों में संचालित, 5 में निर्माणाधीन
सर्वाधिक एमएसएमई
96 लाख इकाइयां संचालित
रेवेन्यू सरप्लस स्टेट
डिफेन्स मैन्युफैक्चरिंग हब
डिफेन्स इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का निर्माण
पर्यटन का उभरता केन्द्र
श्री काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर का विकास
अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण
कुम्भ, दीपोत्सव, रंगोत्सव एवं देव-दीपावली का भव्य आयोजन
किसान कल्याण मिशन
मिशन शक्ति
मिशन रोज़गार
INVEST UP
एक जनपद एक उत्पाद
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश